छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023

वर्ष - 65 | अंक - 242 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

देश विदेश

गजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन

टोक्यो आसियान-जापान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

अमेरिका में इस मौसम में फ्लू से 2,300 से अधिक मौतें

पृष्ठ 7

खड़गे ने की संसद सुरक्षा उल्लंघन पर गृहमंत्री शाह की आलोचना पृष्ठ 2

मड़ई

सतनाम के संदेश देवइया गुरुघासी दास जी पृष्ठ 6

भारत ने इंग्लैंड को 347 रन से रौंदा, महिला टेस्ट में अब तक के सबसे बड़े रन अंतर से जीती पृष्ठ 8

## सार संक्षेप

### जीतू पटवारी बने मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव हारने के कुछ दिनों बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलनाथ को हटाकर जीतू पटवारी को नया राज्य इकाई प्रमुख नियुक्त किया। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी. वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा, 'पार्टी निवर्तमान पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ के योगदान की सराहना करती है।' उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने उमंग सिंघार को सीएलपी लीडर और हेमंत कटारे को उपनेता मध्य प्रदेश की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को राज्य की सत्ता में आने की उम्मीद थी। हालांकि, पार्टी 230 सदस्यीय विधानसभा में से केवल 66 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि भाजपा ने राज्य में 163 सीटें जीती।

### केरल में मिला कोविड के नए रुप जेएन-1 का मामला

**नई दिल्ली।** केरल में कोविड के नये रुप जेएन-1 का एक मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि केरल में कोविड के नये रुप जेएन-1 का एक मामला मिला है। यह मामला इंडियन सार्स-को वी -टू जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आई एन एस ए सी ओ जी) की नियमित निगरानी में आया है। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रीय अधिकारी लगातार राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। यह मामला उस समय सामने आया है जब मंत्रालय राज्य में स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के अंतर्गत मॉकड्रील कर रहा था।

### बेलगावी महिला मामले में कर्नाटक को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक महिला को निर्वस्त्र करने और पीटने की कथित घटना पर राज्य सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए 15 दिसंबर को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि पीड़ित महिला के साथ हुयी घटना मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

### रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम की होगी छग में पोस्टिंग



**रायपुर।** उत्तर प्रदेश और गुजरात की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी शासन के साथ-साथ प्रशासन में भी बड़े फेरबदल की सुगबुगाहट है।

मुख्यमंत्री के तौर पर नए चेहरे को लाने के साथ प्रशासन पर उनकी पकड़ को बरकरार रखने के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल तक उतारने पीएम मोदी के विश्वस्त रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम को छत्तीसगढ़ भेजने की खबर है।

# जनता के आशीर्वाद और सहयोग से मोदी की गारंटी करेंगे पूरी : विष्णु देव

## छत्तीसगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



रायपुर, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर से विष्णु देव साय के पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में संकल्प यात्रा का आगाज नई दिल्ली से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से रथों को हरी झंडी दिखाकर किया। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री साय ने विकास का विश्वास लेकर कार्यक्रम में पहुंचे बड़ी संख्या में उत्साहित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से हम ''मोदी की गारंटी'' को छत्तीसगढ़ में पूरा करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने में पहुंच रही है। यात्रा को शुरू हुए एक महीना हो चुका है। यात्रा हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे-छोटे कस्बे हैं। आज छत्तीसगढ़ से भी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मेरा नई सरकार से आग्रह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। इसे हरी झंडी भले ही मोदी ने दिखाई है लेकिन सच्चाई है कि राज्यों ने इस यात्रा की कमान संभाल ली है। अभी जिन लोगों से मैंने बातें की, उनके संवाद से मुझे लगा कि देश का जनमन इससे बहुत उत्साहित है। जहां यात्रा खत्म होती है, वहां से दूसरे गांव के लोग इसकी अगुवाई करने लगते हैं। लोगों में इसके स्वागत की प्रतिस्पर्धा है। नये-नये तरीकों से लोग स्वागत कर रहे हैं। लोग सेल्फी ले रहे हैं। नमो एप को डाउनलोड कर रहे हैं और विकसित भारत के एंबेसडर बन रहे हैं। लोग प्रतियोगिताओं शेष पृष्ठ 7 पर

### पांच राज्यों में शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**नई दिल्ली।** विकसित भारत यात्रा पांच और राज्यों में राज्यों में शुरू हो गई है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई। जहां विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के चलते शुरू नहीं किया जा सका था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा पिछले एक माह में न केवल सैकडो शहरी बल्कि हजारों ग्रामीण इलाकों में पहुंच चुकी है। उन्होंने पांचो राज्यो की नई सरकारो से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों की जनता तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए हर व्यवस्था को सुदृढ करें। प्रधानमंत्री ने कहाकि उनकी सरकार का लक्ष्य है कि हर तबके तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंच सके इस दौरान उन्होंने इस योजना के लाभाथियो से भी बात की। मुंबई की लाभार्थी महिला उद्यमी मेघना ने प्रधानमंत्री से बात करते हुए बताया कि वह एक सिंगल मदर हैं, उसके सामने रोजगार का संकट था। ऐसे में उसने मुद्रा योजना के तहत बैंक से ऋण लिया और अपना व्यवसाय शुरू किया। मेघना ने बताया कि आज उसका व्यवसाय काफी अच्छा चल रहा है और उसने कई अन्य महिलाओं को भी अपने यहां रोजगार दिया है।

# भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जनवरी में

## पदयात्रा पश्चिम व उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी

**नई दिल्ली**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण आयोजित करने की योजना बना रही है, जो जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

■ जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो सकती है यात्रा

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण, जिसका नेतृत्व पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने किया था और पांच महीने में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक 4,000 किमी से अधिक की यात्रा की थी, कांग्रेस कार्यकर्ता को एक साथ लाने के लिए एक बड़ी सफलता थी। इसी प्रकार पार्टी ने 2024 में जनवरी के पहले सप्ताह से यात्रा के दूसरे चरण की योजना बनाई है, जो पार्टी के लोकसभा अभियान की भी



शुरुआत करेगी। सूत्र ने कहा कि यात्रा के दूसरे चरण की योजना जनवरी के पहले सप्ताह से बनाई जा रही है।

**दो महीने से अधिक समय तक चलेगी**

सूत्र ने बताया कि इस बार भारत जोड़ो यात्रा 2.0 हाइब्रिड मोड में होगी, इसमें पद यात्रा और बस से यात्रा शामिल होगी। सूत्र ने कहा कि पदयात्रा पश्चिम और उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा पूर्वोत्तर से शुरू होगी और दो महीने से अधिक समय तक चलेगी। सूत्र ने बताया कि पार्टी नेता भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम की तैयारी और उसे दुरुस्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ी और ठंड की स्थिति को देखते हुए यात्रा की योजना में कई चीजें शामिल हैं।

**संसद में हुई घटना का संबंध बेरोजगारी व महंगाई से : राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर मुद्दा बताया लेकिन कहा कि इस घटना का संबंध युवाओं में फैली बेरोजगारी और महंगाई है। श्री गांधी ने कहा, संसद सुरक्षा में हुई चूक का कारण बेरोजगारी और महंगाई है। नौकरियां कहां हैं। युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है और युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे कारण है देश का सबसे बड़ा और ज्वलन्त मुद्दा बेरोजगारी। उन्होंने कहा, संसद सुरक्षा में हुई घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

### कांग्रेस 18 से करेगी क्राउड फंडिंग की शुरुआत

■ कम से कम 1380 का योगदान देने को कहा

■ श्रेष्ठ भारत बनाने में पार्टी को सशक्त बनाना जरूरी

2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी फंड बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी क्राउड फंडिंग मुहिम की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने इस मुहिम का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। 18 दिसंबर को दिल्ली से इसकी शुरुआत होगी। पार्टी ने अपने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस मुहिम में कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर क्राउड फंडिंग मुहिम लॉन्च करने की बात कही।

वेणुगोपाल ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अपने ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान, 'डोनेट फॉर देश' के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है और इसका उद्देश्य एक श्रेष्ठ भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है।

# विधानसभा चुनावों में देरी के खिलाफ एकजुट हुई एनसी और पीडीपी

## उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया

**श्रीनगर**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्यधारा के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में देरी के लिए केंद्र के खिलाफ अपना स्वर तेज कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष, उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया है और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री, महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भाजपा पर विधानसभा चुनावों में देरी करके उपराज्यपाल के माध्यम से जम्मू-कश्मीर पर अपना शासन जारी रखने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने भाजपा पर केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र की बहाली के लिए काम करने के बजाय अपनी पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। एनसी, पीडीपी और अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसे क्षेत्रीय मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने सीपीआई-एम के साथ मिलकर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन नामक गठबंधन बनाकर एक-दूसरे से दूरी बना ली है। मूल रूप से अनुच्छेद 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा के लिए एकजुट होकर काम करने की योजना बनाई गई थी, गठबंधन अब केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए कमोबेश एक संयुक्त मोर्चे में तब्दील हो गया था। आज, दोनों ने उस चीज़ के लिए हाथ मिलाया है, जिसे दोनों पार्टियां 'जम्मू-कश्मीर के लोगों का व्यापक हित' कहती हैं। दोनों दलों के मध्य स्तर के नेताओं के एक-दूसरे के खिलाफ बयानों के बावजूद, एनसी और पीडीपी के शीर्ष नेताओं ने गठबंधन को बनाए रखने की कोशिश की है। दोनों मुख्य रूप से घाटी केंद्रित पार्टियां हैं, विधानसभा चुनाव के दौरान वे अपने बीच सीटें कैसे साझा करते हैं यह एक खुला प्रश्न बना हुआ है। दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने अतीत में एक-दूसरे पर झूठे वादे करके मतदाताओं का शोषण करने का आरोप लगाया है। दोनों पार्टियां साझा वादे कैसे करती हैं और ये वादे क्या होंगे, यह भी देखना होगा। जहां तक धारा 370 की बहाली का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उस अध्याय को हमेशा के लिए बंद कर दिया है, हालांकि एनसी और पीडीपी दोनों ने कहा है कि वे धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे। ये दोनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आने पर भी धारा 370 कैसे बहाल करा सकती हैं? कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर कहा है कि अगर पार्टी केंद्र में सत्ता में आई तो अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा।




■ धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखने का कर रहे वादा

है। एनसी और पीडीपी दोनों ही विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी दिखाने के लिए राजनीतिक गतिविधियां चला रहे हैं। विडंबना यह है कि पीडीपी का गठन दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने एनसी के खिलाफ मतदाताओं को एक क्षेत्रीय विकल्प प्रदान करने के लिए किया

### सुरक्षा चूक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों को लिखा खत

# उच्च स्तरीय कमेटी कर रही जांच, राजनीति न करें: ओम बिरला

**नई दिल्ली**, 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर विपक्षी हमलों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने सांसदों से संसद में हुई घटना पर राजनीति न करने का आग्रह किया। साथ ही स्पीकर ने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि सांसदों के निलंबन की घटना को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जबकि इससे पहले भी तमाम घटनाएं हो चुकी हैं जिसका देश साक्षी रहा है।'



**सामूहिक चिंता व्यक्त की है**

उन्होंने कहा 'ऐसी घटनाओं पर क्या फैसला लेना है यह लोकसभा स्पीकर का विशेषाधिकार है। मुझे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सांसदों को निलंबित करने का कठोर निर्णय लेना पड़ा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।' लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र में कहा, 13 दिसंबर को सदन के अंदर जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है।

हमने सदन में इस घटना पर सामूहिक चिंता व्यक्त की। उसी दिन मैंने सभी दलों के नेताओं से चर्चा की कि हम संसद में सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत कर सकते हैं. बैठक के दौरान दिए गए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को तुरंत लागू कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। इस कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही सदन के साथ साझा की जाएगी।

### छठे आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

दिलली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को शनिवार को एक सप्ताह की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले शुक्रवार को मामले के कथित मास्टरमाइंड ललित झा को भी सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। उसी अदालत ने गुरुवार को चार आरोपियों सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आज़ाद और अमोल शिंदे को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इन चारों को बुधवार को लोक सभा के अंदर और संसद भवन परिसर के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष सरकारी वकील ने कहा कि कुमावत मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था और देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे था। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कुमावत पिछले दो वर्षों से साजिश में शामिल था और सरकारी वकील की दलील को स्वीकार कर लिया कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उसकी हिरासत की आवश्यकता है।

## राज्यसभा में राघव चड्ढा बने 'आप' के नेता

**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में सांसद राघव चड्ढा को बडी जिम्मेदारी सौपी है। उन्हें संजय सिंह की जगह उच्च सदन में पार्टी का नया नेता बनाया गया है। पार्टी की ओर से सभापति जगदीप धनकड को लिखे पत्र में कहा गया है कि संजय सिंह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए उनकी गैर मौजूदगी में राघव चड्ढा राज्यसभा में पार्टी के नये नेता होंगे। मालूम हो कि संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में इस समय तिहाड जेल में बंद हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इस बात की पुष्टि की है कि आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में नेता नियुक्त करने का एक पत्र लिखा है। फिलहाल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में 10 सदस्य हैं और राघव चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में हैं। बतादें कि सितम्बर में मानसून सत्र के दौरान राघव चड्ढा को दिल्ली सेवा विधेयक पर एक प्रस्ताव में पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

## चरण दास महंत होंगे नेता प्रतिपक्ष, बैज को पुनः प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत को कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया हैं। कांग्रेस विधायक दल की सहमति के बाद शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया। साथ ही लोकसभा सदस्य दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निरंतर बने रहेंगे। इसके लिए भी आदेश जारी किया गया है। चुनाव के चार महीने पहले 16 जुलाई 2023 को कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर मोहन मरकाम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाकर इसकी जवाबदारी बस्तर के लोकसभा सदस्य दीपक बैज को सौंपी गई थी। हालांकि आदिवासी वोटबैंक को साधने के लिए मरकाम को भी मंत्री का पद दिया गया था।



विधानसभा में कांग्रेस की हार के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि प्रदेश अध्यक्ष बदले जा सकते हैं मगर इन अटकलों पर विराम लग गया है। चार दिन पहले ही पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन और प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कांग्रेस विधायकों के साथ नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के पद को लेकर रायशुमारी की थी।

### लोस में कानून मंत्री का जवाब

# देश की अदालतों में 5 करोड़ मामले लंबित

**नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश के सुप्रीम कोर्ट, 25 हाईकोर्ट, डिस्ट्रिक्ट और अधीनस्थ अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। यह जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में दी। कानून मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 1 दिसंबर तक देशभर की अदालतों में 5 करोड़ 8 लाख 85 हजार 856 केस सुनवाई के लिए बाकी हैं। इनमें से 61 लाख से ज्यादा केस 25 हाईकोर्ट्स में लंबित हैं।**

*6 महीने में सुप्रीम कोर्ट के पेंडिंग केस 10 हजार बढ़े मेघवाल ने बताया कि मौजूदा समय में 80 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। छह महीने पहले 1 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में लंबित केसों की संख्या 69 हजार 766 थी। जो 1 दिसंबर को बढ़कर 80 हजार से ज्यादा हो गई। तीन साल पहले 10 हजार लंबित केस बढ़ने में मार्च 2020 से जुलाई 2023 तक का समय लगा था।*

***न्यायपालिका में कुल 26 हजार 568 जज***

*अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी कहा कि भारतीय न्यायपालिका में जजों की कुल स्वीकृत संख्या 26 हजार 568 है। सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 है। वहीं, हाईकोर्ट्स में जजों की संख्या 1,114 है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में जजों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। लोकसभा में बोलते हुए कानून मंत्री ने बताया कि साल 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी मामलों की सुनवाई की। इनमें कुल 1 लाख 82 हजार से ज्यादा का निपटारा हुआ। इसके अलावा गुजरात, गुवाहाटी, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड, पटना और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू की है।*

## एसयूवी-ट्रक की टक्कर में 6 बारातियों की मौत

**नागपुर,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। शनिवार तड़के एक शादी में शामिल होकर लौट रहे छह लोगों की एसयूवी की सोयाबीन लदे ट्रक से टकरा जाने से मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना रात करीब 1 बजे काटोल-कलमेश्वर रोड पर सोनखांब गांव के पास हुई, जब क्वालिस तेज गति से नागपुर से काटोल की ओर जा रही थी और ट्रक से टकरा गई। जहां तीन लोगों ने तुरंत दम तोड़ दिया, वहीं अन्य तीन पीड़ितों की स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नागपुर के सरकारी मेडिकल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# देश

**उवाच**



"मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने लोकसभा चुनाव में अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए संसद धुआं हमले के मामले में भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ साजिश रची है। सिद्दारमैया शहरी नक्सलियों के विकास को सुनिश्चित कर रहे:-**लहर सिंह सिरोया, राज्यसभा सदस्य, भाजपा कर्नाटक**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.7 | 05.5 |
| मुंबई | 32.8 | 19.4 |
| कोलकाता | 25.4 | 15.1 |
| चेन्नई | 29.7 | 23.5 |

# खड़गे ने की संसद सुरक्षा उल्लंघन पर गृहमंत्री शाह की आलोचना

**नई दिल्ली**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा उल्लंघन पर संसद में बयान नहीं देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की और यह भी कहा कि वोट के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी का उपहास करना शाह और भारतीय जनता पार्टी की आदत है। यहां पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहा, 'यह सुरक्षा उल्लंघन एक गंभीर मुद्दा है और सरकार इस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही है। हम संसद में बार-बार पूछ रहे हैं कि गृह मंत्री को सुरक्षा उल्लंघन पर संसद में बयान देना चाहिए।' राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, 'लेकिन गृह मंत्री सदन में आकर इस पर बयान नहीं देना चाहते कि क्या हुआ और क्या कारण थे। लेकिन वह टेलीविजन शो में बोलते हैं और घंटों तक बयान देते हैं लेकिन संसद में पांच मिनट के लिए भी बयान नहीं दे सकते। वह हैं



सदन चलाने के लिए तैयार नहीं हैं। यह अच्छा नहीं है। और जो लोग लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते हैं, हमें उनसे कोई उम्मीद नहीं है।'

शाह और भाजपा द्वारा विपक्ष पर संसद सुरक्षा उल्लंघन मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाने के बारे में पूछे जाने पर, खड़गे ने कहा, 'यह उनकी

**वोट के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी का उपहास करना शाह और भारतीय जनता पार्टी की आदत है:-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष कांग्रेस**

आदत है, वे कांग्रेस पर आरोप लगाते हैं और वोट मांगने के लिए हमारी पार्टी का नाम लेते हैं, और नेहरू, महात्मा गांधी के योगदान का उपहास करते रहते हैं।' कांग्रेस का उपहास करना और वोट मांगना उनकी आदत है।' 13 दिसम्बर को बड़े पैमाने पर सुरक्षा उल्लंघन पर संसद के दोनों सदनों में शाह द्वारा एक विस्तृत बयान की विपक्ष की मांग को लेकर संसद में पिछले दो दिनों से गतिरोध बना हुआ था। 13 दिसंबर को, 2001 के संसद हमले की 22वीं बरसी के अवसर पर, दो लोग लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूद गए, जब शून्यकाल की कार्यवाही चल रही थी।



## भाजपा बेवजह दे रही है संसद में सुरक्षा के मामले को राजनीतिक रंग : वेणुगोपाल

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी संसद में सुरक्षा से जुड़े मुद्दे का राजनीतिकरण कर इस गंभीर मामले को बेवजह राजनीति रंग दे रही है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष नहीं बल्कि भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन है और दिल्ली पुलिस ने न्यायालय में कहा है कि यह आतंकवादी हमला है जबकि विपक्ष बराबर इसे सुरक्षा में चूक का मुद्दा बता रहा है इसलिए विपक्ष नहीं बल्कि भाजपा इसका राजनीतिकरण कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि नया संसद भवन दुनिया का सबसे सुरक्षित भवन है। संसद के इस भवन के निर्माण पर आर्थिक संकट के दौर में भी बड़े पैमाने पर पैसा खर्च किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि जिस सांसद ने इन युवकों को पास दिया था वह कौन है। इससे बड़ी बात यह है कि सुरक्षा के मुद्दे को लेकर आवाज उठाने वाले सांसदों को सदन से निलंबित किया जा रहा है और जिस सांसद ने युवकों को संसद भवन का पास दिया उनके खिलाफ कुछ नहीं हो रहा है।

# विकसित भारत की इमारत छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर खड़ी होगी : मोदी

**नई दिल्ली**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है और इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण देशभर में छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र में पिछले करीब 10 साल से चल रही सरकार के दौरान भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व गति से काम हुआ है। साथ ही, सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और अन्य कमजोर वर्गों की आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री पांच राज्यों –राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण यह यात्रा शुरू नहीं की जा सकी थी। श्री मोदी ने इस यात्रा को 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' बताया और कहा, 'इसको हरी झंडी भले मोदी ने दिखाया हो, लेकिन इसकी कमान आम लोगों ने संभाल ली है।' इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम



**भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है और इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही:- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

के शुरू में केंद्रीय शहरी विकास एवं रोजगार मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने श्री मोदी का स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री मोदी 17-18 को करेंगे सूरत और वाराणसी का दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17–18 दिसंबर को गुजरात के सूरत और अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को सुबह करीब 10:45 बजे सूरत एयरपोर्ट पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और 11:15 बजे के लगभग सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां पर वह साढ़े तीन बजे के लगभग विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। शाम को 5:15 बजे के लगभग प्रधानमंत्री नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2023 का उद्घाटन करेंगे। 18 दिसंबर को सुबह 10:45 बजे के लगभग प्रधानमंत्री स्वर्वेद महामंदिर जाएंगे, इसके पश्चात करीब 11:30 बजे एक सार्वजनिक समारोह में इसका उद्घाटन किया जाएगा। दोपहर करीब 1 बजे प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेंगे।

### 19 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का देंगे तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी और पूर्वांचल के लिए 19 हजार करोड़ से अधिक की 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के काशी आगमन पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी अगवानी करेंगे। पीएम मोदी रविवार दोपहर वाराणसी पहुंचेंगे, जिसके बाद वह काशी में लगभग 25 घंटे गुजारेंगे। प्रधानमंत्री के जारी कार्यक्रम के अनुसार वाराणसी दौरे के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी शाम को नमोघाट से काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे।

**सार संक्षेप**

## मनरेगा : बंगाल भाजपा 20 दिसम्बर को कोलकाता में करेगी विरोध रैली

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल की भाजपा इकाई राज्य में मनरेगा के तहत 100 दिन की नौकरी योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के खिलाफ 20 दिसम्बर को कोलकाता की सड़कों पर एक बड़ा विरोध-प्रदर्शन करेगी। संयोग से, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मनरेगा योजना के तहत लंबित केंद्रीय बकाया के बारे में चर्चा करने के लिए उसी दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के अनुसार, केंद्र सरकार पर अपने वैध बकाये का भुगतान करने का दबाव डालने वाली तृणमूल कांग्रेस के आरोप निराधार हैं, क्योंकि योजना के कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण केंद्रीय राशि रोक दी गई है। विपक्ष के नेता ने कहा, 'जब तक भ्रष्ट व्यक्ति जेल नहीं जाएंगे तब तक एक पैसा भी नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना को राज्य की अपनी योजना के रूप में पेश करने की कुप्रथा के समाप्त होने के बाद ही राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

## बेलगावी महिला निर्वस्त्र मामले में कर्नाटक को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक महिला को निर्वस्त्र करने और पीटने की कथित घटना पर राज्य सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए शुक्रवार को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि पीड़ित महिला के साथ हुयी घटना मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। यह कथित कृत्य एक रूढ़िबद्ध पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण वाला है जो पीड़िता के जीवन और सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है।

# विपक्ष ने संसद सुरक्षा उल्लंघन पर ममता बनर्जी की चुप्पी पर उठाया सवाल

**कोलकाता**, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों ने मास्टरमाइंड के राज्य से संबंध होने के खुलासे के बीच संसद सुरक्षा उल्लंघन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। मास्टरमाइंड ललित झा के माओवादियों से संभावित संबंध भी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गए हैं। भाजपा ने पहले ही वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस विधायक तापस रे के साथ झा की तस्वीर पोस्ट करके सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी सहित वरिष्ठ भाजपा ने मुख्यमंत्री की चुप्पी को लेकर उन पर हमला बोला है। जबकि मालवीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के विधायक के साथ ललित झा के संबंध के बारे में चुप नहीं रह सकते हैं, अधिकारी ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ दल पर राज्य में विभाजनकारी और अलगाववादी तत्वों को सीधे संरक्षण देने का आरोप लगाया। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष समेत तृणमूल



**मास्टरमाइंड ललित झा के माओवादियों से संभावित संबंध भी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गए**

कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया है कि भाजपा सुरक्षा में लापरवाही के मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उनके अनुसार, भाजपा अपने लोकसभा सदस्यों को भी बचाने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने सुरक्षा उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों को पास जारी किए थे। इस बीच, वरिष्ठ सीपीआई (एम) नेता शमिक लाहिड़ी ने भी मुख्यमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है, लेकिन एक अलग नजरिए से।

उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री की चुप्पी भाजपा और आरएसएस के साथ उनकी गुप्त समझ से प्रेरित है। इसीलिए वह भी प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की तरह इस मामले में चुप हैं।' प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सौम्या आइच रॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री की पूरी तरह से चुप्पी वाकई आश्चर्यजनक है, खासकर तब जब मास्टरमाइंड का पश्चिम बंगाल से लिंक सामने आया है।

# राजस्थान के नए सीएम भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक मामले में एसआईटी का किया गठन

**जयपुर**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने की घोषणा की है। शुक्रवार को



सीएमओ में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, 'युवाओं का भविष्य दांव पर लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में पेपर लीक न हो। आरोपियों को सजा दिलायी जायेगी।' उन्होंने कहा, 'किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में संगठित अपराध को खत्म करने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का भी संकेत दिया है। भजनलाल ने कहा, 'हम अपने घोषणा पत्र के आधार पर काम करेंगे। हम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे और अंतिम व्यक्ति को समर्थन देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए जिस तरह का काम किया है, वैसा ही हम भी करेंगे। हमारी सरकार महिलाओं और लड़कियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी। महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराना प्राथमिकता होगी।' 'कानून-व्यवस्था में सुधार और भ्रष्टाचार को खत्म करना भी सरकार की प्राथमिकता होगी।'

# मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाली के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकते: लेफ्टिनेंट जनरल कलिता

**कोलकाता**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कलिता ने शनिवार को कहा कि संघर्षग्रस्त मणिपुर में शांति लौट रही है, लेकिन उत्तर-पूर्वी राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा बातचीत और अन्य माध्यमों से स्थायी शांति लाने के प्रयास जारी हैं।

पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर एक पुष्पांजलि समारोह के मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद असम राइफल्स को बुलाया गया था। हमने राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर काम किया और अगले 7-10 दिन में कुछ हद तक सामान्य स्थिति लाने में सफल रहे। कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में आ गई है।' विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है जिसके परिणामस्वरूप



**केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा बातचीत और अन्य माध्यमों से स्थायी शांति लाने के प्रयास जारी है:-लेफ्टिनेंट जनरल कलिता**

बांग्लादेश को मुक्ति मिली थी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बातचीत और सक्रिय भूमिका के माध्यम से प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोनों समुदायों के हाथों में बड़ी संख्या में हथियार होने और सीमा पार म्यांमार में अस्थिरता का असर पड़ा है। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा, 'छिटपुट घटनाओं की संभावना है लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं।

# रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में निकलने लगा धुएं का गुब्बार, यात्रियों में हड़कंप

**पटना**, 16 दिसम्बर (देशबन्धु) बिहार के बेतिया में रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में उस समय अफरातफरी मच गयी जब ट्रेन के एक कोच से धुएं का गुब्बार निकलने लगा। मझौलिया स्टेशन के पास गुरचुरवा



रेलवे गुमटी के पास शनिवार सुबह सत्याग्रह एक्सप्रेस में यह हादसा हुआ। इस हादसे के बाद यात्रियों में हड़कप का माहौल बन गया है। जिसके बाद कुछ लोग चलती ट्रेन से बाहर कूद गए तो अंदर बैठे लोग चीखने चिलाने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, मझौलिया स्टेशन का आउटर होने के कारण ट्रेन की स्पीड कम थी। धुआं निकलने की जानकारी मिलते ही लोकोपायलट ने ट्रेन रोक दी। इसके बाद लोग बोगी से निकलकर भागने लगे। दूसरी रेल लाइन पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। ट्रेन में आग लगने की आशंका से चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। लोको पायलट समेत अन्य स्टाफ ने धुआं निकलने की जांच की।

वहीं, ट्रेन पर सवार मझौलिया चीनी मिल कर्मी राजू श्रीवास्तव ने बताया कि जांच को लेकर आधा घंटा तक ट्रेन रुकी रही। उसके बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही इस मामले में मझौलिया के स्टेशन मास्टर प्रसून राय ने बताया कि सत्याग्रह एक्सप्रेस का मझौलिया स्टेशन पर स्टॉपेज है। इसको लेकर ट्रेन की रफ्तार धीमी करने के लिए लोको पायलट ने ब्रेक लगाया। इससे ट्रेन के पिछले स्लीपर कोच के ब्रेक से धुआं निकलने लगा था।

# भाजपा सरकार गोवा के प्रसिद्ध समुद्र तट पर 'पे पार्किंग' लगाकर पर्यटकों को लूटने की कोशिश कर रही : कांग्रेस

**पणजी**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। गोवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्व उत्पन्न करने के लिए नीतियों की कमी के कारण भाजपा सरकार तटीय राज्य में स्थित समुद्र तटों पर पे पार्किंग लागू करके पर्यटकों को लूटने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस कार्य समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य गिरीश चोडनकर ने कहा, 'गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पास राजस्व उत्पन्न करने की कोई योजना नहीं है और न ही कोई दृष्टिकोण है। 'डबल इंजन' सरकार प्रसिद्ध कोलवा समुद्र तट पर पेड पार्किंग का प्रस्ताव देकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की जेब में छेद करने की कोशिश कर रही है। हम इस कदम का विरोध करें और स्थानीय लोगों के आंदोलन का समर्थन करेंगे।' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी 'जनविरोधी' नीतियों को लागू करके स्थानीय लोगों और स्थानीय निकायों की आवाज को दबाने में शामिल है।

चोडनकर ने कहा, 'केवल कोलवा के लोगों ने ही नहीं, बल्कि स्थानीय पंचायत ने भी कोलवा समुद्र तट क्षेत्र में पार्किंग के लिए पैसे वसूलने की सरकार की योजना पर आपत्ति जताई है।

# भाजपा ने पूछे सवाल, तेजस्वी मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा क्यों नहीं कर रहे ?

**पटना**। पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव किसी कार्यक्रम में साथ नजर नहीं आ रहे। इसे लेकर भाजपा ने सवाल पूछा है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि पिछले 10 दिनों से बिहार में कुछ अनहोनी घटनाएं घट रही हैं। मुख्यमंत्री का सरकारी कार्यक्रमों में चुप्पी साध लेना और तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रमों का बहिष्कार करना।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना तृतीय आमंत्रण**

क्रमांक 3621क्रं.पा.अ.ज़प्र.शा./ना.पा.नि./2023 जगदलपुर, दिनांक 14.12.2023

नगर पालिक निगम जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा के जल संशोधन संस्थान के उच्चस्तरिय जलागारों में जीम हुई किचड़ की सफाई कार्य संपादन हेतु इच्छुक संस्थानों से फार्म 'सी' में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा दिनांक 27.12.2023 को अपरान्ह : 05.00 बजे तक मुहरबंद मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय हेतु जल रू. संशोधन संस्थानों के उच्चस्तरिय जलागार एवं भुमिगत जलागारों में जमी हुई किचड़ (स्लुद्यह्ल) की सफाई करवाये जाने की आवश्यकता। (Clening & Disinfection of water Storage Tanks through Machanised Dewatering, Sludge remove High pressure cleaning, Vaccum Cleaning ant beacterial spray, UV radiation.) | रू. 38.31 लाख | रू. 120000.00 | रू. 750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत वर्षभर अनुसार |

प्राप्त निविदायें दिनांक 28.12.2023 को पूर्वान्ह : 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 20.12.2023 को सायं 5.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ्ज्ञ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 21.12.2023 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र (फार्म 'ए/सी') विस्तृत नियम तथा शर्ते एवं सामर्गियों का विस्तृत विवरण नगर पालिक निगम, जगदलपुर की विभागीय वेबसाईट www.nagamigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/offine Tender) पर आवलोकन किया जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, जगदलपुर



**ICICI Home Finance** | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट–एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें, अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | शीतल राकेश जैन (कर्जदार), राकेश भबूतमल जैन (सह–कर्जदार), ऋण खाता सं. एलएचआरपीआर00001299766 | फ्लैट नंबर बी 102, ब्लॉक पी, एच नंबर 28 खसरा नंबर 85 63/1, 64/1, मैत्री छाया, ग्राम धनोरा दुर्ग, दुर्ग–491001. | रू. 31,34,863/– 12–12–2023 | रू.20,93,850/– / रू.2,09,390/– | 15–01–2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 23–01–2024 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 22–01–2024 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट–एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 22–01–2024 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट–एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 22–01–2024 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 9920807300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 17–12–2023
स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


**संकट** *कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत बनने लगे आतंकी*

# 300 से ज्यादा आतंकी कश्मीर वाले पीरपंजाल एरिया में घुसपैठ को तैयार

**जम्मू, 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। पाक परस्त आतंकी एक बार फिर कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत के तौर पर सामने आने लगे हैं। सुरक्षाधिकारियों ने यह कह कर चौंकाया है कि उस पार से 300 से ज्यादा आतंकी इस ओर आने को प्रतीक्षारत हैं जो कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं। जबकि यह भी चिंता का सबब है कि कश्मीर में एक्टिव अधिकतर आतंकी पीर पंजाल एरिया में शिफ्ट हो चुके हैं जहां से वे अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने को प्रयासरत हैं।**

कश्मीर रेंज के बीएसएफ के इंटपेक्टर जनरल अशोक यादव ने संवाददाताओं से बात करते हुए यह दावा किया है कि खुफिया सूचनाएं हैं कि 250-300 आतंकवादी लांचपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर लिया है और सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। यादव ने आगे कहा कि हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं।

इस बीच अधिकारियों ने इसे माना है कि



ऊंचे इलाकों में विदेशी और स्थानीय आतंकवादियों से निपटने और सर्दियों के दौरान उनकी घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद, आतंकवादी कश्मीर में आतंक भड़काने के

- **कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं**

लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाने के अलावा, आतंकवादियों ने कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के मद्देनजर अपनी गतिविधियों को पीर पंजाल के दक्षिण में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद फिर से शुरू हो गया है। इससे जम्मू कश्मीर पुलिस कर्मियों को निशाना बनाने की परेशान करने वाली प्रवृत्ति फिर से बढ़ गई है।

# साहित्य

## दौड़

कहानी

■ डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

नौगढ़ के टूर्नामेंट की बड़ी तैयारी की गई थी. सारा नगर सुसज्जित था. स्टेशन से लेकर स्कूल तक सड़क के दोनों ओर झंडियाँ लगाईं गई थीं. मोटरें खूब दौड़ रही थीं. टूर्नामेंट में पारितोषिक वितरण के लिए स्वयं कमिश्नर साहब आने वाले थे. इसीलिए शहर के सब अफसर और रईस व्यस्त थे. आज स्कूल के विस्तृत मैदान में दर्शकों की बड़ी भीड़ थी. नगरपालिका के सदस्य, सचिव, अध्यक्ष आदि सभी उपस्थित थे. दर्शकों में सेठों और साहूकारों का भी अभाव न था.

हेडमास्टर साहब तो प्रतिष्ठित लोगों का आदर-सत्कार करने में लगे हुए थे. पर इधर लड़कों में कुछ दूसरा ही जोश फैला हुआ था. यों तो कितने ही स्कूलों से लड़के आए थे, पर होड़ दो ही स्कूलों में थी ङ्क नौगढ़ और विजयगढ़. विजयलक्ष्मी भी इन्हीं दोनों के बीच में झूल रही थी. कभी वह नौगढ़ की ओर झुकती तो कभी विजयगढ़ की ओर. सभी लड़कों के हृदय धड़क रहे थे. सभी उत्सुक थे कि देखें कौन बाजी मार ले जाता है—ऊँट किस करवट बैठता है?

पहले दिन 90 मीटर की दौड़ थी. नौगढ़ के लड़कों ने विजयगढ़ को नीचा दिखा दिया. पर दूसरे दिन विजयगढ़ के लड़कों ने उसकी लाज रख ली. इसी तरह दोनों स्कूलों के नंबर बराबर थे. अब सिर्फ एक दौड़ बच गई थी. विजयमाला उसी के गले में पड़ेगी जो इसमें बढ़ जाएगा. नौगढ़ की ओर से जो लड़का दौड़ने वाला था, उसकी उम्र बीस साल थी. नाम था भुवनमोहन. बड़ा तेज दौड़ने वाला था.

विजयगढ़ की ओर से एक सत्रह वर्ष का लड़का खड़ा हुआ. वह दुबला-पतला था, पर उसके चेहरे पर बड़ी कांति थी, आँखों में तेज था. मास्टर ने उसकी पीठ ठोकी और कहा-'अब तुम्हारा ही भरोसा है.' लेकिन लड़के ने आँख तक ऊपर नहीं उठाई. मास्टर ने कुछ बातें कीं. इस पर उसने जब ध्यान नहीं दिया, तब मास्टर ने उसके एक सहपाठी को बुलाकर कहा : 'देखो, जगदानंद चिढ़ गया है. उसे समझाओ. यदि वह प्रसन्नचित्त होकर दौड़े तो मुझे जीत की पूरी आशा है. नहीं तो हम लोगों की हार है.'

वह विद्यार्थी दौड़ता हुआ जगदानंद के पास गया. उसने जगदानंद से कहा: 'यों सिर पकड़कर बैठ जाने से कैसे होगा ?' जगदानंद ने कहा : 'मेरे पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हो? मोहन से जाकर क्यों नहीं कहते? वह तो मास्टर साहब की नाक का बाल हो रहा है. उसी की पाँचों उंगलियाँ घी में हैं.' उस विद्यार्थी ने कहा : 'भाई, नाक कट जाएगी.' पर जगदानंद चुप रहा. उसने खूब समझाया, पर वह ज्यों का त्यों बना रहा.

इतने में भुवनमोहन उधर निकल पड़ा. उसने जगदानंद को देख कर कहा: 'अच्छा, आप हैं.' फिर उसने अपने साथी की तरफ देखकर व्यंग्य से कहा: 'भाई, अच्छों से बचकर रहना चाहिए.' जगदानंद की आँखें चमक उठीं. उसने अपने सहपाठी मित्र से कहा: 'तुम चिंता मत करो, मैं दौडूंगा.'



दौड़ शुरू हुई. पहले चक्कर में जगदानंद और भुवन साथ-साथ रहे. कोई आगे नहीं बढ़ा. पर दोनों इतनी तेजी से दौड़े कि मानो यह 90 मीटर की दौड़ हो और सब लड़के पीछे रह गए. कोई उनका साथ नहीं दे सका. दूसरे चक्कर में जगदानंद आगे बढ़ा, परंतु भुवनमोहन उसके दो ही कदम पीछे रहा. तीसरा चक्कर अंतिम था. पहले तो जगदानंद पचास कदम आगे बढ़ गया, पर उसकी शक्ति क्षीण होने लगी. आँखों के आगे अँधेरा छाने लगा. भुवनमोहन सरपट दौड़ता हुआ उसके पास पहुँच गया.जगदानंद ने उसके साथ ही साथ दौड़ने की कोशिश की पर उसके पैरों ने जवाब दे दिया. नौगढ़ के लड़के चिल्लाने लगे: ' नौगढ़. नौगढ़.' भुवनमोहन आगे बढ़ गया. 180 मीटर का फासला था.

एकाएक जगदानंद ने अपना सिर उठाया. चार हज़ार आँखें उस पर जमी हुई थीं. वह फिर दौड़ने लगा. पल भर में वह भुवनमोहन के पास पहुँच गया. विजयगढ़ के लड़के चिल्लाने लगे: 'विजयगढ़. विजयगढ़.' जगदानंद आगे बढ़ता ही गया. उसकी आँखें लाल हो रही थीं. उसने कई मीटर से भुवनमोहन को नीचा दिखलाया. लड़कों ने जयध्वनि की और दर्शकों ने करतल ध्वनि. एक ने कहा: 'वाह, लड़का दौड़ा क्या है, उड़ आया है.'

छात्रजीवन कितना सुखद होता है. उस समय हमलोगों की मनोवृत्तियां ही कुछ और होती हैं. जिन लोगों का एकमात्र लक्ष्य उदरपूर्ति या धनसंचय या कीर्तिलिप्सा है, उनमें वह उमंग, वह स्फूर्ति, वह शक्ति कहाँ?

अपने छात्रजीवन में कितने ही लोग विश्वविद्यालयों की परीक्षा में उतीर्ण होकर, सबसे मान और आदर पाते हैं. पर जीवन की कसौटी पर कसे जाने पर उनमें से कितने खरे निकलते हैं? जीवन की दौड़ में जगदानंद से उसके कितने ही साथी आगे बढ़ गए. किसी ने उसकी कुछ भी मदद नहीं की. जीवन निर्वाह की चिंता में जगदानंद को गाँव-गाँव घूमना पड़ा. इधर ऋण का बोझ इतना बढ़ गया कि घर-द्वार तक बिक गया. उसकी मां थी और एक छोटा भाई. उसने अपने साहूकार भोंदूमल को खूब समझाया, खूब अनुनय-विनय की, पर भोंदूमल ने उसकी एक न सुनी. बड़ी मुश्किल से उसे एक दूसरे गाँव में आश्रय मिला.

एक दिन वह दूसरे गाँव से अपने गाँव की ओर लौट रहा था. संध्या हो गई थी. वह घोड़े पर चढ़ा हुआ धीरे-धीरे जा रहा था. रास्ते में एक बड़ा भयानक जंगल पड़ता था. उसमें भेड़ियों का बड़ा डर था. अँधेरा होने के बाद कोई भी उस जंगल को पार करने का साहस नहीं करता था. पर जगदानंद अपनी चिंताओं में डूबा हुआ निर्भय जा रहा था.

कुछ दूर जाने के बाद किसी ने उसको पुकारा: 'ठहरो, ठहरो'. जगदानंद ने घोडा रोक लिया और लौटकर देखा कि एक बुड्ढा जी छोड़कर भागता हुआ चला आ रहा है. जब वह पास आया तन जगदानंद ने पहचाना. वह भोंदूमल था.

वह विद्यार्थी दौड़ता हुआ जगदानंद के पास गया. उसने जगदानंद से कहा: 'यों सिर पकड़कर बैठ जाने से कैसे होगा ?' जगदानंद ने कहा : 'मेरे पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हो? मोहन से जाकर क्यों नहीं कहते? वह तो मास्टर साहब की नाक का बाल हो रहा है. उसी की पाँचों उंगलियाँ घी में हैं.' उस विद्यार्थी ने कहा : 'भाई, नाक कट जाएगी.' पर जगदानंद चुप रहा. उसने खूब समझाया, पर वह ज्यों का त्यों बना रहा. इतने में भुवनमोहन उधर निकल पड़ा. उसने जगदानंद को देख कर कहा: 'अच्छा, आप हैं.' फिर उसने अपने साथी की तरफ देखकर व्यंग्य से कहा: 'भाई, अच्छों से बचकर रहना चाहिए.' जगदानंद की आँखें चमक उठीं. उसने अपने सहपाठी मित्र से कहा: 'तुम चिंता मत करो, मैं दौडूंगा.'

जगदानंद ने उससे पूछा : 'क्या है?'

उसने गिड़गिड़ा कहा : 'मेरे प्राण बचाओ. भेड़िये मेरे पीछे पड़े हैं. मुझे घोड़े पर चढ़ाकर ले चलो.'

क्षण भर के लिए जगदानंद के मन में एक बात आई कि मैं घोड़ा दौड़ाकर भाग जाऊं और यह दुष्ट यहीं अपने दुष्कर्मों का फल भोगे. पर हृदय के भीतर से न जाने किसने उसे रोका. जगदानंद ने उसे घोड़े पर चढ़ा लिया और तेज़ी से घोड़ा दौड़ाया. घोड़ा थका हुआ था. वह दो आदमियों को लेकर तेजी से नहीं दौड़ सकता था. सोच-विचार करने का अवसर नहीं था. जगदानंद ने पल भर में अपना कर्तव्य निश्चित कर लिया. भेड़िये बढ़ते ही आ रहे थे. जगदानंद तुरंत घोड़े से उतर पड़ा.

घोड़ा भोंदूलाल को लेकर तेजी से चला गया. पल भर में ही अदृश्य हो गया. भेड़िये जब बिल्कुल समीप आ गए, तब जगदानंद ने दौड़ने का विचार किया. उसे अपनी पहली दौड़ का स्मरण हो आया. वह दौड़ थी बाजी के लिए और यह है प्राणरक्षा के लिए. जगदानंद ने धोती कस ली. उसने हँसकर कहा: 'यह मेरी अंतिम दौड़ है. पर मैं तुमसे दौड़ने में किसी प्रकार का लाभ उठाना नहीं चाहता. देखें कौन आगे बढ़ता है?'

भेड़िये गरजते हुए बिलकुल उसके समीप आ गए. तीन किलोमीटर तक दौड़ बराबर जारी रही. किसी ने जयध्वनि नहीं की, किसी ने ताली नहीं बजाई. केवल मूक प्रकृति यह दृश्य देखती रही. जगदानंद सब कुछ भूल गया. उसके लिए पृथ्वी अदृश्य हो गयी. वह केवल दौड़ता ही चला गया.

दूसरे दिन , रामपुर के एक किसान ने देखा कि उसके घर के सामने जगदानंद का मृत शरीर पड़ा हुआ है. उसके शरीर पर किसी तरह की चोट नहीं है, पर चेहरे पर अभी तक हँसी झलक रही है.

क्या यह विजय की हँसी थी?

---

### अनवर शऊर

इत्तिफ़ाक़ अपनी जगह
ख़ुश-क़िस्मती अपनी
जगह

ख़ुद बनाता है जहाँ में
आदमी अपनी जगह

कह तो सकता हूँ मगर
मजबूर कर सकता नहीं

इख़्तियार अपनी जगह है
बेबसी अपनी जगह

कुछ न कुछ सच्चाई होती
है निहाँ हर बात में

कहने वाले ठीक कहते हैं
सभी अपनी जगह

सिर्फ़ उस के होंट काग़ज़
पर बना देता हूँ मैं

ख़ुद बना लेती है होंटों पर
हँसी अपनी जगह

दोस्त कहता हूँ तुम्हें शाएर
नहीं कहता 'शुऊर'

दोस्ती अपनी जगह है
शाएरी अपनी जगह

---

समीक्षा

## प्रज्ञान

### बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ

■ सुरेश चन्द्र

प्रज्ञान, बाल साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ जी की इक्यावन बाल कविताओं का सुन्दर संग्रह है। इन कविताओं में जीवन के विविध रंग देखने को मिलते हैं। इनमें प्रकृति का सौन्दर्य है तो समाज की कुरूपता भी है। जहाँ बचपन के आनंद का सजीव चित्रण है वहीं आर्थिक विवशताओं के कारण काम के बोझ तले दबे बच्चों का मर्मस्पर्शी वर्णन है। बचपन जीवन का स्वर्णिम काल होता है लेकिन सभी बच्चों का बचपन एक - सा नहीं होता। कुछ बच्चों का बचपन काल के क्रूर हाथों द्वारा मसल दिया जाता है। इस कसक की झलक इस संग्रह में देखी जा सकती है-

कागज़ पर शिक्षा मिले, वादों में बस प्यार।
बाल दिवस पर बाँटते, भाषण प्यार-दुलार।।
दो रोटी की चाह में, लूटता है संसार।
फुटपाथो पर रेंगते, झोली रहे पसार।।

बालसाहित्य में बच्चों की कोमल भावनाओं का ध्यान रखा जाता है। बच्चे मनोरंजन पसन्द करते हैं, लेकिन कवि चाहता है कि बच्चे जीवन के विषय में भी जानकारी प्राप्त करें। आसपास जो विसंगतियाँ फैली हुई हैं उनसे बच्चों को अवगत कराना भी कवि अपना धर्म समझता है। वह बच्चों की संवेदनशीलता को सम्पूर्ण समाज तक विस्तृत करना चाहता है। 'गूगल की आगोश में' कविता में कवि की यह भावप्रवण संवेदना मर्मस्पर्शी है -

छीन लिए हैं फ़ोन ने, बचपन से सब चाव।
दादी बैठी देखती, पीढ़ी में बदलाव।।
मन बातों को तरसता, समझे घर में कौन ।
दामन थामे फ़ोन का, बैठे हैं सब मौन।।

बच्चे की दुनिया माँ के आसपास घूमती है और माँ की दुनिया तो बच्चे ही होते हैं। माँ स्वयं दु:ख सहकर बच्चे को हर सुख देना चाहती है। 'माँ हरियाली दूब' एक छोटी - सी कविता है लेकिन इस कविता में कवि ने माँ की सारी ममता को गहराई के साथ उकेर दिया है -

'आँचल की छाया' कविता में माँ के त्यागमय स्वरूप के प्रति अपनी निश्छल संवेदना दर्शाता एक बच्चा कहता है -

त्याग और बलिदान का, माँ ही है प्रतिरूप।
आँचल की छाया करे, हर संकट की धूप।।
माँ जैसा संसार में, सौरभ नहीं सुजान।
माँ की वाणी में निहित , गीता का सब ज्ञान।।

कवि का मानना है कि हमें परिवर्तनों को सहज स्वीकार करना चाहिए। बड़े - बुजुर्ग लोग हर समय परिवार के लिए मजबूत स्तम्भ रहे हैं। कवि को उनका जाना पसन्द नहीं है। दादा -दादी के जाने के बाद कवि का जीवन सूना हो गया है, कवि तरह - तरह की कल्पना करता है जिससे कि हर समय उसे उनकी याद आती है। 'दादा-दादी' कविता में कवि की कल्पना की ताजगी द्रष्टव्य है -

दादा-दादी बन गए, केवल अब फरियाद।
खुशियां आँगन की करे, रह-रह उनको याद।।
रो ले, गा ले, हँस ले, दादा-दादी साथ।
ये आँगन से क्या गए, जीवन हुआ अनाथ।।

कवि की संवेदनशीलता का हाल यह है कि वह पुराने हो चुके झाड़ू में भी वृद्ध लोगों की छवि देखता है। कवि का हृदय वृद्धों की उपेक्षा से व्यथित है। 'काम लेकर फेंक देने की प्रवृत्ति', स्वार्थ और संकीर्णता पर आधारित है। वृद्धों का सम्मान करने की सीख देती कविता 'वृद्धों की हर बात का' अद्भुत है -

वृद्धों की हर बात का, रखता कौन खयाल।
आधुनिकता की आड़ में, हर घर है बेहाल।।
होते बड़े बुजुर्ग है, सारस्वत सम्मान।
मिलता इनसे ही हमें, है अनुभव का ज्ञान।।

उक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रज्ञान बाल संग्रह की रचनाओं का प्रमुख स्वर मानवीय संवेदना और करुणा है। शांत नदी की तरह बहती ये कविताएँ पाठक के मन को शीतल भावों की लहरों से भिगो देती हैं।

छन्द में लिखी ये रचनाएँ गीत और कविता का मिलाजुला रूप है। इनमें लय और प्रवाह है जो इन कविताओं को प्रभावशाली बनाता है। भाषा बालमन के अनुरूप सरल, सरस और सहज बोधगम्य है। मुद्रण सुन्दर एवं त्रुटिरहित है। फैलते आकाश के साथ प्रज्ञान के मनमोहक चित्र से सजा आवरण अत्यंत आकर्षक है। बालमन को लुभाने वाले मनोरंजक एवं संवेदनशील कविताओं से सजी पठनीय कृति 'प्रज्ञान' के सृजन के लिए डॉ सत्यवान सौरभ जी को हार्दिक बधाई।

प्रज्ञान = बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ




पुस्तक : प्रज्ञान
लेखक : डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
प्रकाशक : नोशन प्रकाशन समूह, चेन्नई।
मूल्य : 160/-

'सर्वहारा'

---

लघुकथा

## बुलेट ट्रेन

■ घनश्याम अग्रवाल

जैसे ही ट्रेन रवाना होने को हुई, एक औरत और उसका पति एक ट्रंक लिए डिब्बे में घुस पड़े।दरवाजे के पास ही औरत तो बैठ गई पर आदमी चिंतातुर खड़ा था।जानता था कि उसके पास जनरल टिकट है और ये रिज़र्वेशन डिब्बा है। टीसी को टिकट दिखाते उसने हाथ जोड़ दिए।

'ये जनरल टिकट है। अगले स्टेशन पर जनरल डिब्बे में चले जाना।वरना आठ सौ की रसीद बनेगी।' कह टीसी आगे चला गया।

पति-पत्नी दोनों बेटी को पहला बेटा होने पर उसे देखने जा रहे थे।सेठ ने बड़ी मुश्किल से दो दिन की छुट्टी और सात सौ रुपये एडवांस दिए थे। बीबी व लोहे की पेटी के साथ जनरल बोगी में बहुत कोशिश की पर घुस नहीं पाए थे। लाचार हो स्लिपर क्लास में आ गए थे। 'साब, बीबी और सामान के साथ जनरल डिब्बे में चढ़ नहीं सकते। हम यहीं कोने में खड़े रहेंगे। बड़ी मेहरबानी होगी।' टीसी की ओर सौ का नोट बढ़ाते हुए कहा।

'सौ में कुछ नहीं होता। आठ सौ निकालो वरना उतर जाओ।'

'आठ सौ तो गुड्डो की डिलिवरी में भी नहीं लगे साब। नाती को देखने जा रहे हैं।गरीब लोग हैं, जाने दो न साब।' अबकि बार पत्नी ने कहा।

'तो फिर ऐसा करो, चार सौ निकालो।एक की रसीद बना देता हूँ, दोनों बैठे रहो।'

'ये लो साब, रसीद रहने दो।दो सौ रुपये बढ़ाते हुए आदमी बोला।

'नहीं-नहीं रसीद दो बनानी ही पड़ेगी। देश में बुलेट ट्रेन जो आ रही है। एक लाख करोड़ का खर्च है।कहाँ से आयेगा इतना पैसा ? रसीद बना-बनाकर ही तो जमा करना है।ऊपर से आर्डर है।रसीद तो बनेगी ही।

चलो, जल्दी चार सौ निकालो। वरना स्टेशन आ रहा है, उतरकर जनरल बोगी में चले जाओ।' इस बार कुछ डांटते हुए टीसी बोला।

आदमी ने चार सौ रुपए ऐसे दिए मानो अपना कलेजा निकालकर दे रहा हो। टीसी रसीद बनाने लगा। पास ही खड़े दो यात्री बतिया रहे थे। 'ये बुलेट ट्रेन क्या बला है ?'

'बला नहीं जादू है जादू। बिना पासपोर्ट के जापान की सैर।जमीन पर चलने वाला हवाई जहाज है। बिना रिजर्वेशन उसे देख भी लो तो चालान हो जाएगा। एक लाख करोड़ का प्रोजेक्ट है। राजा हरिश्चंद्र को भी ठेका मिले तो बिना एक पैसा खाये खाते में करोड़ों जमा हो जाए।

सुना है, 'अच्छे दिन' इसी ट्रेन में बैठकर आनेवाले हैं।'

उनकी इन बातों पर आसपास के लोग मजा ले रहे थे। मगर वे दोनों पति-पत्नी उदास रुआंसे ऐसे बैठे थे मानो नाती के पैदा होने पर नहीं उसके सोग में जा रहे हो।कैसे एडजस्ट करेंगे ये चार सौ रुपए? क्या वापसी की टिकट के लिए समधी से पैसे मांगना होगा? नहीं-नहीं। आखिर में पति बोला- 'सौ- डेढ़ सौ तो मैं जियादा लाया ही था। गुड्डो के घर पैदल ही चलेंगे।शाम को खाना नहीं खायेंगे। दो सौ तो एडजस्ट हो गए। और हाँ, आते वक्त पैसिंजर से आयेंगे। सौ रूपए बचेंगे। एक दिन जरूर ज्यादा लगेगा।सेठ भी चिल्लायेगा। मगर मुन्ने के लिए सब सह लूंगा।मगर फिर भी ये तो तीन सौ ही हुए।'

'ऐसा करते हैं, नाना-नानी की तरफ से जो हम सौ-सौ देनेवाले थे न, अब दोनों मिलकर सौ देंगे। हम अलग थोड़े ही हैं। हो गए न चार सौ एडजस्ट।' पत्नी के कहा। 'मगर मुन्ने के कम करना....'

और पति की आँख छलक पड़ी।

'मन क्यूँ भारी करते हो जी।गुड्डो जब मुन्ना को लेकर घर आयेंगी; तब दो सौ ज्यादा दे देंगे।' कहते हुए उसकी आँख भी छलक उठी।

फिर आँख पोंछते हुए बोली-'अगर मुझे कहीं मोदीजी मिले तो कहूंगी-' इतने पैसों की बुलेट ट्रेन चलाने के बजाय, इतने पैसों से हर ट्रेन में चार-चार जनरल बोगी लगा दो, जिससे न तो हम जैसों को टिकट होते हुए भी जलील होना पड़े और ना ही हमारे मुन्ने के सौ रुपये कम हो।' उसकी आँख फिर छलके पड़ी।

'अरी पगली, हम गरीब आदमी हैं, हमें मोदीजी को वोट देने का तो अधिकतर है, पर सलाह देने का नहीं। रो मत। देखना, हमारा मुन्ना इतना बड़ा आदमी बनेगा, इतना बड़ा कि एक दिन बुलेट ट्रेन में बैठेगा।'

'हाँ-हाँ क्यों नही बैठेगा? जरूर बैठेगा। सौ रुपये भरकर अभी से टिकट जो बुक करा लिया उसने।' कहकर वह फक-से हँस पड़ी।

ट्रेन तेजी से भागी जा रही थी। वे दोनों अब ऐसे खुश थे मानो 'बुलेट ट्रेन' में सफर कर रहे हों।



## हाना

देखे देवता पूजा मांगथे।
देवता ल देख के पूजा करे जाथे।
अइसन मनखे कोनो देवता के पूजा कर मनौती करथे, ओखर मनौती नइ करही त वो ह रूठ जाथे, जेखर संग रात दिन के उठना बैठना हावय ओकर रुठे के सवाल ही नइ होवय।

## शब्द अरथ

1. चौमस्सी- चार महिना वाला
2. चौमास- चार ऋतु के चार महिना ।
3. चौमेड़ा- चार मेड़ों का मिलनस्थल चौराहा
4. चौरंगा- चार रंगों का
5. चौरमिया- चौरंगा
6. चौरस- चौड़ा, फैला हुआ, समतल
7. चौरा- चबूतरा
8. चौरी- छोटा चबूतरा
9. चौवा- चौआ
10. चौहदी- चारों ओर की सीमाएं या घेरा।

# नवा सरकार आगे

नवा सरकार बीजेपी के आगे हावय, गठन होना बाकी हावय। 12 दिसम्बर के शपथ ग्रहण समारोह रहिस हे। साइंस कालेज मैदान म कार्यक्रम रहिस हे। हजारों कार्यकर्ता गवाह बनिन। महिलामन के संख्या ज्यादा रहिस हे। पीएम मोदी, शाह, नड्डा के संग म पांच राज्य के मुख्यमंत्री आये रहिन हें।

सबके आगू म विष्णुदेव साय ह मुख्यमंत्री के, अरुण साव अउ विजय शर्मा ल डिप्टी सीएम के पद के शपथ दिवाये गीस। साक्षी रहिन हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे अउ लता उसेंडी। सबले बड़े बात मोदी जी भूपेश बघेल करा जा के हाथ मिलाइन। मोदीजी ह टेबल उठाके सरकइस येखर.ले ओखर सरलता सबके आगू म अइस।

कुछ योजना ल शुरु करे के बात होय हे। 'कृषक उन्नति योजना' शुरु करहीं। येमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान के खरीदी 3100 रुपिया ले करे जाही। पइसा एक ही किस्त म देय जाही। धान खरीदी के पहिली बारदाना उपलब्ध कराये जाही। 18.लाख घर 'प्रधान आवास योजना' के अन्तर्गत देय जाही या पइसा देय जाही। दू बछर के अंदर हर घर म पीये के पानी देय जाही। 'महतारी वंदन योजना' शुरु करे जाही येमा प्रत्येक विवाहित महिला ल हर बछर 12000 रुपिया के सहायता करे जाही। दू बछर के धान के बोनस बकाया हावय यहला 25 दिसम्बर तक खाता म डार दिही।

पीएससी के परीक्षा ल यूपीएससी के तर्ज म करही। येखर ले पारदर्शिता बने राहय। 'तेंदूपत्ता संग्रहण रुपिया 5500 मानक रेट म प्रति बोरा खरीदही। येखर अलावा 4500 रुपिया बोनस भी दिही, चरणपादुका दिही। 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' शुरु करही येमा भूमिहीन खेतिहर मजदूर ल 10000 रुपिया के आर्थिक सहायता करही। रामलला के दर्शन कराये बर अयोध्या लेगहीं। खाली सरकारी पद म भर्ती करे जाही। गरीब परिवार ल 500 रुपिया म सिलेंडर देय जाही।

ये सब तो बने हावय फेर हर बछर हजारो बोरा धान बारिश म भीग जथें येखर बर.काये करही? आम जनता बर तो सब होगे फेर.स्कूल के भवन के का होही? छत्तीसगढ़ी भाषा के माध्यम के मांग चलत हावय येला कब तक टाले जाही का आंदोलन के इंतजार हावय? जगह-जगह छोटे पुलिया के जरुरत हावय,आदिवासी क्षेत्र म अस्पताल.के जरुरत हावय ये सब कब तक होही। आज भी कई ठन गांव मन म जर्जर रोड हावय। जचकी बर या ईलाज बर खटिया म बोह के लेगथे येमा काम होना चाही। नवा सरकार ये सब के बारे म सोचही तभे आगू बढ़ही। बहुत बहुत बधाई।

**सुधा वर्मा**

# अमित के कुण्डलिया - घाम

जड़काला के घाम ला, झन कखरो ले नाप।
रोज बिहनिया रउँनिया, सुघर बइठ के ताप।।
सुघर बइठ के ताप, मढ़ा सेहत के जोखा।
शीतकाल के घाम, होय सिरतों के चोखा।।
रतिहा कमरा ओढ़, फेंक दिन भले दुसाला।।
जिनगी बर वरदान, गजब होथे जड़काला।।

बरसै किरपा सूर्य के, मनमोहय ये घाम।
सरदी के मौसम बने, सबके बनथे काम।।
सबके बनथे काम, शक्ति सेहत के जागै।
गजब जनावय जाड़, मरन होगे कस लागै।।
रतिहा बरसय शीत, फेर तन-मन बड़ हरसै।
जड़काला के घाम, अमित अमरित कस बरसै।।

**सृजन- कन्हैया साहू 'अमित'**
**शिक्षक- भाटापारा**

## नान्हे कहिनी

# छंईहा

देख बहू -तोर मन म का हे नई जानन? हमन तोला गरु लागत होबोन त जावव तुमन जिंहा जाव तुंहर मर्जी हे। जिंहा रहे के। ठोस निर्णय सुनावत ससुर कहिस। दिन-रात उठा-पटक, बर्तन-भाड़ा के कचराई अउ भांय-भांय के बोली ले तंगा डारेस।

बुढ़त खानी म सहे के ताकत नई रहय मनटोरा के मन घलो कहिस। ओकर मन रहिस हर-हर कट-कट ले हमीं मन निकल जातेंन,तेन बने रहिस। अपन आदमी सुखी ला समझावत रहिस। दूसर कोठा ले आथे तेन ल हमर कोठा पर अस लगथे। जी जबो मनटोरा तिपो के खा लेबो फेर तपनी ताप नई सहावय।

आजकल के लइका मन ला अलग रहे घूमे-फिरे के आजादी चाही। बाहिर म रही त पता चलही। कतका ऐंठन हे उलर जही दूएच दिन म। ले अब चुप रह जादा रोष झन कर- मनटोरा कहिस। अपन छंईहा बना के देखावय। गारी देय भर ल आथे थोथानाहीं ल -थोरको नई घेपय। मनटोरा अतके कहिके अपन मन ला मढ़ा लीस।

उही दिन ले बहू के मुंह म चपका धरागे। लोगन मन का कइही मोला? नई कह सकत हे जाथन तोर घर ल छोड़ के। सास-ससुर के छंईहां बाहिर म नई मिलय जान डरिस।

**मुरारी लाल साव, कुम्हारी**

# जियत भर मया

अपन हिरदय भीतर ले तोला
कभु अलग होय ल नि देवंव
तोला उंघासी घलोक आही ते
सुतेल घलोक नि देवंव।

तोर मया ह मोर बर
जिनगी बरोबर सुघ्घर हवे
हम मर जबो तिहा ले
तोला रोय ल नि देवंव।

किरिया हे तोला मया के
अपन ले झिन अलगाबे
जिते जियत परान दे देहूं
तरसाय के मउका नि देवंव।

**- सोनु नेताम माया,**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

# पान के अंगाकर रोटी

पान के अंगाकर रोटी
बड़ गजब के मिठाथे जी
बासी सिथा अउ चाउंर पिसान
दूनो संग म सनाथे जी
सान सानके लोंदी बनाके
केरा पान म थपटाथे जी
आगी अंगरा म टोप ढ़ाकके
पान रोटी बनाथे जी
जब चुरथे अंगाकर रोटी
गरम म कुर्रुस चबाथे जी
पान रोटी के पहचान अलग हे
बड़ गजब के मिठाथे जी
गांव देहात म चुरथे अब्बढ़
सबो माई पीला खाथे जी
सिलबट्टा के चुरपुर चटनी संग
गजब के मजा आथे जी!!

**सोनु नेताम माया**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

# मौन मुक्का

कहिनी

> इंद्र भगवान तो अंखफुट्टा आय सबर दिन। बोता घरी म भोम्भरा जरथे अउ लुवे के घरी पूरा बोहाथे अउ बिसालिक कोनो राजा नोहे कि ओखर भाग जब्बर रइही अउ न ही मालगुजार आय। धान के सोनहा रास हा ताम्बई रंग के हुंडी बनगे। भलुक अकरस पानी अतरगे रिहिस फेर बिसालिक के आंखी के पानी नइ अटाये हे। सुरुज नरायेन के किरपा ले धान ल सुखाइस अउ सोसायटी मा लेगगे किराया के टेक्टर मा।

गांव भर मा सनसनी दउड़गे आज। डोंगरी मा लाश मिले हाबे। मोला तो जानबा नइ रिहिस फेर गोसाइन बताइस तब जानेंव। धान बेचे ला गेये रेहेंव सोसायटी। रात-दिन उहां ओड़ा ला टेकाये रहिबे तब धान बेचाही...!

जेवन के पाछू सुतत हंव अउ गुनत हंव अब कोन मरगे रे, कोन फांसी अरो डारिस ते? कायर झन बनो रे जीये ला सीखो। गुनत-गुनत मोला सुध आये लागिस बिसालिक के। ओखरे तो पांच-छै दिन ले आरो नइ हावय। पचपन-साठ बच्छर के किसान मोर संग पढ़े हावय। पांचवी मा फेल होगे अउ पढ़ई छोड़ दिस। हमजोली हावय तभो ले मोला कका कहिथे।

'ठाकुर घर के बइला बन के कब तक कमाबे बिसालिक? नानमुन कोनो करा भुंइयां बिसा लेतेस।'

'हमन जूठा खवइया आन मालिक! भगवान हमर हाथ के डाढ़ मा अइसने लिखे हावय। ओखर बिना पत्ता नइ हाले। कब देखही हमर कोती ला ते?'

मोर गोठ ला सुनके काहय बिसालिक हा संसो करत। जम्मो ला सुरता करत हंव।

आज बिसालिक अब्बड़ उछाह मा रिहिस। ओखर संग गाँव के आने किसान मन घला रिहिन। जेन ल जुटहा काहय तौन मन आज मालिक बनत हावय। मजदूर मन बित्ता भर भुंइयां बिसा लेथे ते मालिक ल अतका झार लागथे, जइसे मेंछा के चुन्दी ल खींच डारे हावय। आज तो सिरतोन दो-पांच दस अउ बारा एकड़ फारेस्ट भुंइयां ल खेत बना के सरकार हा देवत हावय एक-एक झन ला। हम पातर जंगल ला खेत बनावत हन काबर? तुंहर विकास बर। अब तुंहर दुवार तुंहर सरकार हावय काबर? तुंहर विकास बर। सिरमिट के जंगल बनत हावय काबर? तुंहर विकास बर। तरिया ला पाटके स्विमिंग पुल बनावत हावन काबर? तुंहर विकास बर। वन मंत्री गरीब भूमिहीन मजदूर ला वन अधिकार पट्टा बांटत हावय अउ नारा लगवावत हावय।

आज मंत्रीजी लबरा नइ रिहिस। सिरतोन मा जंगल ला काटके चौमासा के आगू खेत बना डारिस। चैतू, बुधारू, रमतू असन मन ला किसान भूमिस्वामी बना दिस। बिसालिक ला घला पांच एकड़ खेत मिलिस।

सिरतोन किसान के पछीना भुंइयां मा चुचवाथे तब सोना उगलथे खेत हा। भलुक पछिना अउ पानी के रंग एके होथे तभो ले जब सिंचाई के पानी मा पछीना मिंझरथे तब ओखर रंग हरियर हो जाथे। चारो कोती हरियर-हरियर दिखत हे। लहरावत धान बड़का -बड़का खेत चाकर मेड़, मेड़ मा राहेर अउ घपटे तिली के पौधा। आज बिसालिक के संग ओखर खेत गे रेहेंव। पोरा तिहार आय न! धान ला चिला खवाय ला गेये रेहेंव।

'तेहां तो हाथ मार देस बिसालिक अतका धान मा कोन पोठ नइ होही?'

'हव कका! सब तुंहर असीस आय।'

बिसालिक के खेत ला देख के सिरतोन अकचका गेंव। काली के बंजर भुंइयां मा आज अतका फसल लहरावत हे हरियर-हरियर । मेड़ के डिपरा मा छेना मा खपत आगी ला मड़ायेंन। फुलकांछ के लोटा के पानी ले आचमन करेंव। धूप दशांग अउ गुड़ के हुम देयेंव। गुड़हा चिला के नानकुन कुटका ला अग्नि देव मा अरपन करेंव। सिरतोन हमर कतका सुघ्घर नेग हावय। किसान हा गभोट धान अन्नपूर्णा दाई ला बेटी मानके सधौरी खवाथे।

'सदा दिन बर छाहत रहिबे अन्नपूर्णा दाई! अपन मया बरसाबे ओ! कोठा कोठार अउ कोठी मा मेछरावत आबे ओ! हमरो भाग ला जगाबे ओ!'

अब्बड़ आसीस मांग डारेंव। पांच चिला ला कुटका-कुटका करके आदर ले खेत म परोसत केहेंव।

'खेत तो बोये हंव कका! फेर टोंटा के आवत ले करजा बोड़ी हो गेये हाबे।'

'अब बड़का काया बर बड़का चद्दर ओढ़े ल परही भई। छुटा जाही जम्मो करजा हा।' बिसालिक के गोठ सुनके केहेंव।

'कोन जन कका...? तोर बहुरिया नेवनिन रिहिस तब मंगल सूत्र ल किसानी करे बर मांगेंव अउ आज ले नइ चढ़ा सकेंव। एकोदिन ठोसरा नइ मारिस गोसाइन हा फेर सगा-पहुना, बाजार -हाट, मेला-मड़ई, बर-बिहाव मा बजरहा डालडा के जेवर ला पहिर के जाथे तब लजाथे। फेर का करही? तरी-तरी रो डारथे। मुंह फुटकार के ये दे ला खाहूं नइ किहिस। अपन भुखाये रहिथे तभो ले मोला जेवन करवाथे। ओखरे सेती ये फसल ला बेंच के गोसाइन बर गुलबंद बिसाहूं कका!' बिसालिक किहिस।

खेत किंजरत हंव अउ बिसालिक बतावत हावय। कभु मुचकावत हावय तब कभु उदास हावय। चेहरा कभु झक्क ले दमक जाथे तब कभु मुरझा जाथे गरीबी अउ अभाव के गोठ करथे तब।

'फुटहा करम के फुटहा दोना, लाई गवां गे चारो कोना। अइसन होगे हावय कका! थोकिन पइसा सकेलथन अउ घर म कोनो न कोनो बुता आ जाथे सिराये बर। तीस हजार सकेले रेहेंव गोसाइन के गुलबन्द लेये बर। अबक-तबक जवइया घला रेहेंव सोनार दुकान। उदुप ले दमाद के फोन आगे। बाबू जब ले तोर बेटी हमर घर म आये हावय तब ले हमर घर म गरीबी के चमगेदरी उड़ावत हावय। बेटा अउ गोसाइन के जर बुखार म मोर जैजाद सिरावत हावय। आज घला मोर डेरउठी के दीया ला झन बुतावन दे बाबू। मोला पइसा दे। दे देंव। एक दरी फेर पइसा सकेलेंव। बहुरिया हरू-गरु होइस। छट्टी बरही, नत्ता-गोत्ता सियनहिन दाई के खात -खवई अउ टूरी के पढ़ई के फीस, जम्मो मा उरकगे फेर गुलबन्द नइ बिसा सकेंव।'

बिसालिक बतावत रिहिस अउ हमन खेत किंजरत रेहेंन। बम्बूर रुख ला देखेंव। डोड़का के नार छिछले रिहिस। पियर फूल अउ झूलत डोड़का। टोरे लागेंव।

'लइका मन तो बने कमावत होही बिसालिक? संसो झन कर सब सुघ्घर हो जाही । बहुरिया ला गुलबन्द पहिरा डारबे।'

'कोन जन कका? टूरा मन ला पुछेस?' बिसालिक मौन मुक्का होगे। फेर किहिस।

'एक झन ट्रक चलाथे अउ दूसर हा गरवा चरातिस ते जादा कमातिस। मास्टर हावय। शिक्षा मितान। दूनो के दुये हाल। ट्रक वाला ला बरजथो झन पी रे मंद महुआ। मुंही ला भोकवा कहिथे। इही तो कलजुग के अमरित आवय ददा! तभे तो अस्पताल ला प्राइवेट डॉक्टर हा चलाथे अउ सरकार हा दारू भठ्ठी ला। अब्बड़ फरजेंट गोठ-बात मा मोला चला देथे। भलुक ओखर गोसाइन लइका ला चलाये के सामरथ नइ हावय अउ एसो सरपंच बनके पंचायत ला चलाहूं कहिथे।' बिसालिक बताइस अपन बड़का लइका के बारे मा।

'ले बिसालिक बने अउ समझाबे मंद महुआ ला झन पीये अइसे।'

मेंहा केहेंव। मेड़ मा जागे पटवा अउ अमारी भाजी ला टोरत हन अब दूनो झन। शिक्षा मितान बने हावय पढ़-लिख के नान्हे टूरा हा। कमती वेतन वाला हा रेगड़ा टूटत ले कमाथे अउ जादा वाला हा मोबाइल मा गेम खेलथे स्कूल म। अइसना बताथे लइका हा। अब्बड़ सिधवा। कइसनो होवय लइका लोग ला पालत-पोसत हावय। महीना पुट चाउर पठो देथंव। मोला लागथे इही लइका हा नाव के अंजोर करही कका।

बिसालिक के चेहरा दमकत रिहिस आस मा।

'कका ! सब लइका मन अब अपन - अपन खोन्दरा सिरजा डारिस। बस नान्हे नोनी के हाथ मा दू गांठ के हरदी लगा देतेंव ते मोरो कन्या दान के नेंग हो जातिस। अब्बड़ संसो रहिथे। कोनो गरीब अलवा-जलवा लइका मिलही ते बताबे कका!

'हव।' बिसालिक के गोठ सुनके हुंकारु देये हंव। जाम पेड़ म छछले लट्टू कस फरे तुमा ला टोरे के उदिम करत हंव अब अउ बिसालिक फेर बतावत हावय।

'लइका के दाइज डोली देये बर एको पइसा नइ सकेले हंव कका! पांव पखारे बर फुलकांछ के लोटा थारी लेये हंव। भांवर बर सील अउ जोरन बर कंडरा ला झांपी बनवाये बर केहे हंव। ... अउ धौरी बछिया ला घला राखे हंव। फेर सगा सोदर बरतिया घरतिया बइठे बर ठौर नइ हावय कका!' बिसालिक बताये लागिस सुरता कर-कर के।

'घर तो बने हावय का बिसालिक। आवास योजना मा नाव आये हे कहिके पीछू दरी बताये रेहेस।'

'नाव तो आये हे कका फेर...।' दमकत चेहरा फेर बुतागे बिसालिक के ।

'का होगे?'

'काला बतावंव कका! पहिली क़िस्त मिलिस जुन्ना घर ला उछाह मा उझारेंन अउ ईटा पथरा के नेंव निकालेंन अउ धपोड़ दे हावन अभिन। तीन बच्छर होगे थुनिहा गड़िया के झिल्ली - मिल्ली ला छा के गुजारा करत हावन। एसो बनाहूं कका पक्का घर चाहे सरकार पइसा देये कि नही...। मोर धरती मइयां हा मोला उबारही गरीबी ले। लइका के बिहाव हो जाही घला।'

' अउ तोर गोसाइन के गुलबन्द?'

'अब तो डोकरी होगे हाड़ा अउ मांस ला साजे के दिन नइ हे अब कका! का गुलबंद पहिरही गोसाइन कही लिही 'लबरा', सुन लुहूं मेंहा।'

बिसालिक अब बिद्वान महात्मा बरोबर गोठियावत हावय। बोर के हरियर बटन ला मसकिस । बम्बाट पानी निकलिस । पैलगी करिस गंगा मइयां ला। मोही के धार ला बहकाइस अउ अब घर आगेंन दुनो कोई धान ला देख के उछाह मा मगन होवत।

कुकरी अपन अंडा ला कइसे सेथे? पांख मा लुका के। चियामन ला कइसे राखथे? महतारी लइका मन ला कइसे बटोर के जतन के राखथे? बस वइसना जतन करत हावय बिसालिक ह अपन खेत के, धान के, परिवार के।

'जतका के धान नइ बोये हे लइका लोग ला तियाग देहे। कका! नान्हे देवर बाबू ला पठो दे तो, खेत ले खोज के ले आनही।'

बिसालिक के गोसाइन आवय। आज रात के जेवन के बेरा आके किहिस। मोर नान्हे टूरा हा गिस। गांव के निकलती अमरा लिस। खुटूर -खुटुर ठेंगा ला बजावत ठुकुर-ठुकुर खांसत बीड़ी के सुट्टा मारत आवत रहिथे बिसालिक हा रोजिना।

बिसालिक अउ गोसाइन एक उरेर के झगरा होतिस तेखर पाछू जेवन करतिस।... अउ सिरतोन भुंइयां हा अतका धान उछरिस की देखनी होगे गाँव भर। पटवारी ह तो क्राप कटिंग के प्रयोग घला करिस। खेत ले कोठार अमरगे। कोठार ले कोठी जवइया हावय।

कोठार के मंझोत मा धान के रास (हुंडी) माड़े हावय। भुर्री के करिया गोल घेरा सोनहा धान अउ बीच के करिया मोती के माला बरोबर। मोखला कांटा नजर डीठ ले बांचे बर। काठा कलारी जम्मो। कोठार के तीर म पैरा के पैरावट। अन्नपूर्णा दाई ला परघा के कोठी अउ ससराल पठोये के तियारी होये लागिस।

बिसालिक के मन गमके लागिस। मोर जम्मो करजा छुटा जाही नोनी के बिहाव अउ घर...। जम्मो सुघ्घर हो जाही।

रतिहा तीन-चार बजे ले सोसायटी म दू दिन ले ओड़ा ला टेकाये रिहिस। कतका लड़ई झगरा तनातनी सहिस अपन कुरता अउ पगड़ी के बलि दिस। तब टोकन मिलिस। ओ तो बिसालिक के किस्मत जब्बर हावय तभे कनिहा के ओन्हा बाचिस नहीं ते कतको झन तो... ?

इंद्र भगवान तो अंखफुट्टा आय सबर दिन। बोता घरी म भोम्भरा जरथे अउ लुवे के घरी पूरा बोहाथे अउ बिसालिक कोनो राजा नोहे कि ओखर भाग जब्बर रइही अउ न ही मालगुजार आय। धान के सोनहा रास हा ताम्बई रंग के हुंडी बनगे। भलुक अकरस पानी अतरगे रिहिस फेर बिसालिक के आंखी के पानी नइ अटाये हे। सुरुज नरायेन के किरपा ले धान ल सुखाइस अउ सोसायटी मा लेगगे किराया के टेक्टर मा।

'ये धान बिकने लायक नहीं है। सब बदरंग और पाखर हो गया है।' ससन भर देखिस जम्मो धान ला अउ आंखी ला नटेरत किहिस- साहब ह। मॉइश्चर मीटर ले धान के नमी घला नाप लिस। जौन हा जादा रिहिस।

'ले लेव साहब! येहां धान भर नोहे मोर सपना आय। मोर जिनगी आय...।'

बिसालिक करेजा ला निकाल के किहिस फेर साहब तो दाऊ संग ठठ्ठा करत हावय।

'साहब! दाऊ के धान ला बिसा लेव वइसना मोरो...?' साहेब कलेचुप।

'साहेब! बोकरा भात खवा दुहूं महूं हा।'

चभलावत पान के पीक ला थूकिस साहब हा। बिसालिक के गोड़ मा घलो परिस थूक हा फेर का करही?

दुनो हाथ जोर के अरजी करिस बिसालिक हा। फेर कलेक्टर मंत्री करा जा राजधानी म।

जम्मो ला गुनत-गुनत नींद परगे। चारबज्जी उठेंव। तियारी करेन जाये के। भिनसरहा होगे। अब जंगल के रस्दा नाहक के डोंगरी ला चढ़त हावन। छै झन पुलिस वाला। लाश ला देखइया जवनहा गांव वाला अउ मेंहा। पुलिस वाला अब पहिली देखइया जवनहा बर गुर्रावत हाबे।

'का करे बर अतका दुरिहा आये रेहेस रे? लकड़ी जंगली जानवर के तस्करी तो नइ करस न? करत होबे ते बारा बच्छर बर धांध दुहूं जमानत घला नइ होवय।'

'जब देख डरेस कलेचुप नइ रहितेस। मर जातिस सड़ जातिस नहीं ते कुकुर कोलिहा खा डारतिस।'

'जिमीकांदा खाये रेहेस का बे! तोर मुँहूअब्बड़ खजवात रिहिस अउ लाश घला छै -सात दिन जुन्ना। इहू हा बताये के कोई जिनिस आय?'

पुलिस वाला मन जवनहा ला चमकाये लागिस। जवनहा तो अतका चेत गे कि अब न लाश ला का? कोनो ला एक गिलास पानी घला नइ पियाय।

अभिन दूसरिया बेरा आवय मंद के भभका लेवत हावय पुलिसवाला अउ गांव वाला मन। मंद पीये ले लाश नइ बस्साये कहिथे। अब अमरगेंन ओ ठउर मा।

ससन भर देखेंव। तेंदू रुख के तीर मा परे तुतारी अउ रुख मा बंधाये नायलोन के डोरी ला। डोरी म गठान अउ गठान म अरझे झूलत लाश। काया के उप्पर कोती उघरा अउ कनिहा मा नानकुन पटकू सूती के। आंखी के जगा मा मांस के लोथा अऊ... गोटारन कस झूलत आंखी। कोनो जिनावर कोचक के निकाल देहे। आधा हाथ नइ हे कोलिहा चफल दे होही। नाक के जगा नाक नहीं, कान के जगा कान नहीं। पेट तुमा कस फूले छाती मा हाड़ा नहीं... अउ कांही हावय ते बिलबिलावत कीरा- सादा-सादा। एक-दो, हजार, लाख नहीं... करोड़ों के संख्या म सादा कीरा। रुख के डारा मा कीरा। डोरी म लबर-लबर रेंगत कीरा अउ लाश नइ झूलत हावय अब जइसे कीरा ह फांसी के डोरी मा झूलत हावय। लाश के एक कुटका संग अब लोचका-लोचका गिरे लागिस। भुंइयां भर बिगरे लागिस कीरा अब। मेहत्तर के गोड़ मा चढ़त हे। बुधारू के धोती मा अउ लाश हवा के झोंका आइस अउ फेर एक कोती गिरगे। अकरस पानी अउ बस्साई...पेट खदबदाये लागिस। ..उच्छर डारेंव। अपन उम्मर भर नइ देखे रेहेंव अइसन लाश। क्षत-विक्षत लाश। मास्क अउ हेन्ड ग्लव्स पहिरके लाश ला उतारत हावय। लाश नहीं कीरा ल उतारत हावय। टूरा आय के टूरी, माईलोगिन आय कि बबा जात। कुछु नइ जानबा होवत हावय।

'वो तो विधानसभा प्रश्न उठ गया है इसलिए इतना मसक्कत करना पड़ रहा है वरना कितने ही लाश को गुमशुदगी अउ लावारिस बना के रफा-दफा कर देते हैं।' पंचनामा बनावत किहिस पुलिसवाला हा। प्लास्टिक के थैली मा भर डारिस अउ लेबल लगा दिस अज्ञात लाश के। फोरेंसिक जांच बर राजधानी जाही। तुतारी ला घला जोरत हावय।

कोन जनी का पता चलही ते? बिसालिक घला कहां गेये हावय ते? कलेक्टर करा गेये हावय कि मंत्री कि राजधानी। संसो होये लागिस। मन अब्बड़ बियाकुल हावय टीवी चालू करेंव। गाना सुने के मन नइ करिस। फिलिम देखे के मन नइ करिस। समाचार लागयेंव मछरी बाजार कस हांव-हांव होवत रिहिस। कुकुर झगरा। लोकतंत्र के पुजारी आवय ये मन। किसान आत्महत्या के आंकड़ा बतावत रिहिस खुर्सी के सपना देखइया मन अउ खुर्सी वाला मन सबूत मांगत रिहिस। हमर छत्तीसगढ़ मा एको झन किसान आत्महत्या नइ करे हे? मेंहा मौन मुक्का हो गेंव। एकदम चुप कलेचुप। टीवी ला बंद करेंव अउ आरो कोती धियान लगायेंव। बिसालिक के गोसाइन आवय अब्बड़ बम्फाड़ के रोवत रिहिस।

- मोर राजा! मोर दाऊ ! ते कहां लुकागेस धनी ...। थोकिन मा थक गे अउ उहू होगे मौन मुक्का...।

**-चंद्रहास साहू , द्वारा राजेश चौरसिया,**
**आमातालाब रोड श्रध्दानगर धमतरी**

# सतनाम के संदेश देवइया गुरुघासी दास जी

> हमर भारत म ए संत मन के सुग्घर परम्परा चलिस जेहर आध्यात्मिक,धार्मिक,सामाजिक अउ सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्व रखिस। ए परम्परा से मालुम होईस कि जब-जब हमर मानव समाज ल आंच आइस तब-तब इही संत मन अपन अमर वाणी अउ सुग्घर कारज करके ओ आंच ल दूर करे के प्रयास करिन अउ सफलता भी पावत गिन। वइसे तो भक्तिकाल से लेकर मध्यकाल तक ए संत परम्परा म भक्ति आंदोलन के अंतर्गत समन्वयवादी, मानवतावादी, विचारधारा जनम होगे रिहिस।

छत्तीसगढ़ के पावन धरा म अवतरित होवईया संत महापुरुष मन के कारण ए भुंईयां हर धन्य होगे हे। जब-जब ए मन के जनम होईस तब-तब ए भुंईयां म नवजागरण काल आइस अउ मानव मात्र के कल्याण खातिर समाज ल सुग्घर सत के अपन संदेश ल दिन।



हमर भारत म ए संत मन के सुग्घर परम्परा चलिस जेहर आध्यात्मिक, धार्मिक ,सामाजिक अउ सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्व रखिस। ए परम्परा से मालुम होईस कि जब-जब हमर मानव समाज ल आंच आइस तब-तब इही संत मन अपन अमर वाणी अउ सुग्घर कारज करके ओ आंच ल दूर करे के प्रयास करिन अउ सफलता भी पावत गिन।

वइसे तो भक्तिकाल से लेकर मध्यकाल तक ए संत परम्परा म भक्ति आंदोलन के अंतर्गत समन्वयवादी, मानवतावादी, विचारधारा जनम होगे रिहिस अउ इही सब कारण से 19 वीं शताब्दी ल समूचा भारत वर्ष म पुनर्जागरण काल के रूप म जाने जाथे।

ए काल म बड़े-बड़े समाज सुधारक मन जनम लीन,अउ समाज सुधारक के रूप म काम करिन।इनकर ले पहिली हमर छत्तीसगढ़ के पावन भुईयाँ म एक महान संत सिरोमणि हर जनम ले चुके रिहिन जेन हर समाज म नवजागरण लाय के काम शुरु कर दे रिहिन।अईसे महान संत हर आय गुरुघासी दास जी। जेकर जनम हर अगहन पूर्णिमा के 18 दिसंबर म सन 1756 म बिलइगढ़ जमींदारी के अंतर्गत बालौदाबाजार तहसील म होइस।जे हर वर्तमान म अभी जिला हावय।

अईसे महान संत शिरोमणि हर ओ बेरा के 1820 म सतनाम पंथ के स्थापना करिन।अउ समाज ल सुधारे के कारज शुरु कर दे रिहिन।अपन संदेश म एहर ए युग ल एक नवा संदेश अउ नवा दिशा दिन।घासीदास जी चुंकि छत्तीसगढ़ म जनम लीन इहां के मूल वासी रिहिन एकरे सेती उनकर रग-रग म अपन माटी के प्रति अगाध प्रेम रिहिस,अउ ए कारण से ओहर अब्बड़ प्रेरित होईन।

अईसे बेरा म समाज म भारी हाहाकार मचे रिहिस जेमा ऊंच-नीच के भेद-भाव,

छुवा-छूत,दिखाई दिस।इहां समाज म शोषित पीड़ित मन त्राही-त्राही करत रिहिन।

तब गुरु घासीदास जी हर एमन के दुखती रग म अपन वरद हाथ ल रख के एमन ल सहारा दिन अउ समाज म आत्मिक शक्ति सतनाम के प्रचार-प्रसार करके समाज ल अन्धकार ले उबारिस।

सतनाम धर्म के प्रचार म सत्य,अहिंसा,करुणा,दया, क्षमा,प्रेम,समानता अउ मानवीय गुण के संदेश ल जन-जन म बगराइन।अउ बताइन की मानव के मानवीय गुण ल अउ ईश्वर नाम ल ही सत्य जानव।अईसे महान संत शिरोमणि गुरुघासी दास जी हर अपन सतनाम पंथ के स्थापना करके जन समाज ल अपन अमृत वाणी म सुग्घर संदेश दिन अउ कहिन कि-

सतनाम ल ही विस्वास करव, सतनाम के साधना करव,ओकरे अनुरूप आचरण भी करव।मूर्ति पूजा मत करव,बल्कि निराकार के ध्यान करव।जीव मन के हिंसा मत करव,प्राणी मात्र मन के उपर दया भाव रखव,गउ माता के रक्षा करव,पर स्त्री के सम्मान करव,अउ माता समझव,मद्यपान,मांसाहारी,अउ चोरी महापाप आय ए सब के त्याग करव।

ए प्रकार से सतनाम के संदेश दवईया अउ समाज म सदभावना,भाईचारा, समानता के अलख जगईया गुरु घासीदास जी ल उनकर जनम दिन के ए पावन बेरा म

शत-शत नमन हे,जेकर सतनाम संदेश हर युग ल नवा दिशा दिही।जे डहर म चलके मानव समाज हर अपन कल्याण करही।

**अशोक पटेल आशु,**
**तुस्मा,शिवरीनारायण**

# सतनाम धरमधाम गिरौदपुरी : अमरटापू

छत्तीसगढ़ के माटी म धरम -करम,जंगल-पहाड़, मंदिर -महल ले जूड़े कतको जगह देखे लाइक हे।18 दिसम्बर गुरू घासीदास जी ल सुमिरत चलव ऊंखर जन्मभूमि गिरौदपुरी के संगे संग धरमभूमि अमरटापू के दर्शन करबो अउ संदेशा देबो -

पहली घर के अंगना में जागे तुलसी की पूजा हो,
तेखर पाछु दूरिहा के
बर -पीपर के पूजा हो।

लोक कला सहित संत समाज के गढ़ छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी हर रायपुर ले एक सौ चालीस किलोमीटर दूरिहा बलौदा बाजार जिला म परथे।

गिरौदपुरी के पहाड़ी म जागे पेंड़ च्औंरा धौंराज्‌ के तरी म घासीदास जी तप करे रहीन।हरेक बछर फागुन के अंजोरी पाख म पंचमी ले सप्तमी तक इहां जबड़ मेला भराथे।

**चरण-अमृत-पंच कुण्ड**- गुरु घासीदास के तपोभूमि के तीर म पहाड़ ले संटे च्चरण कुण्डज्‌ बने हे।रोग ब्याधि ल भोगत कतको भगत मन ह इही कुंड के पानी ल पीथें अऊ रोगमुक्ति पाथें।एखरे तीर म बाबा जी के चमत्कारी बल के बूता म बने च्अमृतकुण्डज्‌ हावय।जेहर जंगली जीव जन्तु के पियास बूता के जीवनरक्षा करथे।

**सफुरामठ-बछिया जीवनदान स्मारक**- तपोभूमि के तीर म गुरु घासीदास जी के जीवन संगिनी सफुरा के सुरता म सफुरा मठ बने हे।कहे जाथे कि बड़े बेटा अमरदास के गंवाएं के दु:ख म माता सफुरा ह मौन समाधि ले लेहे रहिस। जेला अनजाने म गांववासी मन ह मरे समझ के बाबा के अनुपस्थिति म दफना देहे रहिन। बाबा हर उनला फेर जिनगी दीस।एखर पहिली घासीदास बाबा हर गाय के मरे बछिया ल तको जिनगी दीस।इही सुरता म तको स्मारक बने हे।

**कुतुममीनार ले ऊंच जैतखाम**- गिरौदपुरी म कुतुम मीनार ले सात मीटर जादा ऊंच जैतखाम बने हावय।सतत्तर मीटर ऊंच ए खाम हर बावन करोड़ रुपए ले बछर 2015 म बनीस हे।दुनियां के सबले ऊंच ये जैतखाम ल देखे के बेर गरब म छाती हर फूल जाथे।

**मोतिमपुर के अमर टापू**- गिरौदपुरी कस नामी सतनाम धरम स्थली मुंगेली जिला के अमर टापू हर तकोआए।एहर मुंगेली -पंडरिया रद्दा परथे। इहां भुरकुंड पहाड़ ले निकले आगर नाव के नदिया बोहाथे।गुरु घासीदास के बड़े बेटा बाबा अमरदास हर इही टापू म तप करत सतनाम धरम ल जनमन म बगराए रहिस। ओखरे नाव ल अजर अमर बनावत ए टापू म गुरु घासीदास जयंती के दिन इहां बड़ा भारी गुरू परब मेला भराथे।

**विजय मिश्रा 'अमित,'**
**वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी , सुंदर नगर रायपुर**

## मारियाना द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**वाशिंगटन।** प्रशान्त महासागर के पश्चिमी भाग में स्थित एक अर्धचन्द्र आकार का द्वीपसमूह मारियाना द्वीप समूह में मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 09:50:55 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र 20.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.96 डिग्री पूर्वी देशांतर में पृथ्वी की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

# देश विदेश

# गजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन

■ रक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया

**तेल अवीव,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। गजा पट्टी में इजरायली बलों की कार्रवाई और हमास द्वारा बंधक बनाए लोगों की रिहाई को लेकर सरकार की नीति के खिलाफ लोग तेल अवीव की सड़कों पर उतर आए हैं। उल्लेखनीय है कि बंधकों गाजा की रिहाई को लेकर इजरायल की आधिकारिक नीति हमास पर सैन्य दबाव बनाए रखने की है, लेकिन बंधकों के रिश्तेदारों शुक्रवार की कल रात तेल अवीव में रक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया, जिसके



कारण सरकार की नीति पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में बैनर ले रखा था, जिस पर लिखा हुआ था, 'हर दिन एक बंधक मरता है'। गौरतलब है कि कतर, मिस्र और अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) की मध्यस्थता से अब तक गाजा से 110 बंधकों को रिहा कराया जा सका है। इसके लिए हाल ही में सात दिनों के युद्ध विराम हुआ था, लेकिन अब इज़रायल ने अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू किया है, जिसके कारण 100 से अधिक बंधकों को ढूंढना और उन्हें मुक्त कराना बहुत कठिन हो गया है। इसलिए अब लोग सरकार पर बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए देबाव बनाने लगे हैं। खबरें ऐसी हैं कि इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के प्रमुख जल्द ही इस मुद्दे पर चर्चा के लिए कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सकते हैं।

## गजा में कैद तीन बंधक गलती से मारे गए : इजरायली सेना

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने कहा है कि उसने गाजा में अपने अभियान के दौरान गलती से तीन बंधकों को मार डाला और इसके लिए परिजनों से माफी मांगी है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बंधकों की मौत को असहनीय त्रासदी करार दिया है। श्री नेतन्याहू ने कहा, हम अपने घावों पर मरहम लगाएंगे, सबक सीखेंगे और अपने सभी अपहृत लोगों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए सर्वोच्च प्रयास जारी रखेंगे। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक बयान जारी करके कहा कि शुक्रवार की घटना की जांच की जा रही है। वह दुखद घटना पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। सेना ने कहा कि तीनों इजरायली बंधकों का नाम योतम हैम (28 साल), समीर तलाल्का (22 साल) और अलोन शमरिज़ (26 साल) है। उसने दुख जाहिर करते हुए कहा, कल तीनों को गाजा के उत्तर में शेजैया में सक्रिय सैनिकों ने गोली मार दी थी। आईडीएफ ने कहा, हमारा राष्ट्रीय मिशन लापता लोगों का पता लगाना और सभी बंधकों को घर लौटाना है। सेना के इस खुलासे के बाद सैकड़ों लोग मध्य तेल अवीव में एकत्र हुए और शहर में आईडीएफ सैन्य अड्डे तक मार्च किया। उन्होंने सरकार से शेष बंधकों की रिहाई के लिए एक समझौता करने की मांग की। तीनों नागरिकों के शव इजरायली क्षेत्र में लौटा दिए गए हैं, जहां जांच से उनकी पहचान की पुष्टि हुई इजरायल पर सात अक्टूबर के हमलों में पकड़े जाने के बाद से 100 से अधिक बंधक गाजा में कैद में हैं।



## एर्दोगन ने नाह्यान के साथ गाजा युद्धविराम पर चर्चा की



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ गाजा पट्टी में स्थायी युद्धविराम स्थापित करने के कदमों पर चर्चा की है। तुर्की नेता के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। कार्यालय ने कहा, शुक्रवार की फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने गाजा पर इजरायली हमलों, क्षेत्र में स्थायी युद्धविराम हासिल करने के प्रयासों, फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के तुर्की के प्रयासों और शांति हासिल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की।% कार्यालय ने कहा है कि बातचीत के दौरान श्री एर्दोगन ने कहा कि इजरायल को जल्द से जल्द रोकना और स्थायी युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों को दृढ़ता से जारी रखना महत्वपूर्ण है। बयान में कहा गया है %राष्ट्रपति श्री एर्दोगन ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए, इस्लामिक सहयोग संगठन और अरब राज्यों के लीग के संयुक्त शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों को सावधानीपूर्वक लागू करना और फिलिस्तीन के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन बढ़ाने की पहल जारी रखना आवश्यक है।

## सुडोकू 6408

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 17 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ - आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क - किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह - व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या - वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु - आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ - आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन - शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका में इस मौसम में फ्लू से 2,300 से अधिक मौतें

**लॉस एंजिल्स,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी नवीनतम अनुमानों के अनुसार, अमेरिका में इस सीजन में अब तक फ्लू से कम से कम 2,300 मौतें हुई हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सीडीसी की साप्ताहिक समीक्षा का हवाला देते हुए बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में मौसमी इन्फ्लूएंजा गतिविधि बढ़ी है। देश के दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-मध्य और पश्चिमी तट क्षेत्रों में गतिविधि के उच्चतम स्तर की रिपोर्ट की गई है। साप्ताहिक फ़्लू अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि जारी रही।

सीडीसी के अनुसार, 9 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान इन्फ्लूएंजा से संबंधित दो बाल मृत्यु की सूचना मिली, इससे 2023-2024 सीज़न में कुल 14 बाल मृत्यु हो गईं। सीडीसी अनुशंसा करता है कि 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

# टोक्यो आसियान-जापान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

■ किशिदा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे

**टोक्यो,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। जापान और 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के बीच 50 साल की दोस्ती और सहयोग को चिह्नित करने के लिए टोक्यो शनिवार से तीन दिवसीय आसियान-जापान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।



आसियान के महासचिव कंबोडिया के काओ किम होर्न जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर 16 से 18 दिसंबर के शिखर सम्मेलन में आसियान सचिवालय से एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। शिखर सम्मेलन पिछले दशकों में आसियान-जापान संबंधों में प्राप्त उपलब्धियों का जायजा लेगा और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की भविष्य की दिशा तय करेगा। श्री किशिदा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।

## अमेरिका ने जापान को मिसाइलों की संभावित बिक्री को मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने जापान को साइडवाइंडर मिसाइलों की संभावित 590 लाख रुपये की बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में यह जानकारी दी है। डीएससीए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, विदेश विभाग ने 590 लाख 30 हजार रुपये की अनुमानित लागत पर एमआईएम-9एक्स ब्लॉक द्वितीय साइडवाइंडर मिसाइलों और संबंधित उपकरणों की जापान सरकार को संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि जापान ने 44 साइडवाइंडर मिसाइलें और 29 प्रशिक्षण इकाइयां खरीदने का अनुरोध किया है। बिक्री से अमेरिकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्यों को समर्थन मिलेगा। इस बिक्री से न तो क्षेत्र के बुनियादी सैन्य संतुलन में बदलाव आएगा और न ही अमेरिकी रक्षा तैयारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## वर्ग पहेली 6408

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. ठगी,धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद,चाह, इच्छा
६. जहरीला
७. मुठभेड़, भिड़त
९. देखने की क्रिया, दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसो खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अभ्यास, पाठ, पुस्तक का उतना अंश जितना एक दिन में गुरु से पढ़ा जाए (उर्दू)
२२. तबाह, बरबाद, अंत

### वर्ग पहेली-6407

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | ३ क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्षा |
| ■ | ११ अ | म | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | वा | ■ | १४ सु | ल | भा | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लो | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**जनता के आशीर्वाद..**

के माध्यम से न केवल पुरस्कार जीत रहे हैं, अपितु नई जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं। इस यात्रा के शुरू होने के बाद यह चौथी बार है कि मैं वर्चुअली इस यात्रा से जुड़ रहा हूँ। पहले मैंने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से संवाद किया था। मुझे बहुत सुकून है कि लोगों तक हमारी योजनाएं पहुंच रही है। आज चर्चा का फोकस शहरी क्षेत्रों पर था। विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बड़ी भूमिका है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद आज वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से पहली बार पूरे प्रदेश के नागरिकों से बात करने का सुअवसर आया है। प्रधानमंत्री ने आज छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं कि यह यात्रा हमारे प्रदेश में भी प्रभावी तरीके से संचालित हो पाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। मैं यह बताना चाहता हूँ कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो जनहित में योजनाएं बनाते हैं। साथ ही योजना का लाभ लोगों तक पहुँचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। ग़रीबों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय भी देश के नागरिकों की रक्षा की। हमारे देश में कोविड के दो टीके विकसित किए गए और इसके 200 करोड़ से अधिक डोज बनाए गए। ये टीके देशवासियों को लगाए गए और 100 से अधिक देशों को भी भेजे गए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ग़रीब कल्याण अन्न योजना की अवधि 2028 तक बढ़ाई गई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के लिए चिंता है। हर वर्ग के सरोकार हैं। मैं मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूँ कि मोदी की गारंटी पूरी होंगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। छत्तीसगढ़ वासियों के आशीर्वाद से हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे। मोदी की गारंटी में किए गए वायदे के अनुरूप 3100 रूपए प्रति चिंटल और प्रति एकड़ 21 चिंटल धान की खरीदी करेंगे। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को दो साल के धान के बोनस की बकाया राशि दी जाएगी।

## चीन ने शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया

**बीजिंग,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को ब्लू अलर्ट जारी किया जिसमें देश के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर चलने की आशंका है और जिससे तापमान में गिरावट और तेज हवाएं चलेंगी। यह देश की चार स्तरीय चेतावनी प्रणाली में सबसे कम है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार शीत लहर से प्रभावित लियाओनिंग, जिलिन, गुइझोउ और दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों में तापमान शनिवार और रविवार के बीच 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा। जिलिन के कुछ क्षेत्रों में तापमान में 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट का अनुमान है। एनएमसी के अनुसार उत्तरी चीन के कुछ क्षेत्रों और पीली नदी और हुइहे नदी के किनारे के क्षेत्रों में वर्ष की इसी अवधि के दौरान तापमान न्यूनतम स्तर के करीब पहुंच सकता है या रिकॉर्ड निचले स्तर को तोड़ सकता है। केंद्र ने मंगोलिया, गांसु, हेबेई, शेडोंग, जियांग्सू, शंघाई और झेजियांग सहित क्षेत्रों के लिए तेज हवाओं के लिए ब्लू अलर्ट भी जारी किया। एनएमसी ने चेतावनी दी कि 18 से 20 दिसंबर तक देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में एक और शीतलहर चलने की आशंका है।

## आज का इतिहास

1556-बादशाह अकबर के दरबार के प्रसिद्ध कवि रहीम का जन्म।
1645-मुग़ल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन।
1803-ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा पर क़ब्ज़ा किया।
1902-इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1907-उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने।
1920-राजस्थान के भूतपूर्व सातवें मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी का जन्म।
1925-तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्की ने एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1927-भारत के अमर शहीद प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी का निधन।
1929-महान क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरू ने अंग्रेज़ पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी।
1931-भारत के इतिहास में इस दिन प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस का सपना साकार हुआ और कोलकाता में 'भारतीय सांख्यिकी संस्थान' की स्थापना हुई।
1933-भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली।
1940-महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया।
1971-भारत-पाक युद्ध समाप्त।
1972-भारतीय फ़िल्म अभिनेता जॉन अब्राहम का जन्म।
1996-नेशनल फुटबाल लीग का शुभारंभ हुआ।
1998-अमेरिकी और ब्रिटिश बम वर्षकों ने 'आपरेशन डेजर्ट फ़ाक्स' के तहत इराक पर भारी बमबारी की।
2000-भारत और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष मुख्यालयों में हॉटलाइन पुनः शुरू।
2002-तुर्की ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन किया।
2005-भूटान के राजा जिग सिगमे वांचुक को सत्ता से हटाया गया।
2008-शीला दीक्षित ने दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

**आयोजन** एक अध्ययन में जानकारी आई सामने

# जल्दी खाना खाने से हृदय संबंधी जोखिम कम हो सकता है

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि जल्दी खाना खाने से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भोजन सेवन पैटर्न और हृदय रोग के बीच संबंधों का अध्ययन करने के लिए न्यूट्रीनेट-सांटे समूह में 1,03,389 प्रतिभागियों के डेटा का उपयोग किया। जिनमें से 79 प्रतिशत महिलाएं थीं, जिनकी औसत आयु 42 वर्ष थी।

संभावित पूर्वाग्रह के जोखिम को कम करने के लिए, शोधकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भ्रमित करने वाले कारकों, विशेष रूप से सामाजिक जनसांख्यिकीय कारकों (उम्र, लिंग, पारिवारिक स्थिति, आदि), आहार पोषण गुणवत्ता, जीवन शैली और नींद चक्र को ध्यान में रखा। निष्कर्षों से पता चला कि नाश्ता छोड़ने और दिन में पहला भोजन देर से करने में हृदय रोग का खतरा अधिक होता है, प्रति घंटे की देरी से जोखिम में 6 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

अध्ययन में कहा गया, उदाहरण के लिए, जो व्यक्ति पहली बार सुबह 9 बजे खाता है, उसमें हृदय रोग विकसित होने की संभावना सुबह 8 बजे खाने वाले



व्यक्ति की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक होती है। जब दिन के डिनर की बात आती है, तो रात 8 बजे से पहले खाने की तुलना में रात 9 बजे के बाद खाने से सेरेब्रोवास्कुलर रोग जैसे स्ट्रोक का खतरा 28 प्रतिशत बढ़ जाता है, खासकर महिलाओं में। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि दिन के आखिरी भोजन और अगले दिन के पहले भोजन के बीच रात के समय के उपवास की लंबी अवधि सेरेब्रोवास्कुलर रोग के कम जोखिम से जुड़ी होती है, जो दिन में पहले और आखिरी भोजन को पहले खाने के विचार का समर्थन करता है।

**समूह में 1,03,389 प्रतिभागियों के डेटा का उपयोग किया**

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया में मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2019 में 18.6 मिलियन वार्षिक मौतें हुईं, जिनमें से लगभग 7.9 मौतें आहार के कारण हुईं। शोधकर्ताओं ने कहा, इसका मतलब है कि आहार इन बीमारियों के विकास और प्रगति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। पश्चिमी समाज की आधुनिक जीवनशैली ने खाने की विशिष्ट आदतों को जन्म दिया है, जैसे रात का खाना देर से खाना या नाश्ता न करना।

## दुनिया को जानें

## अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**वाशिंगटन,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। शुक्रवार को एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी आवास और शहरी विकास विभाग के लिए आयोजित गणना के अनुसार, जनवरी में देश भर में लगभग 653,000 लोग बेघर थे। यह एक वर्ष पहले की तुलना में 70,650 अधिक है और 2007 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से सबसे अधिक संख्या है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ्रीकी अमेरिकियों की संख्या अमेरिका की आबादी का 13 प्रतिशत है, लेकिन कुल बेघरों का 37 प्रतिशत है। अमेरिका में बेघरता संकट के पीछे बढ़ते किराए और कोरोनोवायरस महामारी सहायता में गिरावट प्रमुख कारकों में से एक है।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट में मार्नस लाबुशेन चोटिल : रिपोर्ट

पर्थ, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन के दौरान अपनी छोटी उंगली में चोट लगने के बाद अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, एक रिपोर्ट में कहा गया है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के छठे ओवर के दौरान घटी जब पाकिस्तान के पदार्पणकर्ता खुर्रम शहजाद की एक अच्छी लेंथ से गेंद ने उछाल ली और लाबुशेन के दाहिने हाथ पर जा लगी। असुविधा में दिख रहे लाबुशेन को अपनी पारी जारी रखने से पहले मैदान पर तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। दुर्भाग्य से, वह कुछ ओवर बाद शहजाद का शिकार बन गए, विकेटकीपर सरफराज अहमद ने उन्हें 2 रन पर पुल शॉट के जरिए कैच कर लिया। उनके आउट होने के बाद, लाबुशेन को ड्रेसिंग रूम में उपचार मिलता रहा।



# भारत ने इंग्लैंड को 347 रन से रौंदा, महिला टेस्ट में अब तक के सबसे बड़े रन अंतर से जीती

मुंबई, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। दीप्ति शर्मा ने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 4-32 के आंकड़े के साथ मैच में कुल 39 रन देकर नौ विकेट हासिल किए, जिससे भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 131 रन पर समेटकर एकमात्र टेस्ट मैच शनिवार को तीसरे दिन यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में 347 रनों से जीत लिया, जो महिला क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है। रिकॉर्ड के लिए, मेहमानों की दूसरी पारी तीसरी सुबह 127 मिनट तक चली क्योंकि मेजबान टीम ने पांच सत्र शेष रहते हुए मैच जीत लिया।



दीप्ति शर्मा, जिन्होंने इंग्लैंड को उनकी पहली पारी में सात रन पर पांच विकेट लेकर ध्वस्त कर दिया था, एक बार फिर से प्रमुख साबित हुईं और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने 3-23 का योगदान दिया, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-20 विकेट लिए। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पहली बार घरेलू मैदान पर इंग्लैंड की महिलाओं को हराया। पिछले 14 टेस्ट मैचों में, भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड को दो बार हराया था और दोनों जीत इंग्लैंड में मिली थीं। यह मैच दीप्ति शर्मा के नाम रहा क्योंकि उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक बनाने के बाद नौ विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने पहली बार पहले दिन 400 रन बनाकर 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इससे पहले शनिवार की सुबह, भारत ने अपनी दूसरी पारी 186/6 के स्कोर पर घोषित कर दी, जिससे तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्रकर को सुबह पिच से मिल रही मदद का फायदा उठाने का मौका मिल गया। उन्होंने इसका फायदा उठाया क्योंकि वस्त्रकर ने तीन विकेट और रेनुका ने एक विकेट हासिल किया और भारतीय तेज गेंदबाजों ने मौके का भरपूर फायदा उठाया और पहले चार विकेट लेकर भारत को जीत की राह पर ला दिया।

जब दीप्ति शर्मा ने दूसरी पारी में पहला झटका दिया, तो 15वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 68/5 था और भारत जीत की ओर बढ़ रहा था। टैमी ब्यूमोंट और सोफिया डंकले ने शुरुआती विकेट के लिए 27 रन जोड़े, इससे पहले कि रेणुका ने टैमी को बोल्ड करके पहला झटका दिया। पहली पांच गेंदें ऑफ-स्टंप से मध्य की ओर जाने के बाद, छठी गेंद सीधे गई और ऑफ-स्टंप से टकरा गई। ब्यूमोंट, जिनके पिछले टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाज होने की उम्मीद थी, 26 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हो गयीं, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 27/1 हो गया। इसके बाद वस्त्रकर ने 10वें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट लेकर स्कोर 37/3 कर दिया और लगातार डंकले और नेट साइवर-ब्रंट को वापस भेजा।

डंकले आसानी से आउट हो गयीं, उन्होंने गेंद को गली में स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक हरलीन देयोल के पास पहुंचा दिया। अगली गेंद पर वस्त्रकर ने जुझारू अर्धशतक के साथ इंग्लैंड की पहली पारी की हीरो रही साइवर-ब्रंट को गोल्डन डक के लिए आउट किया, बाहर की ओर एक लंबी गेंद थी जो सीधी होकर बैट-पैड गैप से होते हुए ऑफ स्टंप पर जा लगी। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने रेणुका सिंह के एक ओवर में 14 रन बनाए, हिमाचल प्रदेश के 27 वर्षीय तेज गेंदबाज को एक ओवर में तीन चौके मारे। उसकी पारी को वस्त्रकर ने छोटा कर दिया, जिसने एक सुंदर डिलीवरी के साथ उसके पतन की साजिश रची। वस्त्रकर ने दिन का अपना तीसरा विकेट तब लिया। उनकी पिछली कुछ गेंदों के थोड़ा अंदर चले जाने के बाद अगली गेंद सीधी जा रही थी। हीथर नाइट को बाहर पिच की गई गेंद पर उकसाया और यास्तिका भाटिया ने सीधा कैच पकड़ लिया।

पहली पारी में पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को ध्वस्त करने वाली दीप्ति शर्मा ने मैच में अपना छठा विकेट लिया, जब उन्होंने डैनी व्याट को 12 रन पर आउट किया, जो एक सुंदर, फ्लाइट ऑफ ब्रेक थी, जिससे स्लिप में स्नेह राणा ने एक तेज़ कैच पकड़ा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अपनी पहली पारी की हार से कुछ नहीं सीखा है क्योंकि उन्होंने न तो विकेट पर टिकने का इरादा दिखाया और न ही रन बनाने का, क्योंकि वे एक बार फिर भारतीय गेंदबाजों का शिकार होती चली गयीं। दीप्ति शर्मा ने इस मैच में दूसरी बार एमी जोन्स को आउट करके स्कोर 82/6 कर दिया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने मैच में अपना पहला विकेट लिया जब उन्होंने सोफी एक्लेस्टोन को 10 रन पर आउट किया। इसके बाद दीप्ति ने केट क्रॉस और लॉरेन फाइलर को आउट करते हुए डबल विकेट के साथ मैच में 10 विकेट लेने की ओर कदम बढ़ाया।

# भारत की बड़ी टेस्ट जीत का श्रेय हमारे गेंदबाजों को जाता है : हरमनप्रीत

**नवी मुंबई,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत को 347 रनों से जीत दिलाने का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया, क्योंकि देश ने नौ साल के अंतराल के बाद महिला टेस्ट मैच की मेजबानी की, डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिलाओं के खिलाफ शनिवार को यहां बड़ी जीत हासिल की और महिला क्रिकेट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया।



मौजूदा सीरीज के एकमात्र टेस्ट मैच की दोनों पारियों में भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को दो दिन में दो बार क्रमशः 136 और 131 रन पर आउट कर दिया.। ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने मैच में 37 रन देकर नौ विकेट लिए, जबकि पूजा वस्त्रकर ने चार विकेट लिए। स्पिनर स्नेह राणा, राजेश्वरी गायकवाड़ और नवोदित तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने मैच में दो-दो विकेट लिए, जिससे भारत ने इंग्लैंड को दो बार कुल 267 रनों पर आउट कर दिया।

हरमनप्रीत ने कहा, इसका श्रेय गेंदबाजों को जाता है, उन्हें जो भी फील्ड दी गई उन्होंने उसी के अनुसार गेंदबाजी की। आपका काम (कप्तान के रूप में) तब आसान हो जाता है जब आपके गेंदबाज सही जगह पर गेंदबाजी कर सकें। उन्होंने योजना के मुताबिक गेंदबाजी की।

यह पूछे जाने पर कि वह अपनी गेंदबाजी में बदलाव और असामान्य फील्ड पोजिशनिंग पर कैसे पहुंचीं, 32 वर्षीय भारतीय कप्तान ने कहा कि विकेट पर काफी लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के बाद उन्हें ये विचार आए। हरमनप्रीत ने पहली पारी में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए और दूसरी पारी में नाबाद 44 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, क्योंकि भारत ने 186/6 पर अपनी पारी घोषित कर दी और इंग्लैंड को टेस्ट जीतने के लिए 479 रन बनाने का लक्ष्य दिया।

जब आप पिच पर बल्लेबाजी करते हैं तो आपको पिच के व्यवहार के बारे में बहुत सारे विचार मिलते हैं। जब मैं दोनों पारियों में बल्लेबाजी कर रही थी, तो मुझे यह अच्छी तरह से पता चल गया था कि पिच किस समय कैसा व्यवहार कर रही थी और कौन से गेंदबाज और फील्डिंग की स्थिति होगी। कभी-कभी आप उन्हें अपनी योजना बदलने के लिए फ़ील्ड सेट करते हैं - हमने ऑफ स्पिनरों को स्वीप करने की उनकी योजना देखी, इसलिए हमारे पास शॉर्ट स्क्वायर लेग पर एक क्षेत्ररक्षक था। हरमन ने कहा कि इस टेस्ट में भारत के लिए सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ।

हरमनप्रीत , जो 2014 में पदार्पण के बाद से केवल अपना चौथा टेस्ट मैच खेल रही थी, ने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार हुआ। हमें वह स्कोर मिला जो हम चाहते थे और गेंदबाजों ने अच्छा काम किया, मध्यम गति के गेंदबाज और स्पिनर दोनों अपनी योजनाओं को जानते थे और उन्होंने उसके अनुसार प्रदर्शन किया। सबसे बड़ा सकारात्मक क्षेत्ररक्षण था, खासकर लंबे खेल में जब आपके पास 90 ओवर (एक दिन में) क्षेत्ररक्षण करने के लिए ऊर्जा बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। हम अपनी क्षेत्ररक्षण के साथ टोन सेट करने में कामयाब रहे।

# विश्वकप में मिली निराशा के भंवर से निकलना चाहेगा भारत





**जोहान्सबर्ग,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्वकप के फाइनल में मिली हार से आहत भारत रविवार से यहां शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नये उत्साह के साथ जीत के सफर की शुरुआत करना चाहेगा।

भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका का भी विश्वकप अभियान अच्छा रहा था लेकिन टूर्नामेंट के निर्णायक मोड़ पर वह भी पिछड़ गयी थी। अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप के फाइनल में पहुंचने तक भारतीय टीम अपराजेय थी। सभी महेंद्र सिंह धोनी की 2011 की ट्रॉफी जीतने वाली रोहित शर्मा की टीम की नकल करते हुए इस पर दांव लगा रहे थे लेकिन कंगारुओं ने उस समय करारा झटका देकर लाखों भारतीयों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

इसका सीनियर खिलाड़ियों पर भारी असर पड़ा। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग डे से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तरोताजा रखने की खातिर दक्षिण अफ्रीका व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए आराम करने का विकल्प चुना।

इस परिदृश्य में, केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम इंडिया युवाओं के साथ अपने नए युग की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगी, और उनमें से कुछ पहले से ही प्रभावशाली रहे हैं। तिलक वर्मा, साई सुदर्शन और रिंकू सिंह ने दूसरे मैच में सेंट जॉर्ज पार्क में शानदार अर्धशतक के साथ टी20 श्रृंखला में अपनी क्लास दिखाई।

प्रोटियाज़ भी क्विंटन डी कॉक के बिना और चोट या आराम के कारण कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएत्ज़ी और मार्को जानसन की अनुपस्थिति के बिना अपना पैर जमाने की कोशिश करेंगे।इसने काइल वेरिन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को वापसी करने का मौका दिया है। टीम में कई नई युवा प्रतिभाएं भी हैं, जिनमें नांद्रे बर्गर और मिहलाली मपोंगवाना को पहली बार वनडे कॉल-अप मिला है और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टोनी डी ज़ोरज़ी को रीज़ा हेंड्रिक्स के साथ बावुमा की जगह लेने की उम्मीद है।

पिछले दो मौकों पर भारत दौरे में दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच आसानी से जीते। 2013 में 141 रनों के विशाल अंतर से और 2018 में पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली थी।

**टीमें : भारत :** रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान), संजू सैमसन, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरज़ी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाड विलियम्स।

# पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया ने ली 300 रन की लीड



**पर्थ,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ 300 रनों की अहम बढ़त हासिल कर ली।

कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के चलते पाकिस्तान की पहली पारी 101.5 ओवर में 271 रन पर सिमट गयी। शुक्रवार को दो विकेट पर 132 रन से आगे खेलते हुये पाकिस्तान ने जल्द ही अपना तीसरा विकेट गंवा दिया। कमिंस की गेंद पर नाइट वॉचमैन खुर्रम शाज़ाद आउट हुये। इसके बाद आस्ट्रेलिया को बाबर आजम (21) के कीमती विकेट के रूप में चौथी सफलता हाथ लगी। मिशेल मार्श ने उन्हें एलेक्स कैरी के हाथों कैच करा दिया और पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 181 रन हो गया। नाथन लियोन की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में इमाम-उल-हक (62) स्टंप आउट हुये। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी में 199 गेंदो का सामना किया। अगले ओवर में मिचेल स्टार्क ने सरफराज अहमद को तीन रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। सलमान अली आगा और सऊद शकील ने 35 रन की साझीदारी कर पारी को संवारने का प्रयास किया मगर सऊद (28) जोश हेज़लवुड की गेंद पर डेविड वार्नर ने कैच दे बैठे। सलमान 28 रन बनाकर नाबाद लौटे और ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 216 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में पदार्पण कर रहे खुर्रम ने वार्नर (0) और मार्नस लाबुस्चगने को आउट कर दो झटके दिये जिससे मेहमान टीम का स्कोर दो विकेट पर पांच रन हो गया। बाद में ख्वाजा (नाबाद 34) और स्मिथ (43 नाबाद) ने नाबाद 79 रन की साझेदारी की, जिससे खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 84 रन हो गया और उसकी बढ़त 300 के विशाल स्कोर तक पहुंच गई।

## सार संक्षेप

### 2-3 टेस्ट मैचों की सीरीज बेहतर होती : हीथर नाइट

**मुंबई।** इंग्लैंड की महिला कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि अगर इस दौरे पर सिर्फ एक लाल गेंद के मैच के बजाय भारत के खिलाफ अधिक टेस्ट मैच होते तो उनकी टीम बेहतर गेंदबाजी करती, उन्होंने कहा कि तीन मैचों की टेस्ट सीरीज होती और उन्हें अपने विरोधियों के विरुद्ध परखने का बेहतर तरीका मिलता। हीथर नाइट ने कहा, यह पहली बार है कि हमने इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच में गेंदबाजी की है। इसलिए मुझे लगता है कि अगर हमारे पास एक और टेस्ट मैच होता, हमारे पास दो तीन मैचों की श्रृंखला होती, तो मुझे लगता है कि हम कहीं बेहतर प्रदर्शन करते। इंग्लैंड की टीम ने इससे पहले टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी। एक दर्जन टेस्ट मैचों की 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी, जो महिला क्रिकेट में लंबे प्रारूप में सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है, ने कहा कि उन्होंने इन परिस्थितियों में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों सीख ली है। नाइट ने कहा, हां, यह हमारे गेंदबाजों के लिए एक अच्छा सबक था कि इन परिस्थितियों में कैसे गेंदबाजी करनी है। और जाहिर तौर पर स्पिन के साथ यह काफी चरम था।

### अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रैस्टो महिला युगल फाइनल में

**कटक।** ओडिशा मास्टर्स 2023 में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां शीर्ष डबल शटलर अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो ने जेएन इंडोर स्टेडियम में महिला युगल फाइनल में जगह पक्की कर ली। एक कड़े महिला युगल सेमीफाइनल मुकाबले में, भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया की अर्ल्या नबीला थेसा मुंगगरान और एग्निया श्री राहयु से शनिवार को हुआ। पहले गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, इंटरवल तक अश्विनी-तनीषा 11-8 से आगे थीं। भारतीय जोड़ी ने लचीलापन दिखाया और 21-17 के स्कोर के साथ पहला गेम अपने नाम किया। अपने प्रभावी प्रदर्शन को जारी रखते हुए, उन्होंने दूसरे गेम में भी नियंत्रण बनाए रखा और अंतराल तक 11-8 से आगे रहे।

### सुडोकू 6408 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

# वार्नर के संन्यास के बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग के लिए ग्रीन सबसे उपयुक्त हैं : कैटिच



**पर्थ,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच को डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन के लिए टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने का मौका दिख रहा है। 2020 में अपने पदार्पण के बाद से, ग्रीन ने छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाज के रूप में 24 टेस्ट खेले हैं। लेकिन इस साल एशेज के दौरान उन्होंने अपना स्थान खो दिया जब हेडिंग्ले में प्रारूप में वापसी पर मिशेल मार्श ने प्रभावशाली शतक बनाया।

चूंकि वार्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट के बाद संन्यास लेने वाले हैं, और ऑस्ट्रेलिया को जनवरी 2024 के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में संभावना है कि ग्रीन को शीर्ष पर रखा जाएगा। मुझे लगता है कि यहीं पर कैमरून ग्रीन जैसा कोई व्यक्ति ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे उपयुक्त होगा। उनका सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नंबर 4 पर रहा है... मुझे लगता है कि वह तकनीकी रूप से और उनके प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड और टेस्ट रिकॉर्ड के बारे में बात कर रहे अन्य तीन सलामी बल्लेबाजों की तुलना में बेहतर खिलाड़ी हैं, साथ ही उनके पास एक गन फील्डर होने का बोनस भी है और वह ऐसा कर सकते हैं। 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी कर सकते हैं। कैटिच ने एसईएन रेडियो पर कहा, यदि आप सॉफ्ट लैंडिंग चाहते हैं, तो वेस्ट इंडीज एक सॉफ्ट लैंडिंग है क्योंकि वे इस समय टेस्ट क्रिकेट में स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रहे हैं और यह किसी को शीर्ष क्रम में रखने का मौका है ताकि वे अपने पैर जमा सकें और उन्हें आगे बढ़ने दें ट्रैक पर कठिन चुनौतियों के लिए। शुक्रवार को, मार्श ने टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने की संभावना से इनकार कर दिया।

# आश्चर्य है कि मुंबई इंडियंस इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गई : वसीम जाफर

**नई दिल्ली**, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस द्वारा 2024 आईपीएल सीजन से पहले हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान नियुक्त करने के एक दिन बाद, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि वह आश्चर्यचकित थे कि पांच बार के चैंपियन ने रोहित शर्मा को जल्दी ही अपने कप्तान पद से हटा दिया है।

शुक्रवार को, फ्रैंचाइज़ी ने घोषणा की कि हार्दिक टीम के नए कप्तान होंगे, जिससे कप्तान के रूप में रोहित का दस साल का शासन समाप्त हो जाएगा, जिन्होंने 2013 के आईपीएल सीज़न के बीच में यह भूमिका निभाई थी। रोहित ने मुंबई को पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में दिलाए थे। जाफर ने कहा, उन्होंने गुजरात का अच्छा नेतृत्व किया। उनके प्रदर्शन पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि वह लंबी छुट्टी के बाद वापस आए थे, और वह एक नई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कैसे करेंगे, वह चौथे नंबर पर कैसे बल्लेबाजी करेंगे - उन्होंने पहले सीज़न (2022) में उन सभी सवालों के जवाब दिए। दूसरे सीज़न में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।



जाफर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के साथ एक वीडियो चैट में कहा, लेकिन मुझे आश्चर्य है कि एमआई इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गया है। ये इतनी जल्दी हुआ, मैं भी थोड़ा हैरान हूं. जब उन्होंने ट्रेड किया, तो शायद हार्दिक को यह बता दिया गया था कि वह कप्तान के रूप में आने वाले हैं। लेकिन क्या इसके बारे में रोहित को सूचित किया गया था, मुझे नहीं पता। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स से हारकर उपविजेता रहे।

कुछ लोग ऐसे थे जो (एमआई) कप्तान बनने के लिए काफी आशान्वित थे। इनमें से एक हैं सूर्यकुमार यादव, जो भारतीय (टी20) टीम की कप्तानी कर रहे हैं. वह एक मौके की तलाश में था क्योंकि उसने (हाल ही में भारत की) बहुत अच्छी कप्तानी की है।

पंजाब किंग्स के लिए बल्लेबाजी कोच रहे जाफर ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने भी, उन्होंने टेस्ट में भारत की कप्तानी की। मुझे उम्मीद है कि इसे (रोहित को) अच्छी तरह से बता दिया गया है। यह होने वाला था, लेकिन इस सीज़न में यह सीधे हो रहा है, मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में, गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। कुल मिलाकर, रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की, जिसमें 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए, जिसमें उनकी जीत का प्रतिशत 55.06 रहा।

आईपीएल फ्रेंचाइजी की कप्तानी करना बहुत थकाने वाली बात हो सकती है क्योंकि आप लंबे समय से सड़क पर हैं और वह अंदर और बाहर हर किसी को जानता है। लेकिन जब एमआई का खेल खराब होता है तो आप पर दबाव आ जाता है। एक तरह से, यह थोड़ी राहत की बात हो सकती है कि आप उस नौकरी में नहीं हैं। यह थोड़ा आसान है, आप बस अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करें। रोहित को अच्छी तरह से जानने के बाद, कभी-कभी आईपीएल में कप्तानी करने का तनाव उन पर आ जाता है, खासकर जब उनका सीजन खराब रहा हो। उनके लिए पिछले कुछ सीज़न बहुत ख़राब रहे हैं, जिसका असर उनकी बल्लेबाज़ी संख्या में अच्छी तरह से दिखता है। वह चाहते होंगे कि उनसे नेतृत्व छीन लिया जाए, ताकि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

जाफ़र ने निष्कर्ष निकाला, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह (रोहित शर्मा) टी20 विश्व कप में कप्तानी करेंगे, यह देखा जाएगा। क्योंकि, फिर वह कप्तान हैं और हार्दिक उनके अधीन खेलेंगे। तो, यह कैसे होता है?,

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 5.58 प्रतिशत |
| टीसीएस | 5.28 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 5.20 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.99 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 3.33 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.75 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.30 प्रतिशत |
| मारुति | 0.65 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.40 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.18 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा अनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| वीनी एस | 3640-3740 |
| वीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## 'विकसित भारत की इमारत छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर खड़ी होगी'

**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है और इसीलिए, सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण देशभर में छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर होगा।

श्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र में पिछले करीब 10 साल से चल रही सरकार के दौरान भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व गति से काम हुआ है। साथ ही, सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और अन्य कमजोर वर्गों की आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री पांच राज्यों -राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण यह यात्रा शुरू नहीं की जा सकी थी। श्री मोदी ने इस यात्रा को 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' बताया और कहा, इसको हरी झंडी भले मोदी ने दिखाया हो, लेकिन इसकी कमान आम लोगों ने संभाल ली है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम के शुरू में केंद्रीय शहरी विकास एवं रोजगार मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने श्री मोदी का स्वागत किया।



प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है। आजादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन आज हम टियर-टू और टियर-थ्री वाले शहरों के विकास पर बल दे रहे हैं। देश के सैकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। गौरतलब है कि मोदी सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकासशील देश से निकालकर विकसित देशों की पंक्ति में खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। उस समय भारत स्वतंत्रता की सौ वीं वर्षगांठ मना रहा होगा।

नीति आयोग का अनुमान है कि वर्ष 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था का संचालन अच्छी तरह हो, तो देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक प्रति व्यक्ति औसत आय करीब 17,600 डॉलर होगी। वर्ष 2022 में भारतीय अर्थव्यवस्था 3.7 लाख करोड़ डॉलर के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विकास यात्रा मोदी की गारंटी को देश के कोने-कोने तक पहुंचा रही है और महज एक महीने में यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच गयी है, जिसमें ज्यादातर छोटे और मझौले शहर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा की गाड़ी जिस गांव या शहर में अपना अभियान पूरा करती है, वहां दूसरे गांव या शहर के लोग उसकी अगुवाई करने लगते हैं।

श्री मोदी ने करोना काल का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने उस दौरान जनता की मदद करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। उन्होंने इस दौरान 20 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में हजारों करोड़ रुपये की मदद भेजने, मुफ्त टीका और राशन कार्यक्रम का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन इनके तहत छोटे शहरों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। गरीब हो, नव मध्य वर्ग हो या सम्पन्न वर्ग का परिवार हो सभी को बढ़ी हुयीं सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में संबंधित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, जन प्रतिनिधि, अधिकारी और आम लोग भी जुड़े हुए थे। नवंबर में हुए इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन प्रमुख राज्यों, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत दर्ज की और तेलंगाना में अपना प्रदर्शन बेहतर किया। मिजोरम में एक नए दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेपीएम) ने पहली बार सरकार बनायी है।

## गूगल के 12 हजार कर्मचारियों की छंटनी के तरीका गलत : पिचाई

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 दिसंबर (आईएएनएस)। गूगल के 12 हजार कर्मचारियों की छँटनी की घोषणा के लगभग एक साल बाद अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा है कि प्रभावित कर्मचारियों को सूचित करने का तरीका सही नहीं था। इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में पिचाई से इतने सारे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के फैसले के बारे में पूछा गया।



एक कर्मचारी ने पिचाई से पूछा, लगभग एक साल हो गया है जब हमने अपने कार्यबल को कम करने का कठिन निर्णय लिया था। इस निर्णय का हमारे विकास, पीएंडएल और मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ा जवाब में सीईओ ने कहा कि छंटनी का मनोबल पर स्पष्ट रूप से बड़ा प्रभाव पड़ा। यह गूगलजिस्ट में टिप्पणियों और फीडबैक में परिलक्षित होता है। गूगलजिस्ट कंपनी का आंतरिक सर्वेक्षण है, जो नेतृत्व, उत्पाद फोकस और मुआवजे जैसे विषयों पर कर्मचारियों की संतुष्टि को मापता है।

पिचाई ने कहा, किसी भी कंपनी के लिए इससे गुजरना मुश्किल है। गूगल में हमने वास्तव में 25 वर्षों में ऐसा क्षण नहीं देखा है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट हो गया है कि अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती, तो यह भविष्य में एक और भी बुरा निर्णय होता। यह कंपनी के लिए एक बड़ा संकट होता। मुझे लगता है कि दुनिया में बड़े बदलाव वाले इस तरह के एक साल में क्षेत्रों में निवेश करने की क्षमता पैदा करना बहुत मुश्किल हो जाता।

अधिकारियों से यह भी पूछा गया कि क्या उनके पास इस बारे में कोई विचार है कि छंटनी को कैसे संभाला जाए, और पिचाई ने स्वीकार किया कि कंपनी ने इसे उतनी अच्छी तरह से नहीं संभाला जैसे करना चाहिए था। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि पिचाई ने विशेष रूप से कहा कि समय क्षेत्र की परवाह किए बिना सभी संबंधित कर्मचारियों को एक ही समय में सूचित करना एक अच्छा विचार नहीं था। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से ऐसा करने का यह सही तरीका नहीं है। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे हम निश्चित रूप से अलग तरीके से कर सकते थे। उन्होंने कहा कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों के वर्क अकाउंट तक एक्सेस को तुरंत हटाना एक बहुत ही कठिन निर्णय था।

## अंतरराष्ट्रीय बनेगा सूरत हवाईअड्डा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूरत हवाई अड्डा न केवल अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रवेश द्वार बनेगा, बल्कि संपन्न हीरे और कपड़ा उद्योगों के लिए निर्बाध निर्यात-आयात संचालन की सुविधा भी प्रदान करेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह रणनीतिक कदम अभूतपूर्व आर्थिक क्षमता को उजागर करने, सूरत को अंतर्राष्ट्रीय विमानन परिदृश्य में एक प्रमुख गंतव्य बनाने और क्षेत्र में समृद्धि के एक नए युग को बढ़ावा देने का वादा करता है।

आर्थिक विकास को बढ़ाने, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए, सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है। बयान में कहा गया है कि यात्री यातायात और कार्गो संचालन में वृद्धि के साथ, हवाई अड्डे का अंतर्राष्ट्रीय पदनाम क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## वैश्विक मंदी के बीच बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिए जाने से भारत को उज्ज्वल स्थल के रूप में उभरने में मदद मिली

**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्वव्यापी आर्थिक मंदी के बीच सड़क, रेल और बंदरगाह क्षेत्रों में बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने की सरकार की रणनीति ने देश की जीडीपी विकास दर को बढ़ावा है और भारत को एक उज्ज्वल स्थल के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इस वर्ष बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का भारी आवंटन इस क्षेत्र के महत्व को दर्शाता है, जिसमें राजमार्ग निर्माण की गति प्रतिदिन 37 किमी तक पहुंच गई है, लाइन के माध्यम से भारतीय रेलवे नेटवर्क में तेजी से विस्तार हो रहा है। पटरियों का दोहरीकरण और विद्युतीकरण और बंदरगाहों और हवाईअड्डों के विस्तार में वृद्धि।



बजट 2023-24 में बुनियादी ढांचे और निवेश को देश का मार्गदर्शन करने वाली सात शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक बताया गया है। बुनियादी ढांचे और निवेश पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचा विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति है, जो 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग है। अब हमें अपनी गति में सुधार करना होगा और टॉप गियर में आगे बढ़ना होगा।

देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क मार्च, 2014 में लगभग 91,287 किमी से 60 प्रतिशत से अधिक बढ़कर इस समय लगभग 1,46,145 किमी हो गया है। यह क्षेत्र पर पूंजीगत व्यय में भारी वृद्धि के कारण आया है, जो 2013-14 में 51,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 2,40,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जिससे देश पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देश में रसद दक्षता में सुधार के लिए उच्च गति पहुंच नियंत्रित गलियारों और 4-लेन सड़क नेटवर्क के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

## विनिर्माण क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित हुई है पीएलआई योजना

**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मार्च 2020 में शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना भारत के विनिर्माण क्षेत्र, रोजगार सृजन और निर्यात को बड़ा बढ़ावा देने में गेम चेंजर साबित हुई है। शीर्ष वैश्विक ब्रांडों एप्पल और सैमसंग के भारत निर्मित स्मार्टफोन के नेतृत्व में देश पहली बार इलेक्ट्रॉनिक सामानों के एक मजबूत निर्यातक के रूप में उभरा है।

पीएलआई योजना के कारण प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों ने अपने आपूर्तिकर्ताओं को भारत में स्थानांतरित कर दिया है। इनमें ताइवान की दिग्गज कंपनी फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन शामिल हैं। औद्योगिक मोर्चे पर एक और बड़ी सफलता में, अमेरिकी चिप दिग्गज माइक्रोन टेक्नोलॉजीज द्वारा अहमदाबाद के पास सेमीकंडक्टर्स का उत्पादन करने के लिए एक कारखाना स्थापित करने पर काम चल रहा है।

इस साल अप्रैल-अक्टूबर में भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह 15.5 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2022-23 में पूरे साल में यह 23.6 अरब डॉलर रहा था। डीपीआईआईटी सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार, पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप पिछले वित्त वर्ष 2020-21 (12.09 अरब अमेरिकी डॉलर) की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 (21.34 अरब




अमेरिकी डॉलर) में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई में 76 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई।

भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित पीएलआई योजना उत्पादन क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक चैंपियन बनाने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये (लगभग 26 अरब अमेरिकी डॉलर) के प्रोत्साहन परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों की नींव पर बनाई गई है। दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है और भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, पीएलआई योजना के कारण ड्रोन क्षेत्र के कारोबार में 7 गुना उछाल देखा गया है, जिसमें सभी एमएसएमई स्टार्टअप शामिल हैं। खाद्य प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना के तहत, भारत से कच्चे माल की सोर्सिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे भारतीय किसानों और एमएसएमई की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। फार्मा सेक्टर में कच्चे माल के आयात में भी उल्लेखनीय कमी आई है। भारत में पेनिसिलिन-जी सहित अद्वितीय मध्यवर्ती सामग्री और थोक दवाओं का निर्माण किया जा रहा है, और सीटी स्कैन और एमआरआई जैसे चिकित्सा उपकरणों के निर्माण में प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण हुआ है।

जिन क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाएं मौजूद हैं और वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2022-23 तक एफडीआई प्रवाह में वृद्धि देखी गई है, उनमें दवाएँ और फार्मास्यूटिकल्स (46 प्रतिशत), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (26 प्रतिशत) और चिकित्सा उपकरण (91 प्रतिशत) शामिल हैं। पीएलआई योजनाओं ने भारत के निर्यात बास्केट को पारंपरिक वस्तुओं से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार सामान और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों जैसे उच्च मूल्य वर्धित उत्पादों में बदल दिया है।

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि 3.65 लाख करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ 14 क्षेत्रों में 700 से अधिक आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।

## युवाओं को 2047 तक विकसित भारत बनाने का प्रयास करना चाहिए : निर्मला सीतारमण

**तिरुवनंतपुरम,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि देश के युवाओं को 2047 तक विकसित भारत बनाने का प्रयास करना चाहिए। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से लगभग 70 किलोमीटर दूर कोल्लम में फातिमा माता नेशनल कॉलेज के स्नातक समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए निर्मला सीतारमण ने यह बयान दिया।



वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा भारत के विकास को अगले चरण में ले जाने के लिए उत्साहित हैं। सीतारमण ने कहा कि युवाओं को आज उपलब्ध अवसरों का उपयोग करना चाहिए और अपनी योग्यता के आधार पर स्किल हासिल करनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से सूचनाओं की बाढ़ में से विश्वसनीय और वैध जानकारी को चुनिंदा रूप से फ़िल्टर करके डिजिटल क्रांति का उपयोग करने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने छात्रों से समाज के सकारात्मक और रचनात्मक सदस्य बने रहने को भी कहा।

निर्मला सीतारमण ने कहा, शिक्षा को देशभक्ति के साथ मिलाने से प्रतिष्ठित छात्र तैयार होंगे, जो समाज में प्रभावी ढंग से योगदान देंगे। आज के भारत में प्रत्येक छात्र में नौकरी निर्माता बनने की क्षमता है क्योंकि अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्रों जैसे क्षेत्रों को निजी क्षेत्र की भागीदारी से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, केरल के तटीय क्षेत्र, मसाला क्षेत्र और जन जागरूकता मुद्दों के निवारण में स्टार्टअप के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। केरल भारत के फिनटेक उद्योग में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है और इसमें भारत के लिए ज्ञान केंद्र बनने की अच्छी क्षमता है।

## सार संक्षेप

### फैमिली शेयरिंग फीचर पर मुकदमे को निपटाने के लिए एप्पल करेगा 25 मिलियन डॉलर का भुगतान

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल अपने फैमिली शेयरिंग फीचर पर क्लास-एक्शन मुकदमे को निपटाने के लिए 25 मिलियन डॉलर का भुगतान करने पर सहमत हो गया है। 2019 में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि ऐप्पल ने ऐप्स के सब्सक्रिप्शन साझा करने के लिए अपने फैमिली शेयरिंग फीचर का उपयोग करने की क्षमता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। मुकदमे के अनुसार, एप्पल के साथ एक क्लास-एक्शन मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि ऐप्पल ने ऐप्स के सब्सक्रिप्शन साझा करने के लिए अपने फैमिली शेयरिंग फीचर का उपयोग करने की क्षमता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है। एप्पल ने इस बात से इनकार किया कि उसने कोई गलत जानकारी दी और गलत काम के सभी आरोपों से भी इनकार किया। अदालत के दस्तावेज में कहा गया है, सब्सक्रिप्शन-आधारित ऐप्स को परिवार के सदस्यों के साथ साझा नहीं किया जा सकता है। वे केवल व्यक्तिगत उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध हैं जो ऐप डाउनलोड करता है और सदस्यता लेता है। हालांकि, इन सभी या लगभग सभी ऐप में यह बयान शामिल है कि वे 30 जनवरी, 2019 तक अपने लैंडिंग पेज पर फैमिली शेयरिंग का समर्थन करते हैं। लाखों उपभोक्ताओं ने सब्सक्रिप्शन-आधारित ऐप्स को यह मानते हुए डाउनलोड किया है कि वे फैमिली शेयरिंग के लिए उपलब्ध हैं। लेकिन भुगतान किए जाने के बाद यह पता चला कि वे उपलब्ध नहीं थे।

### सूरज एस्टेट डेवलपर्स का आईपीओ खुलेगा 18 दिसंबर को

**अहमदाबाद।** सूरज एस्टेट डेवलपर्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 18 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा है कि कंपनी ने अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक पेशकश लिए प्रति इक्विटी शेयर मूल्य दायरा 340 से 360 रुपये तय किया है। कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए 18 दिसंबर सोमवार को खुलेगा और 20 दिसंबर बुधवार को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 41 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 41 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। प्रति इक्विटी शेयर पांच रुपये अंकित मूल्य का यह सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से 4000 मिलियन इक्विटी शेयरों का नया निर्गम है, जिसमें बिक्री घटक (ओएफएस) के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है। राजन मीनाथाकोनिल थॉमस द्वारा 1986 में स्थापित सूरज एस्टेट डेवलपर्स मुख्य रूप से दक्षिण मध्य मुंबई क्षेत्र में वैल्यू लग्जरी, लग्जरी सेगमेंट और वाणिज्यिक सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित करता है और अब बांद्रा उप - बाजार में रियल एस्टेट विकास में रुचि ले रहा है और किराए की संपत्तियों के पुनर्विकास में विशेषज्ञ है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 10300-10400, अरहर दाल 11000-11100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850-2950 रुपये और **चावल :** 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4600-4700 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## 40 हजार करोड़ रुपये के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए पाम ऑयल की खेती पर फोकस

**नई दिल्ली,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी सरकार ने अगस्त 2021 में खाद्य तेल-पाम ऑयल (एनएमईओ-ओपी) पर राष्ट्रीय मिशन शुरू किया, जिसमें घरेलू तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने और पाम तेल के तहत क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से 11,040 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में आक्रामक तरीके से खेती की जा रही है।

हर साल 40,000 करोड़ रुपये का लगभग 9 मिलियन टन पाम तेल आयात किया जाता है, जो खाद्य तेल के कुल आयात का लगभग 56% है। वर्तमान में लगभग 28 लाख हेक्टेयर के कुल संभावित क्षेत्र के मुकाबले, केवल 3.70 लाख हेक्टेयर में पाम तेल की खेती होती है। एनएमईओ-ओपी के तहत 2025-26 तक पाम ऑयल क्षेत्र विस्तार के लिए निर्धारित लक्ष्य पाम ऑयल के क्षेत्र को 2019-20 के दौरान 3.5 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 2025-26 तक 10 लाख हेक्टेयर (अतिरिक्त 6.50 लाख हेक्टेयर) करना है। जिसमें से 3.28 लाख हेक्टेयर भूमि उत्तर-पूर्वी राज्यों में होगी, जिसमें एफएफबी (ताजे फलों के गुच्छों) के उत्पादन को 66 लाख टन का लक्ष्य रखा गया है, जिसे कच्चे पाम तेल का उत्पादन करने के लिए दबाया जाता है।



सरकार का लक्ष्य कच्चे पाम तेल का उत्पादन 2019-20 के 0.27 लाख टन के स्तर से बढ़ाकर 2025-26 तक 11.20 लाख टन करना है।

खाद्य तेलों की बढ़ती घरेलू मांग, भारी कमी और आयात के कारण सरकारी खजाने की लागत को ध्यान में रखते हुए, सरकार राष्ट्रीय हित के पाम तेल क्षेत्र को बढ़ाने की तात्कालिकता पर विचार करती है। सरकार ने खेती के लिए आवश्यक चालू घटकों और इनपुट के लिए सब्सिडी में काफी वृद्धि की है। पहली बार, सरकार ने ताजे फलों के गुच्छों की व्यवहार्यता कीमत पेश की।

जिन राज्यों में पाम ऑयल की खेती का विस्तार हो रहा है, उनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़, उत्तर-पूर्व के राज्य शामिल हैं। गुजरात एग्रोवेट जैसी निजी कंपनियों ने भी पाम तेल की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम किया है। प्रस्तावित एनएमईओ-ओपी को लागू करने की रणनीति में एनएमईओ-ओपी के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौध की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बीज उद्यान, पाम ऑयल की नर्सरी की स्थापना करके पौध का उत्पादन बढ़ाना शामिल है। एफएफबी की उत्पादकता में सुधार, पाम ऑयल के तहत ड्रिप सिंचाई कवरेज में वृद्धि, कम उपज वाली अनाज फसलों से पाम ऑयल तक के क्षेत्र का विविधीकरण, 4 साल की गर्भधारण अवधि के दौरान अंतर-फसल, उत्पादन नहीं होने पर किसानों को आर्थिक रिटर्न प्रदान करेगा। योजना को सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से मिशन मोड में कार्यान्वित किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए फंड प्रवाह की निगरानी की जा रही है कि मिशन का लाभ लक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए लक्षित लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे।






### पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करेंगे वरुण धवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। वरूण धवन ने डेविड धवन की फिल्म मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नं 1 में साथ काम किया है। वरुण धवन फिर एक बार पिता डेविड धवन के साथ काम करने वाले हैं। उनकी आने वाली फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है, जिसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी। डेविड धवन पिछले कुछ महीनों से एक अच्छे आइडिया की तलाश में थे। अब फाइनली उन्हें एक आइडिया पसंद आ गया है, जिसकी कहानी के लिए वो बेटे वरुण धवन को कास्ट कर चुके हैं। इस फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस करेंगे। यह फिल्म टिप्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनेगी।

### वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में किया खुलासा

# शैम्पू, मेकअप में पाए जाने वाले केमिकल्स से गर्भवती होने की संभावना कम

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन में पता चला है कि शैम्पू, मेकअप, विनाइल फर्श, खिलौने और चिकित्सा उपकरणों जैसे कई घरेलू उत्पादों में पाए जाने वाले प्लास्टीजिंग और सॉल्वेंट रसायनों के समूह 'थैलेट्स' के संपर्क में आने से महिलाओं के गर्भवती होने की संभावना कम हो सकती है।

एनवायरनमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में गर्भाधान से पहले थैलेट के संपर्क और महिलाओं के प्रजनन हार्मोन में परिवर्तन के साथ-साथ सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव में वृद्धि के बीच एक सम्बन्ध भी पाया गया।

अमेरिका के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड हेल्थ साइंसेज में पर्यावरणीय स्वास्थ्य विज्ञान के सहायक प्रोफेसर और प्रमुख लेखक कैरी नोबल्स ने कहा कि थैलेट्स सर्वव्यापी अंत:स्रावी अवरोधक हैं और हम हर दिन उनके संपर्क में आते हैं।

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, लोग मुख्य रूप से उन खाद्य पदार्थों और तरल पदार्थों के सेवन से इसके संपर्क में आते हैं जो रसायनों वाले उत्पादों के संपर्क में आते हैं।



- गर्भाधान से पहले थैलेट के संपर्क व महिलाओं के प्रजनन हार्मोन में परिवर्तन
- छह मासिक धर्म चक्रों के दौरान 1,228 प्रतिभागियों की जानकारी शामिल

अध्ययन में छह मासिक धर्म चक्रों के दौरान 1,228 प्रतिभागियों की विस्तृत जानकारी शामिल की गई जब वे गर्भवती होने का प्रयास कर रही थी। जो महिलाएं गर्भवती हुई, उनका अध्ययन किया गया। थैलेट्स शरीर द्वारा मेटाबोलाइट्स में तोड़ दिए जाते हैं, जो यूरिन से निकल जाते हैं और उनका विश्लेषण किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने अध्ययन प्रतिभागियों से एकत्र किए गए यूरिन के नमूनों में 20 थैलेट मेटाबोलाइट्स का पता लगाया।

नोबल्स ने कहा कि हमने पाया कि तीन मूल यौगिक थे जो गर्भवती होने में अधिक समय लगने के साथ सबसे दृढ़ता से जुड़े हुए हैं, हालांकि हमने देखा कि इसके प्रति एक सामान्य प्रवृत्ति यह है कि हमारे द्वारा देखे गए थैलेट्स में गर्भवती होने में अधिक समय लगता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे एक्सपोज़र बढ़ता गया, हमने ज्यादा प्रभाव देखा। शोधकर्ताओं ने सी-रिएक्टिव प्रोटीन को भी देखा, जो सूजन का एक वैश्विक मार्कर है, और पाया कि जिन महिलाओं में थैलेट्स एक्सपोजर का अधिक स्तर था, उनमें सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव का स्तर भी अधिक था, जिससे बीमारी हो सकती है।

इसके अलावा, अधिक थैलेट स्तर वाली महिलाओं में मासिक धर्म चक्र के दौरान कम एस्ट्राडियोल का स्तर था, जो दोनों ओव्यूलेशन और गर्भावस्था के शुरुआती विकास में महत्वपूर्ण हैं।

शोधकर्ताओं ने कहा कि महिलाएं उपभोक्ता उत्पाद लेबल की जांच कर सकती हैं और थैलेट मुक्त विकल्पों की तलाश कर सकती हैं, लेकिन रसायनों की सर्वव्यापी प्रकृति किसी व्यक्ति के लिए अपने जोखिम को नियंत्रित करना मुश्किल बना देती है।

## 'लड्डू पीला' ट्रेंड को आलिया भट्ट ने किया फॉलो, शेयर की साड़ी में फोटोज

**मुंबई,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, जिन्हें हाल ही में स्ट्रीमिंग फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में देखा गया था, ने येलो कलर का एथनिक आउटफिट पहनकर वायरल 'लड्डू पीला' ट्रेंड को फॉलो किया। उन्होंने शानदार एम्ब्रॉइडरी वाली येलो कलर की नेट की साड़ी कैरी की थी और इसे अट्रैक्टिव स्लीवलेस ब्लाउज के साथ पेयर किया था। वहीं, आलिया की ज्वैलरी की पसंद कुछ भी कम नहीं थी, जिसमें एक पन्ना चोकर नेकलेस, मैचिंग स्टड और एक अंगूठी शामिल थी।

एक्ट्रेस अपने सबसे अच्छी दोस्त की शादी समारोह में शामिल हुई थी। वहां उन्होंने खूबसूरत येलो साड़ी पहने हुए कई तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'यलो देयर'

आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट किया, 'क्या खूबसूरती है'

भूमि पेडनेकर ने रेड हार्ट वाले इमोटिकॉन के साथ लिखा,



'स्टनिंग'

प्रीति जिंटा ने रेड हार्ट वाले इमोटिकॉन्स कमेंट में शेयर किए। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर भी तस्वीरें शेयर की और लिखा, 'लड्डू पीला सीजन'

## 'ड्राई डे' का 'हल्ला मचा' होली के त्योहारी रंगों से है सराबोर




**मुंबई,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म 'ड्राई डे' का पहला गाना 'हल्ला मचा' शनिवार को जारी किया गया।

यह गाना एक उत्साहपूर्ण होली गीत है, और इसे देव नेगी व अकासा सिंह ने गाया है। इन्होंने अपने दमदार गायन से समां बांध दिया है। संगीत जावेद-मोहसिन ने तैयार किया गया है और गीत दानिश साबरी द्वारा लिखे गए हैं। यह गाना होली के जीवंत रंगों से सराबोर है और इसकी मुख्य जोड़ी जितेंद्र कुमार और श्रिया पिलगांवकर के बीच एक शानदार केमिस्ट्री है। ट्रैक में देसी बीट्स और तेज़ गति वाली प्रोग्रामिंग शामिल है। फिल्म का निर्देशन सौरभ शुक्ला ने किया है और इसमें अन्नू कपूर भी हैं। एम्मे एंटरटेनमेंट और मोशन पिक्चर्स के मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी और निखिल आडवाणी द्वारा अमेज़ॅन स्टूडियो के सहयोग से निर्मित 'ड्राई डे' 22 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में डब किया जाएगा।



नई दिल्ली में पेट फेड शो के दौरान पालतू पशु मालिकों को अपने पालतू जानवरों के साथ देखा गया। भारत का सबसे बड़ा पालतू महोत्सव और 'सबसे बड़े डॉग कार्निवल' का लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक पेट फेड।
छाया : इम्तियाज खान

## वर्चुअल रियलिटी में माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल व पावरपॉइंट का उपयोग कर सकते हैं मेटा क्वेस्ट यूजर्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने मेटा क्वेस्ट स्टोर पर फ्री में बेसिक ऑफिस सूट लॉन्च किया है, जिसमें वर्ड, एक्सेल और पावरपॉइंट शामिल हैं। अब, मेटा क्वेस्ट हेडसेट के यूजर्स वर्चुअल रियलिटी में इन ऐप्स का फ्री में यूज कर सकते हैं।

शुरुआत में, यूजर्स को माइक्रोसॉफ्ट और चार उपलब्ध मेटा क्वेस्ट हेडसेट (ओकुलस क्वेस्ट, मेटा क्वेस्ट 2, मेटा क्वेस्ट प्रो और मेटा क्वेस्ट 3) में से किसी एक की आवश्यकता होगी। एंड्रॉइड सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार, अब उन्हें बस मेटा क्वेस्ट स्टोर पर जाकर माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट, एक्सेल और वर्ड ऐप फ्री में डाउनलोड करना होगा।

तीनों ऐप्स का यूज करने में सक्षम होने के लिए यूजर्स को केवल एक बार अपने माइक्रोसॉफ्ट अकाउंट में लॉग इन करना होगा।


कंपनी ने ऐप्स का आकार बहुत छोटा लगभग 1.3 एमबी रखा है, क्योंकि तीनों ऐप्स क्लाउड पर चल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह क्वेस्ट हेडसेट पर परफॉर्मेंस को हाई रखने के लिए है, जिससे आप क्वेस्ट यूआई के नीचे यूनिवर्सल मेनू बार पर आइकन टैप करके ऐप्स के बीच जल्दी से मल्टीटास्क कर सकते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यूजर्स नीचे यूनिवर्सल होम बार पर प्रत्येक ऐप के आइकन को टैप करके और पकड़कर, फिर इसे तीन एक्सेसिबल विंडो पॉजिशन में से एक पर ले जाकर मेटा क्वेस्ट पर सभी तीन ऐप एक साथ चला सकते हैं।



इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले गेमिंग कंसोल ब्रांड एक्सबॉक्स ने घोषणा की है कि उसकी क्लाउड गेमिंग सर्विस अब मेटा क्वेस्ट वीआर हेडसेट डिवाइस पर उपलब्ध है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि आप मेटा क्वेस्ट 2, 3 या प्रो हेडसेट, लेटेस्ट क्वेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट, एक्सबॉक्स गेम पास अल्टीमेट मेंबरशिप, सपोर्टेड कंट्रोलर और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन के साथ सैकड़ों गेम खेल सकते हैं।

## 'हीरो' के 40 साल पूरे, जैकी श्रॉफ और सुभाष घई ने मनाया जश्न

**मुंबई,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। निर्देशक सुभाष घई और अभिनेता जैकी श्रॉफ शनिवार को 'हीरो' के 40 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ सीन्स के साथ एक वीडियो भी शेयर की और कैप्शन में लिखा 'डस्ट से स्टार तक 'हीरो' 40 साल'। उन्होंने कहा कि हीरो से अब तक का सफर अविश्वसनीय रहा है। मैं इन 40 वर्षों के दौरान प्रशंसकों से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। यह एक खास फिल्म है जो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है।




उन्होंने कहा कि इसने मुझे स्टारडम तक पहुंचाया और दर्शकों के साथ एक खास रिश्ता बना लिया। सुभाषजी के साथ काम करना एक सिनेमाई यात्रा शुरू करने जैसा था जहां हर फ्रेम में जादू का एक टुकड़ा था। सुभाषजी ने सिर्फ हीरो का निर्देशन नहीं किया, उन्होंने एक भावना, एक ऐसा संबंध गढ़ा जो समय से परे है। मैं उनका सदैव आभारी हूं। सुभाष घई ने कहा कि मुक्ता आर्ट्स कहानी कहने का एक कैनवास है, और 'हीरो' वह ब्रशस्ट्रोक था जिसने हमारी सिनेमाई विरासत को चित्रित किया। मुक्ता आर्ट्स का जन्म कहानी कहने के गहरे जुनून, मनोरंजन से परे कहानियों को गढ़ने की प्रतिबद्धता से हुआ था। 'हीरो' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक ऐसी भावना है जो गहरे स्तर पर लोगों से जुड़ती रहती है।

## इक्कीस में काम करेंगे अगस्त्य नंदा

**मुंबई,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा फिल्म इक्कीस में काम करते नजर आ सकते हैं। अगस्त्य नंदा ने फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अगस्त्य नंदा अब फिल्मकार श्रीराम राघवन की फिल्म इक्कीस में काम करते नजर आ सकते हैं। यह फिल्म सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की बायोपिक होगी। वह महज 21 साल की उम्र में साल 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हो गए थे। मरणोपरांत परमवीर चक्र से उन्हें सम्मानित किया गया था। श्रीराम राघवन में 21 साल की उम्र की भूमिका के लिए किसी युवा अभिनेता की तलाश में थे। कहा जा रहा है कि दिसंबर के आखिर और जनवरी के शुरुआती 15 दिन अगस्त्य स्क्रिप्ट रीड़िग, रिहर्सल और वर्कशाप करने वाले हैं।श्रीराम राघवन का मानना है कि अगस्त्य नंदा इस रोल में बिल्कुल फिट हैं।



## 'मिशन सिलक्यारा' फिल्म की जल्द होगी शूटिंग

**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है। यह फिल्म सनराइज मीडिया ग्रुप एंड प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनेगी। फिल्म निर्माता इस फिल्म में उत्तराखंड के ही दिग्गज कलाकारों को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को उसी जगह पर हूबहु फिल्माया जाएगा, जहां यह घटना हुई थी। फिल्म निर्माता की टीम टनल में फंसे कुल 41 मजदूरों बात कर रही है, जिससे फिल्म में उनके द्वारा टनल में बिताए गए भयावह दिनों को हूबहु दर्शाया जा सके। इसके अलावा, फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म में उत्तराखंड की अपनी मौजूदगी दर्ज होगी। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है। हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

## जल्दी खाना खाने से हृदय संबंधी जोखिम हो सकता है कम

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि जल्दी खाना खाने से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भोजन सेवन पैटर्न और हृदय रोग के बीच संबंधों का अध्ययन करने के लिए न्यूट्रीनेट-सांटे समूह में 1,03,389 प्रतिभागियों के डेटा का उपयोग किया। जिनमें से 79 प्रतिशत महिलाएं थीं, जिनकी औसत आयु 42 वर्ष थी।



संभावित पूर्वाग्रह के जोखिम को कम करने के लिए, शोधकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भ्रमित करने वाले कारकों, विशेष रूप से सामाजिक जनसांख्यिकीय कारकों (उम्र, लिंग, पारिवारिक स्थिति, आदि), आहार पोषण गुणवत्ता, जीवन शैली और नींद चक्र को ध्यान में रखा।

निष्कर्षों से पता चला कि नाश्ता छोड़ने और दिन में पहला भोजन देर से करने में हृदय रोग का खतरा अधिक होता है, प्रति घंटे की देरी से जोखिम में 6 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

अध्ययन में कहा गया कि उदाहरण के लिए, जो व्यक्ति पहली बार सुबह 9 बजे खाता है, उसमें हृदय रोग विकसित होने की संभावना सुबह 8 बजे खाने वाले व्यक्ति की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक होती है। जब दिन के डिनर की बात आती है, तो रात 8 बजे से पहले खाने की तुलना में रात 9 बजे के बाद खाने से सेरेब्रोवास्कुलर रोग जैसे स्ट्रोक का खतरा 28 प्रतिशत बढ़ जाता है, खासकर महिलाओं में।

**आहार पोषण गुणवत्ता, जीवन शैली और नींद चक्र को ध्यान में रखा**

इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि दिन के आखिरी भोजन और अगले दिन के पहले भोजन के बीच रात के समय के उपवास की लंबी अवधि सेरेब्रोवास्कुलर रोग के कम जोखिम से जुड़ी होती है, जो दिन में पहले और आखिरी भोजन को पहले खाने के विचार का समर्थन करता है।

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया में मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2019 में 18.6 मिलियन वार्षिक मौतें हुईं, जिनमें से लगभग 7.9 मौतें आहार के कारण हुईं। शोधकर्ताओं ने कहा कि इसका मतलब है कि आहार इन बीमारियों के विकास और प्रगति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। पश्चिमी समाज की आधुनिक जीवनशैली ने खाने की विशिष्ट आदतों को जन्म दिया है, जैसे रात का खाना देर से खाना या नाश्ता न करना।

इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया कि लंबे समय तक रात के उपवास के साथ पहला और आखिरी भोजन जल्दी खाने की आदत अपनाने से हृदय रोग के खतरे को रोकने में मदद मिल सकती है।

## मैडोना ने स्टेज पर बॉयफ्रेंड जोश पॉपर को किया किस

**लॉस एंजेलिस,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। म्यूजिशियन मैडोना ने अपने टॉयबॉय लवर जोश पॉपर को न्यूयॉर्क में स्टेज पर अपने साथ शामिल होने के लिए इनवाइट किया और फिर उन्हें किस किया। 'मिरर डॉट को डॉट यूके' की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रूकलिन के बार्कले सेंटर में रोमांस का माहौल था, जब मैडोना ने 14,000 की भीड़ के सामने 30 वर्षीय पॉपर के गाल पर किस किया। बॉक्सिंग कोच और मॉडल ने शो के वोग सेगमेंट के दौरान उपस्थिति दर्ज की, जिसका टाइटल उनकी 11 वर्षीय बेटी के नाम पर 'एस्टेरेस बॉल' था।

'मिरर डॉट को डॉट यूके' के अनुसार, जब डांसर्स कैटवॉक पर बॉलरूम-स्टाइल्स मूव कर रहे थे, तो मैडोना और उनके ब्वॉयफ्रेंड पास बैठकर स्कोर कार्ड दिखा रहे थे। मैडोना ने ओपेरा ग्लव्स और हील्स के साथ ब्लैक और सिल्वर के बस्टियर में चमक बिखेरी। वहीं पॉपर ने एक सिंपल टी-शर्ट, ब्लैक पैंट और ट्रेनर का ऑप्शन चुना। बाद में, मैडोना ने इंस्टा स्टोरी पर '10' स्कोरकार्ड पकड़े हुए अपनी और जोश की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसका कैप्शन था पूरे बोर्ड में 10। एफकेए ट्विग्स, डोनाटेला वर्साचे, जूलिया फॉक्स और डिप्लो के बाद वह लेटेस्ट सरप्राइज गेस्ट थे। मैडोना को अपने एक बच्चे को प्रशिक्षित करने के लिए नियुक्त करने के बाद पॉपर से प्यार हो गया, जो बिग एप्पल में एक जिम के मालिक हैं।



# सड़क दुर्घटना में मृत शिवनाथ यादव के परिवार की मदद के लिए सुंदरकांड समिति आई सामने, परिवार को दिलाया सहयोग का वादा



## आगामी 6 माह तक राशन समान सहित 1 हजार रूपये प्रति माह देने का किया वादा

**नवापारा राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर सहित आसपास अंचल मे अपने जनकल्याणकारी कार्यों के लिए अग्रणी संस्था श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति ने मानवता का एक और शानदार उदाहरण समाज सहित नगर के लोगो के समक्ष रखा ।. संस्था ने नगर में 3 दिन पहले गोड़ पारा निवासी यादव परिवार के मुखिया शिवनाथ यादव, उसकी छोटी छोटी 2 प्यारी मासूम बच्चे वंशिका, रिया की दर्दनाक सड़क दुर्घटना में हुए मौत के बाद सहयोग हेतु मदद के लिए आगे आये हैं. चार सदस्यीय परिवार में मुखिया सहित 2 बच्चों की मौत होने से एकमात्र मुखिया की पत्नी प्रेमिन यादव अकेली एवम बेसहारा हो गई। अभी तक वह इस घटना से सम्हल नही पाई है और बार बार इस बड़े सदमे के कारण बेहोश हो जा रही है। इस महिला की हालत देखकर श्री सालासर समिति के संस्थापक राजू काबरा, संरक्षक पवन यदु, मोहन पंजवानी, अध्यक्ष धरम साहू, उपाध्यक्ष सुमित पंजवानी, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर राठी, सचिव गुलाब साहू, सहसचिव ओमप्रकाश शर्मा, रूपेंद्र चन्द्राकर, नेमी साहू, धनराज साहू, हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारणी शर्मा, उपाध्यक्ष आरती काबरा, भारती, डॉली, पिंकीं, मोहिनी तुलसी, लक्ष्मी, ईशा आदि ने शोक संतप्त परिवार के घर जाकर उन्हें ढांढस बंधाया एवम सामाजिक भोज के लिए जितना भी राशन लगेगा भिजवाने की बात कही. साथ ही समिति ने अपनी तरफसे 6 माह तक उस महिला को 1000-1000 रुपये एवम 6 माह तक राशन सामग्री देने का वादा किया. समिति के इस शानदार पहल की गणमान्य नागरिकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की. और कहा कि सालासर समिति हमारे नगर का गौरव है ।

इस कार्य की प्रशंसा एवम समिति को बधाई देने वाले मे डॉ. राजेंद्र गदिया, डॉ. बलजीत सिंग, डॉ.टी एन रमेश, डॉ.गोपाल केला, डॉ.पुनीत गोस्वामी, भागचंद बंगानी, साहू समाज के संरक्षक मेघनाथ साहू, यादव समाज से उमेश यादव, राइसमिल एसोसिएशन अध्यछ गिरधारी अग्रवाल, सुरेश काबरा, सिंध पंचायत अध्यक्ष अनिल जगवानी, पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, गोविंद राजपाल, दीपक पोद्दार, सरदार जीत सिंग, सनत शर्मा, प्रसन्न शर्मा, योगेंद्र कंसारी, प्रेमलाल साहू, कृष्णा यदु, आदि शामिल हैं.

जैसा नाम वैसा काम, समिति के नाम के साथ जनकल्याण नाम जुड़ा है और समिति 14 साल से जनकल्याण कार्य मे लगी है

ज्ञात हो कि नगर की जनकल्याणकारी समिति श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति पिछले 14 वर्षो से जनकल्याणकारी कार्य कर रही हैं. समिति के संस्थापक राजू काबरा एवम सभी सदस्यो की सोंच, एवम लगन से जनहित, दीनहीन की सेवा, धार्मिक, सामाजिक आयोजन आज समिति को बहुत कम समय मे जिस ऊंचाई पर पहुंचाया है आज समिति निर्धन छात्र छात्राओं को पढ़ा रही है, नगर में किसी निर्धन परिवार में मौत हो जाने पर दशगात्र का सामान देती है, तो हर वर्ष एक दो नही बल्कि बहुत ही निर्धन परिवार की 9 बेटियों का विवाह करती है जिसमे जरूरत का हर सामान जनसहयोग से देती है, जिसमे चप्पल से लेकर चांदी की पायजेब, सोने का मंगलसूत्र, श्रृंगार सामान, कम्बल, बेडसीट, गद्दे, सोफा, पलंग, टी टेबल, ड्रेसिंग टेबल, आलमारी, कूलर, पंखा, मिक्सी, कुकर, डीनर सेट, बाथरूम सेट, घड़ी, बर्तन जाली, आदि बहुत सारे उपहार देती है। गौ माता की सेवा के साथ साथ ओर भी जनकल्याणकारी कार्य करते रहती हैं.

# अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से जंगल हुआ खाई में तब्दील

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 15 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकास कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार व घोटाले का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है, जो अपनी पहुंच और पहचान ऊंचे लोगों की होने की बात कहकर मनमानी पूर्वक काम कर रहा है। यहाँ तक ठेकेदार सरकारी ऑफिस कार्यलय को अपना ठिकाना बनाकर रह रहा हो आखिर किसके संरक्षण में। वही निचले स्तर वन कर्मचारी भी ठेकेदार के रुतबे के आगे बेबस व लाचार होकर मूकदर्शक बन बैठा है। बात कर रहे हैं हम बलौदाबाजार वनमंडल के अंतर्गत कोठरी परिक्षेत्र में इन दिनों चल रहे सड़क निर्माण की जंहा अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से वन-मार्ग गुणवत्ता हीन बनाये जाने से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।



## रोड़ निर्माण में ठेकेदार की मनमानी

वन अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ठेकेदार द्वारा बिना मानक के काम किया जा रहा है। यह सड़क नूनछा बेरियर से फुरफन्दी मार्ग व नूनछा बेरियर से बिलासपुरिया पेट्रोल कैम्प व बिलासपुरिया पेट्रोल कैम्प से कोठारी बैरियर तक और वही कार्यलय ऑफिस से देवहिल्स मार्ग का काम वन-विभाग की कार्य एजेंसी में कराया जा रहा है। इस रोड़ निर्माण से संबंधित नागरिक सूचना पटल विभाग द्वारा अभी तक नहीं लगाया गया है जिससे आम नागरिकों को आसानी से जानकारी प्राप्त हो सके। इससे यह भी जानकारी मालूम होता है कि विभाग के उच्चधिकारियों की मिलीभगत ठेकेदार से होगा जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इस रोड़ निर्माण के लिए पहले तो मुरुम का खनन खुड़मुढ़ी मार्ग के समीप गांव की सिंचाई निस्तारी के लिए बने तालाब कक्ष क्रमांक 156 में खनन कर परिवहन रोड़ निर्माण के लिए किया गया। लेकिन कुछ दिन बाद में नुंछा पेट्रोलियम कैम्प कक्ष क्रमांक176 के समीप जंगल से सड़क ठेकेदार द्वारा कई हरे-भरे पेड़ो की बलि चढ़ाकर माउंटेन जेसीबी मशीन द्वारा मुरुम का अवैध उत्खनन कर हाईवा ट्रकों में लोडिंग कर रोड़ में डाला गया है। इस अवैध मुरुम उत्खनन के चलते जंगल खदानों में तब्दील हो चला है। ठेकेदार बेखौफ होकर जंगल की सीना चीरकर कार्य को अंजाम देता रहा है वही जंगल की सुरक्षा में लगे अधिकारी-कर्मचारी मूकदर्शक बने रहे। सच्चाई तो यह हो चला है कि जंगल की संरक्षण और संवर्धन की बात केवल केवल कागज की पन्नों तक सिमटता दिखता है। वही इस संबंध में फोन से जानकारी साझा कोठारी रेंजर जीवन लाल साहू की तो उनका कहना है कि रोड़ का काम टेंडर हुआ है कोई जायसवाल नामक ठेकेदार रोड़ का काम अपने अनुसार कर रहा है। मुझे ठेकेदार का पूरा नाम नहीं पता जहाँ तक सरकारी ऑफिस में ठहरने की बात है रुक सकता है काम करते दौरान का कोई दिक्कत नहीं है नियमत: सही है।

**किराए पर देना है**

देशबन्धु कॉम्पलेक्स भैंसथान प्रथम तल पर 200 से 700 वर्गफीट पर ऑफिस किराए पर देना है।
संपर्क करें- 9826147137
7089314741

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर निमंत्रण देने पहुचेंगे कार्यकर्ता, गांव-नगर को राममय करने की तैयारी

**महासमुंद,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस अभूतपूर्व राष्ट्रीय अभियान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता हो इस दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक श्री राम मंदिर जागरण अभियान तुमगांव सिरपुर मंडल खण्ड की बैठक नगर पंचायत तुमगांव के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। अवसर पर अतिथियों व वरिष्ठ जनों ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि पर भव्य श्री राम मंदिर प्रत्येक भक्तों के 482 वर्षों का अनवरत संघर्ष एवं रामभक्तों के अप्रितम त्याग और बलिदान का परिणाम स्वरूप पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्री राम जी के बाल रूप को नवीन मंदिर के गर्भ गृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

इसी को लेकर 1 से 15 जनवरी तक तुमगांव सिरपुर मंडल कि पूरे भारत वर्ष सहित छत्तीसगढ़ के सभी गांवों नगरों में राम टोली द्वारा प्रभात फेरी कर राम भजन कीर्तन गान करते हुए घर घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक घर जा कर राम टोली के सदस्यों द्वारा सभी से संपर्क किया जाएगा, सभी को पूजित अक्षत व राम मंदिर अयोध्या का लिमिनेटेड प्रभु श्री राम जी का चित्र प्रदान कर निमंत्रण दिया जाएगा।

तुमगांव सिरपुर मंडल खंड में हिन्दू समाज 22 जनवरी को प्रात: से लेकर शाम तक अपने अपने ग्राम नगर मोहल्ला कालोनी में स्थित किसी भी मंदिर को सजा कर रामभक्त एकत्र होकर भजन कीर्तन, पूजा अर्चना, रामसत्ता रामायण कर रामभक्ति में राममय हो जाएंगे तथा सभी को दीपावली पर्व जैसे ही घरों के बाहर रंगोली व दीप प्रज्वलित कर राम नाम का जाप कर सभी को अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लगाने तथा राममय माहौल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शक कार्यकर्ता भाजपा के वरिष्ठ जन हिन्दू समाज के संगठन गायत्री परिवार, जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति सहित समस्त ग्राम व नगर से आये जेष्ठ श्रेष्ठ रामभक्त उपस्थित थे।

उक्त जानकारी जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेन्द्र यादव ने दी है।

**NAME CHANGE**

It Is Informed To The General Public That I Am Neha Lalman Shahu D/O Lalman Shahu Resident - House No. 54, Nehru Chowk, Balodabazar District - Balodabazar -Bhatapara Pin-493332 (C.G.) Have Changed My Old Name Neha Lalman Shahu D/O Lalman Shahu So In Future Should Be Recognized By My New Name That Is Neha Sahu W/O Rituraj Sahu In All Government And Semi-Government And Other Documents.

**Neha Sahu**
**Resident-House No. 54**
**Nehru Chowk Balodabazar**
**District-Balodabazar**
**Bhatapara Pin-493332**
**(Chhattisgarh)**

॥ न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)॥

**ईश्तहार**

क्रमांक/58/बाकब/तह./2023
गुण्डरदेही, दिनांक 13/12/2023

[illegible]

आज दिनांक 13.12.2023 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 13.12.2023
पेशी दिनांक 15.01.2024

तहसीलदार
गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**(द्वितीय निविदा सूचना)**

क्र. 29/न.पा.नि./जोन क्र. 03/2023-24 दिनांक 14/12/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 28/12/2023 को सायं काल 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि से ग्रीन गार्डन कॉलोनी सामुदायिक भवन में प्रथम तल निर्माण कार्य। | 10.00 | 7500 | 750 |
| 2 | विधायक निधि से बर्जेस स्कूल बिलासपुर में भवन निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000 | 750 |
| 3 | विधायक निधि से मोहन्ती स्कूल तिलक नगर में निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000 | 750 |
| 4 | विधायक निधि से वार्ड क्र. 19 सूत सारथी समाज सामुदायिक भवन के पास निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था कार्य। | 5.00 | 5000 | 750 |
| 5 | विधायक निधि से भगिनी मंडल शिशु मंदिर शाला राजेन्द्र नगर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 3.00 | 3000 | 750 |
| 6 | एल्डरमेन निधि से वार्ड क्र. 21 गुरू घासीदास नगर में नवरंग जी के घर से जुलियस दास जी के घर तक नवीन सीमेंट कांक्रीट / नाली निर्माण कार्य। | 1.00 | 1000 | 300 |
| 7 | एल्डरमेन निधि से वार्ड क्र. 21 गुरू घासीदास नगर में सुल्तान खान के घर से डल्ला के घर के पीछे तक नवीन कांक्रीट नाली निर्माण कार्य। | 1.00 | 1000 | 300 |
| 8 | एल्डरमेन निधि से वार्ड क्र. 21 गुरू घासीदास नगर में सूर्यवंशी समाज सामुदायिक भवन में जीर्णोद्धार कार्य। | 0.80 | 800 | 300 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

जोन आयुक्त
जोन क्र. 03 नगर पालिक निगम बिलासपुर

**आम सूचना**

**( मौजी भूमिस्वामी ग्राम बेमचा प.ह.नं 36 रा.नि.म बरोंडाबाजार तहसील महासमुंद जिला महासमुंद छग में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि विक्रतागण 1 भुपेंद्र राठौर पिता बसंत राठौर 2 रजनी राठौर पिता बसंत राठौर 3 सरोज बाला राठौर पिता बसंत राठौर 4 ज्योति राठौर पिता बसंत जाति क्षत्रिय सभी निवासी महासमुंद महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद छग एवं मौजा भूमिस्वामी ग्राम बेमचा प.ह.नं 36 रा.नि.म बरोंडाबाजार तहसील महासमुंद जिला महासमुंद छग सभी ने अपने नाम एवं भूमि स्वामी हक हिस्से की भूमि जो ग्राम बेमचा प.ह.नं 36 रा.नि.म बरोंडाबाजार तहसील महासमुंद जिला महासमुंद छग में स्थित भूमिस्वामी हक कृषि भूमि खसरा नं 3117/2 रकबा 0.0400 हे. कृषि भूमि को जो अपने हक /हिस्से की भूमि है, उक्त भूमि को विक्रेतागण के द्वारा मेरे पक्षकार क्रेता गणेश सिंह चौहान पिता शंकर सिंह चौहान जाति क्षत्रिय निवासी रायपुर रोड पुराना रायपुर नाका के पास महासमुंद महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद छग के पास आपसी मिलकर बैठकर आपसी राजीखुशी से विक्रय करने का पक्का सौदा कर लिया जाकर बतौर ब्याना राशि अदा किया जा चुका है। मात्र बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित भूमि का संपत्ति का उसके किसी भी भाग पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय बैंक, अर्धशासकीय बैंक, निकाय, शासकीय एवं अर्धशासकीय, साहुकार को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाश दिनांक से दस दिनों के भीतर दावा आपत्ति कर सकते है समयावधि बीतने के पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को बैनामा पंजीयन कर अपने पक्ष में कर लेवेगा। बाद में की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा शुन्य मानी जावेगी।

सो सूचना जाने।

**राजेंद्र सिंह बांसवार**
**अधिवक्ता**
**निवासी नयापारा वार्ड नं. 7 शिव चौक के पास संतोषी मंदिर के पीछे महासमुंद थाना व तहसील जिला महासमुंद ( छग )**
**मो. 9826313232**

॥ न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)॥

**ईश्तहार**

क्रमांक/57/बाकब/तह./2023
गुण्डरदेही, दिनांक 13/12/2023

[illegible]

आज दिनांक 13.12.2023 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 13.12.2023
पेशी दिनांक 15.01.2024

तहसीलदार
गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/अ-6/2023
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 12.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जसमीन बेगम पति मो. रिजवान निवासी रसिक वकील हाउस के पास आर.एस. पार्क बैरनबाजार रायपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 296/31, शीट नंबर 22 भूखंड क्रमांक 15/4 रकबा 640 वर्गफीट एवं भूखंड के 15/5 रकबा 160 वर्गफुट कुल रकबा 800 वर्गफुट भूमि को आवेदिका ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.01.2023 को विक्रेतागण मिनाक्षी गुप्ता पति श्री भीमसेन गुप्ता, क्षितीज गुप्ता पिता श्री संजय गुप्ता निवासी कीका भाई कालोनी राजातालाब रायपुर छ.ग. से क्रय कर कास्त काबिज में है जिसे राजस्व परिवर्तित अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कर नामांतरण करने की मांग किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28.12.2023 को होगी।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 28.12.2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202312111000212/अ/6 अ/वर्ष 2023-2024
ग्राम बाना प.ह.नं. 31
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 12.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हेमा मारकण्डे पति पंचूराम मारकंडे निवासी एल.आई.जी. 1683 वीरसावरकर नगर यदुवंशी चौक के पास हीरापुर टाटीबंध रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम बाना में सिंघानिया बिल्डकॉन प्रा.लि. द्वारा विकसित की जा रही आवासीय कॉलोनी हर्षित हार्मोनी अंतर्गत ग्राम बाना में खसरा नंबर 386 का प्लाट नंबर 122 रकबा 1200 वर्गफीट को दिनांक 30.05.2023 को पंजीकृत दस्तावेज क्रमांक 1336 के माध्यम से क्रय किया है। बैनामा पंजीयन के पश्चात हल्का पटवारी को नामांतरण हेतु आवेदन किया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए हल्का पटवारी द्वारा आवेदक का नाम नामांतरण कर नया खसरा नंबर 386/2 प्रदान किया गया है। जिसमें उक्त भूखण्ड कृषि प्रयोजन हेतु दर्ज है जबकि उक्त खसरा नंबर वर्ष 2011 से ही आवासीय हेतु दर्ज है। अत: भूखण्ड क्रमांक 122 खसरा नंबर 386/2 रकबा 1200 वर्गफुट को कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि आवासीय राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का निवेदन अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत अभिलेख दुरूस्ती बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 28.12.2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202309112800051/523
विषय-अ-20 ( 3 ) सन् 2023-2024
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-अजय यदु, विजय सुद दोनों पिता स्व. कृष्ण गोपाल सुद, अनावेदक पक्षकार-

आवेदकगण अजय सुद, विजय सुद दोनों पिता स्व. कृष्ण गोपाल सुद दोनों निवासी मकान नंबर 40, आनंद नगर तेलीबांधा रायपुर छ.ग. की ओर से अधिवक्ता श्री जे.पी. तिवारी द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित प्लॉट नंबर-40 खसरा नंबर 503/2 का भाग रकबा 4000 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण के पिता स्व. कृष्ण गोपला सुद ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25.01.1969 के माध्यम से विक्रेता एच.सी.एस. सामंत पिता पी.एस. सामंत से क्रय किया है तथा सी.एस. सामंत ने उक्त भूमि को गवर्नमेंट कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति आनंद नगर रायपुर से क्रय किया है। आवेदकगण के पिता कृष्ण गोपाल सुद की मृत्यु दिनांक 09.04.2019 को तथा उनकी माता की मृत्यु दिनांक 06.05.2020 को हो गया है, जिनके वारिसानों में आवेदकगण हैं। अतएव आवेदक द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त पूर्व में प्रस्तुत आवेदन में आवेदकगण द्वारा त्रुटिवश खसरा नंबर 503/2 उल्लेखित किया गया है, जबकि वास्तविक खसरा नंबर 305/2 है जिसे संशोधित करने का उल्लेख किया है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 26.12.2023 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नजूल अधिकारी रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00011 तर्रा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीटी-20232444041420000५

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00011 के अंतर्गत ग्राम तर्रा के वर्तमान भूमिस्वामी अंजली वर्मा पिता/पति स्व. तेजराम वर्मा पता-ओंकारेश्वरी पिता/पति स्व. तेजराम वर्मा पता सत्येन्द्र वर्मा पिता/पति स्व. तेजराम वर्मा पता संतोषी नगर खमतराई रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 133 0.1820, 134 0.1620, 666 0.4290, 665 1.7440, 161 0.1210 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अंजलि वर्मा पिता/पति तेजराम वर्मा पिता रामरतन वर्मा पता पोस्ट सोनसारी जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़, सत्येन्द्र वर्मा पिता/पति स्व. तेजराम वर्मा पता खमतराई रायपुर छ.ग., ओंकारेश्वरी वर्मा पिता/पति तेजराम वर्मा पति तोक सिंह वर्मा पता गनियारी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00052 चिरहुलडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440722700019

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00052 के अंतर्गत ग्राम चिरहुलडीह के वर्तमान भूमिस्वामी द्वारिका पिता/पति सुखराम साहू पता लक्ष्मण नगर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 835/261 0.0070 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पूर्णिमा साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग., दशोदा साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग., दुलारी साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग., झामिन साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग., श्रीमती उर्मिला साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग., सेवती साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग., राज कुमार साहू पिता/पति स्व. श्री सुखूराम पता लक्ष्मण नगर राम नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 16152/रा.शा./इन्द्रप्रस्थ/वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 15/12/23

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-2 योजना के अन्तर्गत श्री शुंभलाल अग्रवाल एच.यू.एफ. को विनिमय में भूखंड क्रमांक बी-80, 81, 81ए कुल रकबा 757.12 वर्गमीटर प्रस्तावित है। आबंटिती के मृत्यु उपरांत श्री शंभुलाल अग्रवाल एच.यू.एफ. कर्ता श्री अजय अग्रवाल के द्वारा उक्त भूखंड को अपने नाम से प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड की नामांतरण श्री शंभुलाल अग्रवाल एच.यू.एफ. कर्ता श्री अजय अग्रवाल के नाम से करने पर यदि किी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 15.12.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03,**
**मौलश्री विहार, रायपुर ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक रोजवुड-II/123, श्री अपरेश कुमार डेनिस दास पिता स्व. श्री सैमुएल दास, निवासी द्वारा श्री प्रफुल्ल अग्रवाल ( अधिवक्ता ), ऑफिस नंबर 214, कॉमर्शियल काम्पलेक्स द्वितीय तल, विधानसभा रोड, महिन्द्रा शोरूम के पास, मोवा रायपुर ( छ.ग. ) के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को भू-खण्ड/भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00049 गुढ़ियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440723100015

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00049 के अंतर्गत ग्राम गुढ़ियारी के वर्तमान भूमिस्वामी मन्नू लाल साहू पिता/पति भगत राम साहू पता गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1021/62 0.0037 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती शीतल साहू पिता/पति स्व. श्री मन्नू लाल साहू पता महात्मा गांधी नगर के पास कृष्णा नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार बेरला जिला बेमेतरा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-13/2023-2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश अग्रवाल पिता रामकिशन अग्रवाल निवासी बंगला नं. 11 डॉलफिन प्लाजा रेसीडेंसी दलदलसिवनी मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) द्वारा ग्राम कुसमी प.ह.नं. 27 तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित खसरा नंबर 308/4, 308/7, 308/8, 310/5, 310/10 रकबा 0.04, 0.06, 0.01, 0.32, 0.74 हे. कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 1.17 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। उक्त आवेदित भूमि से लगी हुई शासकीय भूमि खसरा नंबर 301 एवं 302 से सुखाचार के तहत आवेदक द्वारा अपनी भूमि में आने जाने हेतु मार्ग प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेशी दिनांक 28.12.2023 के पूर्व पेश कर सकते है।

आज दिनांक 13.12.2023 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार बेरला

**NAME CHANGE**

This is to notify all concerned parties that I, Sarika Mishra, daughter of Gouri Shankar Mishra, currently residing at H-NO-159, Keshloor, Guchhaguda Para, Tokapal Tahsil, Bastar, Jagdalpur, C.G, 42442, hereby declare and request a necessary correction in my father's name on my 10th and 12th-grade certificates.

The name of my father mentioned on these certificates is recorded as G.S MISHRA and needs to be rectified to reflect his complete name, Gouri Shankar Mishra, in alignment with the accurate and legal nomenclature.

This declaration is made in accordance with the requisite legal procedures and documentation, and I seek the cooperation of all relevant authorities to process this correction.

**Name - Sarika Mishra**
**Place: H-NO-159, Keshloor, Guchhaguda Para, Tokapal Tahsil, Bastar, Jagdalpur, (C.G.) , 42442**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) अभनपुर, जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-20231211100023
अ/2 वर्ष 2023-2024

आवेदिका श्रीमती मुनीजा बेगम मुसलमान पति ताहिर अली मुसलमान निवासी वार्ड नं. 15 नारायणगढ़ पो. व थाना चिचोला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ( छ.ग. ) के द्वारा ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 11 तहसील अभनपुर में स्थित स्वयं की भूमि ख.नं. 737/4 रकबा 0.2900 हे. भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के अंतर्गत के तहत सूचनार्थ आवेदन पत्र एवं भू.रा. संहिता की धारा 59 ( 2 ) के तहत वाणिज्यिक प्रयोजन पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 21.12.2023 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2023 को मेरे हस्ताखर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) अभनपुर

**मोटर दुर्घटना दावाधिकरण, राजनांदगांव ( छ.ग. )**

क्लेम प्रकरण- 159/2023
प्रोसेस क्रमांक- 2558/2023
पेशी तारीख- 22/01/2024
चित्रलेखा आचला व अन्य ............ आवेदिकागण
बनाम
शिवराम सम्बेटा व अन्य ............ अनावेदकगण
प्रति,

1. शिवराम सम्बेटा आ. सम्बेटा बलैया, उम्र- 44 वर्ष, निवासी- वार्ड नंबर- 02, त्रिमूर्ति कॉलोनी, पाल किराना स्टोर के पास, बड़े बचेली ( एम ), थाना- बचेली, जिला- दंतेवाड़ा ( छ.ग. ) 2. विजय कुमार पात्रो आ. स्व. दयानिधि नायक, निवासी- ग्राम- हाउस नं.- 43, वार्ड नं.- 04, महात्मा गांधी नगर, बड़े बचेली, दंतेवाडा, जिला- दंतेवाड़ा दक्षिण बस्तर ( छ.ग. ) जो कि आवेदकगण चित्रलेखा आचला, द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक- 159/2023 चित्रलेखा आचला व अन्य विरुद्ध शिवराम सम्बेटा व अन्य में मोटर दुर्घटना से क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी आगामी पेशी तारीख 22/01/2024 को नियत किया गया है। आपको नियत पेशी दिनांक को न्यायालय दुर्घटना दावाधिकरण, राजनांदगांव के समक्ष समय 11:00 बजे उपस्थित होने के लिये समंस दिया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस दावे से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी अनुदेश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो।

अत: आप उपर बताई गई तारीख को न्यायालय में हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट:- यदि किसी कारणवश पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुहर लगाकर जारी किया गया।

राजनांदगांव ( छ.ग. )
दिनांक-14/12/2023

मुहर न्यायालय
( आलोक कुमार )
मोटर दुर्घटना दावाधिकरण
राजनांदगांव ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर**
**(जोन क्रं.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी रायपुर**
**Email ID- rmczone10@gmail.com**

पत्र क्रं./ 7390 /न.पा.नि./जोन क्रं.-10/2023
रायपुर, दिनांक 15.12.2023

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 7390**
**वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651100702** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **YASHWANT PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHOUKI LAL PATEL** नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAVITA SINGH** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SUNIL SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख के अनुसार **पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन मे हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा /अपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा

सूचना जारी करे ।

श्री दिनेश कोसरिया
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AJIT SINGH PATEL S/O SUBARAN SINGH PATEL resident of B-54, SHANKAR NAGAR , KACHANA ROAD INFRONT OF AISHWARIYA KINGDOM , KACHANA. DISTRICT - RAIPUR 492007 (C.G.) have changed my old name AJIT SINGH PATEL S/O SUBARAN SINGH PATEL so in future I should be recognized by my new name that is AJEET SINGH PATEL S/O SUBARAN SINGH PATEL in all Government and other documents.

**AJEET SINGH PATEL**
B-54, SHANKAR NAGAR , KACHANA ROAD INFRONT OF AISHWARIYA KINGDOM , KACHANA. DISTRICT - RAIPUR 492007 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KANEEZ FATEMA IQBAL PATEL W/O IBRAHIM KHALIL resident of A-5 RAVI NAGAR, BESIDE UNITED BLOOD BANK, NOORANI MASJID RAIPUR (C.G.) 492004 have changed my old name KANEEZ FATEMA IQBAL PATEL W/O IBRAHIM KHALIL so in future I should be recognized by my new name that is KANEEZ FATEMA W/O IBRAHIM KHALIL in all Government and other documents.

**KANEEZ FATEMA**
A-5 RAVI NAGAR, BESIDE UNITED BLOOD BANK, NOORANI MASJID RAIPUR (C.G.) 492004

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHIV SHANKAR SINGH S/O LATE ISHWAR SINGH THAKUR resident of HOUSE NO.-511 BHATAGAON DURGA CHOWK JONE OFFICE KE PICCHE RAIPUR SUNDER NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name SHIV SHANKAR SINGH S/O LATE ISHWAR SINGH THAKUR so in future I should be recognized by my new name that is SHIVSHANKAR SINGH S/O LATE ISHWAR SINGH THAKUR in all Government and other documents.

**SHIVSHANKAR SINGH**
HOUSE NO.-511 BHATAGAON DURGA CHOWK JONE OFFICE KE PICCHE RAIPUR SUNDER NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492013

# हाईकोर्ट ने सीएसपी को लगाई फटकार

## जज ने कहाः फैसला करने का इतना ही शौक है तो वर्दी उतारकर वकालत शुरू कर दीजिए

**बिलासपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर के सिविल लाइन सीएसपी संदीप पटेल को जमीन मामले में सुनवाई के दौरान पुलिसिया जांच को लेकर हाईकोर्ट ने जमकर फटकार लगाई है. एफआईआर दर्ज न किए जाने से नाराज जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा, कि पुलिस जांच और एफआईआर में गड़बड़ी करती है. मामले में कुछ नेताओं का नाम सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने पूछा पुलिस पर कहीं कोई राजनैतिक प्रेशर तो नहीं था. हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने तल्ख टिप्पणी की, और कहा कि इस मामले में मैंने कार्रवाई करते हुए लिख दिया तो परेशानी में आ जाओगे.



दरअसल सिद्धांत नागवंशी आत्महत्या मामले को लेकर पुलिस शुरुआत से ही सुर्खियों में रही है, मामले में 23 महीने बाद नया मोड़ आया है. मृतक सिद्धांत नागवंशी के पिता वीरेन्द्र नागवंशी कुम्हारपारा निवासी अपने बेटे की मौत के रहस्यों को जानना चाहते हैं. मृतक के पिता वीरेंद्र नागवंशी को जब 22 महीने बाद भी पुलिस से अपने बेटे के मौत के कारणों का पता नही चल सका, तो उन्होंने हाईकोर्ट में शरण ली. हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता और तथ्यों को देखकर सुनवाई के दौरान पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है. जिसके बाद सीएसपी ने कोर्ट से जुर्म दर्ज करने की बात कही.

बता दें कि सिद्धांत नागवंशी के गहरे संबंध विवादित जमीन संबंधित कार्य करने वाले शहर के नामचीन लोगों से थे, उनके बैंक खातों और जमीन संबंधित इकरारनामा की प्रतिलिपि के तार शहर के नामचीन लोगों से जुड़े हुए है. वीरेन्द्र नागवंशी के मुताबिक घटना के एक दिन पहले सिद्धांत नागवंशी अपने निवास से 10-10 लाख के दो चेक लेकर अपने साथी फैजान खान के साथ मीनाक्षी बंजारे से मिलने गए, मीनाक्षी बंजारे से जमीन संबंधित लेनदेन में गड़बड़ी के बाद लोगों के देनदारी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करना बता रहे है. शहर के दीपेश चौकसे और कांग्रेस नेता अकबर खान संगीन आरोप लगा रहे है. इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा, कि मामले में पुलिस ही फैसला करने वाली बन रही है. यह काम कोर्ट का है, पुलिस का नहीं. जस्टिस श्री व्यास ने सीएसपी पटेल से कहा, कि इतना ही फैसला करने का शौक है, तो वर्दी उतारकर वकालत शुरू कर दीजिए और फैसला कीजिए।

# कर्ज से परेशान ग्रामीण ने बैंक का नोटिस देख कीटनाशक सेवन कर की आत्महत्या

## मृतक ग्रामीण के परिवार से मिलने पंहुचा कांग्रेस का दल

**नारायणपुर**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर ग्राम कुकड़ाझोर निवासी हीरु राम बढ़ाई ने अपने फसलों की मिंजाई के बाद कम उपज से व्यतीत किसान बैंक के कर्ज एक लाख तीस हजार रूपए का नोटिस देख परेशान होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया, कुछ माह बाद बड़े बेटे का शादी होना था भाजपा सरकार बनने के बाद कर्ज माफ़ की राह देख रहा किसान के हाथ मे बैंक का कर्जा पटाने का नोटिश आया तो किसान मायूसी मे व्यतीत होकर मौत को गले लगा लिया! इस घटना की खबर लगते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनू नेताम ने कांग्रेससियो का दल बना कर ग्राम कुकड़ाझोर पहुंच मृत किसान परिवार से मिले उन्हें भरोसा दिलाया इस दुख मे कांग्रेस मृतक



परिवार के साथ किसानो के साथ खड़ा है, वही ग्रामीणों से चर्चा के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया गया की स्थानीय प्रिंट मिडिया नई दुनिया के प्रतिनिधि ने किसान परिवार ग्रामीणों को बात आगे ना बढ़ाने इस यही दबाने का प्रयास करते हुए धमकी दे रहा था बात को आगे ना बढ़ाया जाये वरना जेल भेजनें जैसे धमकी दिया जा रहा था! बात को उछालने पर जेल भेजनें की धमकी देने वाली बातो को ग्रामीणों ने कांग्रेस पदाधिकारीयों को बताया जिस पर कांग्रेस ने कहाँ यहा सब बातो को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मे रखा जायेगा! कांग्रेस के दल मे प्रदेश कांग्रेस सचिव राजेश दीवान, देवनाथ उसेंडी, पीसीसी सदस्य शिव कुमार पांडेय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय देशमुख, कांग्रेस महासचिव शेख तौहीद अहमद, एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे!

### बनाई 5 सदस्यीय जांच समिति

नारायणपुर में किसान के आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने 5 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। यह जांच समिति सुसाइड करने वाले किसान के गांव-कुकड़ाझोर का दौरा करेगी और मृतक के परिजनों और ग्रामवासियों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेगी। इसके बाद जांच प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। विधायक लखेश्वर बघेल इस कमेटी के संयोजक बनाए गए हैं। कमेटी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम कुमार नेताम, पूर्व विधायक चंदन कश्यप और जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनु नेताम शामिल है।

# जेल से फरार हुआ हत्या और रेप का आरोपी



■ एक साल बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जशपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जेल में बंद सजा काट रहे हत्या, 376, पॉस्को जैसे कई संगीन धारा में दो कैदी बीते साल दिसम्बर माह में जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गए थे. जिसमें से एक को तो पुलिस ने पकड़ लिया था लेकिन दूसरा आरोपी लंबे समय से फरार था. जिसे एक साल बाद जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

दरअसल दो माह पहले जशपुर जिला जेल से दो कैदी वाहन से चावल उतारते समय बीते साल 5 दिसंबर को सुबह लगभग घने कोहरे का फायदा उठाकर जेल प्रहरी को चकमा देकर आरोपी कपिल भगत और ललित राम फरार हो गया था. हत्या के फरार आरोपी ललित राम को जशपुर पुलिस कुछ ही घण्टो में पकड़ ली थी लेकिन दूसरा आरोपी जो कि 376, पॉस्को सहित अन्य कई धारा में सजा काट रहा विचाराधीन कैदी कपिल भगत एक साल से पुलिस के पकड़ से बाहर थी. सिटी कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि फरार आरोपी कपिल भगत अम्बिकापुर के गांधीनगर में एक व्यक्ति के यहां रहकर ट्रैक्टर ड्राइवर का काम कर रहा था. इस सूचना पर एक टीम गठित कर अम्बिकापुर भेजी गई. टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी और आरोपी कपिल भगत को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है.

# खुद को सऊदी अरब का नागरिक बताकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों को पकडनें में घटना स्थल मोंहदी धमतरी से कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, गीदम, बीजापुर तक लगभग 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया
- आरोपियों के कब्जे से 12 नग विदेशी नोट एवं 01 महिन्द्रा एक्सयूवी 500 वाहन कीमती 10,00,000/- रू. एवं नगदी रकम 30,000/- रूपये किया गया जप्त



**धमतरी,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। धमतरी जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही ठगी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुरूद के.के. बाजपेयी के नेतृत्व में सायबर सेल तकनीकी एवं थाना मगरलोड की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

20 सितम्बर को प्रार्थी श्रवण साहू पता मोहंदी थाना मगरलोड जिला धमतरी ने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 सितम्बर को शाम के समय प्रार्थी के घर लगा हुआ प्रार्थी का छड़ सीमेंट के दुकान में एक अज्ञात काले रंग की लंबी कार में एक पुरुष, एक महिला, प्रार्थी के दुकान में गया और अपने आप को स्वयं विदेशी नागरिक सऊदी अरब का होना बताकर प्रार्थी के सीमेंट दुकान में एक डालर का नोट 500 रूपये के नोट के बदले 2000 रूपये का नोट देगें कहने पर प्रार्थी ने अपने घर में रखे आलमारी से 500-500/- रूपये के 140 नोट कुल 70000/- रूपये को निकालकर उक्त अज्ञात लोगो को दे दिया, वे लोग कार से पैसा लेकर आ रहा हूँ कहते हुए प्रार्थी को बगैर पैसा दिये फरार हो गया कि रिपोर्ट पर थाना मगरलोड में अपराध क. 206/23 धारा 420, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये, जिस पर थाना प्रभारी मगरलोड एवं सायबर सेल तकनीकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु घमतरी के द्वारा घटना स्थल में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को बारीकी से खंगालते हुये, अज्ञात आरोपियों की पता तलाश करते हुये घटना स्थल ग्राम मोहंदी मगरलोड से धमतरी, काकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, दतेवाडा तक लगे सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से देखा गया एवं अज्ञात आरोपियो की पतासाजी के दौरान, उक्त घटना में करीबन 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरा को देखा गया एवं सायबर सेल तकनीकी जिला धमतरी के द्वारा तकनीकी साक्ष्यों की मदद लेकर लगातार अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। सायबर सेल तकनीकी टीम के द्वारा अज्ञात आरोपियों का जिला रायपुर के आसपास होने की सूचना पर सायबर सेल एवं थाना मगरलोड की टीम के द्वारा अज्ञात आरोपियो को कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम इस्माईल अली पिता काजम अली उम्र 46 साल पता श्रीनगर इमाम बरगद हसमी हाल पता लछपत नगर 140-02 दिल्ली (2-53, 2 फ्लोर) और कातिमा अली पति मोहम्मद इस्माईल अली उम्र 41 साल पता श्रीनगर इमाम बरगद हसमी हाल पता लछपत नगर 140-02 दिल्ली (2-53, 2 फ्लोर) बताया और अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस द्वारा विधिवत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त आरोपियों को पकड़ने में सायबर सेल तकनीकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश साहू, थाना प्रभारी मगरलोड़ उप निरीक्षक चन्द्रकांत साहू एवं सायबर सेल से प्र.आर. देवेन्द्र राजपूत, आर. कमल जोशी, धीरज डड़सेना, मुकेश मिश्रा, कृष्ण कन्हैया पाटिल, आनंद कटकवार, विरेन्द्र सोनकर, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, फनेश साहू, विकास द्विवेदी, झमेल राजपूत थाना मगरलोड से आर. विमल पटेल एवं गोपाल चन्द्राकर की सराहनीय भूमिका रही है।

# जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

■ नक्सली कैंप ध्वस्त, भारी मात्रा में विस्फोटक समेत अन्य सामग्री बरामद

**बीजापुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के पेददा कोरमा के जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली कैंप छोड़ भाग खड़े हुए. जहां जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है. वहीं कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक और दवाईयां समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है.

जानकारी के अनुसार, नक्सली कमांडर व गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम, गंगालूर एलओएस कमाण्डर दुला कारम की मौजूदगी की सूचना पर ऑपरेशन के लिए डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और कोबरा के जवान निकले थे. इस दौरान सुबह 8 बजे बीजापुर के पेददा कोरमा के जंगलों में गंगालूर एरिया कमेटी माओवादियों के साथ डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और कोबरा 202, 210 के जवानों के साथ मुठभेड़ हुई.

मुठभेड़ में जवानों ने माओवादियों का कैम्प ध्वस्त किया. साथ ही माओवादी कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, दवाईयां, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, माओवादी साहित्य, माओवादी वर्दी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है. वहीं आस पास के क्षेत्र में जवान सर्चिंग अभियान चाला रहे हैं.

# उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कवर्धा पहुँचे विजय शर्मा का हुआ ऐतिहासिक स्वागत

■ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रथम आगमन पर कवर्धा हुआ भगवामय

**कवर्धा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा के हाट सीट से भारी मतों से चुनाव जीतकर विधायक बने विजय शर्मा का उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कवर्धा आगमन पर क्षेत्र की जनता ने हजारों की संख्यां में पहुँचकर अपने नेता का स्वागत किया ।

विजय शर्मा जमीन में काम करने वाले गरीब किसान,युवाओं के बीच काम करने वाले नेता के रूप में जाने जाते है । लगातार 15-20 वर्ष राजनीति में संघर्ष और सेवा कर पहली बार विधायक बनते ही उप मुख्यमंत्री बनना समर्थकों का उत्साह दो गुना कर दिया है ।

विजय शर्मा के उपमुख्यमंत्री बनने से पूरा कवर्धावासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है ।

प्रथम कवर्धा आगमन पर ऐतिहासिक विजय आभार रैली का आयोजन किया गया । कवर्धा में कई अवसर आये जब बड़ी बड़ी उपलब्धियों को कवर्धा ने छुवा पर पहले कभी ऐसा जनसमर्थन देखने को नही मिला जितना इस समय देखने को मिला । स्वस्फूर्त हजारों की संख्या में पहुँचकर लोगो ने रैली को ऐतिहासिक बना दिया । जिले में प्रवेश करते है ओड़िया,दसरंगपुर, धरमपुरा,बिरकोन,रानी सागर ,सहित अनेको ग्रामों में भी विजय शर्मा का नागरिकों ने भव्य स्वागत किया ।



कवर्धा शहर में स्थानीय ठाकुरदेव चौक में लड्डू से विजय शर्मा को तौला गया । ठाकुर देव चौक से विजय रैली मेन रोड होते हुए गाँधी मैदान में आयोजित आभार सभा के बाद रैली का समापन किया गया

इस दौरान जगह जगह उनके समर्थक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंच सजा कर कवर्धा को भगवामय कर दिया था । बैनर फ्लैक्स पोस्टर से शहर आछादित है । नगर में लोगो ने छतों से फूल बरसाकर भी स्वागत किया ।विजय रैली में धुमाल, डीजे,पारम्परिक गड़वाबाजा ,पंथी,बैगा नृत्य, डंडा नाच के साथ थिरकते रहे समर्थक । जगह जगह समाज के लोगो ने स्टाल लगाकर अपने अपने तरीके से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत किया । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयो ने ठाकुरदेव चौक में स्वागत किया क्रमश: साहू समाज,सिख समाज,ब्राह्मण समाज,सकल जैन समाज,जिला प्रेस कल्ब, हरीतिमा ग्रुप,कवर्धा जंक्शन शोसल ग्रुप,यूथ क्लब,ट्रांसपोर्टर संघ ,व्यापारिक संगठन,मित्र मंडली ग्रुप,सहित दर्जनों संगठनों ने विजय शर्मा का ऐतिहासिक स्वागत किया । कवर्धा जंक्शन ग्रुप के तरफ से संगीत मय आयोजन किया गया था ।

आभार सभा मे विजय शर्मा ने इस जीत का श्रेय जनता को दिया उन्होंने कहा आपका प्रेम ,स्नेह और आशीर्वाद से यहाँ तक पहुँचा हूँ भविष्य में ऐसा ही आपका आशीर्वाद मिलता रहेगा ऐसी आशा है । उन्होंने कहा शीश नवकार जनता का ह्रदय से आभार ।

विजय आभार रैली में भारतीय जनता पार्टी सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ,मंडल के अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । नगर के सभी प्रबुद्धजन,वरिष्ठ नागरिक गण, पत्रकार गण व जिले भर से आये लोगों ने रैली को भव्य बना दिया ।

# गृह ग्राम पहुंचीं सीएम साय की पत्नी, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत

**जशपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय के रायपुर से गृह ग्राम बगिया पहुंचने पर ग्रामीणों ने नृत्य कर, फटाके फोड़कर और ढोल-नगाड़ों से भव्य स्वागत किया. इस दौरान महिलाओं ने आरती उतार कर खुशियां बिखेरी. गांव पहुंचते ही सीएम की पत्नी कौशल्या साय ने शिव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की. उन्होंने भगवान से परिवार और प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की. नक्सलगढ़ नारायणपुर में महानगरों जैसा बना फुटबॉल मैदान, जल्द होगा ऑल इंडिया टूर्नामेंट।



■ कौशल्या साय बोलीं- पूरे प्रदेश का होगा विकास

उन्होंने ग्रामीण बुजुर्ग महिला और कार्यकर्ताओं, बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और अपनी सास से आशीर्वाद लिया. इस दौरान महिलाओं ने बगिया चौक से गृह निवास स्थान तक कलश यात्रा निकाली. उन्होंने वहां पर ग्रामीणों से मुलाकात की और स्वागत सम्मान और प्रेम के लिए धन्यवाद आभार प्रकट किया. इस दौरान कौशल्या साय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का विकास किया जाएगा और बगिया गांव की महक पूरे प्रदेश में महकेगी.

उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिकता से सड़क सुविधा से वंचित गांवों में सड़क बनाने और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी. स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# नक्सलगढ़ नारायणपुर में महानगरों जैसा बना फुटबॉल मैदान

■ जल्द होगा ऑल इंडिया टूर्नामेंट

**नारायणपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। नारायणपुर नक्सल प्रभावित जिला है. यहां अबूझमाड़ का क्षेत्र नक्सल गतिविधियों के चलते आज भी पहुंचविहीन होने के साथ ही मूलभूत सुविधाओं और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ माना जाता है. वहीं रामकृष्ण मिशन आश्रम अंदरूनी इलाकों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा, आवास समेत संस्कृतिक और खेल में रुचि रखने वालों छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है.

बता दें कि, रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से फीका स्टेंडर्ड का आर्टिफिशियल टर्फ फुटबॉल मैदान का निर्माण कराया गया है. इसका कल उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विधायक केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम में आश्रम के सभी महाराज, जनप्रतिनिधि समेत 1,200 छात्र मौजूद रहे.



फुटलॉब मैदान बड़े महानगरों के तर्ज पर उच्च श्रेणी का बनाया गया है, जो नक्सल प्रभावित जिला नारायणपुर के खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगा. आगामी समय में रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से ऑल इंडिया टूर्नामेंट भी कराया जाएगा, जिसका नाम ऑल इंडिया अंडर-19 स्वामी विवेकानंद गोल्डकप फुटलॉब टूर्नामेंट रखा गया है. इस टूर्नामेंट में भारत के अलग- अलग राज्यों के खिलाड़ियों के साथ नारायणपुर के खिलाड़ी भी पार्टिसिपेट करेंगे.

NECC

| 17.12.2023 | अंडा | मुर्गी | कॉकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.85 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 6.90 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 83 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

सोनू और मोनू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
टीचर- मोनू तुमने अपने पापा का नाम अलग क्यों लिखा।
मोनू- क्योंकि आप मुझे फिर कहेंगी कि मैं नकल मार रहा हूं।

# प्रधानमंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## 16 दिसम्बर को बस्तर जिले के जाटम, करन्दोला, टेकामेटा एवं अलनार में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन





**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार 16 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ें और भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर उनके घर-परिवार में आयी खुशहाली की बधाई दी और विकसित भारत की सपना को साकार करने में निरंतर सहभागिता निभाने कहा। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से जुडें और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहभागी बनने की आवश्यकता बताई। बस्तर जिले में 16 दिसम्बर को जगदलपुर ब्लॉक के जाटम, बस्तर ब्लॉक के करन्दोला, तोकापाल ब्लॉक के टेकामेटा एवं लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के अलनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जाटम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक जगदलपुर किरण देव, कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित

**जाटम में विधायक, कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में नागरिक एवं ग्रामीण विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल**

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, बस्तर राज परिवार के सदस्य माटी पुजारी एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमलचन्द्र भंजदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया। वहीं सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने शपथ लिया। इस मौके पर विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की यह संकल्प यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत तक जायेगी और मोदी सरकार की गारंटी योजना को हर जरूरतमन्द लोगों तक पहुंचाएगी। आरंभ में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने के साथ ही भारत सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने पूरी शिद्दत से कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू एवं सफल आयोजन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान विधायक, कलेक्टर और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत 11 दावेदारों को बीमा राशि प्रदान किया गया। वहीं 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा 05 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री के सन्देश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। वहीं स्कूली बच्चों ने संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए स्वच्छता, शिक्षा से सम्बंधित लघु नाटिका की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने सभी लोगों की व्यापक सहभागिता के प्रति आभार प्रकट किया।

# रिश्वत मांगने की शिकायत पर तहसीलदार और फूड इंस्पेक्टर पर गिरी गाज

**सुकमा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिले के चिंतलनार के व्यापारी राकेश कुमार द्वारा जिला मुख्यालय पहुंच कर कलेक्टर सुकमा से दोरनापाल तहसीलदार अजय मरावी और फूड इंस्पेक्टर हरि शंकर साहू द्वारा 150000 रुपये मांगने की शिकायत पर कलेक्टर सुकमा ने कार्यवाही करते हुए फूड इंस्पेक्टर को कार्यालय अटैच करते हुए एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए मामले की जांच करने का आदेश दिया। शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार 12 दिसम्बर को सुबह 08 बजे के तकरीबन दोरनापाल तहसीलदार अजय मरावी और फूड इंस्पेक्टर हरि शंकर साहू चिंतलनार में उनके घर अवैध पीडीएस चावल और धान की चेकिंग करने पहुंचे जिसके बाद उन्होंने राकेश के पिता चिरौंजी सिंह (65) से एक पन्ने में हस्ताक्षर कराया और कहा कि आप चावल की अवैध तस्करी करते हैं जिसको लेकर 150000 रुपये की मांग दोनो ही अधिकारियों द्वारा की गई जिस पर राकेश के पिता ने पैसे देने से मना किया। अगले दिन अधिकारियों ने राकेश सिंह को फोन कर पैसे की मांग की और पैसे नही देने पर कार्यवाही करने की धमकी दी।

**कलेक्टर ने फूड इंस्पेक्टर को ऑफिस संलग्न करते हुए दोनों के विरुद्ध दिया जांच का आदेश**

**मामले की एसडीएम करेंगे जांच**

वहीं शिकायत बाद कलेक्टर हरिस एस ने आदेश क्रमांक/1170/खाद्य/स्थापना/2023-24 सुकमा, दिनांक 15/12/2023 के तहत कार्यवाही करते हुए खाद्य निरीक्षक हरिशंकर साहू को कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) सुकमा संलग्न किया और उनका प्रभार खाद्य निरीक्षक अरविंद ध्रुव को दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने आदेश क्रमांक /3348/स्थापना/2023-24 सुकमा, दिनांक 15/12/2023 के तहत राकेश सिंह से प्राप्त शिकायत की जांच करने के लिए श्रीकांत कोर्राम एसडीएम कोन्टा को जांच अधिकारी नियुक्त किया।

# बांग्लादेश मुक्ति युद्ध पर बनी फिल्म का राजीव भवन में प्रदर्शन



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971, 52 वीं वर्षगांठ की स्वर्ण जयंती के अवसर पर देश को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य जीत दिलाने व बांग्लादेश के निर्माण मे दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को उजागर करने के लिये एक फिल्म शनिवार को स्थानीय राजीव भवन में फिल्म को देखा गया। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ इस फिल्म को देखा। अब्दुल रशीद, नरेंद्र तिवारी, प्रदीप भारती, ज़ाहिद हुसैन, महेश दिवेदी, अनुराग महतो, असीम सुता, अभिषेक नायडू, अजय बिसाई, रविशंकर तिवारी, सुनील दास, विसाल खम्बारी, उपेन्द्र बांधे, अभिषेक गुप्ता, नीलम कश्यप सोनारू नाग, अभिषेक डेविड, आदर्श नायक, सुलों कश्यप, साहिल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नारायणपुर के किसान हीरू बढ़ई की आत्महत्या के लिये भाजपा सरकार जिम्मेदार : दीपक बैज

**भाजपा ने 2 लाख की कर्जमाफी का वायदा कर मुकर रही है**



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव के एक किसान के द्वारा कर्ज बोझ के कारण की गयी आत्महत्या दुखद और गंभीर हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की असंवेदनशीलता और वायदाखिलाफी ने एक किसान को आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। यदि भाजपा सरकार ने पहली केबिनेट में 2 लाख तक कर्जा माफ कर दिया होता किसान को आत्महत्या नहीं करना पड़ता। किसान हीरू बढ़ई के ऊपर 1.24 लाख का कर्ज था उसको कर्ज माफी का भरोसा था। उसके पुत्र की भी शादी थी। कर्ज वसूली के नोटिस से वह मानसिक दबाव में आ गये थे। मृतक किसान के बेटे ने भी कहा कि भाजपा के लोग चुनाव प्रचार के दौरान 2 लाख रू. कर्ज माफ करने की बात >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अभाविप का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन, दिल्ली में शैलेष ध्रुव को प्रदेश सहमंत्री का दायित्व



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अभाविप ने 10 हजार कार्यकर्ताओं का अमृत महोत्सव वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में संपन्न हुआ, जिसमें बस्तर के जनजाति छात्र शैलेष ध्रुव को प्रदेश सहमंत्री छत्तीसगढ़, जिला संयोजक बस्तर जैसे बड़ी दायित्व की घोषणा की गई। इसके साथ बस्तर के वरुण साहनी को प्रांत जनजाति कार्य सह प्रमुख, बस्तर विभाग संयोजक, प्रांत एस एफ एस सह संयोजक ईश्वर आचार्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक मंडल, टिकेश नाग, कमला मौर्य को भी प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान प्राप्त हुआ। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रसिद्ध पत्रकार रजत शर्मा शामिल हुए थे। उद्घाटन समारोह में अमित शाह ने कहा कि ये अनुभव वहीं व्यक्ति कर सकता है जिसकी शुरुआत राजकोट अधिवेशन में पंडाल के अंत में बैठकर हुई है और वो आज मुख्य अतिथि बनकर यहां खड़ा है। अभाविप ने राष्ट्र सेवा व आत्म गौरव के 75 वर्ष पूरे करते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश को अपने संघर्ष से सींचा है और युवाओं में राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के बीच बोए हैं। कश्मीर हो या गुवाहाटी अपना देश अपनी माटी ये नारा लगाकर हम अभाविप कार्यकर्ता बड़े हुए। और आज कश्मीर भी हमारा है और नॉर्थईस्ट भी। इंडिया टीवी के पत्रकार रजत शर्मा ने अधिवेशन में कहा कि आज से 50 साल पहले 16 साल का एक लड़का जिसके पास खाने के लिए पैसे नहीं थे पहनने के लिए कपड़े नहीं थे जिसकी कोई पहचान नहीं थी। उसको पहचान विद्यार्थी परिषद ने दी, वो लड़का मैं था। हमारे देश ने जो हासिल किया है उसमें एबीवीपी के हजारों कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है। प्रदेश सहमंत्री व बस्तर जिला संयोजक शैलेष ध्रुव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो साधारण से व्यक्ति को अपने जीवन में सफल होने की असाधारण व्यक्ति बनाने का मार्ग दिखाती है। जो छोटी सी अंकुर रूपी कार्यकर्ताओं को सींचकर फलदार वृक्ष रुपी कार्यकर्ता निर्माण का कार्य करती है। सदैव राष्ट्र हित में कार्य हेतु प्रेरित करती है।

# 18 लाख लोगों के पक्के मकान का सपना होगा सच : धनीराम बारसे



**सुकमा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट के प्रथम बैठक पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा घोषणा पत्र में रुके हुए प्रधानमंत्री आवास को शुरू करने की घोषणा पर कैबिनेट के प्रथम बैठक पर 18 लाख हितग्राहियों को रुके हुए प्रधानमंत्री आवास को पुन: चालू करने की घोषणा पर मोहर लगने पर भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साह का आभार व्यक्त किया। धनीराम बारसे ने कहा कि मोदी की गारंटी पर मुहर लग गई। जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। और हमेशा बना रहेगा। जनता के विश्वास की आज पहली जीत है इसी तरह मोदी जी की गारंटी पूरी होगी। प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य था हर गरीब के सर पर छत हो। परंतु कांग्रेस की सरकार ने दुर्भावनावस जानबूझकर 18 लाख गरीब परिवार के अपने पक्के मकान के सपने को सच होने से रोक दिया। परंतु अब राज्य में डबल इंजन की सरकार है इस सरकार का पहला लक्ष्य है। हर गरीब को आवास।

**डबल इंजन की सरकार पर भरोसा**

बारसे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने डबल इंजन की सरकार पर भरोसा जताया है। अब विकास की रफ्तार भी डबल इंजन के रफ्तार की तरह होगी। भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ की सरकार बिना दुर्भावना के सबका साथ सबका विकास करेगी। भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया उस पूरे वादे को छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार अमल में लायेगी। छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है और भाजपा ही सवारेगी। डबल इंजन की सरकार आने छत्तीसगढ़ का विकास बहुत तेजी से होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित परिवारों को जल्द इसका लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य को रोके जाने पर जनमानस में कांग्रेस सरकार के प्रति भारी नाराजगी थी। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे टी एस सिंह देव ने भी इस योजना को रोके जाने की आलोचना करते हुए इस्तीफा दिया। दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से गरीबों को आवास से वंचित रखा गया। परंतु अब गरीबों के आवास का सपना साकार होगा।

# गुरु घासीदास जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा





**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर प्रतिवर्षण अनुसार इस वर्ष भी सतनामी समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल लोग गुरु घासीदास के भजनों पर झुमते नाचते चल रहे थे। जगह-जगह चौक चौराहों पर विभिन्न समाज एवं संगठनों के लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। इसी क्रम में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा राजीव भवन के समक्ष जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में स्वागत किया गया, वहीं जगदलपुर विधायक किरण देव एवं उनके सहयोगियों के द्वारा स्टेट बैंक चौक में स्वागत किया गया।

**विभिन्न समाज एवं संस्थाओं के द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का किया गया स्वागत**

# शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कुम्हारपारा में हुआ पहला प्रसव



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कुम्हारपारा में पहला प्रसव हुआ। ओडिसा से प्रसव करवाने मायके आई। लालबाग अमागुड़ा निवासी भुनेश्वरी पति प्रेमसिंग को जब रात में प्रसव पीड़ा प्रारंभ हुई तो तत्काल मितानीन से संपर्क किया गया। मितानिन रामेश्वरी सेन ने 102 की सहायता से गर्भवती माता को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारपारा लाकर भर्ती कराया गया। आज सुबह करीब 10 बजे संस्था में पहला सुरिक्षत प्रसव कराया गया। संस्था में पदस्थ डॉ. विराट तिवारी और डॉ. तृषा अवस्थी ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ है। प्रसव पश्चात नवजात को लगने वाले टीके जैसे विटामिन के, बी.सी.जी., पोलियो, हेपटाइटिस बी आदि लगाए गए। कलेक्टर बस्तर ने महारानी अस्पताल में बढ़ते मरीजों के दबाव को कम करने के लिए शहरी क्षेत्र अंतर्गत संचालित तीनों शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में जल्द से जल्द प्रसव सुविधा चालू करने के निर्देश दिए थे। जिला खनिज संस्थान न्यास जिला बस्तर के द्वार नवजात शिशु के लिए डाइपर, बेबी सोप, बेबी वाइपर, टॉवेल, बिस्तर, वस्त्र आदि प्रदान किया गया। सी.पी.एम. संजीव दुबे ने प्रथम प्रसव कराने संस्था प्रभारी और कर्मचारियों को बधाई दी और बताया कि शहरी क्षेत्र मे संचालित तीनों प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में प्रसव की सुविधा प्रारंभ हो चुकी है।

# उड़ान योजना के तहत बंद हवाई यात्रा सब्सिडी को कर्नाटक की तर्ज पर राज्य सरकार करे वहन : बाफना



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को उड़ान योजना के तहत् बंद की गई हवाई यात्रा सब्सिडी को कर्नाटक की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा वहन करने की मांग की है। बाफना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख बताया है कि, केन्द्र की आरसीएस योजना के तहत् टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करके और इन मार्गों पर हवाई यात्रा को सब्सिडी देकर जनता तक उड़ान पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया था और इस योजना के तहत् ही बस्तर आदिवासी अंचल को प्रदेश की राजधानी रायपुर एवं हैदराबाद के लिए हवाई सेवा की सौगात भी मिली। जिससे बस्तर के आम आदमी को इन दोनों मार्गों पर किफायती हवाई सेवा की सुविधा प्राप्त हो रही थी, किन्तु 21 सितम्बर 2023 के पश्चात् इस योजना के तहत् चयनित एयरलाइंस को केन्द्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मिलने वाली वित्तीय प्रोत्साहन एवं क्षेत्रवासियों को हवाई किराये में मिलने वाली किफायती रियायत भी समाप्त हो चुकी। जिसकी वजह से प्रतिदिन मिलने वाली हवाई सुविधा अब केवल सप्ताह में दो से तीन ही मिल रही है। साथ ही हवाई यात्रा टिकिट पर मिलने वाली रियायत समाप्त होने और टिकिट के दाम में इज़ाफा होने से लोगों का हवाई यात्रा के प्रति भी धीरे-धीरे मोह भंग होने लगा है। विदित हो कि अभी हाल ही में कर्नाटक सरकार ने भी अपने प्रदेश में कई स्थानों से संचालित हो रही हवाई सेवा के तहत् केन्द्र सरकार की उड़ान योजना से मिलने वाली सब्सिडी बंद होने पर वहॉं की सरकार द्वारा उड़ान योजना के समान ही एयरलाईनों को उनके विमान पर बैठने की क्षमता के 50 प्रतिशत के बराबर व्यवहार्यता अंतर निधि (सब्सिडी) के साथ-साथ प्रोत्साहन भी दिये जा रहे हैं बदले में, कर्नाटक की स्थानीय जनता को किफायती दरों पर हवाई यात्रा की सुविधा निरंतर जारी है।

# संकल्प यात्रा के जरिए केन्द्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन : चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी आम जनों को देने तथा छूटे हुए लाभार्थियों को योजनाओं के तहत लाभान्वित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए शासन द्वारा' विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज आज जिले के ग्राम बालुद, रेंगानार, गाटम, बडे तुमनार में किया गया। विधायक निर्वाचित होने के बाद चैतराम अटामी का यह प्रथम सरकारी सार्वजनिक कार्यक्रम था। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़े जन प्रतिनिधि मौजूद थे और उनमें बड़ा उत्साह दिखा।

इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉकों में प्रचार वाहन रथ की रवानगी की गयी। मुख्य कार्यक्रम ग्राम बालुद में आयोजित किया गया था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को भी ग्रामीणों ने ध्यान पुर्वक सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इन सभी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम छोर में खड़े इन परिवारों के लिए ये योजनाएं काफी उपयोगी साबित हुई हैं, और भारत सरकार की इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। मेरा सभी से आग्रह है कि इन सभी योजनाओं से जुड़ें। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपकी मदद करेंगी।

उदाहरण के तौर पर आयुष्मान कार्ड की वजह से गरीबों के 1 लाख करोड़ रुपए खर्च होने से बच सके हैं। हमारी सरकार ने जो जन औषधि केंद्र खोले हैं। 80 प्रतिशत डिस्काउंट इसमें मिल रहा है। अगर जन औषधि केंद्र न होता तो इनका 25 हजार करोड़ रुपए खर्च हो जाता है। अब तो सरकार इनकी संख्या बढ़ाकर 25 हजार कर रही है। उज्जवला योजना के माध्यम से शहरी परिवारों का भी बिजली खर्च कम हुआ है।

वर्चुअल माध्यम से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद आज इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पहली बार पूरे प्रदेश के नागरिकों से बात करने का सुअवसर आया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प



- दंतेवाड़ा जिले के चारों ब्लाक में यात्रा का आगाज
- वर्चुअल माध्यम से पीएम मोदी और सीएम विष्णदेव ने किया संबोधित
- समाज के अंतिम छोर तक पहुंचेगी जन कल्याणकारी योजनाएं

यात्रा का शुभारंभ किया है। हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं कि यह यात्रा हमारे प्रदेश में भी प्रभावी तरीके से संचालित हो पाएगी। मैं मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूँ कि मोदी की गारंटी पूरी होंगी। शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। आपके आशीर्वाद से हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे।

इस मौके विधायक चैतराम अटामी ने कहा विकसित संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोकहित योजनाओं को वास्तविक धरातल मे क्रियान्वयन कराना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शासन के सभी कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सकें और ग्रामीणों से यही अपेक्षा है कि योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी लेकर इनसे जुड़े। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि आज छग के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई है, इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने राज्य को अपने क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए आम जनो ने संकल्प लिया है, इसके अलावा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जो योजनाएं है। ऐसी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया गया है। इसके पूर्व कार्यक्रम में शालेय छात्र- छात्राएं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गयी। और विधायक ने उपस्थित जनों को विकसित भारत बनाने का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में अंत में उनके द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया साथ ही पीए आवास एवं उज्जवला योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित एवं पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगरपालिका अध्यक्ष श्री पायल गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, जनपद पंचायत सदस्य कुणाल ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# जमीन विवाद में ग्रामीण की हत्या, तीन गिरफ्तार

## गांव के ही निकले तीनों आरोपी



**दंतेवाड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के भांसी थाना अंतर्गत कुहचेपाल कड़ती पारा में जमीन विवाद के चलते ग्रामीण की हत्या के मामले में तीन आरोपी आज गिरफ्तार कर लिये गए। तीनों आरोपियों ने टंगिया से ग्रामीण की हत्या की बात कबूल की है। तीनों आरोपी कुहचेपाल के ही रहने वाले हैं। गिरफ्त में आए आरोपियों में बुधराम कड़ती पिता स्व. जग्गू कड़ती, बुधराम कड़ती पिता स्व. भीमा कड़ती और सुनील भास्कर पिता लिंगो भास्कर शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 14 दिसंबर की रात 7 और 8 बजे के बीच मृतक हुंगा भास्कर अपने परिवार के साथ कुहचेपाल कड़तीपारा में घर की झोपड़ी में सोया हुआ था, इसी दौरान इन तीनों आरोपियों ने हुंगा भास्कर पर टंगिया से वार कर दिया। इससे हुंगा की मौके पर ही मौत हो गई।

इस मामले में सुखमती भास्कर ने भांसी थाने में एफआईआर दर्ज करायी थी। विवेचना के बाद आरोपी गिरफ्तार किये गए और इनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टंगिया भी बरामद कर लिया गया। इस गिरफ्तारी में एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी आरके बर्मन, एसडीओपी कपित चंद्रा का मार्गदर्शन रहा। साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर साय लहरे और थाना स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ चित्रकला प्रतियोगिता



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को ड्राइंग कंपटीशन कराया गया जिसमें जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप के मध्य कंपटीशन कराया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम,अवनी राणा क्लास 8 वीं ,दूसरा स्थान, अनाया नाग क्लास 6 वीं और तीसरा स्थान, कृतिका बघेल क्लास 5 वीं रहीं। सीनियर वर्ग में प्रथम ,प्रवीण सिंह राज क्लास 9 वीं,दूसरा स्थान ,लक्ष्मी गुप्ता क्लास 12 वीं कॉमर्स रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संस्था के द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरानबस्तर डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष नवीन बोथरा, उपाध्यक्ष मनोज सिसोदिया, सदस्य पारुल बोथरा , कविता पाणिग्रही, स्कूल की प्रधान अध्यापक मनीषा खत्री, शिक्षक एवं आदि उपस्थित थे।

# अयोध्या राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में पत्रकार वार्ता सिरहासार स्थिति भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में बस्तर जिले के 600 ग्राम पंचायत में अयोध्या से आए अक्षत कलश को श्रीराम मंदिर में रक्षा गया है जिसमें से अक्षत को निकालकर 84 कलश बनाकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 17 दिसंबर को दोपहर दो बजे जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी।

पत्रकारवार्ता में वीएचपी के विभाग प्रचारक हेमंत पांडे ने अक्षत कलश यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या से पहुंचे कलश को जगन्नाथ मंदिर के राम मंदिर में स्थापित किया गया है और 17 दिसंबर को जिले के 60 मंडल केंद्रों और नगर 24 बस्ती में इस अक्षत कलश का वितरण किया जाएगा। वहीं जगदलपुर नगर में 17 दिसंबर को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के बाद प्रभारी उस अक्षत कलश को अपने अपने मंडलों के मंदिरों में स्थापित कर उसका प्रचार प्रसार भजन कीर्तन अथवा शोभायात्रा



**एक जनवरी से 600 ग्राम पंचायत के सभी हिंदू परिवार को पहुंचेगा निमंत्रण**

के माध्यम से करेंगे। हेमंत पांडे ने बताया कि एक जनवरी से अक्षत कलश के माध्यम से जिले के प्रत्येक हिन्दू परिवारों तक विश्व हिंदू परिषद के स्वयं सेवक पहुंचेंगे और उन्हे अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित करेंगे। विभाग प्रचारक ने बताया कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए कार सेवकों को विशेष निमंत्रण भेजा गया है। इसके अतिरिक्त 22 जनवरी को जिले के विभिन्ना मंदिरों में हनुमान चालीसा और अखंड रामायण का पाठ किया जायेगा और बड़ी एलईडी स्क्रीन पर श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि आह्वान पत्रक के माध्यम से भी हिंदू परिवारों से अपील किया जा रहा है कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी हिंदू परिवार अपने अपने घरों में कम से कम पांच दीप प्रज्वलित अवश्य करें, तोरण द्वार लगाएं ,घरों को झालर से सजाएं। वीएचपी का कहना है कि निधि संग्रह में जिन परिवारों ने सहायता कि थी इसके अतिरिक्त सभी हिंदू परिवारों तक वीएचपी अक्षत कलश के साथ निमंत्रण लेकर पहुंचेगा। उक्त पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से हेमंत पांडेय, योगेश सिंह, ब्रह्मचारी, सुधीर नंदी, अनिल, अग्रवाल,कमलेश विश्वकर्मा, एल इश्वर राव,अमनदीप भूपेश राठौर, आत्माराम, हरिसाहू समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## आज मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**राजिम,** 14 दिसंबर। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम द्वारा 17 दिसंबर दिन रविवार को 12 बजे दोपहर से पेंशनर्स भवन राजिम में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संत गोवर्धन शरण व्यास, महामंडलेश्वर सिरकट्टी आश्रम अतिथि के रुप में पधारकर अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स साथियों का, नये सदस्य बनने वालों का, व दिसंबर माह में जन्मतिथि वाले साथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नवापारा (राजिम), छुरा व गरियाबंद जिला के पदाधिकारियों व सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।


## निधन

### समीर शर्मा



**महासमुंद,** 16 दिसंबर। स्थानीय गंजपारा निवासी 38 वर्षीय इंजी. समीर शर्मा ज्येष्ठ सुपुत्र स्वर्गीय शरद शर्मा, (तुमगांव वाले) का 16 दिसम्बर की शाम 6.45 को असामयिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार 17 दिसम्बर को प्रात: 10.00 बजे महासमुंद में होगा। वे डॉ. सागर शर्मा के बड़े भाई व शशि, सतीश, राजेश शर्मा के भतीजे थे।

### सोनबती साहू



**धमतरी,** 16 दिसम्बर। ग्राम चिटौद निवासी सोनबती साहू उम्र 95 वर्ष का 15 दिसम्बर को हो गया। वे ग्राम विकास समिति चिटौद के अध्यक्ष चोवाराम साहू, सुखर्चन साहू एवं मोहनलाल साहू की माता थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित होकर उन्हे श्रंद्धाजलि अर्पित किये है।

# विधायक बनते ही मिशन 2024 में जुटे चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यालय दन्तेवाड़ा में आज आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पोलिंग बुथों की जानकारी व विकसित भारत संकल्प शिविर के विषय में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी भी उपस्थित हुए।



- लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक
- कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

श्री अटामी के विधायक बनने के पश्चात दंतेवाड़ा भाजपा संगठन द्वारा आयोजित यह प्रथम बैठक थी। इसमें भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की सर्वप्रथम मैं आप सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को धन्यवाद् कहना चाहूंगा,आप सभी के अथक परिश्रम से हमने दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। श्री अटामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वर्ष के 365 दिन चलने वाली पार्टी है, अन्य राजनितिक दलों की तरह सिर्फ चुनाव के दौरान कार्य करने वाली पार्टी नहीं है। एक चुनाव के संपन्न होते ही हमारा संगठन, दूसरे चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओ के माध्यम से जुट जाता है। लगातार जनहित में जनता की आवज बन कर पार्टी के कार्यकर्ता संगठन के निर्देशानुसार जुट जाते है। श्री अटामी ने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से आज ये आयोजित महत्वपूर्ण बैठक है। संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कार्यकर्म तय किये गये हैं जिसे पूरा कर हमे विश्व के लोकप्रिय और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी को फिर से 2024 में और अधिक सीटें से जीताकर देश का प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान ने किया और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सुनीता भास्कर ने किया। इस कार्यक्रम में नन्दलाल मुड़ामी, धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, कमला विनय नाग, मुकेश शर्मा, पिंटू उइके, सत्यनारायण महापात्र, उर्मिला तामो, जसवीर नेगी, मुन्ना मरकाम, पायल गुप्ता, रामु नेताम, मनीष सुराना, कुलदीप ठाकुर, राहुल असरानी, ममता गुप्ता, कुणाल ठाकुर, महावीर महेश्वरी, जयदयाल नागेश, सोमडू कोर्राम, राजेश बोरबन, उरदो ठाकुर, विनोद साहू, मोहन ठाकुर, निखिल नाग, कमल ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# विधायक चैतराम ने की संकल्प यात्रा की शुरूआत

**दंतेवाड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश सहित दंतेवाड़ा जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी एवं उनसे चर्चा करने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित भी करवायेगी।



- कलेक्टोरेट में रथ को दिखाई हरी झण्डी
- विधायक बनने के बाद पहला सरकारी कार्यक्रम

इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीन रथों को रूट एवं वाहन प्रभारी के साथ निर्धारित अलग-अलग ब्लॉक में विधायकचैतराम अटामी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नारायणपुर के किसान हीरू...

कहकर गये थे। सरकार के कर्जमाफी के निर्णय नहीं लेने से वह व्यथित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के अनेकों नेताओं ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के कर्जमाफी करने का वायदा अपने भाषणों में किया था, इस संबंध में पाम्पलेट भी वितरित किया गया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का चुनाव प्रचार का वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल है, जिसमें वे 2 लाख कर्जमाफी का वायदा कर रहे है। उन्होंने चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता से अनेक जगह सभाओं में वादा किया है, कि भाजपा की सरकार बनने पर 2 लाख तक सारे बड़े और छोटे किसानों का कर्जा माफ किया जायेगा। अब भाजपा की सरकार बन गयी है तो भाजपा कर्ज माफी के वायदे से मुकर रही है जिससे किसान दुखी और व्यथित है।

# प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**बीजापुर,** 16 दिसंबर। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार 16 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ें और भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर उनके घर-परिवार में आयी खुशहाली की बधाई दी और विकसित भारत की सपना को साकार करने में निरंतर सहभागिता निभाने कहा। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से जुडें और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहभागी बनने की आवश्यकता बताई। बीजापुर जिले में 16 दिसम्बर को भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेलसनार, बीजापुर ब्लॉक के ग्राम नैमेड़, भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम मद्देड़ एवं आवापल्ली ब्लॉक के पंचायत मुरकीनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। बीजापुर जिले के भैरमगड़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नेलसनार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू,जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम सहित अधिकारी कर्मचारी और अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया। वहीं सभी लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने शपथ लिया। इस मौके पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की यह संकल्प यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत तक जायेगी और मोदी सरकार की गारंटी योजना को हर जरूरतमन्द लोगों तक पहुंचाएगी। सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने के साथ ही भारत सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने पूरी शिद्दत से कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू एवं सफल आयोजन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**जगदलपुर,** 16 दिसंबर, (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कल 17 दिसम्बर को जिले के अंतर्गत जगदलपुर ब्लॉक के गुमलवाड़ा एवं तिरिया, बस्तर विकासखण्ड के करमरी एवं चोकर, तोकापाल ब्लॉक के भड़ीसगांव एवं डिमरापाल और लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के गड़दा एवं तारागांव में किया गया है।

**आज बस्तर जिले के गुमलवाड़ा,तिरिया, करमरी,चोकर, भड़ीसगांव,डिमरापाल, गड़दा एवं तारागांव में होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन**

केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर सहित उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन, आयुष्मान भारत कार्ड आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य सभी योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टाल में व्यवस्था होगी। साथ ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा।

# वृंदावन से पहुंचे 50 संत, निकाली हरिनाम संकीर्तन यात्रा



**जगदलपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। इस्कॉन जगदलपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने शनिवार को वृंदावन से 50 संत पहुंचे। इस अवसर पर संतों धर्म सभा का आयोजन किया, वहीं हरीनाम महिमा का वर्णन किया। उक्त हरिनाम संकीर्तन यात्रा अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न् चौक चौराहा होते हुए बलदेव एस्टेट्स में जाकर समाप्त हुई। संकीर्तन का नेतृत्व करते हुए गोपिभाव दास ने नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में हरिकथा से सबके हृदय को गदगद कर दिया। दास ने कहा कि च्मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इस से भी अधिक दुर्लभ है, भारत भूमि में जन्म लेना, हरिनाम करके यह जन्म अवश्य सार्थक करना चाहिये। कार्यक्रम में इस्कान जगदलपुर के प्रभारी वेद व्यास दास, नरोत्तम दास, रामनिष्ट दास, ललित अग्रवाल, हकुमार, संकीर्तन चैतन्य दास आदि उपस्थित रहे।

# बड़ेडोंगर में विखं स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला



## आयुर्वेद उपचार से सैकड़ों हुए लाभान्वित

**कोण्डागांव,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बड़ेडोंगर में विकास खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जहां आयुर्वेद से सैकड़ों ग्रामीणजन लाभान्वित हुए।

संचालनालय आयुष छग के सौजन्य एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.जे.आर.नेताम के मार्गदर्शन में जन जन तक आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार प्रसार एवं पारंपारिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से 15 दिसंबर शुक्रवार को दंतेश्वरी माई की पावनधरा बड़े डोंगर में विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

आयुष मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच विद्यासागर नायक, जनपद सदस्य दुलम नाग, दयाशंकर तिवारी, शिव पात्र एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ।

विद्यासागर ने कहा कि ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसमें समय जरूर लगता है पर रोग से समूल छुटकारा मिलता है। दुलम नाग ने भी आज के दौर में आयुर्वेद की महती आवश्यकता पर बल देते हुए आयुर्वेद को जीवन शैली के रूप में अपनाने जोर दिया।

शिविर प्रभारी डॉ.विश्वकर्मा ने बताया कि अब लोग आयुर्वेद की तरफ बढ़ रहे हैं और आयुर्वेद का लाभ ले रहे हैं।


आयुष मेला में वात रोग, स्त्री रोग, उदर रोग, चर्म रोग, मधुमेह, अर्श रोग एवं अन्य मौसमी बीमारियों सहित कुल 398 मरीजों का आयुष चिकित्सा पद्धति से उपचार कर परामर्श दिया गया। मेला में उपस्थित लोगों को क्षेत्र में बहुतायत से उपलब्ध जड़ी बूटियों जैसे तुलसी, भूई नीम, भूंई आंवला, गिलोय, वासा, हल्दी आदि के औषधीय गुणों की जानकारी देते हुए हुए छोटी छोटी बीमारियों में घरेलू उपचार के नुस्खे बताए गए। आयुष मेला में विशेष रूप से संतुलित जीवन शैली के साथ ही आयुर्वेद एवं योग-प्राणायाम अपनाने की सलाह दी गई। काढ़ा वितरण योजना के तहत रोगों से बचाव और रोग प्रतिरोधकता बढ़ाने गिलोय-तुलसी काढ़ा का नि:शुल्क वितरण भी किया गया।

आयुष मेला में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा, डॉ.पी.एल.बनपेला, नोडल अधिकारी डॉ.चंद्रभान वर्मा, डॉ.सुधांशु साहु, डॉ.राजेश नाग, डॉ.भूपेंद्र मरापी, डॉ.चंचल नाग, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ.साहु एवं फार्मासिस्ट सुनील गायकवाड़, मनोज प्रधान, रूपेंद्र जुरेसिया, योग प्रशिक्षक डिसेंद यादव, ज्योति शर्मा, देवनाथ मरकाम, शांति बागडे, खगेश्वर नाग ने अपना सहयोग दिया।

# एकलव्य विद्यालय के दो विद्यार्थी सड़क हादसे में हुए घायल

**कोण्डागांव**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। सड़क हादसे में एकलव्य विद्यालय के दो विद्यार्थी गम्भीर रुप से घायल हुए जिसमें से एक छात्र की मौत हो गई, तो वहीं गंभीर रुप से घायल दूसरे विद्यार्थी को उपचार के जिए जिला अस्पताल कोण्डागांव में भर्ती कराया गया है।

जिला मुख्यालय कोण्डागांव से मर्दापाल की ओर जाने के लिए बनाई गई सड़क के किनारे स्थित ग्राम कारसिंह के समीप 16 दिसंबर की सुबह एक दुपहिया एक पेड़ से टकरा गई, जिससे दुपहिया पर सवार दो छात्र गम्भीर रुप से घायल हो गए। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने वाले दोनों छात्र एकलव्य विद्यालय गोलावंड के थे, दोनों घायलों को तत्काल कोण्डागांव के जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया लेकिन उपचार के दौरान जिला अस्पताल में एक घायल छात्र की मौत हो गई, तो वहीं दूसरे गंभीर छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल से अन्यत्र रेफर किया गया है।



## एक की हुई मौत दूसरा है गंभीर

हादसे के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावंड में अध्यनरत कक्षा 12 वीं के विद्यार्थी रामेंद्र मरकाम और तुलेश्वर नेताम पिता के साथ ग्राम नेवता त्यौहार मनाने गए थे। 16 दिसंबर की सुबह तुलेश्वर और रामेंद्र एकलव्य विद्यालय गोलावंड की ओर स्वयं की बाइक से निकले थे, कि तभी ग्राम कारसिंग के समीप उनकी दुपहिया अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। इस घटना के तत्काल बाद सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक भूषण कुलदीप और एकलव्य की शिक्षिका ज्योति यादव, तरुण चौहान ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से कोण्डागांव के जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान रामेंद्र मरकाम की मौत हो गई, तुलेश्वर के गम्भीर रुप से घायल होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल कोण्डागांव से बेहतर ईलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी, तहसीलदार कोण्डागांव एवं एकलव्य विद्यालय के स्टॉफ मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों के उपचार में सहयोग करते नजर आए।

# कत्ल करने भैसों को ले जाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से एक पीकप व 4 नग भैंसा को किया गया जप्त

**कोण्डागांव,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। कत्ल करने भैसों को ले जाने वाले आरोपित के कब्जे से एक पीकप व 4 नग भैसा को जप्त करने के साथ ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते बताया कि 15 दिसम्बर को एक प्रार्थी के द्वारा लिखित रूप से रिपोर्ट दर्ज कराया कि सगराम नेताम एवं समीर खान उर्फ पठान के द्वारा मिलकर पीकअप क्र. सीजी 15 डीए 0814 में भैसों को परिवहन करते हुए कत्ल करने हेतु लेकर जा रहे हैं। प्राप्त सूचना पर थाना केशकाल में अपराध क्रमांक 114/2023 धारा छ.ग.कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 पंजीबद्ध किया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में केशकाल पुलिस के द्वारा 16 दिसम्बर 2023 को आरोपी सगराम नेताम के कब्जे से पीकप क्रमांक सीजी 15 डीए 0814 को एवं 04 नग भैसा को जप्त कर भैसों को सुरक्षार्थ कांजी हाउस केशकाल में रखा गया है। आरोपी से पुछताछ करने पर उसके द्वारा समीर खान उर्फ पठान के द्वारा मिलकर के धनोरा बनियागांव से भैसों को लेकर कत्ल करने हेतु उड़िसा तरफ ले जाना स्वीकार किया गया। आरोपी सगराम नेताम पिता स्व.गणेशराम नेताम 35 वर्ष साकिन डोमपदर नयापारा थाना सिहावा जिला धमतरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। एक अन्य आरोपी समीर खान उर्फ पठान फरार है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी आनंद सोनी, उपनिरीक्षक शोभितराम साहू सउनि.निहार रंजन मंडल, कवंल सिंह शोरी प्रधान आरक्षक अजय बघेल, आरक्षक लिलेश्वर ध्रुव का अहम भूमिका रही।



# जैविक खेती एवं नकदी फसलें किसानों की आय वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम : डोमेन्द्र धारीवाल

**भानुप्रतापपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष का आयोजन गोदग्राम कराठी में किया गया है! शिविर के द्वितीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोमेन्द्र धारीवाल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था! श्री धारीवाल ने कृषि संबंधित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्रदान करते हुए फसल की बुआई, देखभाल, कटाई, विक्रय, विपणन आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया! उन्होंने फर्टिलाइजर एवं रासायनिक खाद का न्यूनतम उपयोग करने की सलाह देते हुए देशी पद्धति से उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक तैयार करने प्रोत्साहित किया! ग्रामीण दिनचर्या में शामिल नीम की खली व तेल, गोमूत्र, चूना आदि का उपयोग कर मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने तथा कीटनाशक तैयार करने के तरीके बताए! कुल 13 प्रकार के ऐसे पेड़-पौधे जिन्हें मवेशी नहीं खाते हैं, उनका बेहतर कृषि में उपयोग के बारे में बताया गया! किसानों की आय वृद्धि के लिए प्रोत्साहित करते हुए मिलेट्स, जैविक खेती एवं प्रमुख नकदी फसलों की सलाह दी तथा विक्रय हेतु बेहतर मार्केटिंग के उपाय भी बताए! परिचर्चा के दौरान नीलिमा सलाम, पेमीन नेताम, अजय उसेण्डी, अजय जाड़े, अमृत कुमेटी आदि शिविरार्थियों ने उन्नत ढंग से कृषि करने संबंधित प्रश्न किए, जिनका उत्तर देते हुए श्री धारीवाल द्वारा मार्गदर्शन किया गया! शिविर में कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कुमार कोसमा, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष योगेश यादव, रमाकांत रजक, श्रीमती स्नेहा रितेश नाग, योगेशवरी कोसमा, महादलनायक राजकुमार कुलदीप, महादलनायिका अंजू पुरामे, अनुशासन प्रभारी चंद्रशेखर ताम्रकार, सशिता नेताम, संतो कोमरा, चंदना राय, अवनी श्रीवास्तव, चांदनी राणा, कृति नुरूटी, राहुल नेताम, सुरेश आंचला आदि शिविरार्थी तथा कराठी ग्रामवासी उपस्थित थे!




## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरे, 3 जख्मी



**भानुप्रतापपुर,** 16 दिसंबर। शुक्रवार की शाम भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के सम्बलपुर मार्ग पर जर्जर सड़क के कारण मोटर साइकिल सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक को इलाज के लिए भानुप्रतापपुर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलो का पहचान फूल सिंह,परदेसी राम दर्रो एवं सुरेश तुलावी कोंडे कोड़ा कूर्री एवं चेमल पंडगाल निवासी बताया जा रहा है। बताया जा सड़क निर्माण के दौरान उड़ रही धूल के कारण सामने से आ रही वाहन को बाईक सवार देख नही पाए और अन्यंत्रित होकर गिर गए। जानकारी मिलते ही जगन्नाथ साहू कोंडे निवासी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान पहुँचे और घायलों से मुलाकात किए।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों ने किया विधायक का सम्मान



**दंतेवाड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत गीदम के प्लेसमेंट कर्मचारी संघ गीदम के द्वारा दन्तेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से सौजन्य मुलाकात की गई। नगर पंचायत गीदम संघ के द्वारा शॉल भेंटकर विधायक को सम्मानित किया गया एवं कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत कराया। विधायक श्री अटामी द्वारा प्रमुख समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। सम्मान के लिए उन्होंने आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान संघ से अध्यक्ष रूपधर कड़ती, उपाध्यक्ष सुखनाथ अतरा, जिलाध्यक्ष देवीशंकर सैनी, रतन यादव, गंगा सिंह शामनाथ, महेश शर्मा, रामलखन पटेल और शिवशंकर श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# उचित मूल्य की दुकानों में सप्लाई बोरियों में चावल की कम मात्रा मिलने से सेल्समेन परेशान

**कोण्डागांव**, 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालक सेल्समेन के सप्लाई होने वाले पीडीएस चावल की बोरियों में चावल की कम मात्रा रहने से परेशान हो रहे होने का मामला सामने आया है। चावल की बोरियों में निर्धारित मात्रा 50 किलो के बजाय किसी में 45 तो किसी में 47 किलो तक चावल रहता है। ऐसे में दुकानदारों को हानि उठानी पड़ रही है। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं होने का दावा दुकानदार कर रहे हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से चावल की आपूर्ति सहकारी समिति व स्व सहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानों में किया जाता है। कोंडागांव व माकड़ी ब्लॉक के गोदामों से जो चावल पीडीएस दुकानों में भेजा जा रहा है, दुकानदारों के सामने तौल नहीं होती, बोरी 50 किलो वजन लेबल पर गोदाम से सीधे दुकानों को भेजा जाता है और दुकानदारों द्वारा बोरियों को तौल करने की बात कहने पर भी ठेकेदार के लोग अनाकानी करते हैं। चावल की बोरियां मिलने के बाद जब दुकान संचालक/सेल्समेन हितग्राहियों को चावल वितरण करते समय बोरियों की तौल करते हैं, तो बोरियों में 50 किलो के निर्धारित वजन से कम मात्रा पाई जाती है। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर, जिले के कुछ दुकानदारों ने बताया कि चावल की बोरियों को तौल कराने पर किसी में 45.70 किलो तो किसी में 48.20 किलो ग्राम तक चावल पाया गया और भरपाई करना दुकानदारों के लिए मुश्किल बताया, दुकानदारों ने दावा किया चावल की मात्रा कम रहने की शिकायत दुकानदार जब अधिकारियों के करते हैं तो अधिकारी भी कोई सुनवाई नहीं करते। गोदाम प्रभारी नान कोंडागांव असलम खान ने अधिक जानकारी के लिए उच्च अधिकारी से संपर्क करने की बात कही। वहीं डी.पी.तिवारी जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम ने कहा चावल की बोरियां अधिक दिनों तक रखे होने से सुखत आती है, अभी तक ऐसी कोई शिकायत नहीं आई हैं। शिकायत मिलने से दिखवाते हैं।



# व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में नैतिक शिक्षा की अहम भूमिका : गोविन्द सिन्हा

**भानुप्रतापपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गोदग्राम कराठी में किया गया है! शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में नेहरू युवा केन्द्र कांकेर से व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया था! मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित गोविन्द सिन्हा ने समस्त शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु आह्वान किया!

उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में नैतिक शिक्षा की अहम भूमिका होती है! लक्ष्य निर्धारण, पूर्वनियोजित योजना, समय प्रबंधन, एकाग्रता आदि टापिक पर व्याख्यान देते हुए मनोरंजक एक्टिविटी भी कराए! मुख्य वक्ता द्वारा शिविर दर्पण का विमोचन कर शिविर गतिविधियों की जानकारी ली गई! नेहरू युवा केन्द्र से उपस्थित लक्ष्मण दीपक ने भी शिविरार्थियों को संबोधित किया! अंग्रेजी विभागाध्यक्ष स्नेहा रितेश नाग द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं योगेशवरी कोसमा द्वारा आभार व्यक्त किया गया! परिचर्चा सत्र में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कुमार कोसमा, महादलनायक राजकुमार कुलदीप, उप महादलनायक अमृत कुमेटी, महादलनायिका अंजू पुरामे, उप महादलनायिका कृति नुरूटी, अनुशासन प्रभारी चंद्रशेखर ताम्रकार, चंदना रॉय, अवनी श्रीवास्तव, चांदनी राणा, अजय उसेण्डी, राहुल नेताम, अजय जाड़े, सुरेश आंचला आदि शिविरार्थी एवं ग्रामवासी सम्मिलित थे!




# सतनामी समाज ने नगर में निकाली सतनाम शोभा यात्रा



**कोण्डागांव** 16 दिसम्बर (देषबन्धु)। सतनामी समाज जिला कोंडागांव के द्वारा नगर में सतनाम शोभा यात्रा निकला गया, जिसमें सामाजिकजन उत्साहपुर्वक सम्मिलित हुए। सतनाम धर्म प्रवर्तक परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 267 वीं जयंती महोत्सव के अवसर पर 16 दिसंबर को जिला स्तरीय सतनाम शोभा यात्रा कोंडागांव सतनाम भवन गांधी वार्ड से निकाली गई। यह षोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होकर चौपाटी मैदान तक पहुंची। षोभा यात्रा में सम्मिलित सामाजिकजन परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के जयकारे लगाते रहे, पंथी कुतुब मीनार से ऊंचा जैतखाम का प्रतीक की झांकी, नृत्य अखाड़ा दल के साथ सतनामी समाज कोंडागांव जिले के महिला-पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग काफी संख्या में शामिल हुए।

# हाई स्कूल कोहाकामेटा में विद्यार्थियों के लिए विधिक शिविर

**कोण्डागांव,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। नालसा के तहत (बच्चों को मैत्रिपुर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए) बनी योजना 2015 की जानकारी देने आयोजित किया गया विधिक सेवा शिविर। शासकीय हाई स्कूल कोहाकामेटा में माननीय उतरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण केशकाल अध्यक्ष/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल श्रीमती अंजली सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती अम्बा साह के मार्गदर्शन/निर्देशन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रिटेनर अधिवक्ता श्रीमती मनीषा तिवारी तालुका केशकाल के द्वारा बताया गया कि नालसा योजना के तहत बच्चों को मैत्रिपुर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए) योजना 2015 बनी है। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों तक कानूनी जानकारी पहुंचाने, उनके मूल अधिकारों एवं लाभों की रुपरेखा बनाने, बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण और सभी स्तरों पर बच्चों के कानूनी झगड़ों के लिए विधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना। साथ ही बच्चों की मुलभुत आवश्यकताएं जैसे पोषण, आवास साथ ही विकास का अधिकार शिक्षा, खेल-कुद, मनोरंजन, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित सभी प्रकार के दुर्व्यवहार उपेक्षा या शोषण से बच्चों को संरक्षित करने के बारे में जानकारी दी गई। इसी प्रकार बाल श्रम (प्रति निषेध विनियम) अधिनियम 1986 यह अधिनियम विशिष्ट कार्यों में बालकों की कार्यदशा को उत्कृष्ट बनाने हेतु प्रवृत्ति हुआ है। अधिनियम से अन्तर्गत बालक से अर्थ वह व्यक्ति है जिसने अपनी 14 वर्ष की आयु को प्राप्त नहीं किया है। यह अधिनियम बाल रोजगार (अथवा जिसने अपनी 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, के नियोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है, के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। पीएलवी लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी के द्वारा मानव तस्करी से सम्बंधित जानकारी देते बताया गया कि मानव तस्करी वह अपराध है, जिसके तहत व्यक्ति को श्रम या रोजगार के नाम पर मजबूर किया जाता है। इससे सचेत रहने के लिए बच्चों में जागरुकता लाने विधिक जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपने मोबाइल में अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करने को कहा गया। अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से हमारे साथ किसी भी प्रकार कि अपराध को पुलिस सहायता तक पहुंचा सकते हैं, इसी प्रकार साइबर काईम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, जिसमें हाई स्कूल कोहाकामेटा के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभी स्टॉफ उपस्थित रहे।




# बारसूर के मंगनार से एक नक्सली गिरफ्तार

## सर्चिंग के दौरान डीआरजी व बस्तर फाईटर्स को कामयाबी

**दंतेवाड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत बारसूर क्षेत्र से आज एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स दंतेवाड़ा की फोर्स मंगनार, कौशलनार और तोड़मा के जंगल-पहाड़ी की ओर सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान मंगनार के पास से एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्त में आए नक्सली का नाम बुधु मंडावी है। यह नक्सल संगठन में तोड़मा पंचायत के डीएकेएमएस उपाध्यक्ष पद पर काम कर रहा था। इसके कब्जे से 1 पिट्ठु बैग मिला जिसमें नक्सली बैनर और पोस्टर बरामद किया गया। इसे आज न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि बस्तर आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्शन और एसपी गौरव राय तथा एडिशनल एसपी आरके बर्मन के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी हासिल हो रही है।



उल्टा पुल्टा

रामू- डॉक्टर साहब प्लास्टिक सर्जरी करवाने में कितना खर्चा आयेगा।
डॉक्टर- 5 लाख
रामू- अगर प्लास्टिक हम दें तो..?

# मुख्यमंत्री ने भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ पर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन

## पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के हितग्राहियों को राशि वितरित की, उज्जवला योजना के हितग्राहियों को दिया कनेक्शन




**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद सरोवर उद्यान में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इसका मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री साय ने दो हितग्राही दीपक वाधवानी को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 8 लाख रूपए और शबनूर बानो को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 20 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 176 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने उज्जवला योजना के तहत श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रकार और श्रीमती उषा बाई को नवीन गैस कनेक्शन प्रदान किए। साय ने इसके बाद महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल भी पहुंचे और महिला समूहों द्वारा बनाए गए मिलेट्स के उत्पाद की जानकारी ली। साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना पर आधारित केक काटकर खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर आधार सेवा केन्द्र द्वारा 33 नागरिकों के आधार कार्ड अपडेट किए गए।

इस अवसर पर आज हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद आज इस वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से पहली बार पूरे प्रदेश के नागरिकों से बात करने का सुअवसर आया है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं कि यह यात्रा हमारे प्रदेश में भी प्रभावी तरीके से संचालित हो पाएगी। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है मैं यह बताना चाहता हूँ कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे प्रधानमंत्री हैँ जो जनहित में योजनाएं बनाते हैँ साथ ही योजना का लाभ लोगों तक पहुँचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। ग़रीबों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार समर्पित होकर कार्य करती है हमारे प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय भी देश के नागरिकों की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसी महामारी को ख़त्म कर पूरे विश्व को संदेश दिया है। कोविड के दो टीके बनाया और दूसरे देशों को भी दिये। ग़रीब कल्याण योजना की अवधि प्रधानमंत्री ने बढ़ाई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ जनता को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के लिए चिंता है। हर वर्ग के सरोकार हैं। मैं मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूँ कि मोदी की गारंटी पूरी होंगी। शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने केबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। आपके आशीर्वाद से हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। आप सभी से आग्रह करना चाहता हूँ की आप सभी हितग्राहियों के फार्म भरवा कर योजनाओं का लाभ दिलवाने में उन्हें मदद करें।

# बूढ़ा तालाब मार्ग फिर खुलेगा

## बृजमोहन ने कलेक्टर को दिए निर्देश



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी के नेहरू नगर से बूढ़ा तालाब मार्ग बंद है, जिसे फिर से खोला जाएगा। इसके लिए विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कलेक्टर को निर्देश दिए हैं।

**बृजमोहन ने कलेक्टर के साथ बूढ़ा तालाब परिसर का भ्रमण किया**

इस दौरान उन्होंने कहा, ये देश में एक मात्र अजूबा है नई रोड बनाने की बजाय पुरानी रोड को बंद कर दी गई। 10,000 बच्चे दानी स्कूल, हॉस्टल कालीबाड़ी के बच्चे इस रोड से अपने घर जाते थे। इसके लिए इस रोड को चालू करने की मांग लंबे समय से कर रहे थे। कलेक्टर और संबंधित अधिकारों को इस रोड को फिर से चालू करने के निर्देश दिए गए हैं।विधायक बृजमोहन ने कहा, दानी स्कूल, डिग्री गर्ल्स स्कूल, चांदनी चौक की तरफ बंद गेट को खोला जाएगा।बैरिकेड लगाकर ओपन किया जाएगा, बाकी एरिया में डेवलपमेंट करना है। डिग्री गर्ल्स कॉलेज के दीवार से लगा हुआ चौपाटी नहीं बनाई जाएगी, जो बनाएंगे वह पीछे बनाया जाए। 15 दिन के अंदर यह सड़क चालू हो जाना चाहिए।स्मार्ट सिटी के साथ बैठकर समीक्षा करेंगे। वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों, सचिवों को निर्देश देते हुए कहा, गरीब आवास जितना जरूरत है उतना बन सकता है, लेकिन यहां मकान रुक गया है। आज अधिकारी सेक्रेटरी सब बैठे हैं। आप सब मोदी जी की योजनाओं को देखिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को पहुंचाएं। जितने भी गुंडा बदमाश हैं, कब्जा करने वाले, बदमाशी करने वाले, चाकूबाज उनके खिलाफ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कड़ा से कड़ा कार्रवाई होना चाहिए।

कांग्रेस के 12 पूर्व विधायक दिल्ली गए हैं।इस पर विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, अभी वह दिल्ली गए हैं। उसके बाद वह कहां जाएंगे, यह भी देखना होगा।

# राष्ट्रीय महासचिव से मिले कांग्रेस के पूर्व विधायक

## बड़े नेताओं की हुई शिकायत



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की करारी हार पर चर्चा की।वहीं पार्टी के कुछ बड़े नेताओं की शिकायत भी की। पूर्व विधायक विनय जयसवाल के घर शुक्रवार को पूर्व विधायकों ने बैठक की थी। इसके बाद आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने दिल्ली पहुंचे हैं।वहीं अनुशासनहीनता बरतने पर पार्टी ने पूर्व विधायक विनय जयसवाल और बृहस्पत सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पूर्व विधायक विनय जयसवाल ने ने कहा, हमने अपनी बात रख दी है। वेणुगोपाल ने जिन 22 नेताओं की टिकट कटी थी उनसे मुलाकात कर वन टू वन चर्चा करने की बात कही है।

चंद्रशेखर शुक्ला ने तुरंत कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक बुलाने मांग करते हुए लिखा है जब आप जीत कि माला पहनने को तैयार हैं तो पराजय की हार भी स्वीकार करें। शुक्ला ने यह भी कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता अपने निहित स्वार्थों में लड़-झगड़ कर सत्ता गंवातें हैं। इसके लिए कोई एक नहीं, सारे मंत्री जिम्मेदार हैं, जो हवा में उड़ रहे थे, और पूरे 5 साल पूरे तन-मन से कार्यकर्ताओं का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे।

उन्होंने बताया कि हमारी सिर्फ राजीव गाँधी कृषि न्याय योजना अत्यंत असरकारी एवं लाभकारी थी, इसके अलावा गोठान, नरवा गरवा घुरवा-बाडी और राजीव युवा मितान, हाल बेहाल था तथा धरातल में साकार नहीं था। हम कलेक्टरों और शासकीय मिशनरियों के कार्यक्रमों में आयी भीड़ को देखकर सदैव गदगद रहते थे और समझ ही नहीं पा रहे थे कि प्रायोजित है।

पार्टी में अनुशासन के नाम पर आंतरिक लोकतंत्र को दबाया, कुचला जा रहा है। जिसकी वजह से लोग दिल्ली से लेकर चौराहों तक आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इन सभी पर व्यपाक विस्तार से चर्चा होनी चाहिये। चर्चाएँ और भी बहुत हैं। और शिकायतें भी। यदि इन परिस्थितियों का हम सामना नहीं करेंगे तो हमारी स्थिति बद से बदत्तर होती जाएगी। सामने लोकसभा चुनाव है, विधानसभा चुनाव शुद्ध रूप से हमारे प्रदेश के नेताओं की गलतियों की वजह से हारे हैं। पूरे पांच साल संगठन और सरकार में समन्वय नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जितने नेताओं को भी नोटिस दिया गया है अथवा कार्रवाई की गई है। सभी को तत्काल निरस्त कर सभी प्रकरणों को अनुशासन समिति में भेजें।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा ने इस्तीफा लिया वापस



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन प्रभारी संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु के मनाने के बाद इस्तीफा वापस ले लिया है।

पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा था कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मैं मोहित राम, पाली तानाखार विधानसभा, क्षेत्र क्रमांक 23 से पूर्व विधायक एवं पूर्व उपाध्यक्ष, मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन एवं विकास प्राधिकरण (राज्यमंत्री दर्जा) हूं. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं समस्त पदों से अपना इस्तीफा दे रहा हूं।पाली तानाखार से पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने नेताओं पर बड़ा आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि, आदिवासी विधायकों को हारने का षडयंत्र किया गया है। पार्टी के अंदर के कुछ नेताओं ने मिलकर षड्यंत्र रचा है।केरकेट्टा ने कहा था कि, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भी गुमराह किया गया। केरकेट्टा ने आरोप लगाया था कि बैज को चुनाव लड़ाने का काम षड्यंत्रकारियों ने किया है। केरकेट्टा ने अपने विधानसभा क्षेत्र पालीतानाखार में पीसीसी महामंत्री प्रशांत मिश्रा द्वारा पार्टी विरोधी काम करने का आरोप भी लगाया था। वहीं बड़ी संख्या में सिटिंग विधायकों की टिकट काटने को भी नुकसान बताया था। अब मान मनौव्वल के बाद केरकेट्टा ने इस्तीफा वापस ले लिया है।

# जंगल विहीन रायपुर मंडल में 750 दैवेभो

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। सरकार बदलते ही पिछली सरकार के विभागों में खजाने के दुरूपयोग की पोल खुलने लगी है।वन विभाग में होते रहे ऐसे ही फर्जीवाड़े की जानकारी मिली है। सूत्रों ने बताया कि वन विभाग ने तो अब तक सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। जंगल विहीन अकेले रायपुर वन मंडल में बैक डोर से 750 दैनिक वेतन भोगी की भर्ती कर दी गई।

इसमे रायपुर के वन अधिकारियों ने खुल कर साथ दिया। चौकीदार, ड्रायवर, बाबू, कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम दिलाया।हद तो यह भी रही कि मुस्लिम कब्रिस्तान में पौधरोपण और देख रेख के लिए वन विभाग ने चौकीदार भी नियुक्त किये।तो कुछ आईएएस, आई एफ एस के यहां डॉग केयर टेकर, चिल्ड्रेन केयर टेकर, घरेलू नौकर भी रखे गए।एक तरह से वन विभाग रोजगार कार्यलय बना हुआ था।इनमे से अधिकांश दैनिक वेतन भोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं के भाई-भतीजे बच्चे शामिल थे।इनसे विभाग को हर माह करोडो की राशि फिजूल मे खर्च करना पड़ा। प्रति माह अनुमानित राशि 7 करोड़ अकेले रायपुर वनमडल को वहन करना पड़ता।जबकि वृक्षरोपण के लिये सरकार के पास बजट नहीं है। अपने आप मे सवालिया निशान उठाता है। शहर को हरा भरा बनने के बदले वन विभाग दैनिक वेतन कर्मचारियों मे उलझा हुआ है। यह पोल खोलने वाले विभागीय नियमित कर्मचारी नई सरकार को इस विषय पर सम्पूर्ण जाँच कर दोषी अधिकारियो के खिलाफ कार्यवाही की उम्मीद कर रहे हैं। विभागों के अधिकारी मंत्रियों को विश्वास में लेकर या उनके कहे अनुसार सरकारी धन के लिए कई तरह की अघोषित योजनाएं और काम करते रहे हैं। बस यही लाभ था कि बिना मतलब के कुछ बेरोजगार युवकों को महीना 9-10 हजार रूपए मिल जाते रहे। इसमें यह भी शंका जताई जा रही है कि कम लोगों को काम में लेकर अधिक का पे- बिल बनाकर राशि खजाने से निकाली जाती रही होगी।



■ वन विभाग में कब्रस्तान के लिए चौकीदार भी काम कर रहे थे

## भाजपा नेताओं में कश्मकश बढ़ी

# बंद लिफाफे को लेकर सीएम साय, साव और शर्मा जाएंगे दिल्ली

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। 17 दिसम्बर को सीएम साय के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। कयास लगाए जा रहे हैं कि दिल्ली में ही मंत्रिमडल पर मुहर लगेगी, जिसके बाद यहां मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। वैसे भी डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहले ही ये कह चुके हैं कि जल्द ही कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा।



सत्र से पहले मंत्रिमंडल का हो सकता शपथ ग्रहण

बताया जा रहा है नई सूची तैयार की गई है। इस सूची के नामों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी सहमति है। फिलहाल ये नाम लिफाफे में बंद हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि खर मास लगने के दिन यानी 17 दिसंबर को साय कैबिनेट के मंत्रियों की शपथ दिलाई जा सकती है। राज्यपाल के दिल्ली से लौटते ही शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। बता दें कि राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अभी दिल्ली प्रवास पर चले गए हैं। राज्यपाल 13 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में रहेंगे। जहां वे पीएम, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व गृहमंत्री से मिलेंगे। मुलाकात के बाद 17 दिसंबर को वे वापिस रायपुर लौटेंगे। इसके बाद ही सीएम विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल का विस्तार संभव हो पाएगा।

**नए मंत्रिमंडल में इन्हें मिल सकती है जगह**

छत्तीसगढ़ सरकार के नए मंत्रिमंडल में धरमलाल कौशिक, ओपी चौधरी, राजेश मूणत, डोमन लाल कोर्सेवाडा, अजय चंद्राकर, रेणुका सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, केदार कश्यप, रामविचार नेताम और अमर अग्रवाल को जिम्मेंदारी मिल सकती है।

# सांसद सुनील सोनी ने रायपुर रेलवे स्टेशन के नए फुट ओवरब्रिज का किया लोकार्पण

## ढाई साल में बना देंगे मॉडल स्टेशन



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। रेल यात्रियों के सुविधा के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन पर नया फुट ओवरब्रिज बनाया गया है. इससे अब यात्री किसी भी प्लेटफार्म पर पहुंच सकते हैं, यानी प्लेटफार्म एक से सात तक सभी में जा सकेंगे. नए फुट ओवरब्रिज का आज लोकार्पण हुआ. कार्यक्रम में रायपुर सांसद सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत शामिल हुए।

फुट ओवरब्रिज का लोकार्पण करने के बाद सांसद सुनील सोनी ने कहा कि अब रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट से भी बेहतर है. ढाई साल में एक मॉडल स्टेशन में रूप में लोकार्पण कर देंगे. उन्होंने कहा कि रायपुर लोकसभा में 8 स्टेशन है, सब का काम तेजी से होगा.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शायराना ट्वीट पर सांसद सोनी ने कहा, भूपेश बघेल अभी भी बेहोशी से बाहर नहीं निकले हैं, हमारे सीएम ने शपथ ले लिया है और एक मोदी गारंटी है.

लगातार ट्रेनों के रद्द होने पर सुनील सोनी ने कहा कि, रेल अपडेट हो रहा है, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर होगा. पिछली बार रेल विभाग को मात्र 300 करोड़ रुपए मिला था. 6 हजार करोड़ रुपए पीएम मोदी ने दिया है. वंदे भारत और दुरंतो जैसी ट्रेनें छत्तीसगढ़ में दौड़ेंगी. समय पर गंतव्य को पूरा करेंगे।

# कलेक्टर पर भड़के मूणत

## कहा-कांग्रेस शासन काल से जारी रवैया सुधार लें



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम की जानकारी विधायकों को नहीं देने पर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे पर भड़क उठे. जिसके बाद आयोजन स्थल पर पहुंचकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासन काल से जारी रवैया सुधार लें।

बता दें कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ में पहुंचे. रायपुर के सभी विधायक और सांसद मौजूद थे. हालांकि, कार्यक्रम की जानकारी कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने विधायकों को नहीं दी थी. जिसको लेकर विधायक राजेश मूणत नाराजगी जाहिर की।

# राज्य सरकार ने राविप्रा-सिरपुर प्राधिकरण नियुक्ति की रद्द

## आदेश जारी



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने रायपुर विकास प्राधिकरण और सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व सदस्यों की सेवाएं रद्द की है। आवास एवं पर्यावरण विभाग की तरफ से इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है।

# प्रदेश में बढ़ी ठंड, शीत लहर ने घर से बाहर निकलना किया मुश्किल

## अंबिकापुर में पारा 6 डिग्री पहुंचा



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्?तीसगढ़ में 25 दिसंबर से ठिठुरन थोड़ी और बढ़ने वाली है तथा जनवरी पहले सप्ताह में शीतलहर चलने के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब नमी में बढ़ोतरी होगी। इसके चलते आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

शुक्रवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। आउटर व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही अब शहर में भी ठंड बढ़ने लगी है। अंबिकापुर सहित कई क्षेत्रों में तो न्यूनतम तापमान और गिरने के कारण अभी से शीतलहर के हालात बन रहे है। ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है, साथ ही कपड़े संस्थानों में भी गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ गई है।

**सरगुजा संभाग के सभी जिलों में ठंड का कहर**

सरगुजा संभाग के सभी जिलों में ठंड का कहर, अंबिकापुर में 6.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज, रायपुर में 14.4, माना एयरपोर्ट में 13.5, बिलासपुर में 12.8, पेंड्रा रोड में 9, जगदलपुर में 12.2, दुर्ग में 13.8, राजनांदगांव में 13.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज है।

**गुरूघासीदास जयंती पर आज शोभायात्रा**

**बलौदाबाजार,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। परम पूज्य गुरूघासीदास जयंती समारोह का आयोजन नयनदास महिलांग स्मृति स्थल बलौदाबाजार में किया गया है। इस अवसर पर 17 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे नगर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 18 दिसम्बर को शाम 5 बजे पालो चढावा एवं 6 बजे से छत्तीसगढी कार्यक्रम फुलगे मोंगरा के नवा बिहान कार्यक्रम आयोजित होगा।



# डिप्टी सीएम विजय शर्मा का वनवासी कल्याण आश्रम में स्वागत

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वनवासी कल्याण आश्रम रोहिणीपुरम पहुंचे. जहां बहनों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया. उन्होंने आश्रम के लोगों से मुलाकात की. इस दौरान डिप्टी सीएम शर्मा ने किसानों की कर्ज माफी समेत अनेक मुद्दों पर बयान दिया. यहां से विजय शर्मा विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने कवर्धा रवाना हुए. उन्होंने कहा कि 3ः30 कवर्धा में कार्यक्रम में शामिल होंगे. पीएम का उद्बोधन शाम 4 बजे प्रारम्भ होगा, लाभार्थियों तक पहुंचने और अन्य फीडबैक लेने के लिए ये प्रोग्राम हैं.



कर्ज माफी पर बयानबाजी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अपनी पार्टी के साथ चर्चा के आधार पर कहा था की 2 लाख रुपये तक कर्ज माफी होगी. घोषणापत्र आने के बाद भी मैंने कहा कि इससे बड़ी योजना आ गई है.

जिसमें धर्मांतरण पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार की कैबिनेट बैठक हुई. हमारा भाव स्पष्ट है कि अवैध धर्मांतरण नहीं होना चाहिए. यदि ऐसा होगा तो प्रशासन इसे लेकर कार्रवाई करेगी. कर्ज माफी पर बयानबाजी को लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अपनी पार्टी के साथ चर्चा के आधार पर कहा था की 2 लाख रुपये तक कर्ज माफी होगी. घोषणापत्र आने के बाद भी मैंने कहा कि इससे बड़ी योजना आ गई है.

डिप्टी सीएम ने वनवासी कल्याण को लेकर कहा कि वनवासी हितरक्षा के संरक्षण में पहले भी कार्य किए हैं. वनाधियाकृ अधिनियम के अंतर्गत तीन प्रावधान होते हैं. व्यक्तिगत पट्टा, सामुदायिक पट्टा, वन प्रबंधन का अधिकार. वन प्रबंधन का अधिकार इस अधिनियम का सर्वोच्च भाव है. पारंपरिक तौर पर वन क्षेत्र के अधिकार का पट्टा उन्हें दिया जाता है. चाहटा नाम का गांव कवर्धा जिले का है. इस गांव को वन प्रबंधन का अधिकार मिला है.

मोदी की गांरटी पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, आगे लोकसभा चुनाव है. भाजपा को 11 सीट छग में भाजपा को मिलें. इसके लिए आज से नहीं बहुत पहले से हमने प्रयास प्रारम्भ कर दिया है.

केंद्रीय योजनाओं का कितना असर छत्तीसगढ़ में देखने को मिलेगा इस पर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं को विगत सरकार ने किस तरह निस्तोनाबूद किया, हम सबने देखा हैं. पीएम आवास सिर्फ इसलिए नहीं दिया क्योंकि उसमें प्रधानमंत्री शब्द आ गया था. मुख्यमंत्री साय ने नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवास को स्वीकृति दी और अन्य केंद्रीय योजनाओं का जो बंदर बांट यहां पर किया गया था. उस पर भी अभी बात की जा रही है. निगम मंडल की नियुक्तियां रद्द होने पर उन्होंने कहा, अलग-अलग विषय होते हैं जो संवैधानिक होते हैं. आयोग उन्हें नहीं हटा सकता, उनका कार्यकाल 5 साल का होता है. नई सरकार की मंशा है कि नए ढंग से काम शुरू किया जाए. आपकी सोच के साथ काम करने वाले व्यक्ति आपके साथ है तो बात आगे बढ़ती है और नहीं तो बात अटकती है. नई सरकार का सोचना है कि बात ना अटके.

कांग्रेस के पूर्व विधायकों के आरोप पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में अनेक नेता अनेक विषयों पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं. कोई गलत नहीं कह रहा सब सही है. विगत सरकार के कार्यकाल में हर चौराहों पर पैसे की खोज होती थी. इसका परिणाम आज देखने मिल रहा है।

# मोबाइल टेक्नोलॉजी के नकारात्मक पहलू को छोड़कर हमें सकारात्मक को अपनाना चाहिए : कुलपति शुक्ला

## तिवारी ने किया छात्राओं को बहुमुखी विकास की दिशा में आगे बढ़ने प्रेरित



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। आज हम भले ही मोबाइल टेक्नोलॉजी में जन्म लिए हैं लेकिन इसके नकारात्मक पहलू को छोड़कर हमें सकारात्मक को अपनाना चाहिए। उक्त बातें गुरुकुल महिला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव खेलकूद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ला ने कहीं। संचालिका समिति सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल ने बताया कि समिति नारी के उत्थान के लिए कार्य कर रही है जिसके लिए छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में शासी निकाय अध्यक्ष अजय तिवारी ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए बहुमुखी विकास की दिशा में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ला ने अपनी उद्बोधन में छात्राओं को भारतीय संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया साथ ही बताया कि हमारा सौभाग्य है कि हम मोबाइल टेक्नोलॉजी में जन्म लिए हैं परंतु इसके नकारात्मक पहलू को छोड़कर हमें इसके सकारात्मक को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर संचालिका समिति सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल आरण्के गुप्ता एवं श्री नरेश चंद गुप्ता भी उपस्थित थे। इस अवसर पर वर्ष 2023 .24 के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्रा कु नेहा गायकवाड सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक खुशबू वर्मा एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी त्रिवेणी सोनकर को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय द्वारा कु उजमा कौसर वाणिज्य विभागएकुण् जया शर्माए विज्ञान विभाग एवं कु शशि साहू कंप्यूटर विभाग की छात्राओं को मेरिट स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई।

# कथा श्रवण के लिए राजधानी पहुंचे भाईजी

## सोमवार से भरत चरित्र पर भाईजी का प्रवचन



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। श्रीरामकिंकर विचार मिशन द्वारा 18 दिसंबर, सोमवार से श्रीराम कथा का आयोजन महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑडोरियम भीमसेन भवन समता कॉलोनी में किया जा रहा है। कथा वाचक श्रीरामकिंकर महाराज जी के परम् शिष्य स्वामी मैथलीशरण महाराज (भाईजी) इस बार भरत चरित्र विषय पर प्रवचन देंगे। यह जानकारी श्रीरामकिंकर विचार मिशन के डा. नवनीत जैन और पुरुषोत्तम सिंघानिया ने विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि कथा प्रवचन के लिए स्वामी मैथलीशरण महाराज (भाईजी) का शनिवार की देर शाम रायपुर आगमन हुआ। श्रीरामकिंकर विचार मिशन परिवार के सदस्यों और महाराज श्री के शिष्यों ने उनका माना विमानतल पर आत्मीय स्वागत किया। इस बार राम कथा का विषय भरत चरित्र पर केंद्रित है जिस पर भाईजी अपनी सूक्ष्म व्याख्या 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक करेंगे। प्रवचन संध्या 6.30 बजे से 8.30 बजे तक होगा। इससे पूर्व भक्ति संगीत का कार्यक्रम कार्यक्रम होगा। वहीं दैनिक प्रार्थना तथा अभिषेक प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल पुरानी बस्ती में होगी।

# 51 कुण्ड गायत्री महायज्ञ में स्वाहा की ध्वनि के साथ पूरा यज्ञ पंडाल गूंजायमान

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर रायपुर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से दिनांक 15 से 18 दिसम्बर 2023 तक दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा रायपुर में आयोजित हो रहे 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दूसरे दिन शनिवार को हजारों लोगों ने यज्ञ कुंडों में प्रज्जवलित अग्नि में वैदिक मंत्रो के साथ शाकल्य की आहुतियां अर्पित की। इस महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिये सुबह से ही क्षेत्रवासियों का सैलाब उमड़ पड़ा एवं ज्योंही आहुतियों का क्रम प्रारंभ हुआ स्वाहा की पवित्र सामूहिक ध्वनि से सारा यज्ञ पंडाल गूंज उठा। गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, सूर्यदेव एवं नवग्रह मंत्रों की आहूतियों का क्रम तीनों पारियों में चला जिसकी पूर्णाहूति दोपहर एक बजे हुई।

कार्यक्रम संयोजक रामकृष्ण साहू एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि प्रात: 08:30 बजे हरिद्वार शांतिकुंज से आए टोली प्रमुख योगेश पटेल ने अपनी टोली के साथ देव मंच से गुरु वंदना, व्यास वंदना के बाद सभी देवी-देवताओं एवं ऋषि-महर्षियों का आह्वान करवाया। वेद मंत्रों के साथ यज्ञ प्रक्रिया को प्रारंभ करने के क्रम में सबसे पहले यज्ञ मंडप के सभी दिशाओं पूर्व, अग्नि, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान सहित आकाश एवं धरती तत्व में अक्षत अर्पित कर पूजन कराया गया। मंडप के चारों और स्थापित तत्व वेदियों एवं पंचतत्व का भी साधकों द्वारा जोड़े के साथ विधिविधान से पूजन करवाया गया। इसके पश्चात 33 कोटि देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए सप्तऋषियों में महर्षि गौतम, भारद्वाज, विश्वामित्र,



कश्यप, अगस्त्य, वशिष्ठ एवं अत्रि का आह्वान हुआ एवं साधकों से वेद मंत्रों के साथ इनकी पूजा-अर्चना करवाई गई। ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र एवं अन्य देवों के साथ ही नव ग्रहों को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। पूजा विधि संपन्न होने के बाद हवन कुण्डों पर बनाई गई पवित्र सफेद लाल और काली मेखलााओं का पूजन किया गया। हवन में समिधाओं के साथ जड़ी बूटियों से निर्मित शाकल्य को यज्ञ कुण्ड में अर्पित किया गया।

इसके बाद देव मंच से यज्ञ कुण्डों में अग्नि प्रज्वलित करने का आव्हान होते ही वेद मंत्रों के साथ आहूतियों का क्रम चला तो स्वाहा की पवित्र ध्वनी से संपूर्ण यज्ञ पंडाल गूंजायमान हो गया। इसी के साथ देव मंच से लगातार गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न प्रकार के संस्कारों के बारे में ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती रही। इससे पूर्व प्रात: 6 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग से महायज्ञ कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत हुई। यज्ञ स्थल में पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी द्वारा चलाये गये सप्तसूत्रीय आंदोलन - साधना, स्वाध्याय, शिक्षा, स्वावलंबन, पर्यावरण, नारी जागरण, व्यसन मुक्ति-कुरीति उन्मूलन पर विशाल प्रदर्शनी एवं आचार्य जी द्वारा रचित साहित्यों के विक्रय हेतु काउंटर का भी उद्घाटन किया गया। दोपहर 01 बजे भोजन प्रसाद दोपहर 2:30 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी प्रारंभ हुई। दोपहर 03 से 05:30 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा शाम 05:30 सक 07:30 बजे तक नारियों जागों स्वयं को पहचानों पर प्रवचन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

यज्ञशाला में मुख्य यजमान के रुप में पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, पार्षद व जोन अध्यक्ष श्रीमती निशा देवेन्द्र यादव, थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे, शरद दुबे, इन्द्राणी, एस.एन. राय, हिरालाल साहू, सी.पी. साहू, प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे।

## योग से ही होगा जीवन प्रबंधन : डॉ. हंसा जयदेव

**रायपुर,** 16 दिसंबर। योग एक इंसान को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, और आत्म-संयम के माध्यम से एक संतुलित और शांत जीवनशैली अपनाने में मदद करता है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए विकसित किया गया है जिसके लिए प्रतिदिन योगाभ्यास करना जरूरी है। यह कहना हैद योग इंस्टिट्यूट की निदेशक गुरु माँ डॉ हँसा जयदेव योगेन्द्र का, जो 16 दिसम्बर को एक दिन के रायपुर प्रवास के दौरान 300 से अधिक अनुयाइयों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि अपने कर्मों के प्रति, श्वास के प्रति, अपने विचारों और अपने शब्दों के प्रति सजगता रखना ही योग अभ्यास का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और यह अभ्यास आपको जीवन में उन्नति की ओर लेकर जाएगा।

## ओला ने दिसंबर टू रिमेंबर अभियान की घोषणा की

**रायपुर,** 16 दिसंबर। भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने मिशन में तेजी लाने के लिए अपने दिसंबर टू रिमेंबर अभियान की घोषणा की। इस अभियान में एकदम नया एस1 एक्स प्लस अब 20,000 रुपये के फ्लैट डिस्काउंट के साथ मिल सकेगा, जिसका मतलब एस वन एक्स प्लस की कीमत अब घटकर केवल 89,999 रुपये हो गई है। इस वजह से एस वन एक्स प्लस सबसे सस्ते 2 व्हीलर ईवी स्कूटरों में से एक बन गया है, जिसे अपनाना सबके लिए आसान हो गया है। देश भर में एस वन एक्स प्लस की डिलीवरी शुरू हो चुकी है और यह स्कूटर काफ़ी ज़्यादा माँग में है। एस वन एक्स प्लस किफायती दाम पर सबसे अच्छा प्रदर्शन, उन्नत तकनीकी सुविधाएँ और बेहतर सवारी गुणवत्ता देता है। यह बैटरी के साथ आता है और 151 किमी की प्रमाणित रेंज देता है।

# दो दिन पहले ही थाने से लेकर आया था पिस्टल को और पत्नी को मार दी गोली, गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 दिसंबर। डीडी नगर के गोल चौक के पास रहने वाले एलआईसी एजेंट सुभांकर नंदी को अपनी पत्नी को गोली मारकर फरारी के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शुभांकर को पत्नी काकोली के चरित्र पर शंका थी। उसे आने वाले फोन कॉल चेक करने पासवर्ड न बताने के गुस्से में उसने गोली मारी। सावित्री वर्मा ने थाना डी.डी नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सरोना रेलवे स्टेशन के पास संजय नगर में रहती है। जो शाम 05. 30 बजे बड़ी मां की लड़की काकोली नंदी ने उसे फोन कर बताया कि उसके पति शुभांकर नंदी से उसे गोली मार दिया है। और वह रोड में पड़ी है। जि वेस पर सावित्री वर्मा रोहणीपुरम स्थित काकोली नंदी के निवास पहुंची तो देखा की वह रोड़ में पड़ी थी एवं उसके सिरए हाथ के कलाई एवं भुजा में चोट के निशान थे एवं खून निकल रहा था। पूछताछ में काकोली नंदी ने बताया कि उसका पति शुभांकर नंदी उस पर शक करते हुए गाली गलौच कर आज तुझे जाने से खत्म कर दूंगा कहकर अपने पास रखें पिस्टल से हत्या करने की नियत से उस पर गोली चला दी। जिससे उसके दायें हाथ के कलाई एवं बाये भुजा पर चोट आयीए जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध धारा 307 भादविए एवं आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने पीडिता सहित आसपास के लोगों से पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी कर घटना के चंद घंटो के भीतर शुभाकर नंदी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में ष्प्रयुक्त 01 नग पिस्टल 04 नग जिंदा कारतूस एवं 02 नग कारतूस का खाली खोखा जप्त कर किया है। बताया जा रहा है कि जब पति पिस्टल लेकर पीछे गया तो पत्नी कीचन की ओर घुसी। उसके बाद वह घर से बाहर निकलकर जान बचाने सडक पर दौडने लगी। पीछे.पीछे गए शुभांकर ने उसे पकड़ा और उसे वहीं मारपीट शुरू कर दी। मायके वालों का आरोप है कि शुभांकर आए दिन उससे मारपीट करता है। बताया जा रहा है कि शुभाकर की पिस्टल लाइसेंसी है और उसने अपनी जान को खतरा बताकर खरीदा था। इसे 2019 में लोकसभा चुनाव के समय जमा कराया गया था। दो दिन पहले ही रिलीज करवाकर घर लाया।

## गनमेन ने मारी ठोकर युवक आर्म्स एक्ट गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 दिसंबर। राजधानी पुलिस की एक कार्रवाई को लेकर सैंया भए कोतवाल की कहावत चरितार्थ हो रही है। आईजी स्तर के अफसर के गनमैन के साथ वाहन टकराना बताकर 21 वर्षीय युवक को आर्म्स एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। राजतालाब निवासी बीकॉम ग्रेजुएट युवक पर आईजी का गनमेन बताकर ऐक्सीडेंट की जमानती धाराओं में मामला न दर्ज करके उसके पास से फर्जी तरीके से चाकू निकला बताकर आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। विवेचक द्वारा बताये गये प्रदेश के सरहदी संभाग के रेंज आईजी से संपर्क करने पर विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से 3 ड्राइवर और 3 गनमेन उनके रेंज से अभी तक छुट्टी नहीं जाना बताया। युवक की बाइक और मोबाइल देने के लिए 2500 रुपए विवेचक ने 25 सौ रूपए वसूले।

# कर्मचारी हितैषी सरकार आ गई : संयुक्त मोर्चा

## सरकारी कर्मियों ने की सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात



**रायपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के तीस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें शुभकामना एवम बधाई देते हुए चर्चा की। महासंघ के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि चर्चा की शुरुवात करते हुए अनिल शुक्ला ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार लाने में राज्य के कर्मचारियों एवम पेंशनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्रीअटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिन को सुशासन दिवस मनाते हुए प्रदेश के किसान भाइयों को मोदी की गारंटी के तहत पिछले दो साल का बोनस दिया जा रहा है इसी तरह यदि प्रदेश के कर्मचारियों पेंसेनरो को भी जुलाई 2023 से लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता का आदेश जारी हो जाए तो प्रदेश के कर्मचारियों को लगेगा की कर्मचारी हितेषी सरकार आ गई है और उनका सीना 56 इंच का हो जाएगा मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की हम जरूर विचार करेंगे । प्रतिनिधि मण्डल में महासंघ की ओर से अनिल शुक्ला, ओ पी शर्मा ,कमलेश राजपुत ,आलोक मिश्रा ,सुनील यादव ,मंत्रालय कर्मचारी संघ की ओर से महेंद्र सिंह राजपुत ,तीरथ लाल सेन, फेडरेशन की ओर से कमल वर्मा , बीपी शर्मा ,यशवंत वर्मा सतीश मिश्र ,राजेश चटर्जी आदि कर्मचारी नेता शामिल हुए ।

## हड़ताल तोड़ने टर्मिनेशन की धमकी

**रायपुर,** 16 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के 75 सौ ग्रामीण डाक सेवक अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बेमुद्दत हड़ताल पर हैं। ये सभी राजधानी के गंज उपडाक घर परिसर में धरना दे रहे हैं। उनके हडताल का आज चौथा दिन है। इस वजह से प्रदेश के 28 सौ ग्रामीण डाकघरों का कामकाज ठप्प हो गया। बताया जा रहा है कि हड़ताल तोड़ने को लेकर विभाग के अफसर इन कर्मचारियों के टर्मिनेशन का आदेश निकालने की धमकी दे रहे हैं। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के परिमंडल सचिव राजेश गुरुद्वान और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि चार्टर ऑफ डिमांड काफी पुराना है। आश्वासन पर पहले से ही हमारा केंद्र सरकार को सहयोगात्मक रवैया रहा है लेकिन अब नहीं चलेगा। खाली हाथ रिटायर होना मंजूर नहीं है। संघ की प्रमुख रूप से 7 मांगे हैं जिनमें 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ जोडकरए दूसरा कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू करना जैसे 12ए14ए36ए5 लाख ग्रेजुवेटी 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढ़ाना और नगदी भुगतान करना

## आज मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**राजिम,** 14 दिसंबर। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम द्वारा 17 दिसंबर दिन रविवार को 12 बजे दोपहर से पेंशनर्स भवन राजिम में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संत गोवर्धन शरण व्यास, महामंडलेश्वर सिरकट्टी आश्रम अतिथि के रुप में पधारकर अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स साथियों का, नये सदस्य बनने वालों का, व दिसंबर माह में जन्मतिथि वाले साथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नवापारा (राजिम), छुरा व गरियाबंद जिला के पदाधिकारियों व सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# आम लोगों से धन इकट्ठा करेगी कांग्रेस, कल से चलेगा अभियान

**रायपुर,** 16 दिसंबर। कांग्रेस ने 18 दिसंबर से डोनेट फॉर देश नाम से एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान शुरू कर रही है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक ्तिलक स्वराज फंडज् से प्रेरित है।



एआईसीसी से पीसीसी को भेजे पत्र में कहा कि पार्टी समर्थक, शुभचिंतकों को 138 रुपये या 1380 रुपये या 13,800 रुपये या उससे अधिक के गुणकों में दान करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो बेहतर भारत के लिए पार्टी की स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस ऑनलाइन क्राउडफंडिंग के लिए दो चैनल बनाए गए हैं। इस पत्र में महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि अभियान आधिकारिक तौर पर 18 दिसंबर को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष लॉन्च करेंगे। साथ ही डोनेट लिंक भी लाइव होगा।

अभियान मुख्य रूप से 28 दिसंबर, स्थापना दिवस तक ऑनलाइन रहेगा, जिसके बाद हम जमीनी अभियान शुरू करेंगे, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर दौरा करना, प्रत्येक बूथ में कम से कम दस घरों को लक्षित करना और प्रत्येक घर से कम से कम 138 रुपये का योगदान देना शामिल है।

**28 को नागपुर में रैली**

पार्टी 28 दिसंबर को स्थापना दिवस पर नागपुर में एक विशाल रैली करने जा रही है। 17 दिसंबर को हमारी नागपुर में एक विस्तृत बैठक है और इस मेगा इवेंट में कम से कम 10 लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे। पूरे भारत से नेता रैली का हिस्सा होंगे।

# विधि के छात्राओं ने दी लीगल, अवेयरनेस कैम्प व अन्य कानून संबंधी जानकारी




**रायपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय जे. योगानंदम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के विधि विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्राओं द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुण्डा की प्राचार्या श्रीमती सुनीता ठाकुर की मदद से विधि विभाग के छात्राओं ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूण्डा के विद्यार्थियों को लीगल अवेयरनेस कैम्प के संबंध मे अनेक जानकारी दी, जिसमे छात्राओं ने विद्यार्थियों को अनेक अपराधों, शिक्षा संबंध मे जानकारी व अधिकार सायबर अपराध के संबंध मे, ट्रैफिक नियम के बारे मे, पर्यावरण संबंधी जानकारी व हेल्प लाइन नम्बर एवं महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध व अन्य कानून से संबंधित जानकारी प्रदान की ।कार्यक्रम का संचालन छ.ग. महाविद्यालय के विधि विभाग के छात्राओं द्वारा किया गया उक्त लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम में छात्रा, कोमल वैष्णव, नेहा चौहान , त्रितिका, कामविसदार, प्रियंका बांधे , ईशिका सिंग , स्वाति ठाकुर , बेबी वर्मा , प्रिया मिश्रा व ज्योति फुन्डे शामिल थे।

## निधन

### समीर शर्मा



**महासमुंद,** 16 दिसंबर। स्थानीय गंजपारा निवासी 38 वर्षीय इंजी. समीर शर्मा ज्येष्ठ सुपुत्र स्वर्गीय शरद शर्मा, (तुमगांव वाले) का 16 दिसम्बर की शाम 6.45 को असामयिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार 17 दिसम्बर को प्रात: 10.00 बजे महासमुंद में होगा। वे डॉ. सागर शर्मा के बड़े भाई व शशि, सतीश, राजेश शर्मा के भतीजे थे।

### सोनबती साहू



**धमतरी,** 16 दिसम्बर। ग्राम चिटौद निवासी सोनबती साहू उम्र 95 वर्ष का 15 दिसम्बर को हो गया। वे ग्राम विकास समिति चिटौद के अध्यक्ष चोवाराम साहू, सुखर्चन साहू एवं मोहनलाल साहू की माता थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित होकर उन्हे श्रंद्धाजलि अर्पित किये है।

# गुरु घासीदास की शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा सबका मन



## राजधानी में जय-जय सतनाम का हुआ गूंजायमान

**रायपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। सतनाम धर्म के प्रणेता बाबा गुरु घासीदास की 267 वीं. जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को हजारों लोगों की उपस्थिति में सतनामी समाज के 'सात संतजन' सफेद धोती, सफेद कुर्ता व सिर पर सफेद कपड़ा बांधे हुए खुले पैर फूलों से सुसज्जित सात श्वेत ध्वज लेकर शोभायात्रा का आगाज किया।

सार्वजनिक शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष के.पी. खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि आमापारा स्थित पवित्र जैतखाम की पूजा अर्चना व मंगल आरती के साथ संध्या 04 बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई जहां 'जय- जय सतनाम' व '18 दिसंबर अमर रहे' की जयकारा लगाते हुए समाज के लोग श्वेत वस्त्र धारण कर सपरिवार शामिल हुए। शोभायात्रा का रास्ते में अनेकों राजनीतिक, धार्मिक व कर्मचारी संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने पुष्प वर्षा व मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया।

**आकर्षक झांकियों ने सबका मोहा मनः** गुरु घासीदास के बड़े-बड़े छायाचित्रों व जैतखाम के हुबहू मॉडल को वाहनों में फूलों व जगमग रोशनियों से सजाकर उसमें गुरु के संदेशों व अमृतवाणियों को अंकित किया गया था। उसी प्रकार अलग-अलग चलित झांकियां में गुरु घासीदास जी द्वारा छाता पहाड़ में तपस्या में लीन होना.. हाथी पर गुरु बालक दास को सवार होकर उपदेश देते दिखाना तथा पिरामिड बनाकर पंथी नृत्य की कला जैसे अनेको प्रसंगो को दिखाया गया था।

**पंथी धुन में जमकर थिरके युवाः** झूम-झूम के नाचोगा पंथी.. सन्ना मोर नन्ना.. सतनामी बघवा.. जैसे अनेकों पंथी गीतों में डीजे व धूमाल की धुनो पर.महिलाओं, युवतियों के साथ युवा व बच्चे जमकर नृत्यो की बौछार कर रहे थे।

**अखाड़ा दलों ने दिखाई कलाबाजियांः** ग्रामीण क्षेत्रो से आये हुए अखाड़ा दलों की टोलियों ने अपनी कलाबाजियों का शौर्य प्रदर्शन किया। उन्होंने आग के गोले छोड़ना, लाठियां भाजन, चक्र घूमाना जैसे अपने अनेकों हुनर दिखाये।

**धर्मगुरु ने किया अभिवादनः** भंडारपुरीधाम से पधारे युवराज गुरु सौरभ साहेब राजसी वेशभूषा में बग्गी पर सवार होकर सभी का अभिवादन करते हुए साथ चल रहे थे।

**सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियां हुई सम्मानितः** समापन स्थल गुरु घासीदास चौक (नगर घड़ी) में बनाये गये मंच पर 'सात श्वेत ध्वजवाहक संतों' की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियो को विशेष प्रतीक चिन्ह,साल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए एक स्वर में जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गुरु के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष के.पी. खण्डे, अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, डॉ.जे.आर. सोनी, सुंदर लाल लहरे, राजेंद्र भतपहरी, सुंदरलाल जोगी, एल.एल. कोसले, डी.एस.पात्रे, एस.के. सोनवानी, चेतन चंदेल, डॉ लक्ष्मण भारती, एम.डी. माहिलकर, जी. आर. बाघमारे, खेदु बंजारे, अरुण मंडल, आर.के.पाटले, प्रकाश बंदे, पं अंजोर दास बंजारे ,उतित भारद्वाज, कृपाराम चतुर्वेदी, लाला पुरेना, टिकेंद्र बघेल, अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, मनीष कोसरिया, नंदू मारकंडे, घासीदास कोसले, बाबा डहरिया, मानसिंह गिलहरे,कमल कुर्रे, विनोद भारती, श्याम जी टांडे ,रघुनाथ भारद्वाज, संत सारंग, सी.एल. रात्रे, जयबहादुर बंजारे, डॉ. अनिल भतपहरी, देव दीवान कुर्रे, नोहर घृतलहरे, कृष्णा बरमाल, डा. हीरामन बंजारे, आसाराम लहरे महिलाओं में चंपादेवी गेंदले, उमा भतपहरी, गिरिजा पाटले, अंजली बरमाल, सुशीला सोनवानी, अमरौतिन भतपहरी, इदूं डहरिया, सुनीता देशलहरे, अनीता भतपहरी, डॉ. दुर्गा गेंदले, ममता कुर्रे, संगीता बालकिशोर, अर्चना कुर्रे, कीर्तन कुर्रे लक्ष्मी लहरे, मोनू बेरवंश सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# मनोविज्ञान-फारेंसिक साइंस से आसानी से सुलझ सकते हैं आपराधिक मामले



## एम्स में जुटे मेडिकल एक्सपर्ट बोले

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में मेडिकोलीगल एक्सपर्ट दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन एफएमटीएमपीसीजी कान.6 का आयोजन किया गया। पहले दिन फारेंसिक मेडिसिन और टाक्सिकोलाजी के विशेषज्ञों ने फारेंसिक साइंस के क्षेत्र में आ रहे बदलावों और चुनौतियों पर विचार.विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामलों को मनोविज्ञान और फारेंसिक साइंस की मदद से ज्यादा आसानी के साथ सुलझाया जा सकता है। एम्स के एफएमटी विभाग के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में देशभर के प्रमुख फारेंसिक साइंस विशेषज्ञ शामिल हुए हैं। इसमें क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में मनोविज्ञान की भूमिका पोस्टमार्टम में माइक्रोबायोलाजी की मदद से विश्लेषण नवीन रेडियोलाजी तकनीक अंग प्रत्यारोपण के नीतिगत और विधिक पक्ष हिमोरेजिक और पाइजनिंग से होने वाली मृत्यु की जांच में फारेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका के बारे में बताया गया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से फारेंसिक विशेषज्ञ डा राघवेंद्र विद्वा और डा एसआर गर्ग शामिल हुए। एम्स में एफएमटी विभागाध्यक्ष डा कृष्णदत्त चावली ने बताया कि मेडिकोलीगल के विभिन्न मुद्दों के बारे में चिकित्सा विशेषज्ञों में जागरूकता बढ़ाने और मेडिकोलीगल प्रेक्टिशनर्स को नवीनतम तकनीक और तथ्यों के बारे में जानकारी देने के लिए कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को केस बेस्ड प्रजेंटेशन और पोस्टमार्टम के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया जाएगा। कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में अधिष्ठाता अनुसंधान प्रो सरिता अग्रवाल, डा दीपक डिसूजा डाण् स्वप्निल आघाड़े डा पंकज घोरमडे आदि मौजूद थे।

# 5 किलो गांजा के साथ 2 गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। नारकोटिक्स सेल की टीम ने हीरापुर में गांजा बेचते 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 किलो गांजा बरामद हुआ है। कबीर नगर थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दरअसल एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत हीरापुर स्थित वीर सावरकर नगर में दो व्यक्ति अपने पास थैले में गांजा रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर व्यक्तियों को चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम विजय सिन्हा एवं गुरप्रीत सिंह निवासी हीरापुर कबीर नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी विजय सिन्हा एवं गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 05 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 50,000 रूपये जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# पति की हत्या, पत्नी को उम्रकैद की सजा



## सिर पर सील पत्थर से वार कर उतार दिया था मौत के घाट

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। डेढ़ साल पहले राजधानी रायपुर के उरला क्षेत्र के सरोरा में घरेलू विवाद से परेशान होकर पति के सिर पर सील पत्थर से वार कर हत्या करने वाली पत्नी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मनोज वर्मा ने बताया कि एकता चौक सरोरा में किसुन साहू के मकान में किराए पर रहकर रोजी.मजदूरी करने वाले मूलतः मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले के बिलाईखार बजाज निवासी उमेश धुर्वे 28 वर्ष और उसकी पत्नी इंग्लेश्वरी धुर्वे 25वर्ष के बीच अक्सर विवाद होता था। 17 अप्रैल 2022 की रात पति.पत्नी के बीच विवाद हुआ। आवाज सुनकर मकान मालिक ने दोनों को समझा.बुझाकर शांत कराया था। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी प्रदीप धुर्वे उठा तो उसने उमेश के कमरे का दरवाजा बंद पाया। शंका होने पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो अधमरे हालत में पड़े उमेश के मुंह में उसकी पत्नी इंग्लेश्वरी पानी डाल रही थी। इस बीच प्रदीप को देखकर इंग्लेश्वरी ने दरवाजा खोला। उसने देखा कि उमेश के कान से खून निकल रहा है। इसके बाद किसुन साहू को बुलाकर घटना की जानकारी दी। किसुन ने उमेश का नाड़ी छूकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। वार्ड पार्षद धनेश जोगी के माध्यम से पुलिस को इस हत्या की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद पत्नी इंग्लेश्वरी धुर्वे को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने रात में विवाद के दौरान पति के चेहरे और कनपटी में सील पत्थर से वार कर हत्या करना कबूल कर लिया। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्जकर आरोप पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी के समक्ष पेश किया। न्यायाधीश ने पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर पति उमेश धुर्वे की हत्या के दोषी करार देते हुए पत्नी इंग्लेश्वरी धुर्वे को धारा 302 के अंतर्गत उम्रकैद और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# जंगल सफारी में 17 हिरणों की मौत, जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई



## बैक्ट्रीरिया से मौत की जताई थी आशंका

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जंगल सफारी में पिछले माह पांच दिनों में अचानक 17 हिरणों की मौत हो गई थी जिसकी जांच रिपोर्ट अब नहीं आई है। जबकि वन अमला ने मौतों का कारण जानने के लिए बरेली के लैब में विसरा भेजा था। रिपोर्ट 15 दिन के अंदर में आ जानी थी लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। बताया जाता है कि जांच रिपोर्ट आने में 10 से 12 दिन और लग सकता है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। जंगल सफारी के डिप्टी डायरेक्टर हेमचंद पहारे ने 25 से 29 नवंबर के बीच 17 चौसिंगा ;हिरणद्ध की मौत की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को पांच, 26 नवंबर को तीन और 27 नवंबर को पांच, 28 को दो, 29 को दो कुल 17 चौसिंगा की मौत हुई है। इधर पीसीसीएफको भेजे गए जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि नंदनवन जूए जंगल सफारी के जू क्षेत्र के चौसिंगा बाड़े में 25 नवंबर की सुबह 5.30 बजे चौसिंगा की निगरानी के दौरान पता चला कि इनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

**मिनटों में हुई मौत**

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पांच दिनों में 17 हिरणों की मौत मिनटों में हुई है। इस कारण बचाने में दिक्कत हुई। मौत के पहले अचानक हांफने के बाद मुंह से झाग निकला और मौत हो गई। बताया जाता है कि मरने के पहले तक सभी पूरी तरह से स्वस्थ्य थे। ऐसा होने के बाद किसी को बचाने का कोई मौका नहीं मिला।

**मिट्टी से बैक्टीरिया फैलने से हुई मौत**

शुरूआत जांच में बताया जाता है कि हिरणों की मौत मिट्टी में बैक्ट्रीरिया फैलने से हुई है। क्योंकि घास उगाने के लिए कुछ दिन पहले ही बाड़े में बाहर से आकर मिट्टी डाली गई थी। उसी से बैक्ट्रीरिया फैलने की आशंका है। फिलहाल बाड़े को खाली कर दिया है।

# डेढ़ लाख की हेरोइन के साथ 4 गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर की नारकोटिक्स सेल ने डेढ़ लाख की हेरोईन के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफकबीर नगर थाना में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत हीरापुर स्थित यदुवंशी चौक पास कुछ व्यक्ति अपने पास हेरोईन ;चिट्टा रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए 04 व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सेवा सिंहए उमेश यदु हरप्रीत सिंह एवं शुभम मिलन निवासी हीरापुर कबीर नगर रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन ;चिट्टा रखा होना पाया गया। जिस पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन ;चिट्टाद्ध कीमती लगभग 1,50,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 22;क नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पंजाब से हेरोईन चिट्टा लाई है।

# वन विभाग में क्रबिस्तान के चौकीदार भी काम कर रहे थे

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। सरकार बदलते ही पिछली सरकार के विभागों में खजाने के दुरूपयोग की पोल खुलने लगी है। विभागों के अफसर मंत्रियों को विश्वास में लेकर या उनके कहे अनुसार सरकारी धन के लिए कई तरह की अघोषित योजनाएं और काम करते रहे हैं। बस यही लाभ था कि बिना मतलब के कुछ बेरोजगार युवकों को महीना 9.10 हजार रूपए मिल जाते रहे। इसमें यह भी शंका जताई जा रही है कि कम लोगों को काम में लेकर अधिक का पे. बिल बनाकर राशि खजाने से निकाली जाती रही होगी। हमें वन विभाग में होते रहे ऐसे ही फर्जीवाड़े की जानकारी मिली है। सूत्रों ने बताया कि वन विभाग ने तो अब तक सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। जंगल विहीन अकेले रायपुर वन मंडल में बैक डोर से 750 दैनिक वेतन भोगी की भर्ती कर दी गई। इसमे रायपुर के वन अधिकारियों खुल कर साथ दिया। चौकीदार, ड्रायवरए बाब, कंप्यूटर ऑपरेटर केपद पर काम दिलाया।। हद तो यह भी रही कि मुस्लिम कब्रिस्तान में पौधरोपण और देख रेख के लिए वन विभाग ने चौकीदार भी नियुक्त किये। तो कुछ आईएएसए आ एफएस अफसरों के यहां डॉग केयर टेकर चिल्ड्रेन केयर टेकर घरेलू नौकर भी रखे गए। एक तरह से वन विभाग रोजगार कार्यलय बना हुआ था। इनमे से अधिकांश दैनिक वेतन भोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओंए नेताओं के भाई.भतीजे बच्चे शामिल थे। इनसे विभाग को हर माह करोड़ो की राशि फिजूल में खर्च करना पड़ा। प्रति माह अनुमानित राशि 7 करोड़ अकेले रायपुर वनमंडल को वहन करना पड़ता। जबकि वृक्षरोपण के लिये सरकार के पास बजट नहीं है अपने आप में सवालिया निशान उठाता है। शहर को हरा भरा बनने के बदले वन विभाग दैनिक वेतन कर्मचारियों में उलझा हुआ है।

# आइटी छापेमारी में अनाज-कोल्ड स्टोरेज कारोबारियों-ब्रोकर के ठिकानों से पांच करोड़ जब्त, 12 लाकर मिले




**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की आयकर टीम द्वारा संयुक्त रूप से कोल्ड स्टोरेज, अनाज कारोबारी और ब्रोकर के ठिकानों पर की जा रही जांच में दूसरे दिन पांच करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन कारोबारी समूहों के पास 12 लाकर भी मिले हैं। आयकर अफसरों द्वारा इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। दूसरे दिन भी सभी 50 ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई जारी रही। गुरुवार दोपहर से यह कार्रवाई चल रही है। इन कारोबारियों द्वारा कम से कम रिटर्न जमा कर टैक्स चोरी की जा रही थी और काफी समय से आयकर की नजर इन कारोबारी समूहों पर थी। आयकर की इस कार्रवाई में करीब 350 आयकर अफसर और 200 सीआरपीएफ जवान शामिल हैं।

**इन ठिकानों पर चल रही कार्रवाईः** आयकर सूत्रों के अनुसार राजेश्वरी के अलावा बालाजी, मां शारदा, मानवी कोल्ड स्टोरेज में छापे की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही बालकिशन माहावार ब्रोकर, सूरज पल्सेस भनपुरी के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी है। छापे की इस कार्रवाई में रायपुर की टीम के अलावा इंदौर, जबलपुर और भोपाल के अफसर भी शामिल हैं।

**बड़े पैमाने में हो रहा था कच्चे में कामः** इन कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने में कच्चे में लेन.देन हो रहा था। इसकी जांच की जा रही है। इसके साथ ही कारोबारियों के लैपटापए कंप्यूटर तथा आय.व्यय का लेखा जोखा अपने कब्जे में लेकर कारोबारियों द्वारा पिछले तीन साल की लेनदेन की डिटेल भी जांची जा रही है।

**11 वर्ष पहले भी हुई थी कार्रवाईः** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेरला के सुराना परिवार का गुड़ का भंडारण का स्टोरेज है। साथ ही राधा मोहन कांप्लेक्सए लालगंगा मिडोस में सूरज पल्सेस वालों के आफिस और सिलतरा में कोल्ड स्टोरेज है। आयकर सूत्रों के अनुसार वर्ष 2011.12 में भी इनके यहां सर्वे हुआ था और करोड़ों की अघोषित नकदी संपत्तिए जेवरा जब्त किए गए।

**भंडारण कर दोगुने-तीगुने दाम पर बेचते थे :** आयकर सूत्रों के अनुसार सुराना परिवार के साथ ही गोयल पल्सेस भी कार्रवाई की जा रही है। समता आर्किड चौबे कालोनी में आफिस घर और गोंदवारा में फैक्ट्री है।आयकर अफसरों को कारोबारी समूहों के ठिकानों से नकदी भी मिली है। बताया जा रहा है कि कारोबारियों द्वारा डिफाल्टर बनकर कारोबार किया जाता था। ये लोग सीजन में 90 फीसद तक दाल का भंडारण करने के बाद बारिश के दिनों में दोगुने.तीगुने दामों में बेचते थे।

# पूरक परीक्षाओं का परिणाम जारी

## बीए प्रथम वर्ष में 55 और बीसीए प्रथम वर्ष में 65 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से बीएए बीएससी पूरक परीक्षाओं के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। जारी नतीजों के अनुसार बीएए क्लासिक;प्राच्य संस्कृत प्रथम वर्ष में एक भी छात्र उत्तीर्ण नहीं हुए हैं। पूरक परीक्षा में पांच छात्र शामिल हुए जिसमें चार पूरक और अनुत्तीर्ण रहा। बीएए क्लासिक;प्राच्य संस्कृत द्वितीय वर्ष में भी पांच छात्रों ने पूरक परीक्षा दी थीए जिसमें तीन छात्र उत्तीर्ण और दो छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है।बीएए क्लासिक प्राच्य संस्कृत तृतीय वर्ष के दो छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें एक उत्तीर्ण और एक छात्र पूरक है। वहीं बीएससी प्रथम वर्ष में 2,372 परीक्षार्थी पूरक परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 1,539 पास, 185 फेल और 648 छात्र पूरक आए हैं। परीक्षा में 64.88 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। बीए प्रथम वर्ष में 6,603 छात्रों ने परीक्षा दी। 3,620 पास, 447 फेल और 2,534 छात्र पूरक है। दो छात्रों के परीक्षा परिणाम रोका गया है। पूरक परीक्षा बीए प्रथम वर्ष में 54.82 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए है। बीए द्वितीय वर्ष में 7,475 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 4,410 पास, 520 फेल और 2,542 पूरक है। तीन छात्रों का परीक्षा परिणाम को रोक दिया गया है। बीए द्वितीय वर्ष में 59 प्रतिशत छात्र पूरक परीक्षा में सफल हुए। परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्र परीक्षा परिणाम जारी होने के 15 दिन के अंदर पुनर्मूल्यांकनए पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकते हैं।समय बीत जाने के बाद आवेदन मान्य नहीं होगा। परीक्षा परिणाम देखने के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

**दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक पात्रता मिलने से बढ़े छात्रः** विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षा में इस वर्ष अलग.अलग विषयों को मिलाकर लगभग 35 हजार छात्र शामिल हुए है। पूरक पात्रता नियम में परिवर्तन होने के कारण पूरक छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अभी तक एक विषय में फेल छात्र को ही पूरक माना जाता थाए लेकिन इस वर्ष पूरक पात्रता संबंधित नियमों में फेरबदल कर दो विषयों में फेल छात्र को भी पूरक परीक्षा की पात्रता दी गई थी। दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक देने का नियम सिर्फइस वर्ष के लिए था। अगले वर्ष से एक ही विषय में फेल छात्र को पूरक माना जाएगा।

# शराब माफिया अपने सहयोगी के साथ गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का गोरखधंधा करने वाले शराब माफिया को आरंग पुलिस ने 96 पौवा अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है शराब माफिया संतोष यादव के साथ उसके साथी युवराज रात्रे को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया आरंग थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस महासमुंद तिराहा के पास घेराबंदी की थी इस दौरान महासमुंद की ओर से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी लीण् तलाशी में मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति ने पीले रंग की बोरी में 96 पौवा अवैध देशी शराब रखा हुआ था पकड़े गए आरोपियों में शास्त्री नगर अकोली रोड निवासी संतोष यादव पिता स्व.चैतराम यादव और ग्राम बेमचा जिला महासमुंद निवासी युवराज रात्रे शामिल है आरोपी संतोष यादव क्षेत्र का शराब माफिया हैण् आरंग पुलिस ने लंबे समय से रेकी करने के बाद शराब माफिया संतोष यादव को गिरफ्तार किया है संतोष यादव ही महासमुंद से अवैध शराब लाकर आरंग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब की सप्लाई करता है पूर्व में भी शराब माफिया संतोष यादव जेल जा चुका है उसके बाद भी इसके हौसले बुलंद था और सुधरने का नाम नहीं ले रहा था आरंग पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34;2 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## केन्द्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प





**दुर्ग**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में शुभारंभ सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद श्री बघेल ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की प्रचार-प्रसार वेन को हरी झण्डी दिखायी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव भी सम्मिलित हुए। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में प्रधानमंत्री की परिकल्पना को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत की अखण्डता और विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं को इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। सांसद श्री बघेल ने लोगों का आव्हान किया कि विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर वे लाभान्वित होने आगे आये। कार्यक्रम के अध्यक्ष विधायक श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को देश एवं प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने का यह केन्द्र सरकार का अभिनव पहल है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभान्वित होने लोगों से अपील की। सांसद श्री बघेल और विधायक श्री यादव ने कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर लाभान्वित हितग्राहियों से रू-ब-रू चर्चा भी का। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संदेश दिए। विधायक श्री यादव ने अपने करकमलों से उज्जवला गैस योजना एवं अन्य योजनाओं के चयनित हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को यात्रा की सफलता के लिए संकल्प भी दिलायी गई। इस अवसर पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक आर.जी.गर्ग, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं अन्य विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड दुर्ग के ग्राम चिखली एवं महमरा, धमधा विकासखण्ड के ग्राम पेण्ड्रावन और पाटन विकासखण्ड के ग्राम औंधी से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। दुर्ग नगरीय क्षेत्र में 17 दिसम्बर को पुलगांव बस्ती सामुदायिक भवन और कातुलबोर्ड चौक शासकीय स्कूल, 18 दिसम्बर को शक्ति नगर तालाब के पास और चन्द्रशेखर स्कूल नया पारा, 19 दिसम्बर को गोवर्धन चौक स्कूल उरला और बॉसपारा दुर्गा मंच के पास, 20 दिसम्बर को दशहरा मैदान पोटियाकला और बैगापारा मिनी स्टेडियम के पास तथा 21 दिसम्बर को गंजमंडी मैदान और मठपारा कबड्डी मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

# विशेष ग्राम सभा की बैठक 19 को

**दुर्ग**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर से 31 मार्च तक अभियान के दौरान जिला पंचायत/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत में क्रमश: सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर को सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विशेष ग्राम सभा में कई कार्यसूचियां सम्मिलित है। जिसके अंतर्गत जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर संकल्प लिया जाकर वाइब्रैंट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य है। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाना है। इसके अलावा ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त कार्यसूची के रूप में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत भी कई बिन्दु सम्मिलित है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत में आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत/जिला पंचायत को प्रेषण करना, ओ.डी.एफ प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करने की घोषणा।

सभी जनपद सी.ईओ. को जनपद स्तर के ग्राम पंचायतों में 19 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किये जाने हेतु आयोजित ग्राम सभा में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन जिला पंचायत को उपलब्ध कराना होगा।

# पीएम आवास योजना से नीतू का सपना साकार

**दुर्ग**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम दुर्ग के गया नगर वार्ड क्रं. 4 की नीतू ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वित होते ही उन्होंने सर्वे में अपना नाम जुड़वाया और हितग्राही द्वारा आवास निर्माण के तहत् उन्होंने मात्र 8 माह में अपने पक्के घर का निर्माण कर लिया। कुल 29.00 वर्ग मीटर स्वीकृत



कॉरपेट क्षेत्रफल में उन्होंने अपना पक्का घर बनाया है। प्रथम तल निर्मित इस घर हेतु इन्हें 04 किश्तों में 2.24 लाख राशि का अनुदान आधार लिंक्ड बैंक खाते में दिया गया। उनके एवं उनके परिवार की वर्षों की आस पूरी हो गई। योजना से प्राप्त अनुदान के अतिरिक्त स्वयं की राशि लगाते हुए उन्होंने सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण किया तथा आज अच्छे से जीवन निर्वहन कर रही हैं।

# प्राचार्य की सहमति के बिना स्थानांतरण आत्मानंद स्कूल में करने का आदेश हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**दुर्ग**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। युगलपीठ का निर्णय बिना सहमति के आत्मानंद स्कूल में स्थान्तरित नहीं किया जा सकता। प्राचार्य का स्थानांतरण निरस्त उच्च न्यायालय की युगलपीठ ने प्राचार्य की सहमति के बिना उसे आत्मानंद स्कूल में स्थानांतरित करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। याचिकाकर्ता सोमेश्वर लिखरे शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल देवादा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत है। उन्हें दिनांक 1.11.2023 को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवादा जिला दुर्ग में स्थानांतरित कर दिया। जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी। मामला एकल पीठ से निरस्त होने के बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव के माध्यम से रिट अपील पेश कर बताया कि स्थान्तरित स्कूल शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल देवादा का उन्नयन आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में हो चुका है और आत्मानंद स्कूल को कलेक्टर की अध्यक्षता वाली सोसाइटी संचालित करती है और वहां पर केवल प्रतिनियुक्ति या संविदा में ही नियुक्ति हो सकती है। प्रतिनियुक्ति के लिये कर्मचारियों की सहमति आवश्यक है याचिकाकर्ता ने उक्त स्कूल में जाने के लिये असहमति लिखित में दी है। प्रकरण की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवीन्द्र अग्रवाल की बेंच में हुई। उन्होंने शासन के जवाब के आधार पर पाया कि शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल देवादा जहां याचिकाकर्ता का स्थानांतरण किया है वह अब आत्मानंद स्कूल है वहां प्राचार्य का पद प्रतिनियुक्ति का है जिसके लिये शासन की नीति के अनुसार संबंधित कर्मचारी ही सहमती जरूरी है। अत: बिना याचिकाकर्ता की सहमति के किया स्थानांतरण गलत है और इस कारण याचिकाकर्ता का स्थानांतरण जो निरस्त किया जाता है।

# महिलाओं के संरक्षण व अधिकार पर कार्यशाला




**दुर्ग**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग एवं महिला उत्पीड़न शिकायत एवं निवारण समिति के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डा. मीनाक्षी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के "संरक्षण एवं अधिकार" के लिए नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 के अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा से निपटने हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में महिला बाल विकास अधिकारी प्रीतिबाला शर्मा, चंद्रप्रकाश पटेल एवं चन्द्रप्रभा पटेल उपस्थित रहें।

इस अवसर पर गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से महाविद्यालयीन छात्राओं के लाभ के लिए किया जा रहा है। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता प्रीतिबाला शर्मा ने बताया कि पीड़ित महिलाओं के सहायता हेतु "सखी" वन स्टॉप योजना, महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 181 उपलब्ध करायी गयी है। जिसका लाभ महिलाओं को उठाना चाहिए। चन्द्रप्रकाश पटेल ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, टोनही प्रताड़ना निवारण के कानून, घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी सविस्तार दी। चन्द्रप्रभा पटेल ने महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड लाइन एवं पास्को एक्ट 2012 के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में गृहविज्ञान की प्राध्यापिकाऐं, महिला उत्पीड़न समिति की संयोजक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल एवं छात्राऐं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। आभार प्रदर्शन कु, तब्बसुम अली ने किया।

# सात दिवसीय जुम्बा कार्यशाला प्रारंभ



**दुर्ग,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ.वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीडाविभाग के तत्वाधान में सात दिवसीय जुम्बा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय की क्रीडाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि फीट इण्डिया मूव्हमेन्ट के अंतर्गत विद्यार्थियों को चुस्त-दुरूस्त रखने तथा व्यायाम के माध्यम से निरोग रहने के गुर सिखाये जा रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं को इस कार्यशाला के माध्यम से व्यायाम एवं योग को सीखने का अच्छा अवसर मिला है, जिसका वे लाभ उठायें।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में बी.आई.टी. भिलाई के क्रीडाधिकारी कुणाल राव ने विद्यार्थियों को वार्मअप, कुलडाउन का महत्व बताया तथा स्ट्रेचिंग के अभ्यास की जानकारी दी। उनके द्वारा विभिन्न अभ्यास को संगीत के माध्यम से कराया गया जिसे छात्राओं ने उत्साह से सीखा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में योग प्रशिक्षिका मालती साहू ने विभिन्न आसन के माध्यम से छात्राओं को स्फूर्त रहने के तरीके बताये।

कार्यक्रम में क्रीडा समिति की प्रभारी डॉ. सुषमा यादव तथा विमल यादव, विजय चन्द्राकर, ओम ध्रुव एवं विनोद ठाकुर का सक्रिय योगदान रहा। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भागीदारी की है।

# स्वर्णिम विजय दिवस पर 1971 के वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजली

**बेमेतरा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। आज स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में सभी छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग कार्यक्रम में भाग लेकर भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों को अपनी हार्दिक श्रद्धांजली देते हुए 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रुप में मनाया। बच्चों ने भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नाटक द्वारा प्रस्तुत किया तथा सभी प्रतिभागी पूर्वसैनिकों एवं शहीद सैनिकों के साहस व बलिदान को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए, राष्ट्रभावना को जगाने की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन में प्राचार्या श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने बच्चों को गहन प्रतिबद्धता, सच्चे प्यार और देश भक्ति प्रदर्शित करने के लिए सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं दी।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला

**बेमेतरा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला बेमेतरा में कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा की उपस्थिति मे बजाज आलियांज कंपनी द्वारा एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन भारत रत्न पैलेस बेमेतरा में आयोजित किया गया। बजाज कंपनी के अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत राष्टीय पोर्टल पर बैंकों के द्वारा फसल बीमा की एण्ट्री एवं प्रीमियम भुगतान संबंधित विस्तृत जानकारी बीमा कंपनियों के अधिकारियों के द्वारा दी गई। सभी बैंकर्स को समय-सीमा पर अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। रबी वर्ष 2023-24 में फसल बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथी 31 दिसम्बर



निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि द्वारा प्राकृतिक आपदा के समय कृषकों को बीमा क्लेम का लाभ पहुँचाने हेतु टोल फ्री नंबर 18002095959 पर कॉल कर 72 घण्टे के भीतर कृषकों के द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भव्य कलश यात्रा, आज शिवपुराण व गायत्री महायज्ञ

**दुर्ग,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शिव महापुराण एवं गायत्री महायज्ञ का आज से भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

कलश यात्रा गायत्री ज्ञान मंदिर से ग्राम कुथरेल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, नहर पारा, यात्री प्रतिक्षालय होते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण कर मां शीतला तालाब से



जल लेकर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर कथावाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दनि द्वारा देव पूजन कलश स्थापना मंगलाचरण का कार्यक्रम किया गया।

दूसरे दिन आज रविवार से प्रात: पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दोपहर 1 बजे से दिव्य शिव पुराण कथा का आयोजन होगा।

# श्याम बाबा के भक्तों ने निकाली निशान यात्रा




**दुर्ग,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। दुर्ग में पहली बार निकली प्रदेश की सबसे बड़ी निशान यात्रा इसमें सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने उठाया निशान। निशान यात्रा श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर गंजपारा से कादम्बरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर तक निकाली गई। निशान यात्रा के पहले दुर्गा मंदिर में बाबा श्याम की ज्योत ली गयी एवं पूजा अर्चना करके श्याम बाबा की महाआरती की गयीए तथा पुष्पांजलि कराई गयी।

आयोजन समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की। लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। श्री श्याम मंदिर में निशान चढ़ाते हुए भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किए। धर्मप्रेमियों की निशान यात्रा को देखने एवं फूलों की वर्षा करने अलग अलग स्थानों में धर्मप्रेमी जमा हुए।

इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। साथ ही श्री श्याम जी की आकर्षक झांकी भी निशान यात्रा में निकाली गई। पद यात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह रही है कि श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक हैए जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था। जिन्हें प्रसन्ना करने निशान छोटे से बड़े मुख्यत केसरी नीला ए सफेद एलाल या पीले रंग का झंडा निशानों पर श्याम बाबा और कृष्ण भगवान के जयकारे और दर्शन के फोटो लगाते है। वही कुछ निशानों पर नारियल और मोरपंख भी लगाया जाता है।

निशान यात्रा में पूर्व मंत्री अरुण वोरा, विधायक गजेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, निशान यात्रा आयोजक रामफल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, एवं अशोक राठी, आशुतोष सिंह, देवनारायण चंद्राकर, नवल अग्रवाल, महेश टावरी, नारायण खेतान, योगेन्द्र शर्मा बंटी, प्रीति राजगढ़िया, सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल, राहुल शर्मा, लक्की अग्रवाल, आशीष सोनी, राजेश शर्मा, मनीष सेन, नितिन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, शिशु शुक्ला, सुजल शर्मा, दिनेश शर्मा, किरण शर्मा, किरण सेन, ममता टावरी, मनीषा राठी, सतबीर शर्मा, मनोज गुप्ता, ईशान शर्मा, सुरेश अग्रवाल, आशीष सेक्सरिया, प्रकाश कश्यप, अर्जित शुक्ला, ललित शर्मा, गोविंद गुप्ता, रितेश सेन, राजेश शर्मा, प्रकाश टावरी, सोनल सेन, मोहित पुरोहित, रिषी गुप्ता, चिंटू शर्मा, प्रतीक अग्रवाल एवं हजारों श्याम प्रेमी उपस्थित हुए।

# बीएमएस पदाधिकारियों के साथ सांसद की भेंट

## सांसद ने फोन पर दी डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान को सिस्टम रोकने का निर्देश

**भिलाईनगर,** 16 दिसंबर(देशबन्धु)। फेस आईडी सिस्टम की फोटोग्राफी ना रुकने पर आक्रोशित कर्मचारीयों एवं सदस्यों के साथ बीएमएस पदाधिकारी सांसद निवास सेक्टर-5 पहुंचकर उन्हें अपनी समस्या के बारे में बताया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा संयंत्र कर्मचारियों के हाजिरी व्यवस्था हेतु नए नियम फेस आईडी सिस्टम के द्वारा लागू करने की योजना के तहत प्रथम चरण में बिल्डिंग नंबर दो एवं ब्लास्ट फर्नेस विभाग मे नियमित एवं ठेका कर्मचारियों का फोटोग्राफी चालू किया गया है। भिलाई इस्पात मजदूर संघ द्वारा इस सिस्टम को लागू करने की जानकारी मिलने पर पहले ही मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर से मिलकर फेस आईडी सिस्टम न लागू करने की मांग कर चुके हैं तथा सांसद विजय बघेल ने भी प्रबंधन को फोन कर कोई नया सिस्टम चालू न करने हेतु कहा था परंतु भिलाई इस्पात प्रबंधन बिना मान्यता प्राप्त यूनियन के सहमति के एक तरफा निर्णय लेते हुए संयंत्र में फोटोग्राफी चालू कर दिए। जिसकी जानकारी मिलते ही भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यपालक निदेशक



कार्मिक एवं प्रशासन से मिलकर फोटोग्राफी बंद कर पहले कर्मचारियों के विषयों पर निराकरण करने हेतु कहा लेकिन इसके बाद भी फोटोग्राफी सिस्टम चालू रहा जिससे कर्मचारी एवं यूनियन के सदस्यों में अत्यधिक आक्रोश बढ़ गया और आज शनिवार सुबह 9 बजे यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य श्रमिकों के साथ सैकड़ो की संख्या में सांसद निवास सेक्टर-5 पहुंचकर इस मामले में हस्तक्षेप कर फोटोग्राफी सिस्टम रुकवाने हेतु कहा जिस पर सांसद ने त्वरित कार्यवाही करते हुए डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दास गुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार को फोन कर फेस आईडी सिस्टम पर तत्काल रोक लगाने हेतु कहा तथा कर्मचारियों के विषयों पर मान्यता प्राप्त यूनियन से चर्चा कर उनका समाधान करने की दिशा में कार्य करने हेतु बोले सांसद की त्वरित कार्यवाही पर यूनियन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया यूनियन से कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, महामंत्री चन्ना केशवलू, उपाध्यक्ष शारदा प्रसाद गुप्ता, आईपी मिश्रा, डिल्ली राव, मृगेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र चौहान, जगजीत सिंह, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, उमेश मिश्रा, अनिल गजभिए, जोगेंद्र कुमार, गौरव कुमार, सचिव सुदीप सेनगुप्ता, संतोष सिंह, अखिलेश उपाध्याय, वेंकट रमैया, राकेश उपाध्याय, घनश्याम साहू, प्रकाश अग्रवाल, प्रकाश सोनी, पूरन साहू, अरविंद सिंह, नागराजू, अमित सिंह, दीनानाथ जयसवार, नवनीत हरदेल, जान आर्थर, अशोक कुमार, सुधीर गढेवाल, संदीप पांडे, प्रशांत मिश्रा, अनिल सिंह, रोहित सिंह, संतोष पराशर, प्रशांत क्षीरसागर, घनश्याम साहू कृष्णमूर्ति पात्रों रूद्र मूर्ति विजय शर्मा संजय शर्मा अजय पाल उमेश सिंह, जोगिन्दर, मुरारी जयसवाल, संतोष दुबे, संतोष राणा, ईश्वर साहू, ओपी देवांगन, आरके कुशवाहा और लोग भी शामिल थे

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर की तैयारी को लेकर बैठक

**भिलाईनगर,** 16 (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा निकाले गये विकसित भारत संकल्प यात्रा का 12 दिवसीय पड़ाव भिलाई निगम क्षेत्र में रहेगा इस दौरान 24 केम्प के माध्यम से निगम अलग अलग वार्ड में केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी योजना प्रदर्शन, लाभान्वित हितग्राहियों के लघु फिल्म प्रदर्शन के साथ भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने फार्म भी भरवाया जाएगा। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर शिविर स्थल तथा यात्रा केम्प की जिम्मेदारी अधिकारियों में तय की गई है। केम्प में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और योजना का लाभ ले सके इसके लिए निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में मुनादी भी कराई जाएगी। वार्डों में आयोजित होने वाले विकसित भारत यात्रा संकल्प निर्धारित तिथि 22 दिसम्बर से सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक दो पाली में आयोजित होगा। नोडल प्रीति सिंह ने यात्रा की तैयारी को लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं डाटा सेंटर के प्रभारी दीप्ती साहू की उपस्थिति में निगम जिला स्वास्थ्य, बैंकर्स, गैस एजेंसी सहित यात्रा में संलग्न सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर तैयारी को अंतिम रूप दिए और पूरे कार्यक्रम में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा लगभग 12 दिनों के लिए भिलाई पहुंचेगी। कार्यक्रम स्थल में सफाई, बिजली, पानी सहित मूलभूत व्यवस्था निगम की ओर से प्रदान की जाएगी जिसके लिए जोन आयुक्त, व अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्डों में लगने वाले शिविर में आयुष्मान कार्ड बनान, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आधार अपडेशन, पीएम स्वनिधि के व्यवसायिक लोन, मुद्रा लोन, पीएम आवास से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

## विधायक ने बुजुर्ग दम्पति को मौके पर दिलाया मकान



**भिलाईनगर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। नेहरू नगर गार्डन के पास ठेला खोमचा लगाने वाले एक बुजुर्ग दम्पत्ति के आज का दिन जिंदगी भर की सुनहरी याद बन गया। दरअसल जनसंपर्क में निकले वैशाली नगर विधायक अचानक एक ठेले पर रूके जिसे त्रेहान दम्पत्ति लगाए हुए थे। यहां उन्होंने देखा कि दम्पत्ति कढ़ी चावल बना कर लोगों को भोजन कराते हैं और इससे इकट्ठे हुए रूपये से खुद भी दो वक्त की रोटी जुटा लेते हैं। विधायक ने कढ़ी चावल खाने की इच्छा जताते हुए वहीं गाड़ी रूकवाई और आर्डर कर कढ़ी चावल खाने लगे। बात ही बात में युवा विधायक रिकेश ने बुजुर्ग दम्पत्ति को इस उम्र में पूरी शिद्दत से मेहनत करते देख उनका हाल.चाल जानने बातचीत का सिलसिला भी शुरू किया तो उनके जीवन की कठिनाइयां और कड़े परिश्रम का किस्सा सुन विधायक के कढ़ी चावल से बने हाथ अचानक रूक गए। उन्होंने तत्काल मौके पर अधिकारियों को फोन कर बुलाया और इस बुजुर्ग की सहायता स्वरूप प्रशासनिक अधिकारियों से पहल कर उन्हें तत्काल घर और दुकान एलॉट करवाया। यह सब देख जीवन में दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजेहद में जुटे त्रेहान दम्पत्ति के माथे की गहरी शिकन अचानक उनके चेहरे पर सहज ही मुस्कान बन कर बिखर गई। उनकी आंखों में ख़ुशी के आंसू यकीनन विधायक रिकेश के लिए सच्ची दुआ बन झलकने लगे। बस फिर क्या सबकुछ स्वप्न से लगने वाले मंजर को यकीन में बदलते हुए विधायक रिकेश ने उन्हें केवल इतना ही कहा कि मैं कुछ नहीं कर रहा, यही तो मोदीजी की गारंटी है। जिस जनता ने मोदी और भाजपा के लिए मुझे जिताया है, उनकी सेवा करना ही मेरा काम है और मैं करूंगा भी। आपको बता दें कि आज वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन जनसंपर्क अभियान में निकले हुए थे। भूख लगी तो खाना खाने के लिए एक बुजुर्ग दंपति के स्टॉल पहुंच गए। ये स्टॉल नेहरू नगर गॉर्डन के पास सर्विसलेन किनारे स्थित है। जिसका नाम है जायका पंजाब दा। इसे चलाने वाले बुजुर्ग दम्पत्ति के जीवन रूपी संघर्ष की कहानी थी ही इतनी इमोशनल की विधायक का भी दिल पसीज गया। विधायक रिकेश कढी चावल खाते-खाते स्टॉल के संचालक प्रवीण त्रेहान से बात किए। इस दौरान प्रवीण त्रेहान ने बताया कि वर्षों की जद्दोजहद के बाद भी उनके पास न तो पक्का मकान है और न ही दुकान। विधायक ने तत्काल निगम के भवन अधिकारी विद्याधर देवांगन और जोन आयुक्त को फोन करके मौके पर बुलाया और दो घंटे में पूरी प्रक्रिया हो गई। बुजुर्ग दम्पत्ति को मकान और दुकान दोनों एलॉट हो गया। विधायक रिकेश की पहल से दोनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। रिकेश ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आ गई है। हम मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तैयार हैं। क्षेत्र की जनता ने भारी मतों से मुझे चुनाव जिताया है, मेरी प्राथमिकता में यह सभी है क्योंकि सड़क, नाली, पानी ही विकास नहीं है, लोगों की दुरूख तकलीफों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भी है कि सबको आशियाना मिले, इसीलिए कल कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास को मंजूरी दी गई है। उसके बाद ही आज हमने त्रेहान परिवार को मकान व दुकान एलॉट किया है।

## भाजपाईयों ने की उप मुख्यमंत्री से मुलाकात

**भिलाईनगर,**। भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव से भेंटकर उन्हें उपमुख्यमंत्री बनने पर बधाई प्रेषित की। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अविभाजित मध्यप्रदेश में प्रदेश पदाधिकारी हुआ करते थे और उनका बिचपुरिया के साथ उनकी छात्र राजनीति के समय से संबंध रहे हैं। उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ अरुण साव से भिलाई जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भेंट की जिसमें विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष शिवसागर मिश्रा, मिथिला खिचरिया, सरला आचार्य, सुंदर साहू, विश्व रंजन सिंह , विजय शुक्ला, रूपराम साहू, प्रेमलाल साहू, राजेश सिंह, संजय सिंह, विश्राम साहू, शिव साहू उपस्थित रहे।

## विक्रेता विकास सह उत्पाद औद्योगिक प्रदर्शनी का समापन

**भिलाईनगर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के सहयोग से सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय विकास कार्यालय द्वारा आयोजित सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह उत्पाद प्रदर्शनी का समापन समारोह मानव संसाधन विकास केन्द्र में सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस के डे थे। इस अवसर परए संयुक्त निदेशक एवं एचओओ राजीव एस बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों उपस्थित थे। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी बीएसपी, बीएसएनएल, एनएमडीसी, पीएनबी, एसबीआई, आरबीआई, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिपेट सहित प्रतिष्ठित पीएसयू, राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के विशिष्ट अतिथियों ने तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। साथ ही एमएसएमई इकाइयों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन दामोदर बेहरा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव एस के द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को मंच प्रदान करना था। जहाँ इन इकाईयों के द्वारा उनके उत्पादों के विनिर्माण क्षमताओं और सेवाओं को संबंधित क्रेताओं जैसे केन्द्रीय मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं वृहद उद्योगों के समक्ष प्रदर्शित किया जा सके। साथ ही क्रेता-विक्रेता, उपभोक्ता तथा विनिमार्ताओं के मध्य नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराना था, जिससे कि वे आपसी सहभागिता के साथ भी अपने औद्योगिक सम्बन्धों को सुदृढ़ बना सकें एवं देश के एमएसएमई क्षेत्र के विकास को गति प्रदान कर सकें।

## गुरुनानक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव



**भिलाईनगर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव तथा पुरुस्कार वितरण समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जसबीर सिंह चहल चेयरमैन सिख पंचायत, दुर्ग छत्तीसगढ शामिल हुए। साथ ही बाबादीप सिंह गरुद्वारा सुपेला के अध्यक्ष पलविंदर सिंह रधावा भी इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुरु सिंघ सभा सेक्टर-6 के अध्यक्ष कुलवंत सिह तथा विशिष्ट जनो ने मिलकर सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात आकाश मे शाला के नाम का गुब्बारा उडाते हुए परेड का निरीक्षण किया। स्कूल बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए विद्यार्थियो ने आकर्षक परेड प्रस्तुत दी। इस अवसर पर अनेक खेल प्रतियोगिताएॅ हुई तथा विजयी प्रतिभागियो को पुरुस्कार प्रदान किए गए। अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि अच्छे स्वास्थ हेतु बच्चो की पढाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेना आवश्यक है। शाला के चेयरमैन तारा सिंह ने कहा कि सेहत अच्छी हो,तो जीवन के हर क्षेत्र मे सफलता मिलना निश्चित है। गुरु सिंघ सभा सेक्टर-6 के मनजीत सिंह तथा गुरुदेव सिंह, पी.पी. सिह आह्लूवालिया, जी.एस. फ्लोरा, जसबीर सिंह, बलजीत सिंग, हरमीत सिंह, बलदेव सिंह, अमरदीप सिंह, मंजीन्दर सिंह की उपस्थिति ने समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन प्राचार्या श्रीमती मोना सिंह के द्वारा किया गया।

## सबसे लंबे समुद्री पुल के निर्माण में बीएसपी का इस्पात

**भिलाईनगर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारत के सबसे लंबे निर्माणाधीन समुद्री पुल मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के लिए लगभग 15,900 टन स्टील की आपूर्ति की है। यह समुद्री पुल भारत में अभियांत्रिकी की अभिनव एवं अनूठी कृति है। 21.8 किमी लंबा, 6 लेन ब्रिज का 16.5 किमी भाग समुद्र के ऊपर और 5.5 किमी भाग जमीन पर है। इस ब्रिज के माध्यम से मुंबई से नवी मुंबई की दूरी को 20 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। संयंत्र ने पुल के निर्माण के लिए टीएमटी बार्स और प्लेट्स दोनों की आपूर्ति की है। सेल द्वारा आपूर्ति किए गए लगभग 16,300 टन स्टील में स संयंत्र द्वारा कुल 15,883 टन स्टील की आपूर्ति वर्ष 2019 से 2023 के मध्य की गई है। इसके तहत संयंत्र ने वांछित ग्रेड व आयाम के 13,803 टन टीएमटी बार्स और 2079 टन स्टील प्लेटों की आपूर्ति की है। कांक्रीट और स्टील से निर्मित ब्रिज दक्षिण मुंबई के सेवरी से प्रारंभ होकर, एलीफेंटा द्वीप के उत्तर में ठाणे क्रीक से होकर न्हावा शेवा के पास चिरले में समाप्त होगा, एवम पूर्व दिशा में मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और पश्चिम में निर्माणाधीन तटीय सड़क से जोड़ी जायेगी। 27 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे के साथ दो आपातकालीन निकास लेन तथा एड्ज स्ट्रीप और क्रैश बैरियर की सुविधा होगी। इस ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग समाप्ति की ओर है और निकट भविष्य में इसका उद्घाटन किया जाएगा। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी का अनुमान है कि ब्रिज के प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन 70,000 वाहन यातायात के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज निर्माण में ऑर्थोट्रोपिक स्टील डेक स्पैन का प्रयोग भारत में पहली बार हो रहा है। निर्माण विधि ओएसडी के अंतर्गत विशेष गुणवत्ता के स्टील प्लेटों का उपयोग किया जाता है जो एक ओर से मजबूत और ठोस होने के साथ.साथ दूसरे ओर से लचीला होता है। यह स्टील डेक को कांक्रीट संरचना की तुलना में हल्के रहते हुए उच्च भार वहन करने में सक्षम बनाएगा। ब्रिज में ओएसडी तकनीक के उपयोग से असेंबली टाइम में कमी लाने के साथ ही शीघ्र प्रतिस्थापन तथा डेक को भारी वाहनों का भार वहन करने के लिए सक्षम बनाती है। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज निर्माण परियोजना मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत आता है। इस परियोजना के लिए ऐकॉम एशिया कंपनी लिमिटेड, पीएडीईसीओ कंपनी लिमिटेड, डीएआर एआइ हंदासाह और टीवाई लिन इंटरनेशनल को सामान्य सलाहकार के रूप में रखा गया है। परियोजना चार चरणो में तैयार की गई थी। इसके तहत तीन सिविल कार्य पैकेजए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम स्वचालित टोल संग्रह प्रणाली और विद्युत कार्यों के लिए एक.एक पैकेज शामिल था। इस ब्रिज का सिविल निर्माण कार्य लार्सन एंड टुब्रो तथा आईएचआई कॉर्पोरेशन जापान व डेवू ई एंड सी तथा टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। संयंत्र ने अपने मर्चेंट मिल और मोडेक्स यूनिटए बार एंड रॉड मिल से एलएंडटी आईएचआई जेवी पैकेज 1 व 3 में उपयोग हेतु आईएस 1786 एफई 500डी ग्रेड के 10, 12, 16, 20, 25 और 32 मिलीमीटर व्यास के 12,496 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है।



## अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत



**भिलाईनगर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बनने और सपथ ग्रहण करने पर सेल भिलाई इस्पात संयंत्र अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति नि:शक्त महिला एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन (आयोग) के चेयरमैन आर डी कोरी ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री निवास रायपुर के पाहुना में भेंटकर अपनी और समूची भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी की भी ओर से शुभकामनाएं दी है। आर डी कोरी ने कहा की मुख्यमंत्री की अगुआई में प्रदेश का भविष्य संभरेगा। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद में सपथ ग्रहण करेगे। प्रदेश में ऐतिहासिक बहुमत के लिए प्रदेशवासियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए दिल से आभार जताया है। बधाई देने वालो मे गजानंद बंछोर, रुद्र मूर्ति, बी कोरलैया, डॉ पन्नालाल मैरिसा, बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, डीआर भोई, ज्योति सोनी, संतोष कुमार वर्मा, श्रीमती मंती कोरी, एसके परासर, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, डी आर सोनवानी, जोगेश्वर राव, आशीष चौधरी, निर्मला नायडू, कन्हैया लाल, दिनेश सिंह इत्यादि है।

## प्रभावी शोध रुपरेखा के लेखन पर अतिथि व्याख्यान



**भिलाईनगर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में फंडिंग एजेंसी एवं प्रभावी शोध रुपरेखा के लेखन पर अतिथि व्याख्यान सेंट थॉमस महाविद्यालय की शोध गतिविधियों की संवर्धन समिति कोपरा, द्वारा फंडिंग एजेंसी एवं प्रभावी शोध रुप रेखा के लेखन पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. बाबा साहेब रघुनाथ संकपाल. प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग विस्वेश्वराया नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी. वि.एन.आइ.टी, नागपुर अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथयुस ने अतिथि वक्ता डॉ. बाबा साहेब रघुनाथ संकपाल का गर्म जोशी से स्वागत किया। डा. अमित ताम्रकार भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष ने अतिथि का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। फंडिंग एजेंसी ज एवं प्रभावी शोध रुपरेखा पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए डॉ. बाबा साहेब रघुनाथ संकपाल न`राष्ट्रीय स्तरपर विभिन्न फंडिंग एजेंसीज की जानकारी प्रदान की तथा उन्होंने शोध रूपरेखा के प्रभावी लेखन की विभिन्न तकनीकों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया इस व्याख्यान द्वारा प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों को शोध में वर्तमान प्रचलन की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का समापन डॉ. सोनिया पोपली, संयोजक कोपराएने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## शराब का अवैध परिवहन करते चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाईनगर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफमुहिम चत्ताने हेतु पुलिस अवीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा नशे के सौदागरों की पातासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग झा, पुलिस अनुविभागीय अविकारी धमधा संजय पुंडीर के मार्गदर्शन में प्रभारी ए.सी. सी.यु. प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्र व थाना प्रभारी धमधा निरीक्षक अम्बर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। विशेष सूत्रों से पता चला कि एक बोलेरो वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर परिवहन करते हुये मध्यदेश के तरफ से गण्डई मेन रोड होते हुये धमधा दुर्ग की ओर आ रही है की सूचना पर टीम द्वारा गण्डई रोड में ग्राम विरज्ञापुर के आगे अमन डाबा के पास नावाचंदी किया गया नाकाबंदी के दौरान मुखाधिर द्वारा बताये अनुसार एक बोलेरो वाहन सफेद रंग की को तेज रफ्तार से भागाते हुये धमधा दुर्ग की ओर आ रही थी जिन्हें अमन वाबा के पास घेराबंदी कर पकड़ गया जिसमें बोलेरो वाहन के साईड में बैठा आरोपी रामहित जयसवाल गाड़ी से कूदकर झाड़ी तरफ फरार हो गया एवं ड्राईवर सीट पर बैठा आरोपी रामचंद्र राजभर को पपाड कर बोलेरो को चेक करने पर कुल 15 पेटी गोवा व्हस्की शराव भरा हुआ मिला पूछताछ पर मध्य प्रदेश से ब्रिक्री करने के लिये अवैध शराब परिवहन कर लाना बताया।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में छग ने जीते सर्वाधिक पुरस्कार



भिलाई,16 दिसम्बर । टीएनएआई मुख्यालय दिल्ली ने त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 30वें एसएनएआई राष्ट्रीय द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था । जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों के नर्सिंग छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और विजयी हुए। नेशनल में 2800 में से 58 नर्सिंग छात्रों ने भाग लिया और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। स्टूडेंट नर्सेज एसोसिएशन का द्विवार्षिक सम्मेलन हर दो साल में भारतीय प्रशिक्षित नर्सेज एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया जाता है। जिसमें पूरे देश के नर्सिंग छात्रों के लिए वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुति, तात्कालिक भाषण, निबंध, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पेंसिल स्केचिंग, सर्वश्रेष्ठ एसएन, डायरी और नृत्य प्रतियोगिताएं जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं ताकि उनकी प्रतिभा को उड़ान मिल सके। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ एसएनए डायरी के लिए दूसरा पुरस्कार शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंगए जुनवानी को मिला। नृत्य में पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग सेक्टर-9 की ज्योत्सना गौतम, ऐश्वर्या ठाकुर, संस्कृति श्रीवास, लीना, खुशबू, नम्रता सोनी, हिना यादव और तान्याली कुजुन ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। व्यक्तित्व प्रतियोगिता में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग के वैभव जैकब दास को प्रथम और पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग की साक्षी राव ने व्यक्तित्व प्रतियोगिता गर्ल्स में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बिलासपुर की मृदुला कुम्भकार ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंगए जगदलपुर की दामिनी सिन्हा को मिला। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बिलासपुर की रोशिनी को तीसरा पुरस्कार दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में पी.जी.कॉलेज ऑफ नर्सिंग की जयश्री और दामिनी मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग को दूसरा आकांक्षा मिरी और निधि साहू सामुदायिक नर्सिंग को दूसरा और रोमी साहू और ऋषिका कुमारी मनोरोग नर्सिंग को दूसरा पुरस्कार मिला। गवर्नमेंट कॉलेज राजनांदगांव की रूपाली, जानवी, दुर्गेश्वरी को पोस्टर में द्वितीय और पीडिया ट्रिक नर्सिंग में पल्लवी मेश्राम, चित्रा को प्रथम पुरस्कार मिला।

## गुरूघासीदास जयंती पर आज शोभायात्रा

**बलौदाबाजार,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। परम पूज्य गुरूघासीदास जयंती समारोह का आयोजन नयनदास महिलांग स्मृति स्थल बलौदाबाजार में किया गया है। इस अवसर पर 17 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे नगर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 18 दिसम्बर को शाम 5 बजे पालो चढावा एवं 6 बजे से छत्तीसगढी कार्यक्रम पुल्गे मोंगरा के नवा बिहान कार्यक्रम आयोजित होगा।



# पंडरिया का सर्वांगीण विकास व जनता की सेवा ही मेरा प्रथम लक्ष्य और कर्तव्य है : भावना बोहरा



**पंडरिया,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा 71 में जनता ने इस बार ऐतिहासिक मतों के साथ भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक भावना बोहरा पर भरपूर विश्वास जताया है। उनका यह विश्वास आज और दिखाई दिया जब विधायक निर्वाचित होने के बाद उनका पंडरिया में प्रथम आगमन हुआ. पुष्प वर्षा और फूल माले के साथ जनता ने अपने जनप्रिय विधायक को जीत की बधाई दी इस दौरान भावना बोहरा के आभार रैली पदयात्रा में उमड़ी भीड़ ने जनसेवा ही भावना के नारे के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

पंडरिया और पांडातराई में आज भावना बोहरा ने आज विधानसभा चुनाव में जनता के सहयोग व समर्थन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए आभार रैली पदयात्रा के माध्यम से क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करने पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने उनका स्वागत किया। जनता में अपार उत्साह देखते ही बन रहा था और भावना बोहरा ने भी जनता के अभिवादन को स्वीकार करते हुए पंडरिया विधानसभा चुनाव में अब तक हुए चुनाव में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत के साथ जीत दिलाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि आपने जिस विश्वास के साथ अपना अपार समर्थन दिया है उसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करती हूँ और विश्वास दिलाती हूँ की आपने जिस भरोसे के साथ मुझे अपना समर्थन दिया है उस विश्वास पर मैं जरुर खरा उतरूंगी। चुनाव के दौरान भावना दीदी की गारंटी में मैनें जो भी वादे किये हैं अब उन वादों को पूरा करने के लिए मैं निरंतर कार्य कर रही हूँ और जल्द ही आपको वे सभी कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई देने शुरू हो जाएंगे। हमने विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र स्थापित करने की बात कही थी जिस पर हमें कार्य भी प्रारंभ कर दिया है और जल्द आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए इन केन्द्रों की स्थापना भी हो जाएगी। अब पंडरिया विधानसभा विकास, उन्नत और प्रगति के क्षेत्र में अपना एक नया अध्याय शुरू करेगा और मुझे पूरा विश्वास है की मेरे इस संकल्प में आपका भरपूर सहयोग मिलेगा। पूरे प्रदेश में पंडरिया विधानसभा हम सभी के प्रयासों से विकास की एक नई पहचान बनेगी। यही नहीं पंडरिया और पांडातराई में शहरों जैसी सुविधाएँ होंगी।

**पंडरिया व पांडातराई में भावना बोहरा की आभार रैली पदयात्रा में उमड़ा जनसमूह, पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत**

भावना बोहरा ने आगे कहा कि मैंने हमेशा ही जनसेवा को अपना कर्तव्य माना है, मेरे जीवन का लक्ष्य और संकल्प यही है की अपने परिवारजनों अर्थात आप सभी की सेवा का सुअवसर मुझे हमेशा प्राप्त हो। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आगामी पांच वर्षों में पंडरिया के विकास और आप सभी की आकाँक्षाओं को पूरा करने के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं उनपर मैं अडिग हूँ और उनके पूरा करने के लिए संकल्पित भी हूँ। आने वाले समय में पंडरिया और पांडातराई में भी वह सभी सुविधाएँ होंगी जो एक विकसित शहर में होती हैं। स्मार्ट बस स्टैंड के माध्यम से सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, स्पोर्ट्स कॉम्पेक्स के माध्यम से यहां के प्रतिभावान युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा बेहतर खेल सुविधाएँ मिलेंगी, बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए सुगम आवागमन की निशुल्क सुविधा हेतु बस का संचल होगा, निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब व निशुल्क एम्बुलेंस सेवा से सभी के स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी, और भी ऐसे कई कार्य जल्द ही आपके क्षेत्र एवं पूरे पंडरिया विधानसभा में देखने को मिलेगी, शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिनसे हर व्यक्ति, वर्ग,समाज एवं क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा।

इन आगामी पांच वर्षों में पंडरिया विधानसभा का एक अलग स्वरुप आपको देखने को मिलेगा। कल ही अधिकारियों के साथ हुई बैठक में भी कई मत्वपूर्ण विषयों पर मैनें चर्चा की है और आप सभी की समस्या एवं क्षेत्र के विकास हेतु प्रमुख मुद्दों पर निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख पंडरिया विधानसभा में चल रहे अवैध कारोबार जैसे जुआ-सट्टा और अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए हमने अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में लचर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही पुलिस विभाग तथा शासकीय अधिकारियों को जनता से बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आप सभी क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## किशन साहू बने पुनः जिला संयोजक

**दिल्ली के 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन में हुई घोषणा**



**देवकर,** 16 दिसंबर। ज्ञात हो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69वा राष्ट्रीय अधिवेशन देश की राजधानी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ नगर में संपन्न हुई अधिवेशन में देश भर से लगभग दस हजार से अधिक छात्र प्रतिनिधि व देश-विदेश से पहुंचे अतिथि उपस्थित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में देश के गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए । जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश का भी प्रांत अधिवेशन संपन्न हुआ । जिसमे छत्तीसगढ़ के 226 प्रतिनिधि समलित हुए एवं परिषद परिषद के सभी नए दायित्व की घोषणा हुई । जिसमे बेरला इकाई के धौराभाठा निवासी किशन साहू को पुनः अभाविप बेमेतरा जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है । वही बेमेतरा जिला के कार्यकर्ताओ को भी प्रदेश के प्रमुख दायित्व जिम्मेदारी मिली है । प्रांत कार्य समिति मनोज वैष्णव , प्रांत कार्य समिति एवं एस.एफ.एस संयोजक दुर्गेश वर्मा, प्रदेश छात्रा सहप्रमुख उर्वशी वर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख एवं आर.के.एम सहसंयोजक मुस्कान कोठरी, प्रांत एस.एफ.डी सहसंयोजक चंचल चौबे, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य संदीप यदु, प्रसांत रजक, बेमेतरा नगरमंत्री दुर्गेश्वर वर्मा ,बेरला से मुकेश भोई बेमेतरा जिला से 10 कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लिया।

## नेशनल लोक अदालत में 2750 से अधिक प्रकरणों का निराकरण

**कवर्धा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक आज शनिवार 16 दिसम्बर को सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया गया। माननीय श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती जी के फोटोचित्र पर पूजा-अर्चना करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया गया, तत्पश्चात् अन्य न्यायाधीशगण, उपस्थित पक्षकारगण एवं अधिवक्तागण तथा अन्य संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा भी दीप प्रज्जवल किया गया।

उक्त लोक अदालत में राजीनामा योग्य समस्त प्रकृति के प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 1327 प्रकरणों का निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदया द्वारा कुल 16 प्रकरणका निराकरण करते हुए 10125000/-की अवार्ड राशि पारित की गई, साथ ही उक्त भांति का ही प्रकरण श्रीमान् श्रीनिवास तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम द्वारा 2 प्रकरण का निराकरण करते हुए 1500000/- की अवार्ड राशि पारित की गई। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय द्वारा कुल 29 प्रकरणों का निराकरण किया गया। राजस्व न्यायालय में कुल 1346 प्रकरणों का निराकरण हुआ। सचिव अमित प्रताप चन्द्रा, द्वारा यह जानकारी दी कि लोक अदालत में जिले के सुदूर क्षेत्रों से पक्षकार जिला न्यायालय प्रांगण में अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित होते है, जिन पक्षकारगणों के प्रकरणों का निराकरण हुआ, उन्हें संबंधित न्यायालय के न्यायाधीशगणों द्वारा फलदार पौधे दिए गये तथा पक्षकारों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई थी। पक्षकारों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। आज दिनांक 16.12.2023 को एक मानवीय घटना घटित हुई, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदया, जब अपने निवास से ऑफिस में आ रही थी, जब रास्ते में सॉई मंदिर के पास एक महिला रो रही थी, न्यायाधीश महोदय द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। सचिव महोदय के आदेशानुसार तुरंत पैरालीगल वालिन्टियर श्रीमती प्रभा गहरवार ने संबंधित कवर्धा थाना के सहयोग से उक्त महिला से सम्पर्क स्थापित किया गया, उक्त महिला बेसहारा है और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया है, उक्त तथ्य से माननीय जिला न्यायाधीश महोदया को अवगत कराया गया। माननीय जिला न्यायाधीश महोदया द्वारा उक्त महिला को वृद्धाश्रम भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उक्त वृद्ध महिला को वृद्धाश्रम प्रेषित किया गया। पल्लव रघुवंशी के न्यायालय की खण्डपीठ में दो प्रकरण 05 वर्षों से अधिक समय से लम्बित थे जिनका निराकरण नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर किया गया। उक्त दोनों प्रकरणों में से एक सिविल प्रकरण सुधारी सिंह विरूद्ध रमौतिन बाई व अन्य में दोनों पक्षों के मध्य जमीन संबंधी विवाद था जिसमें पीठासीन अधिकारी की समझाईस पर दोनों पक्षकार कुछ कम जमीन लेते हुए राजीनामा के लिए तैयार हो गये और इस सिविल प्रकरण का निराकरण हुआ। चेक बाउंस के प्रकरण में मात्र रू. 5000/- के चेक अनादरण के संबंध में प्रकरण 2015 से लम्बित था जिस पर भी पीठासीन की समझाईस पर प्रकरण राजीनामा के आधार पर समाप्त हुआ। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव की खण्डपीठ में पड़ोसियों के मध्य उधारी पैसे मांगने के संबंध में वाद-विवाद को लेकर तथा भाई-भाई के मध्य साधारण मारपीट को लेकर लम्बित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय में कुल 8 खण्डपीठ न्यायालय स्तर में, राजस्व न्यायालय स्तर में भी खण्डपीठ गठित की गई थी। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालिगल वालिन्टियर्स, जिला प्रशासन, जिला पंचायत, नगर पालिका, पुलिस विभाग, समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग रहा है।

## आज मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**राजिम,** 14 दिसंबर। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम द्वारा 17 दिसंबर दिन रविवार को 12 बजे दोपहर से पेंशनर्स भवन राजिम में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संत गोवर्धन शरण व्यास, महामंडलेश्वर सिरकट्टी आश्रम अतिथि के रुप में पधारकर अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स साथियों का, नये सदस्य बनने वालों का, व दिसंबर माह में जन्मतिथि वाले साथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नवापारा (राजिम), छुरा व गरियाबंद जिला के पदाधिकारियों व सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व पेंशनर्स साथियों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष बैशाखूराम साहू ने सभी पेंशनर्स साथियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## निधन

### समीर शर्मा



**महासमुंद,** 16 दिसंबर। स्थानीय गंजपारा निवासी 38 वर्षीय इंजी. समीर शर्मा ज्येष्ठ सुपुत्र स्वर्गीय शरद शर्मा, (तुमगांव वाले) का 16 दिसम्बर की शाम 6.45 को असामयिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार 17 दिसम्बर को प्रात: 10.00 बजे महासमुंद में होगा। वे डॉ. सागर शर्मा के बड़े भाई व शशि, सतीश, राजेश शर्मा के भतीजे थे।

### सोनबती साहू



**धमतरी,** 16 दिसम्बर। ग्राम चिटौद निवासी सोनबती साहू उम्र 95 वर्ष का 15 दिसम्बर को हो गया। वे ग्राम विकास समिति चिटौद के अध्यक्ष चोवाराम साहू, सुखर्चन साहू एवं मोहनलाल साहू की माता थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित होकर उन्हे श्रंद्धाजलि अर्पित किये है।

## कलार समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक संपत अग्रवाल का भव्य स्वागत



**पिथौरा,** 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज पिथौरा के पदाधिकारियों ने मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा के नेतृत्व में बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित स्थानीय विधायक समाज सेवी सम्मानीय सम्पत अग्रवाल जी का प्रथम पिथौरा नगर आगमन पर बस स्टैंड स्थित सामाजिक भवन के सामने सैकड़ों सामाजिक जनों महिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में भव्य स्वागत किया ,स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सिन्हा ,मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा, प्रमुख मार्गदर्शक शशिकुमार डड़सेना, युवा मंच के अध्यक्ष ओम सिन्हा, उपाध्यक्ष आत्माराम पंकज डड़सेना, जिला संयोजक लाला राम डड़सेना ग्राम प्रमुख सादराम डड़सेना, अशोक डड़सेना, यशवंत डड़सेना,अवध डड़सेना,संजय सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा, रविराम डड़सेना, डिलेश्वर सिन्हा, खिलेश्वर सिन्हा, रामाधीन डड़सेना, घनाराम डड़सेना, रूपसिंह डड़सेना, नरसिंग डड़सेना , सूरज सिन्हा , घसिया बोलो राम सिन्हाआनन्दी राम डड़सेना, सहित अनेक समाज प्रमुख ,महिला प्रमुख एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## अतिक्रमण पर पुनः कार्रवाई हेतु प्रशासन की चेतावनी



**नवापारा राजिम,** 16 दिसंबर। गत दिनों नवापारा में अवैध चखना दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। प्रशासन द्वारा शराब दुकान के पास स्थित अनेक अवैध चखना दुकानों को तोड़ा गया। पश्चात हरिहर हाई स्कूल के सामने लगे ठेले, गुमटी वालों को स्थानीय प्रशासन द्वारा नोटिस देकर खाली कराया गया। अवैध रूप से संचालित होने वाले दुकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई पश्चात दुकानदारों को निर्धारित समय पर दुकान बंद करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने बताया कि नवापारा सहित क्षेत्र में जितने भी अवैध रूप से दुकान लगाया जा रहा है और अवैध रूप से शराब बिक्री हो रही है। उन सभी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी कड़ी में शुक्रवार को पूरे पुलिस बल के साथ नायाब तहसीलदार वसुमित्र दीवान महानदी पुल के पास पहुंचकर रोड किनारे लगे दुकानदारों को पूर्व में दिए नोटिस का हवाला देकर कहा कि आप लोग जल्द से जल्द अपना कब्जा स्वयं हटा लें अन्यथा प्रशासन द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण किया कब्जा हटा लिया जाएगा।

## जेवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया स्टॉल

**99 लोगों का निः शुल्क जांच एवं किया गया उपचार**

**बेमेतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले मे आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ विकासखंड बेमेतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरी में किया गया, इस अवसर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगायी गई थी इसी क्रम मे स्वास्थ विभाग के लगे स्टॉल मे कुल 99 लोगों का निः शुल्क जांच एवं उपचार किया गया 7 50 लोगों का गैर संचारी रोग की जॉच की गई जिसमें 07 बीपी एवं डायबिटिक के मरीज मिले 7 3 टी बी के संभावित मरीज की स्पतम सैंपल लिया गया, 06 लोगों की सिकालसेल की जॉच की गई, जिसमें 02 पॉजीटिव रोगी मिले 09 लोगो के मोतियाबिंद की जांच की गई



15 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया एवं 05 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। निक्षय पोषण योजना के तहत 1 निक्षया मित्र बनाया गया इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी एल टंडन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ शरद कोहड़े, मनोज साहू जिला आयुष्मान समन्वयक बेमेतरा बी पी एम पंकज कुमार, बीईई प्रकाश भारती, खंडसरा आरएमए मधु पनिक , नेत्र सहायक अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक सेक्टर जेवरा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक अमौरा, लैब टेक्नीशियन सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गैस एजेंसी में निःशुल्क केवाईसी 31 तक

**खरोरा,** 16 दिसंबर। रसोई गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं के लिए एजेंसियों में द्न-द्म4ष करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है हालांकि उपभोक्ताओं को द्न-द्म4ष अंतिम तिथि31 दिसंबर तक करवाना है इसकेलिए सीमा तय31 दिसबंर की गयी है। भारत सरकार के निर्देशानुसार 31 दिसंबर को तक। किसी भी गैस एजेंसी में गैस कार्ड केवाईसी कर सकते हैं या पूरी तरह से निऱ्शुल्क है। फिर भी गैस सिलेंडर रिफ्लींग कराने वाले सभी उपभोक्ताओं को संबंधित एजेंसियों मे अनिवार्य रूप से द्न-द्म4ष कराने के लिए जागरुक कर जानकारी दी जा रही है जिसके चलते सभी उपभोक्ता अपने रसोई गैस के कार्ड,आधार कार्ड व बैंक खाते की पासबुक लेकर गैस एजेंसियों मे द्न-द्म4ष कराने पहुंच रहे हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के...

नुकसान की सूचना दर्ज कराने एवं अऋणी कृषकों को बीमा आवरण के दायरे में लाने हेतु प्रचार प्रसार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि, उप पंजीयक सहकारिता विभाग, लीड बैंक अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा कलेक्टर महोदय श्री पदूम सिंह एल्मा, उप संचालक कृषि श्री एम.डी. डड़सेना, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के वरिष्ठ अधिकारी श्री निवसरकर, बजाज आलियांज कंपनी के एग्री बिजनेस हेड श्री आशीष अग्रवाल, राज्य प्रमुख श्री आशिफ, जिला प्रमुख श्री राघवेन्द्र सिंह एवं जिला के समस्त सेवा सहकारी समिति प्रबंधक उपस्थित रहें। कार्यशाला में बजाज आलियांज कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में बैंकिंग की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## राम लखन सिया जानकी सदा करो कल्याण



छुईखदान, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। कथा विसर्जन होत है,सुनउ वीर हनुमान.... राम लखन सिया जानकी सदा करो कल्याण' ''' गुरु देव जी महाराज ''चाय वाले बाबा'' के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा रसपान करने का शुअवसर प्राप्त हुआ, कथा विश्राम दिवस में फुलो की होली महाआरती,निशा पुजा,ने सभी धर्म प्रेमियों को आनंदित और मंत्रमुग्ध कर दिया, गुरु देव जी महाराज ने भागवत चढ़ोतरी में प्राप्त पुरी राशि,अन्न, वस्त्र, आभूषण, इत्यादि छुईखदान के ही दो जरुरत मंद बेटियों को मंच पर ही बुला कर दान कर दिया, छुईखदान शहर में बेहद एतिहासिक और गरिमामय पुर्ण इस धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए राज परिवार का सधन्यवाद एवं जगन्नाथ सेवा समिति के सभी सदस्यों द्वारा अविस्मरणीय सहयोग प्रदान करने के लिए हृदय से आभार... 'जय जय गुरुदेव' चाय वाले बाबा के द्वारा अब तक 294 निर्धन कन्याओं का कन्यादान कर चुके हैं, वे भागवत कथा में श्रोताओं द्वारा अर्पित की हुई दान सामग्रियों,आभूषण,वस्त्र, अनाज ,नकद धनराशि सब कुछ निर्धन कन्याओं को उनके विवाह के लिए दान कर देते हैं। छुईखदान राज परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं व श्रोताओं के द्वारा चढ़ावे के रूप में अर्पण किये गए बड़ी संख्या में साड़ियां, बर्तन,स्वर्ण एव चांदी के गहने, अनाज, फ्ल, सब्जियाँ, कम्बल, चादर, रसोई में उपयोग आने वाली सामग्रियां एवं प्राप्त सम्पूर्ण नकद धनराशि नगर की दो निर्धन कन्याओं को भगवतकथा के समापन पश्चात व्यासपीठ से ही समस्त श्रद्धालुओं व आयोजको,स्वयंसेवको के समक्ष दान स्वरूप भेंट कर दिए। छुईखदान राजमहल में संपन्न हुए श्रीमद भागवत कथा के सफ्ल आयोजन के लिए श्री जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों संजीव दुबे, विजय दुबे देव वैष्णव सहित अन्य सभी सदस्यों का शानदार योगदान रहा।

## दल्लीराजहरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**396 आपराधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण**



**दल्लीराजहरा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर को व्यवहार न्यायालय दल्लीराजहरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 396 आपराधिक मामले रखे गये थे। जिन प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं समझौता राशि के रूप में 229451 रुपए प्राप्त हुई। नेशनल लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी सोनी तिवारी (व्यवहार न्यायाधीश) एवं सदस्य अधिवक्ता इसराइल शाह एवं राकेश द्विवेदी थे । नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओ का सहयोग रहा, साथ ही बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHUPENDRA SINGH S/O NARAD SINGH resident of WARD -NO.08, SHANTI NAGAR, KUMHARI, KUMHARI, DHAMDHA, DURG, (C.G.), 490042 have changed my old name BHUPENDRA SINGH S/O NARAD SINGH so in future I should be recognized by my new name that is BHUPENDRA SINGH RAJPUT S/O NARAD SINGH RAJPUT in all Government and other documents.

**BHUPENDRA SINGH RAJPUT**
WARD -NO.08, SHANTI NAGAR, KUMHARI, KUMHARI, DHAMDHA, DURG, (C.G.), 490042

# ज़िले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

- विधायक दीपेश साहू व कलेक्टर एल्मा ने रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- रथों के माध्यम से आम लोगों को मिलेगी शासकीय योजनाओं की जानकारी
- समयबद्ध रूप से योजनाओं का जरूरतमंदों का लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य
- हितग्राहियों को किया गया सामग्री का वितरण

**बेमेतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ 7 बेमेतरा जिले मे ग्राम पंचायत जेवरी मे ज़िला स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा समारोह का आयोजन किया गया था 7 इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री दीपेश साहू व कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने कार्यक्रम स्थल पर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर मार्त्यापण व समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया 7 विधायक श्री दीपेश साहू व कलेक्टर श्री एल्मा ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर भारत सरकार की विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नई दिल्ली से यात्रा में शामिल रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना* व छत्तीसगढ़ में रायपुर के विवेकानंद सरोवर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी रवाना किया। इसका सीधा प्रसारण की व्यवस्था ग्राम जेवरी में आमजन के लिए की गयी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नई दिल्ली से यात्रा में शामिल रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना* व छत्तीसगढ़ में रायपुर के विवेकानंद सरोवर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी रवाना किया। इसका सीधा प्रसारण की व्यवस्था ग्राम जेवरी में आमजन के लिए की गयी।



उल्लेखनीय है कि प्रचार-प्रसार वैन विभिन्न गांवों में जाकर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे, साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर श्री एल्मा ने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करते समय हाट बाजारों को जोड़ने के निर्देश दिए है। *इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री छन्नू मार्कण्डेय, जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सहित भारी संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थित थे 7

विधायक श्री दीपेश साहू ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में प्रधानमंत्री की परिकल्पना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत की अखण्डता और विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं को इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि विकास के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर वे लाभान्वित होने आगे आये। सरकार की योजनाओं को देश एवं प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने का यह केन्द्र सरकार का अभिनव पहल है। इस दौरान उन्होंने स्टाल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लोग योजना से वंचित न हो। इस यात्रा का उद्देश्य की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच बढ़ाना है ताकि सभी को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिला प्रशासन से सवेदनशीलता के साथ सभी योजनाओं का लाभ देने कहा ।

कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस संकल्प यात्रा को पहुंचाने के साथ ही भारत सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने पूरी शिद्दत से कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू एवं सफल आयोजन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया 7 इसके साथ ही उन्होंने समारोह मे आये आम नागरिकों कों भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे-आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।उन्होने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी 7 और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभ लेने की बात कही ।

# सीसी रोड निर्माण अधूरा

**बेमेतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 106 करोड रुपए की लागत से दाढ़ी नगर पंचायत सकरी नदी किनारे से बिरकोना पिपरिया, मारका, चुचुरुंगपुर से होते हुए लगभग 30 किलोमीटर सड़क बिरकोना गांव तक का निर्माण किया गया है सड़क को बने लगभग 2 वर्ष बीत गए राज्य में सत्ता परिवर्तन होते ही हाल ही में सड़क निर्माण के ठेकेदार के द्वारा आनन फानन में दाढ़ी नगर पंचायत संकरी नदी के किनारे से बने सड़क के मध्य बोर्ड लगाया गया है जबकि सड़क कई स्थानो में मरम्मत योग्य हो गया तथा आधा अधूरा सड़क का निर्माण हुआ है।

सड़क में सीसी रोड का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है वही दाढ़ी नगर पंचायत के सरहद से लगे कवर्धा जिले के गांव को जोड़ने वाली इस 30 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी की गई है सड़क किनारे सड़क निर्माण के संबंध में लगाए गए साइन बोर्ड में प्रभारी अभियंता छत्तीसगढ़ रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन



- अनियमितता को लेकर ग्रामीण नाराज

महाप्रबंधक जीएस सोलंकी का नाम लिखा हुआ है और नीचे मोबाइल नंबर लिखा था जिसे हटा दिया गया है। ठेकेदार के नाम पर अनिल वर्मा मोबाइल नंबर 9009771 000 अंकित है। सड़क की समस्याओं से ठेकेदार को अवगत कराने के लिए जब ग्रामीण कांटेक्ट करते हैं तो यह मोबाइल नंबर बंद बताता है जिसके कारण करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़क गांव वालों के लिए अनुपयोगी बन गया है दाढ़ी नगर के सकरी नदी के किनारे से सड़क का निर्माण किया गया है शुरुआती दौर में लगभग 4 किलोमीटर तक बेमेतरा जिले के गांव को जोड़ते हुए कवर्धा जिले के गांव चूचूरुंगपुर से सीधे सड़क कवर्धा जिले को जोड़ती है। 30 किलोमीटर लंबी सड़क कई स्थानों पर उखड़ गया है जिसके कारण सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीण चुनाव के समय भी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं ग्राम लालपुर निवासी दुलारी राम साहू ने कहा कि सड़क निर्माण के नाम पर भारी गड़बड़ी की गई है क्योंकि इस विभाग के अधिकारी रायपुर में निवास करते हैं जिसके कारण सड़क की समस्याओं से गांव वाले अधिकारी और विभाग को अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर पा रहे हैं अब राज्य में सत्ता परिवर्तन हो गया है भाजपा नेता भी क्षेत्रीय दौरे पर आने पर विधायक दयाल दास बघेल से शिकायत कर सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी की जांच की मांग करेंगे सुरेंद्र सेन महेंद्र बाजपेई महेश पटेल अंकुर ठाकुर सोनी तंबोली पप्पू चंद्राकर दीपक साहू आदि अनेक ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में की गई गड़बड़ी की जांच की मांग की है।

# भाजपा महामंत्री चौहान के नेतृत्व में डौण्डी में चलाया स्वच्छता अभियान

- स्वच्छता अभियान में नागरिकों से योगदान देने किये अपील :मनीष झा

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चल रहा है । स्वच्छता अभियान जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार के आदेशानुसार एवं डौण्डी मण्डल अध्यक्ष मनिष झा के दिशानिर्देश पर शक्ति केंद्र डौंण्डी अंतर्गत बूथ क्रमांक 243मे खेल मैदान और बाल उद्यान मे स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। मंडल महामंत्री अपने साथियों के साथ प्रात:काल से इस अभियान में लगे हुए थे उन्होने नागरिकों से आह्वान किया कि अपने घर के आस पास साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे खुद भी गंदगी न करे व दूसरे को भी गंदगी करने से रोके आज देश के प्रधान मंत्री स्वच्छता में.विशेष ध्यान दे रहे है। जिसमे



हम सभी नागरिकों को सार्थक भूमिका से अपना योगदान देना चाहिए इस अभियान में विशेष रूप से डौंण्डी मंडल के महामंत्री अजय चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर , युवा मोर्चा के साथी भुपेंद्र गावड़े, रिंकू मरका, टिकेश्वर धुर्वा, श्रवण निषाद, हरीश धनकर,लखन लाल मौर्य, एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना क्षेत्र के लिए उपलब्धि : योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रथम बेमेतरा आगमन पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी, प्रवीण नीलू राजपुत गिरीश गबेल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को कलेक्टर कार्यालय के पास लड्डुओ से तौला गया। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने



कहा कि विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना क्षेत्र के लिए उपलब्धि है। अब बेमेतरा व कवर्धा जिले में विकास के लिए राशि की कमी नहीं होगी। उनके नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान ओमप्रकाश जोशी विजय सिन्हा हर्षवर्धन तिवारी प्रवीण नीलू राजपूत, गिरीश गबेल, महेश राजपूत योगेश वर्मा, टिकेश्वर साहू, घनश्याम वर्मा ,यादव राम साहू ,भानु राम साहू गिरवर साहू ,ओम प्रकाश यादव अजय शुक्ला रानू वर्मा, गोलु कौशले अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, सौरभ मिश्रा,बलराम पटेल, नीलकंठ पटेल, मनोज पटेल, अर्जुन राजपूत, शिवम दीवान तुषार राजपूत, तुषार साहू, तीरथ वर्मा, मृत्युंजय दुबे, दिव्यांशु शर्मा, कोमल देवांगन, पलाश दुबे, वासुदेव साहू, पारस जायसवाल, कामदेव सिन्हा, राजू साहू, मनोज सिन्हा, नरेश राय, तिलक सिन्हा, लोकेश बारले, धर्मेंद्र साहू, मनोज बंजारे आदि उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में खेल उत्सव आयोजित



**सहसपुर लोहारा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में दो दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी एस चौहान द्वारा रेड रिबन काटकर किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के भारतीय खेल 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, कबड्डी,भाला फेंक, गोला फेक, कैरम, शतरंज, स्लो साइकिल रेस, रस्सी कूद, फुगडी, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, कलश सज्जा, छत्तीसगढ़ी पाक कला आदि पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों को अलग-अलग विद्या का प्रभारी बनाया गया था। जिन्होंने सफलता पूर्वक संबंधित विद्या में प्रतियोगिता संपन्न कराई।इन दो दिनों में महाविद्यालय की रौनक देखने लायक थी। सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिन छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें वार्षिकोत्सव के दिन सम्मानित किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री का पुराना बस स्टैण्ड में भव्य स्वागत

**बेमेतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के बेमेतरा आगमन पर पुराना बस स्टैण्ड चौक में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं मण्डल अध्यक्ष शहर बेमेतरा मोन्टी साहू के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। भाजपा कार्यकर्ता विजय शर्मा का फूल माला फटाका फोड़कर जोशिला स्वागत किया। इस अवसर पर विजय शर्मा ने कहा की भाजपा की



छत्तीसगढ़ की यह सरकार कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं कड़े संघर्ष का परिणाम है। भाजपा ने जितने भी घोषणा चुनाव में किये है वह सब पूरे होंगे किसानों को, महिलाओं को,, गरीबों को जो भी वादे घोषणा पत्र में किये गये वह सब पुरे होंगे । बेमेतरा में कार्यकर्ताओं के स्वागत से मुझे सुखद अनुभूति हुई है। बेमेतरा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से मेरे आत्मीय संबंध है । पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा की विजय शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी कार्य करेगी। विजय शर्मा संघर्षशील व्यक्ति है, उनके प्रदेश महामंत्री के दायित्व से भाजपा को चुनाव में लाभ मिला है। बेमेतरा से उनका संबंध बहुत पुराना है। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा,, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, किसान नेता योगेश तिवारी, विजय सुखवानी, प्रहलाद रजक, ग्रामीण अध्यक्ष छोटूराम साहू, हर्ष तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, ललीता साहू, लक्ष्मी साहू, सावित्री रजक, रीना साहू, विकास तम्बोली, संध्या परगनिहा, धर्मराज खाण्डे,, धर्मेन्द्र साहू, विकास घरडे, नीलू राजपूत, दीना साहू, गिरिश गबेल, दीपक मोटवानी, योगेश वर्मा, निखिल साहू, केशव साहू, संतोष वर्मा, युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू,गोपी देवांगन, तुषार साहू, नीतू कोठारी, डॉ. विनय साहू, महेश्वर साहू, तारण राजपूत, लालू साहू,, आकिब मलकानी, ममता साहू, उमेश यादव, विवेक दीवान, सुमीता यादव, वैभव तिवारी ।

# महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण में भारी घोटाला

- जिला पंचायत ने रोके प्रचार प्रसार के लिए 35 लाख

**बेमेतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस शासन काल में ग्राम पंचायतो में ( रीपा) महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण के नाम पर स्वीकृत किए गए दो करोड़ की राशि में प्रचार प्रसार के लिए जिला पंचायत में 35 लाख रुपए रोक लिए और प्रचार के नाम पर निर्माणाधीन रीपा भवन में केवल दो नग ग्लो साइन बोर्ड एवं दो नग पोस्टर लगे हुए हैं। पूर्व राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं , युवतीयो ,समितियां महिला समूह एवं उद्यमियों को क्षमता संवर्धन करने तथा रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य ग्राम पंचायतो में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निर्माण कर महिला समूहों को इकाई संचालन के साथ ही उत्पादन के लिए जिम्मेदारी सौंप गई है। इकाई के प्रचार प्रसार के नाम पर लाखों रुपए की राशि में भारी अनिमितता बरती गई है पार्क के निर्माण को लेकर शहर से लेकर गांव तक कहीं कोई प्रचार प्रसार को लेकर साइन बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। लेकिन बेमेतरा जिले के लिए स्वीकृत हुए रीपा कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं में भारी गड़बड़ी और अनियमितता बरती गई है।

**बेमेतरा जनपद के अंतर्गत दो इकाई का किया गया है निर्माण**- बेमेतरा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत झालम में फैब्रिकेशन इकाई एवं होम क्लीनिंग सामग्री निर्माण के लिए रीपा के कार्य स्वीकृत किए गए है। लाखो की लागत से विशाल भवन का निर्माण ग्राम पंचायत के माध्यम से किया



जा रहा है। सरपंच झालम टेकु राम साहू ने बताया की इस कार्य के लिए शासन से स्वीकृत करीब दो करोड़ की राशि से जिला पंचायत ने 35 लाख रुपए प्रचार प्रसार के नाम पर रोक लिए जबकि संपूर्ण राशि शासन ने योजनाओं के विस्तार के लिए स्वीकृत की है , प्रचार-प्रसार के नाम पर आज तक जिला पंचायत से कोई खास कार्य नहीं किया गया इसी तरह बेमेतरा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगपुर (ब) में उन्नत बीज प्रसंस्करण एवम पूजन सामग्री निर्माण के लिए इकाई स्थापित की गई है ।

**प्रत्येक ब्लॉक के लिए दो-दो इकाई की है स्वीकृति**- इसी तरह बेमेतरा जिले में बेरला ,साजा और नवागढ़ जनपद में भी दो-दो मनरेगा के अंतर्गत महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक इकाई से 35 35 लाख रुपए प्रचार के लिए रोका जाना गंभीर अनियमितता को उजागर कर रहा है । ग्राम झालम नर्मदा माता महिला स्वा सहायता समूह की अध्यक्ष गीता वैष्णव ने बताया कि 3 महीने पूर्व ग्राम पंचायतो को गोबर से बने पेंट की बिक्री की गई लेकिन आज तक पैसा पंचायतो से समूह को प्राप्त नहीं हो पाया है और पैसे के अभाव में योजना पिछले महीने से बंद है संचालिका समूह की महिला सदस्य भुगतान के लिए भटक रहे हैं। ग्राम पंचायत झालम एवम इकाई निर्माण के क्रियान्वन एजेंसी ग्राम पंचायत झालम सरपंच टेकू राम साहू ने बताया कि स्वीकृत राशि से 35 लाख रुपए की राशि योजना इकाई के प्रचार प्रसार के लिए जिला पंचायत ने रोक लिया है। लेकिन इसका प्रचार प्रचार कहां हो रहा है कब होगा कैसे होगा इसकी कोई जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने बताया कि पंचायत के माध्यम से इकाई के लिए भवन का निर्माण कार्य किया गया है बिजली की व्यवस्था की गई है और 510 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है रीपा के लिए स्वीकृत कार्य के साथ-साथ दो-तीन महीने पूर्व महिला स्वास्थ्य सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से बने पेंट का निर्माण कर जनपद सीईओ के आदेश पर पंचायतो को पेंट की बिक्री किया लेकिन भुगतान आज तक इन्हें नहीं मिल पाया है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार लोग**- मां नर्मदा महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्षता गीता वैष्णव ने कहा कि जिले के 110 ग्राम पंचायतो को गोबर से बने पेंट की बिक्री की गई है लगभग 3-50 लाख रुपए की राशि पंचायतों से समूह को लेना बाकी है पंचायतो को समूह का बैंक खाता नंबर उपलब्ध कराया गया लेकिन महीना बीत गया आज तक पैसा समूह को प्राप्त नहीं हो पाया है।

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण के लिए ग्राम पंचायत झालम का चयन हुआ और लगभग साढे तीन एकड़ शासकीय जमीन में इकाई के लिए भवन का निर्माण किया गया है जिसमें गोबर से पेंट बनाने के लिए मशीन लगाया गया है और फैब्रिकेशन के कार्य के लिए सामग्री लिया गया है लगभग 1 वर्ष के भीतर निर्माण कार्य नए महीने के जनवरी में पूर्ण कर लिया जाएगा और गांव से रीपा केंद्र तक पहुंचने के लिए करीब 510 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण भी किया जा रहा है इस इकाई में दो-तीन महिला समूह है , गोबर से बने पेंट की बिक्री के लिए बाजार की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

बेमेतरा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती लीना मंडावी ने कहा है कि अभी तीन दिनों का अवकाश है और छुट्टी के समय में कोई जानकारी नहीं दे सकती।

कलेक्टर पी एस अल्मा ने कहा है कि मेरी जानकारी में नहीं है मैं पता करता हूं ।रीपा के लिए स्वीकृत राशि में गड़बड़ी की गई होगी तो प्रशासन कार्यवाही करेगा।

# ग्राम भेजामैदानी में संगीतमय शिव महापुराण कथा अमृत में पहुंच रहे भक्तगण





**गुरुर,** 16 दिसम्बर (देशबंधु)। विकासखंड के ग्राम भेजा मैदानी में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा अमृत एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित है।

यह कार्यक्रम गायत्री परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से गांव के बाजार चौक में आयोजित है, जहां झलियारपुर (मुंगेली) से पंडित ओमप्रकाश ठाकुर जी कथा वाचक हैं।

कार्यक्रम स्थल से जानकारी के मुताबिक आज शनिवार को कथा वाचक द्वारा शिवरात्रि कथा, भस्म एवं रुद्राक्ष कथा के बारे में जानकारी दी गई। इसके पहले देवराज इंद्र को शिवलोक की प्राप्ति, चंचुला कथा, ब्रह्मा एवं केकती को शिव द्वारा श्राप, गुण निधि की कथा, शिवलिंग स्थापना एवं पूजन विधि के बारे में भी भक्तों को बताया गया। 17 दिसंबर को उपमन्यु कथा, शिव महिमा एवं पुराण महिमा के बारे में जानकारी दी जाएगी। तत्पश्चात 18 दिसंबर सोमवार को ज्ञान गंगा की पूर्णाहुति एवं शिव महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

आयोजन स्थल से आज जानकारी के मुताबिक 12 दिसंबर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रात 9 बजे से 11 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार भी आयोजित किया जा रहा है। गांव में आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा अमृत में ग्राम भेजामैदानी सहित ग्राम कनेरी, कुलिया, नवागांव, कुम्हारखान, पुरुर जैसे अन्य ग्रामों से भक्तगण बड़ी संख्या में कथा का आनंद लेने के लिए पहुंचे थे।

### 19 को छपारा में मन्डई मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्राम छपारा में दिनांक 19/12/2023 दिन मंगलवार को छपारा में मन्डई मेला का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर रात्रि को मोहंदी जालबाधा का गवइया सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी को बड़ी सख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है । यह जानकारी जितेंद्र गेन्डरे उपसरपंच व समस्त ग्रामवासी द्वारा दिया गया। ।

# रोमांच से भरे खेलों के महाकुंभ 'आईबी प्रीमियर लीग 2.0' का हुआ शानदार समापन




**राजनांदगांव,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। देश के पोल्ट्री प्रोटीन लीडर में से एक आईबी ग्रुप अपने कर्मचारियों के लिए नित नए कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इसी कड़ी में आईबी ग्रुप ने 9 दिसम्बर से राजनांदगाँव के दिग्विजय स्टेडियम में आईबी प्रीमियर लीग 2.0 की शुरआत की। इस टूर्नामेंट में पुरे देश के छः जोन से आईबी के कई कर्मचारी शामिल हुए। 9 दिसंबर को महिला कर्मचारियों के लिए च्वीमेन स्पोर्ट्स डेज् का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिला कर्मचारियों ने बैडमिंटन, खो-खो, डॉग एंड द बोन, टग ऑफ वॉर और रिले रेस जैसे खेलों में भाग लिया। वहीं 10 दिसंबर को पुरुष बैडमिंटन का आयोजन किया गया।



इन खेलों के बाद 12 दिसम्बर से टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट च्एबिस कपज्ज की शुरुआत हुई। इस क्रिकेट सीरीज़ में ज़ोनवाइज छः टीमों (नॉर्थ नवाब, ईस्ट एम्पायर, वेस्ट वॉरियर, साउथ सुप्रीम, सेंट्रल कमांडर्स और कॉर्पोरेट क्लासिक) ने हिस्सा लिया। 4 दिन चले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कॉर्पोरेट क्लासिक और साउथ सुप्रीम ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल के लिए जगह बनाई और 15 नवंबर को हुए फाइनल मैच में कॉर्पोरेट क्लासिक ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए एबिस कप की विजेता बनी। आईबीपीएल 2.0 का समापन 15 दिसंबर को हुआ जिसमें आईबी ग्रुप के एमडी श्री बहादुर अली, एचआर डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ एवं कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति थे। इसी दिन वीमेन स्पोर्ट्स डे, पुरुष बैडमिंटन और एबिस कप के सभी खिलाड़ियों और सभी विजेताओं को नकद

पुरस्कार, पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

दर्शकों और आईबीजिएंस की उपस्थिति ने आईबीपीएल 2.0 को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

# गांधी पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर में घुसा ट्रक, ड्राइवर हुआ घायल

**डोंगरगांव,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर में हो रहे सडक़ चौड़ीकरण अंतर्गत निर्मित डिवाइडर में 15 दिसंबर को रात्रि 9 बजे एक ट्रक गांधी पेट्रोल पंप के सामने सीधे डिवाइडर में घुस गया। अंधेरे के कारण ड्राइवर से हुई चूक के कारण ट्रक का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में ड्राइवर को मामूली चोट पहुंचने की खबर है।

घटना रात्रि लगभग 9 बजे की है। हैदराबाद की ओर से शक्कर भरकर आ रही एक ट्रक क्र. सीजी 04 एनजेड 2385 चौकी रोड स्थित गांधी पेट्रोल पंप के पास सीधे डिवाइडर में घुस गई। जानकारी के अनुसार नगर में अभी सडक़ चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसी के तहत सडक़ के बींचो बीच लगभग ढाई फीट चौड़ी और तीन फीट ऊंची पक्का डिवाइडर का निर्माण किया गया है।

बताया जाता है कि निर्माण कंपनी द्वारा सडक़ तथा डिवाइडर का निर्माण तो कराया जा रहा है, लेकिन सडक़ पर पर्याप्त संकेतक व सुरक्षा के दृष्टिकोण को ताक में रखकर तथा रौशनी की व्यवस्था नहीं होने से आज एक बड़े ट्रक डिवाइडर में सीधे घुस गया। इसके ट्रक के सामने का हिस्सा तथा ड्राइवर केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक का गेयर इंजन सामने हिस्सा आदि भी क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर आइल, डीजल आदि फैल गया है सूचना पर पुलिस पहुंच गई है तथा आगे की जांच कर रही है।



**रोड़ निर्माण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोला**

नगर में बन रहे चौड़ी करण रोड़ को लेकर डोंगरगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता संतोष यादव अजय वैष्णव कोमल साहू धनराज ठाकुर एवम भाजपा कार्यकर्ताओं सहित डोंगरगांव तहसीलदार को लेकर तिगाला पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर बन रहे कार्य को तथा सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा लापरवाही सुरक्षा का किसी भी प्रकार के मापदंड का पालन नहीं किया गया है जिससे हर रोज दुर्घटना हो रही है साथ ही चौड़ीकरण रोड में बना रहे रोड किनारे बगैर पाइपलाइन शिफ्ट किए बिना ही नगर पंचायत को लगातार भारी नुकसान हो रही है जिससे चौकी रोड किनारे पाइपलाइन शिफ्ट किए बिना ही कार्य शुरू कर देने से चौकीरोड में वीरेंद्र नामदेव महेंद्र ठाकुर के घर तक 20 दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोड़ चौड़ी करण को लेकर ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ आगामी दिनों में गुणवत्ता वा मापदंड को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में फल वितरण

**डोंगरगांव,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगाव में संस्था के प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के मार्गदर्शन में विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया, जिसके तहत रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से कंप्यूटर साइंस व् गृह विज्ञानं संकाय द्वारा सामुदायिक स्वास्थय केंद्र डोंगरगाव में फलो ( सेब , केला , संतरा) व् बिस्कुट का वितरण परिसर में उपस्थित समस्त मरीजों को किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस प्रभारी मन्नू लाल नायक , श्वेता अग्रवाल , प्रतिमा मेश्राम , पूर्वा देवांगन व् महाविद्यालय के कुछ छात्र छात्राये उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होंगें उप मुख्यमंत्री अरुण साव

## जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

**राजनांदगांव,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ द्वारा आगामी 24 दिसंबर रविवार को साहू सदन राजनांदगांव में भव्य छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाना है, जिसकी तैयारी को लेकर साहू समाज के मंडल-तहसील एवं नगर साहू संघ एवं जिला साहू संघ के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य दिन-रात एक कर आयोजन को सफल बनाने में जी जान से जूटे हुए हैं।आज इसी क्रम जिला साहू संघ के यशस्वी नेतृत्व के धनी भागवत साहू जी के अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण साव जी, रायपुर ग्रामीण के विधायक माननीय मोतीलाल साहू जी से सौजन्य भेंटकर राज्य स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन में गरिमामय उपस्थि के लिए आमंत्रित किया।समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव जी तथा ग्रामीण विधायक श्री साहू जी ने कार्यक्रम में आने का वचन दिया।गौरतलब हो कि इस सम्मेलन में अतिथि के रुप में पधारने हेतु पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की भी पूर्व में स्वीकृति प्राप्त हो गई है।आमंत्रित करने प्रतिनिधि मंडल में सर्व श्री नीरेंद्र साहू संरक्षक जिला साहू संघ, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ, नरेंद्र साहू,देवलाल साहू, तुलदास साहू,नीलकंठ साहू, जगमोहन साहू, समीर साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।उक्त जानकारी जिला साहू संघ मीडिया प्रकोष्ठ के अंकालू साहू ने दी।



### ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी कल

डोंगरगांव, 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। गायत्री परिवार की ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन सोमवार 18 दिसंबर को स्थानीय गायत्री मंदिर में प्रातः 11 बजे से किया गया है। गोष्ठी में गायत्री मिशन के विजन 2026 की कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

गायत्री मिशन के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार उक्त गोष्ठी शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के निर्देशन में आयोजित किया गया है। उक्त गोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में मिशन की वरिष्ठ सहयोगी तुलसी साहू (बालोद) उपस्थित रहेंगी। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में प्रमुख रूप से विजन 2026 में गायत्री परिजनों की भूमिका, इकाई निर्माण संबंधी समीक्षा, युवा मंडल, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल की समीक्षा सहित नारी सशक्तिकरण तथा नशा मुक्ति भारत अभियान की समीक्षा की जायेगी।

उन्होंनें नगर तथा ब्लॉक के समस्त गायत्री परिजनों, युवा प्रकोष्ठ से सम्बद्ध कार्यकर्ताओं से गोष्ठी में आवश्यक रूप से उपस्थिति की अपील की है।

# भाजपा की आदत रसूखदारों में बांटने की: देवांगन

**खैरागढ़,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद गरीब और असहाय लोगो पर जुल्म कर तानशाही रवैया रखना भाजपा सरकार की खुले आम तानशाह की स्थिति को प्रदर्शित कर रहा है. शराब दुकानों के समीप गरीब परिवार का आदमी चखना दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण किया करता था. उनके झुग्गी झोपड़ी व दुकान को उजाड़ कर भाजपा सरकार यह सोचती है कि उन्होंने बुलडोजर चलाकर अपनी दबंगई दिखा दी है लेकिन यह मजहज दिखावा मात्र है ऐसा आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने कहा की गरीब और असहाय लोगों की रोजी रोटी छीनना और रसूखखदारो का हुजूरी करना तो इनके केंद्रीय नेतृत्व के गुण है जो प्रदेश में भी अब लागू हो रही है. क्या भाजपा अपने पूर्ण शासन काल तक चखना दुकान को बंद रखेगी या फिर दिखावा मात्र के लिए कार्यवाही कर इनको हटाकर अपने रसूखदार मित्रो को इसका टेंडर देकर वापस चखना दुकान को संचालित करवाने मोटी रकम के लिए उगाही करेगी यह तो समय आने पर इनकी ओछी मानसिकता प्रदर्शित हो जाएगी क्या केवल चखना दुकान को हटा देने से समाज में शांति व्यवस्था बना रहेगा.. ? भाजपा सरकार ने चखना दुकान को बंद कर गरीब और असहाय लोगों की रोजी रोटी छीना है इसके बजाए सर्वप्रथम शराब माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही किया जाए क्या यही इनका शासन करने का तरीका है. भाजपा शासन के सत्ता में आने से अवैध शराब माफियाओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. श्री देवांगन ने कहा भाजपा की हमेशा से आदत है गरीबों के हक की रोटी छीन कर रसूखदारों में बांटने की चखना दुकानों को उजाड़ने से पहले सरकार को उन सभी परिवारों के बारे में सोचना चाहिए था जिनकी रोजी रोटी इन्होंने छीना है चखना दुकान के संचालक तो नाम मात्र है असली गुनाहगार तो सरकार है जिन्होंने इनके लिए समुचित व्यवस्था नही कि ये वो गरीब लोग है जो करोड़ों कमा कर रसूखदारी नही करना चाहते बल्कि मेहनत व रोजी रोटी कर परिवार चलाने के लिए मजबूरन यह कार्य करते है. चखना दुकान को हटाना कोई गलत नही है लेकिन उनके परिवार की रोजी रोटी चलाने वालो पर क्या बीत रही है इसका ख्याल भी रखा जाना चाहिए था. राज्य के मुख्या का जिम्मेदारी बनता है कि सभी चखना दुकान लगाने वाले संचालकों की रोजी रोटी की समुचित व्यवस्था करने की मांग हम सरकार से करते है साथ ही गरीबों के गरीबी को दूर करने के लिए एक कदम आगे बढ़ाए भाजपा सरकार से ऐसी आग्रह हम भाजपा के सरकार करते है।



■ प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद गरीबो के चखना दुकान को किया बंद

# किसानों की कर्ज माफी राशि का भरपाई करे भाजपा कार्यकर्ता: प्रभा साहू

**डोंगरगढ़,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू ने किसानों की कर्ज माफी राशि की भरपाई भाजपा के कार्यकर्ताओं को करने की मांग की है । जिला पंचायत सदस्य श्रीमती साहू ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा कर्ज माफी की फर्जी पोस्ट बनाकर तथा नवनिर्वाचित उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा जनता के बीच 2 लाख तक कर्ज माफी की घोषणा कर सत्ता हासिल किया है और ग्रामीण स्तर में भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तर के कार्यकर्ता फर्जी तरीके से कर्ज माफी वाला पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर जनता के बीच पहुँच कर्ज माफी की बात कही है जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू ने आगे कहां कि अगर आज उनकी सरकार कर्ज माफी नहीं कर रही है तो भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने गांव के सभी किसानों के कर्ज माफी की राशि का भरपाई स्वयं अपने घर से करें क्योंकि किसानो की कर्ज माफी की बात इन्हीं कार्यकर्ताओं के द्वारा जनता से किया गया है और गलत तरीके से झांसे में लाकर वोट हासिल किया है भाजपा के सभी कार्यकर्ता अगर अपनी साख बचाना चाहते हैं तो अपने सरकार से किसानों की कर्ज माफी करवाय । उन्होंने किसानों की कर्ज माफी नहीं किये जाने पर बडी संख्या में किसानों को लेकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



# सभी घरों तक पहुंचेगी शासन की योजनाएं यह मोदी की गारंटी है : प्रधानमंत्री मोदी

**कवर्धा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय द्वारा कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत मजगांव में जिला स्तरीय कार्यक्रम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुवल शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम स्थल में भारत सरकार से प्राप्त आईईसी वैन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि हर घर तक शासन की योजनाएं पहुंचाई जाएगी। आपके क्षेत्र में चलने वाले इस यात्रा से सभी गांव को सम्मिलित किया जाएगा और छोटे-छोटे कस्बे और शहरों को यात्रा से जोड़कर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसी तरह शासन के सभी योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम स्तर स्वागत समिति के सदस्य उपसरपंच सचिव ग्राम रोजगार पटवारी द्वारा किया गया। शिविर स्थल में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों ने अपने अनुभव को बताया। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत भूमि समतलीकरण के हितग्राही इतवारी पटेल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी जग्गुराम उज्ज्वला योजना की लाभार्थी श्रीमती संतोषी बाई प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की लाभार्थी श्रीमती कांति पटेल आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी भगवान पटेल सहित अन्य ने अपने अनुभव को सभी ग्रामीणों के समक्ष रखा। धरती कहे पुकार के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा च्हिज कंपटीशन के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधिवत यात्रा की शुरुआत हो गई है। आज दो स्थलों पर ग्राम मजगांव एवं ग्राम रणवीरपुर में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र शासन के योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कर मौके पर कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से कृषि भूमि का निरीक्षण आधार पंजीयन स्वास्थ्य शिविर अंतर्गत सिकल सेल की जांच ब्लड प्रेशर शुगर की जांच सामान्य सर्दी खांसी बुखार की जांच एवं दवाइयां वितरण की गई।मछली पालन विभाग सहकारिता विभाग खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों ने केंद्रीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दिया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिले को आठ आईईसी वैन प्राप्त हो रहे हैं प्रति दिन एक वैन दो ग्राम पंचायत में भ्रमण कर शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाएगी इस तरह एक दिन में 16 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होगा। कल जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बदराहडी एवं महारटोला जनपद पंचायत लोहारा के ग्राम पंचायत गंगीबैहरा वा कुमार दनिया जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत पलानसरी एवं मोहगांव में वैन पहुंचेगी और विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। श्रीमती सुशीला भट्ट अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम ने यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि केंद्र शासन की योजनाओं से जिले के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को लाभ मिल रहा है तथा उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग इस यात्रा से जुड़कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव वन मंडल अधिकारी वन मंडल कवर्धा चूर्णमणी सिंह जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट श्रीमती सुमीर बाई पुसाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 35 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में मौत



**डोंगरगढ़,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। सगाई कार्यक्रम से वापस लौट रहे युवक की पटना में दर्दनाक मौत हो गई है मामला थाना क्षेत्र मोहरा का बताया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार थाना चौकी मोहरा के अंतर्गत मोटरसाइकिल वाहन चालक बहुरित गोड पिता रतिराम गोड आयु 35 साल निवासी गाटापार ग्राम खैरबना में सगाई समारोह से सम्मिलित होकर वापस अपने गांव गाटापार थाना लालबाग जिला राजनांदगांव जा रहा था ग्राम रूवतला पानी टंकी रोड किनारे शिव बंबू झाड़ में मोटरसाइकिल सहित टकरा गया उक्त घटना में युवक की उन मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मुहावरा थाना प्रभारी प्रमुख श्रीवास्तव व टीम ने घटना स्थल पहुंच जानकारी ली इसके बाद मामले में मर्ग कायम कर शव पीएम हेतु डोंगरगढ़ अस्पताल रवाना किया गया । उक्त कार्रवाई में प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव आरक्षक सुरेंद्र रामटेक सुरेंद्र रामटेक मनीष सोनकर अश्वनी कुर्रे जितेन सॉरी मौके पर पहुंचकर कार्यवाही किया गया ।

# नेशनल लोक अदालत में राजीनामा कर पक्षकारों को किया गया लाभान्वित

■ पक्षकारों ने नेशनल लोक अदालत किया धन्यवाद ज्ञापित

**खैरागढ़,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर भारत पूरे भारत वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वधान में तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर शनिवार को किया गया जिसमें प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से व वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की गई उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ बुजुर्ग पक्षकारों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर की गई अपर जिला व सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप के द्वारा खैरागढ़ न्यायालय के 6 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें से 4 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 6 लाख 15 हजार 295 रुपए अदर सिविल केसेस 2 प्रकरण में 3 लाख 94 हजार 804 रुपए में हुआ वही प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 15 मामले में 57237 रुपए व बैंक रिकवरी 2 केस में 4000 रुपए में हुआ इस प्रकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग खैरागढ़ के 138 चेक बाउंस के 2 मामले में 44000, ट्रैफिक चालान में 192 मामलों में 28300 वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 58 प्रकरणों में 34000 रूपए की अवार्ड राशि पास हुआ वही 20 आपराधिक मामलों में भी समझौता हुआ न्यायिक मजिस्ट्रेट गुरुप्रसाद देवांगन प्रथम श्रेणी न्यायालय में क्रिमिनल कंपाउंडेबल ऑफेंस केसेस 29 व ट्रैफिक चालान में 43 मामलों में 12900 रूपए वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 13 प्रकरणों में 7900 केस में अवार्ड राशि पास हुआ राजीनामा करने के लिए तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था भी की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 380 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल अवार्ड 11,98,436 रुपए पारित हुआ वहीं राजस्व न्यायालयों में तहसीलदार प्रीति लारुकर के द्वारा कुल 107 मामले का निराकृत किया गया नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित



पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, छविराज, कला प्रजापति सुलहकर्ता अधिवक्ता प्रकाश सिंह राजपूत, गिरिराज ठाकुर, शत्रुघ्न वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, ज्ञानदास बंजारे, महेश साहू, रामकुमार जांगड़े, मिहिर झा, सूर्यदमन सिंह, विक्रम यदु ,भुनेश्वर वर्मा, साबरा बानो, सुनील पांडे, सुबोध पांडे, सतीश सिंघानिया, मनोज चौबे, विवेक कुर्रे, कौशल कोसरे, नीरज झा, सर्वेश ओसवाल, घम्मन साहू, मनरखन देवांगन, सुरेश साहू, सत्यकला वर्मा सहित अन्य लोगो का सहयोग रहा

5 वर्ष से भी ज्यादा समय से लंबित प्रकरण का हुआ निराकरण ज्ञात हो कि विक्रांत सिंह पिता बद्री विशाल सिंह विरुद्ध लताबाई पति लेलेंद्र कुमार लोधी वगैरह का प्रकरण विक्रय संविदा की प्रतिज्ञा पूर्ति एवं स्थाई निषेधाज्ञा बाबत पेश किया गया था जो की 5 वर्ष से अधिक समय तक चल रहा था वह नेशनल लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी व अधिवक्तागण के द्वारा दी गई समझाईश के फलस्वरूप दोनों पक्ष आपस में राजीनामा करने के लिए तैयार हुए और दोनों पक्ष के द्वारा आपस में राजीनामा कर लिया इस प्रकार दोनों पक्ष हंसी खुशी प्रेम भाव से अपने - अपने घर को रवाना हुए राजीनामा के माध्यम से निराकृत हुआ नेशनल लोक अदालत में अवार्ड राशि पारित हुआ जिससे बेसहारों को अपनी आजीविका के राशि प्राप्त हुआ जिससे उनका पूरा परिवार बहुत खुश हुए और आंखों से खुशियों के आंसू छलकने लगे उनका परिवार यह सोचकर खुश हुए कि अवार्ड राशि से अब और उनकी दैनिक आवश्यकताएं भी पूरी हो पाएंगी इस पूरी प्रक्रिया के लिए तालुका विधिक सेवा समिति लोक अदालत टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद किया और लोक अदालत को गरीबों का मसीहा बताकर पुनः धन्यवाद ज्ञापित किया

उल्टा पुल्टा

सोनू और मोनू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
टीचर- मोनू तुमने अपने पापा का नाम अलग क्यों लिखा।
मोनू- क्योंकि आप मुझे फिर कहेंगी कि मैं नकल मार रहा हूं।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ

## प्रधानमंत्री मोदी हितग्राहियों से हुए वर्चुअली रूबरू

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 16 दिसम्बर को किया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों से जुड़कर हितग्राहियों से चर्चा किया। बलौदाबाजार विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने कहा की पिछले 9 साल में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के कार्यकाल में देश काफी आगे बढ़ा है। अमीर और गरीब की खाई को दूर करने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए पक्का आवास की चिंता की और उन्हें पीएम आवास योजना से पक्का आवास दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार गठन होते ही 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी गई है। महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओं को मिलेगा। हर घर मे नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन से सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना को घर-घर एवं जन-जन तक पहुंचाना है। गरीब आदमी भी उन्नति करे इसी सोच को लेकर आगे बढ़ना है।

**जिले में अर्जुनी से हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत**

कार्यक्रम में सबसे पहले एलईडी वैन का स्वागत किया गया। इस एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना गया। इसके पश्चात हमारा संकल्प विकसित भारत अन्तर्गत शपथ ली गई। मैरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। ईश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास मिलने से पक्का घर बन गया है। संतोषी वर्मा व तेजी साहू ने बताया कि शौचालय नही था तो धूप व बारिश में बाहर जाना पड़ता था अब घर मे में शौचालय बन जाने से बाहर जाने की जरूरत नही पड़ती। गोमती साहू एवं रजनी साहू ने बताया कि उनके बेटे का वजन कम था। कुपोषित की श्रेणी में था। आंगन बाडी मिलने वाले पोषण आहार मिला जिससे अब तंदुरुस्त है। नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम किसान समृद्धि योजना के तहत सालाना मिलता है जिससे खेती किसानी में काम आता है। भुनेश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर मिला है। अब लकड़ी से चूल्हा जलाना नही पड़ता जिससे धुएं से मुक्ति मिली है।

हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ- कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के करीब 32 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसमे खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 5 हितग्राही, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल 5, षि विभाग स्पेयर पम्प 7, आयुष्मान कार्ड 10, महिला बाल विकास द्वारा 5 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग, एनआरएलएम आदि के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस स्टाल में विशेष रूप से राजस्व, बैंकिंग एवं स्वास्थ्य संबंधित लोगों की समस्याओं का भी निदान किया गया। इस अवसर में स्कूली बच्चो के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रप्त करने वाले संस्थाओं के बच्चो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा, योगेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष इशान वैष्णव, सरपंच प्रमोद जैन, विजय केशरवानी, अशोक जैन, डोमन सिंह, के.के. वर्मा, सुनीता वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हितग्राहियों को योजनाओं का मिला लाभ

**महासमुंद,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रदेश में आज 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। महासमुंद अंतर्गत ग्राम खरोरा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि विकसित भारत संकल्प शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर आज खरोरा के प्राथमिक शाला परिसर में हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने शिविर का आयोजन किया गया। यहां केंद्र सरकार की लगभग 20 योजनाओं का स्टॉल लगाकर जानकारी दी गयी। जहां पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरुरतमंद लोगो को आवेदन फार्म भरवाए गए। कार्यक्रम में महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने विभागीय योजना स्टाल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टाल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लोग योजना से वंचित न हो। इस यात्रा का उद्देश्य की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच ब ?ना है ताकि सभी को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिला प्रशासन से सवेंदनशीलता के साथ सभी योजनाओं का लाभ देने कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, संदीप दीवान, येतराम साहू, चन्द्रहास चंद्राकर, पवन पटेल, देवीचंद राठी, महेंद्र जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर प्रभात मलिक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू सहित जिला अधिकारी ग्रामीण और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे। इस अवसर पर यहां कई हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और सामग्री वितरण किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव सुनाए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही 2 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम भी किया गया। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ विभाग द्वारा 36 आयुष्मान कार्ड, 98 लोगों का निशुल्क उपचार एवं परीक्षण, कृषि विभाग द्वारा दो किसानों को रागी बीज दिया गया। उज्जवला गैस अंतर्गत 52 हितग्राहियों ने फार्म भरा। साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रचार.प्रसार वैन विभिन्न गांवों में जाकर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे, साथ ही पात्र हितग्राहियों >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**पीएम मोदी एवं सीएम साय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया सन्देश**

# राजिम विधायक रोहित साहू को फिंगेश्वर ब्लॉक रोजगार सहायक संघ ने दी बधाई



**राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू को शुभकामनाएं बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। राजनीतिक सामाजिक संगठनों के साथ विभिन्न शासकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारी संगठन भी विधायक से मिलकर बधाई शुभकामनाएं दे रहे है। सभी संगठनों को ये आशा और विश्वास है कि चूंकि विधायक स्थानीय क्षेत्रीय निवासी और कर्मचारियों की मांग को उनकी आवाज को विधानसभा के माध्यम से सरकार तक जरूर पँहुचायेगी और कर्मचारी हित में जरूर सरकार कदम उठायेगी। इसी तारतम्य ने फिंगेश्वर ब्लॉक के रोजगार सहायक संघ ने पुष्प माला और बुके भेंट कर विधायक रोहित साहू को जीत की बधाई प्रेषित किये। इस अवसर में रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष घासीन साहू, सचिव उमेश ध्रुव, देवलाल भारती, खेमन निषाद, अनिल साहू, कन्हैया साहू, ओमकार साहू, प्रेमलाल गिलहरे, मिनेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, पवन साहू, इंद्रकुमार साहू, लीलेश ध्रुव, लालचंद खूंटे, रेखा साहू, राजेन्द्र ध्रुव, माधुरी साहू, चमेली साहू, नन्दनी विश्वकर्मा, दीपक साहू, कुंती साहू, नन्दनी बघेल और संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में 8061 प्रकरणों का हुआ निराकृत

**बलौदाबाजार,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। 16 दिसम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवम् राकेश कुमार घोरे, जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। बलौदाबाजार जिले में जिला न्यायालय बलौदाबाजार, व्यवहार न्यायालय भाटापारा, कसडोल, सिमगा एवम् राजस्व न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ राकेश कुमार घोरे जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा मॉ सरस्वती के चैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवल कर प्रात: 10.30 को किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, विभिन्न बैंक के प्रबंधक, पैरालीगल वॉलिटियर, प्रकरणों के पक्षकार उपस्थित रहें। नेशनल लोक अदालत हेतु न्यायालीयन प्रकरणों हेतु कुल 12. खण्डपीठ का गठन किया गया है तथा राजस्व न्यायालय हेतु 13 खंडपीठ का गठन किया गया। परिवार न्यायालय बलौदाबाजार हेतु 01 खण्डपीठ, जिला न्यायालय हेतु 06, तहसील न्यायालय भाटापारा हेतु 03 तथा तहसील न्यायालय कसडोल, सिमगा हेतु 01-01 खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में कुल1311 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 6750 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, समझौता राशि 61,10,14,810 रूपये रहा। राजस्व न्यायालय के कुल 4562 प्रकरण निराकृत हुए है।



**समझौता राशि 61,10,14,810 रूपये रहा**

परिवार न्यायालय में पति-पत्नि के बीच हुआ समझौता-परिवार न्यायालय बलौदाबाजार में पत्नि ने अपने पति के विरूद्ध भरण पोषण का प्रकरण प्रस्तुत किया था। उनका विवाह हुए 30 वर्ष हो गये थे उनके तीन संताने है जो पढाई कर रहे थे। विगत 4-5 वर्षो से पति-पत्नि के मध्य पारिवारिक विवाद होने से अलग रह रहे थे। लोक अदालत में परिवार न्यायालय के खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी श्रीमती सुमन एक्का एवं अधिवक्ता सदस्य के द्वारा राजीनामा के संबंध में समझाईस दिये जाने पर पति-पति एक साथ पुन: दापत्य जीवन निर्वाह करने में बिना किसी डर/दबाव के राजीखुशी सहमति दिये जिस पर पत्नि के द्वारा दर्ज कराया गया मामला राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया एवम् पौधा दिया जाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

2 वर्ष की नाबालिक बालिका अपने माता पिता का प्यार एक साथ पायेगी-परिवार न्यायालय में पत्नि एवं 02 वर्ष की नाबालिक बालिका के द्वारा अपने पति/पिता से भरण पोषण के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया था। पत्नि के द्वारा अपने पति से तलाक लिये जाने का भी एक अन्य प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया था। वैवाहिक जीवन से उनकी एक 02 वर्ष की नाबालिक पुत्री थी नाबालिक पुत्री अपनी माता के साथ पिता से अलग रहती थी। विवाह वर्ष 2021 में हुआ था। नाबालिक पुत्री एवं दापत्य जीवन को देखते हुए खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी एवं अधिवक्ता सदस्य के समझाईस दिये जाने पर पति-पत्नि एक साथ रहना बिना किसी डर-दबाव के स्वीकार किये जाने पर उनका प्रकरण राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया। 02 वर्ष की नाबालिक बालिका को राजीनामा होने से माता-पिता का प्यार प्राप्त हुआ।

# कसडोल पहुंची यादव समाज की समरसता यात्रा

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के द्वारा निकाली गई सामाजिक समरसता यात्रा शनिवार को कसडोल पहुंची। यहां पर लवन राज के सामाजिक पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों के द्वारा समरसता यात्रा में शामिल सभी सामाजिक जनों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी सामाजिक पदाधिकारी बैठकर एक साथ समाज विकास की परिकल्पना करते हुए विचार एवं वैचारिक गोष्ठी में शामिल हुए। जिसमे मंच पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु उपस्थित थे। उन्होंने कहा की यादव समाज किसी से कम नहीं है। सब समस्या का हल राजनीति से ही संभव है। यादव समाज का राजनीति में भी भलीभांति शामिल होना चाहिए।



युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी हरीश यादव ने कहा की हमे सभी के मन में समरसता का भाव लाना है। उन्होंने कहा की समाज के जो युवा है वो काफी सक्षम है। युवाओं को समाज में भूमिका देने की जरूरत है। उन्होंने कहा की अन्य समाज संगठन के माध्यम से राजनीतिक रूप से एकजुट हो रहे है। हमे भी एकजुट होकर राजनीति में भी आगे आना है। पिछले चुनाव में पांच यादव को विभिन्न राजनीति दल ने टिकिट दिया था जिसमे से चार यादव चुनाव जीतकर विधायक बने है। यादव ठेठवार समाज के प्रांतीय सलाहकार जोहतराम यादव ने कहा की युवाओं के बताए मार्ग पर आज हम सब चल रहे है। उन्होंने कहा की आज युवा प्रकोष्ठ पूरे प्रदेश में अपने इकाई की गठन कर रहे है। प्रांतीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ परमानंद यादव ने भी संबोधन दिया। इसके अलावा लवन राज कसडोल से अशोक यादव, जनक राम यादव, टिकेश्वर यादव, भावेश यादव, दिले राम यादव, चंद्रप्रकाश, जीत राम यादव, ओम प्रकाश यादव सहित समरसता यात्रा में शामिल सभी स्वजातीय गण मौजूद थे।

**यात्रा का समाजिक लोगों ने किया स्वागत**

# किसान की आत्महत्या पर पूर्व विधायक ने किया शोक प्रगट



**महासमुंद,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों के मौत का सिलसिला शुरू हो गया है। नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर गांव में कर्ज वसूली की नोटिस से परेशान किसान की आत्महत्या ने यह साबित कर दिया है कि गरीब किसानों की परेशानी, विवशता से भाजपा को कोई सरोकार नहीं है, भारतीय जनता पार्टी गरीब किसानों की नहीं बिल्क बड़े उद्योग पतियों का कर्ज माफकरने वाली सरकार है। उक्त वक्तव्य किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने व्यक्त की। श्री चंद्राकर ने कहा कि पिछले 5 साल तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को कर्जमाफी, न्याय योजना के तहत 2500 रुपए में धान खरीदी का लाभ मिला। भूपेश कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल व संपन्न हुए। लेकिन, प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही किसानों की परेशानी शुरू हो गई। किसान आत्महत्या करने लग गए हैं। भाजपा की सरकार बने पखवाड़ा बीत गया। लेकिन, 21 क्विंटल धान खरीदी व 3100 रुपए एकमुश्त समर्थन मूल्य देने का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गुड मार्निंग में विविध खेलों का हुआ आयोजन

**महासमुंद,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। लोगों के बेहतर स्वास्थ्य व लोगों को जागरूक करने के साथ उनकी इम्यूनिटी सिस्टम को और मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में शनिवार को सुबह 7 से 8. 30 बजे तक लगातार चौथे शनिवार किया गया। जिसमें योगा, हैंडबाल, हॉकी, वॉलीबाल, नेटबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल, क्रिकेट, कराते खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां में संखली आयोजित किया गया। जिसमें खेल संघ, व्यायाम शिक्षक, योगा, जुंबा टीम द्वारा खेल गतिविधियों का अभ्यास कराया गयाए जिसमें 700 से ज्यादा नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद ने जानकारी देते हुए बताया कि नेटबॉल में कुलेश्वर, आदित्य पटेल, शेखर अजगर, वॉलीबॉल में विकास सेन, मुरीन सैफी, बॉल बैडमिंटन में दीपशिखा, अंबिका दिवान, क्रिकेट में गोलू जैकब, अभिषेक गुप्ता, योगा में देवेंद्र कुमार सोनवानी, कुमकुम साहू, प्रीति साहू, गोला फेंक में मुकेश, मूलचंद निषाद, रस्सा कसी में दीक्षा ठाकुर, सुमन दीवान, नैना चौहन, सीमा ध्रुव, हॉकी में हर्षिता कन्नोजे, हैंडबाल में धनंजय, उदय, आदित्य ने बेहतर >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# संत बाबा गुरु घासीदास के 267वीं जयंती पर राजिम में निकला विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा

**राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के तत्वाधान में प्रतिवर्ष के भाती इस वर्ष भी संत बाबा गुरु घासीदास जी के 267 वजी जयंती के एक दिन पूर्व आज 16 दिसम्बर को विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा सतनाम गुरुद्वारा रायपुर रोड राजिम से संत बाबा खूब लाल टंडन, मंदिर के पुजारी पनमेश्वर मार्कंडेय एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति में पूजा अर्चना पश्चात सात ध्वजवाहकों के साथ पूजा के अर्चना के बाद सतनाम सन्देश शोभायात्रा आकर्षक पंथी नर्तक दलो के साथ पंडित सुन्दर लाल शर्मा चौक से गरियाबंद रोड होते हुए सतनामी पारा से शिवा चौक होते हुए गुरुघासीदास मंदिर पहुँच कर समापन हुआ।सतनामी पारा के सभी घरों में चौक पूरकर बाबा गुरुघासीदास जी के छाया चित्र एवं सात ध्वज वाहकों का आरती उतार कर पूजा अर्चना किया गया। शोभायात्रा के पूर्व राजिम विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू अपने साथियों के साथ मंदिर पहुँच कर बाबा जी के पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित सन्त समाज को सम्बोधित करते हुए विधायक रोहित ने कहा कि मेरे विधायक बनने के बाद सबसे पहला कार्यक्रम सतनामी में बाबा गुरुघासीदास जयंती में हो रहा है जो मेरे जीवन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। आप सबका ,खास करके सतनामी समाज का बहुत ही योगदान मुझे विधायक बनाने मैं रहा । समाज के उत्थान मे हमेशा अपना सहयोग दूंगा ष्आप लोगो ने मुझे नेता नही बेटा चुना हैष्आपके सुख दु:ख में हमेशा साथ रहूँगा, जब भी जरूरत पड़े अच्छे कामों के लिए मुझे दो बजे रात को बता सकते हो मैं दौड़कर आऊंगा और सभी मिलकर समस्याओं को निराकरण मिलजुलकर करेंगे।



**नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू ने गुरुघासीदास मंदिर पहुँच कर लिया आशीर्वाद**

दोनों सत्रों में डॉ आनंद मतवाले गुरुजी द्वारा गुरूबाबा घासी दासजी को नमन करते हुए स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुघरमल आड़े द्वारा किया गया, उन्होंने सतनामी कर्मचारी मित्र मंडल के साथियों को कोटिश: धन्यवाद दिया कि सतनाम सन्देश शोभायात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने अमूल्य योगदान दिया। उपस्थित सभी अतिथियों का साल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विधायक के साथ चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, राजू साहू, मनीष हरित, किशोर साहू, डेकेश्वर ठाकुर(डीके), रामकुमार गोस्वामी, सुनील तिवारी, रामनारायण साहू, समाज प्रमुखों में डॉ आनंद मतवाले गुरुजी संरक्षक, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूखमणी मांडले, सन्तोषी पुर्रे, अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, मुन्ना कुर्रे, सुघरमल आड़े, सहदेव बंजारे, बिष्णु जांगडे, गोपचंद बेनर्जी, राधेश्याम बंजारे, पार्षदगण ओमप्रकाश आडील, राकेश मांडरे, उपाध्यक्ष गण किरण टण्डन, नेमीचंद बंजारे, सनत चेलक, कोमल ढीढी, चतुर मंडल, भागचंद चतुर्वेदी, कमलेज़ बघेल, गणेशु खूटे, जागेश्वर गायकवाड़, अश्विनी दास रात्रे, ईश्वर रात्रे, खेलन घृतलहरे, गोविंद चतुर्वेदी, टिकेन्द्र बंजारे, चोवा खूटे, विक्रम खुटे, राकेश भारती, महेंद्र भारती, जेठू कोसरे, धनेन्द्र टण्डन, गौतरिहा चेलक सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों बच्चों ,नवयुवकों की उपस्थिति रही।

## गुरुघासीदास जयंती पर आज शोभायात्रा

**बलौदाबाजार,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। परम पूज्य गुरुघासीदास जयंती समारोह का आयोजन नयनदास महिलांग स्मृति स्थल बलौदाबाजार में किया गया है। इस अवसर पर 17 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे नगर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 18 दिसम्बर को शाम 5 बजे पालो चढावा एवं 6 बजे से छत्तीसगढी कार्यक्रम फुलगे मोंगरा के नवा बिहान कार्यक्रम आयोजित होगा।



# सड़क दुर्घटना के बाद लोनि, नपा व पुलिस के अधिकारियों ने लिया जाएजा

**नयापारा राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा क्षेत्रान्तर्गत तर्रीरोड़ साहू मिष्ठान के पास 12 दिसंबर प्रात: 7.45 बजे दोपहिया वाहन क्र. सीजी 04 केए 9411 और ट्रक वाहन क्र. यूपी 67 टी 9395 के बीच हुई गंभीर सड़क दुर्घटना में 03 लोगों की मृत्यु हुई। इस गंभीर दुर्घटना में शिवनाथ यादव उम्र-35 वर्ष, कु.वंशिका यादव उम्र- 05 वर्ष एवं कु.हिया यादव उम्र-02 वर्ष को गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मृत्यु हुई। इस गंभीर दुर्घटना सड़क खण्ड के निरीक्षण के दौरान 15 दिसंबर को अध्यक्ष-अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) संजय शर्मा के साथ ऋषि सेन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, श्री विश्वकर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं आशीष सिहं राजपूत थाना प्रभारी गोबरा नवापारा, जिले के अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**निरीक्षण दल के अधिकारियों ने दुर्घटना के संभावित कारण बताए संजय शर्मा**

तर्री रोड नवापारा में दुर्घटना स्थल के समीप स्थित बगदई स्कूल एवं इसके सामने से जाने वाले परमेश्वरी स्कूल मार्ग में गतिनियंत्रण उपायों के अभाव में वाहनों के तेजगति से चलने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

मृतक शिवनाथ यादव दोपहिया वाहन क्र. सीजी 04 केए 9411 में अपने 02 बच्चों के साथ बैठकर परमेश्वरी स्कूल की ओर जा रहे थे कि तर्री रोड साहू मिष्ठान के पास पीछे से आ रही ट्रक वाहन क्र यूपी 67 टी 9395 तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए टक्कर मार दी, जिससे दोपहिया वाहन में यात्रा करते व्यक्ति एवं 02 नन्ही पुत्रियों की मृत्यु हुई।

3. दुर्घटनाजन्य सड़क की पर्याप्त चौड़ाई है, किन्तु अतिक्रमण के कारण मार्ग कई स्थानों में छोटा/संकरा हो गया है, इससे पदयात्रियों सहित दोपहिया वाहनों को कई अवसरों पर सड़क के बीच में चलने की मजबूरी परिलक्षित होती है, इस कारण मार्ग में भारी वाहनो की आवाजाही से दुर्घटना की संभावनी बनी रहती है।

4. इसके अतिरिक्त घटना स्थल के पास शीतलापारा से बगदेही आने वाले मार्ग में ढ़लान के कारण गाड़ियां/वाहन तेजी से मुख्य मार्ग में आते है, जिनके मुख्य मार्ग में तेजगति से चलने वाले वाहनों से टकराकर गंभीर दुर्घटना संभावित है।



## बचाव के किए उपाय

**भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय -**

1. निरीक्षण के दौरान आने-जाने वाले वाहनों की गति अत्यधिक पाई गई है, अत: गति सीमा का अनुपालन कराने जाने के साथ-साथ, ट्राफिक कॉमिंग के उपाय, रंबल स्ट्रीप के साथ रिफ्लेक्टिव रोड मार्किंग, ऐजलाईन, रिफ्लेक्टिव गति नियंत्रण बोर्ड, चेतावनी सूचक बोर्ड एवं अन्य सड़क सुरक्षा उपाय आवश्यक है। इस संबंध में उपस्थित अधिकारियों को यथाशीघ्र सुधारात्मक उपाय/कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

2. भविष्य में गति नियंत्रण के लिए समय-समय पर इस दुर्घटनाजन्य सड़क खण्ड में मोटरयान अधिनियम के उल्लंखन पर प्रभावी कार्यवाही परिवहन/पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त एवं नियमित रूप से किया जाना आवश्यक है।

3. परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर उक्त क्षेत्र के चलने वाले वाहन चालकों को प्रशिक्षण एवं सुरक्षित यातायात के नियमों से अवगत कराया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके।

4. स्थानीय प्रशासन द्वारा मार्ग विशेषकर स्कूल/चौराहे के अतिक्रमण यथाशीघ्र हटाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

5.जिले में विभिन्न सामाजिक आयोजनों में सहभागिता विशेषकर रात्रिकालीन कार्यक्रमों के दौरान वाहन चालकों की समुचित निद्रा एवं आराम हेतु तथा माल वाहक व पिकप वाहनों में सवारी नहीं बैठाने, स्कूल, बाजार एवं भीड़-भाड क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानीपूर्वक नियंत्रित गति से वाहन चालन लिये व्यापक जन जागरूकता अभियान के साथ प्रभावी प्रवर्तन आवश्यक है।

6. इसके अतिरिक्त घटना स्थल के पास शीतलापारा से बगदेही आने वाले मार्ग में ढ़लान के कारण गाड़ियां/वाहन तेजी से मुख्य मार्ग में आते है, जिनके मुख्य मार्ग में तेजगति से चलने वाले वाहनों से टकराकर गंभीर दुर्घटना संभावित है, बचाव हेतु गति नियंत्रण के लिये रंबल स्ट्रीप्स, चेतावनी/संकेतक बोर्ड लगाया जाना आवश्यक है।

7.स्कूल के समीप स्कूली बच्चों एवं अन्य पदयात्रियों के सुरक्षित सड़क पार करने हेतु जेब्रा क्रॉसिंग, चेतावनी बोर्ड सहित जनजागरूकता/सड़क सुरक्षा के अन्य आवश्यक उपाय किया जाना है।

# अल्ट्राटेक ने सरसेनी रानी सागर तालाब के कार्यों का किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अल्ट्राटेक रावन सीमेन्ट संयंत्र के कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलीटी द्वारा सरसेनी गाँव के मुख्य रानी सागर तालाब का गहरीकरण, पिंचिंग एवं पचरी निर्माण कार्य का भूमिपूजन 15 दिसम्बर को ग्राम सरसेनी में ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में संपन्न किया गया। गांव के अधिकतर जनसंख्या इस तालाब में निस्तारी के लिए उपयोग करते हैं। इस गाँव का यह मुख्य तालाब में पानी इकठ्ठा होने से निस्तारी के अलावा पशु के उपयोग व वाटर लेवल भी बनाये रखने में मद्द मिलेगा, इस कारण यह कार्य ग्राम पंचायत के लिए और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उक्त कार्य को करणे के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सी.एस.आर. (ब्) रावन को आवेदन किया था। पंचायत के आवेदन पर अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. (ब्) द्वारा ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राप्त आवेदन के आधार पर तालाब के गहरीकरण, पिंचिंग व पचरी निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. से विभाग प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति व दया वर्मा तथा ग्राम पंचायत सरसेनी से सरपंच श्रीमती लक्ष्मी साहू, उपसरपंच श्रीमती चंदन साहू, पंच श्रीमती तामेष्वरी साहू, सरस्वती नवरंगे,रामहिन साहू, पुन्नी साहू एवं प्रेम लाल सिन्हा तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सी.एस.आर. द्वारा किये गये पिछले कार्यो- रंगमंच, सी.सी.रोड. बोरवेल, सौर पंप, स्प्रींकलर, पंप, पचरी निर्माण आदि के द्वारा ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करने के प्रति सरपंच श्रीमती लक्ष्मी साहू ने सी.एस.आर. एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

# नवनिर्वाचित राजिम विधायक रोहित साहू को जीत की बधाई देकर रबी फसल हेतु मांगा पानी



**फिंगेश्वर,** 16 दिसंबर। फिंगेश्वर क्षेत्र के सैकड़ों कृषक लालपुर दर्रीपारा मौली पारा सतनामी पारा फिंगेश्वर से विधायक निवास राजिम पहुंचकर जीत की बधाई दिया एवं नारियल गुलाल पुष्पहार भेंट कर श्री रोहित साहू जी का स्वागत किया इस मौके पर अपने निवास में विधायक रोहित साहू ने सभी किसानों से आत्मीय भेंट कर सबका आभार व्यक्त किया सैकड़ो किसानों ने नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव एवं भाजपा नेता किरण सोनी के साथ मिलकर रबी फसल हेतु फिंगेश्वर लालपुर दर्रीपार के किसानों को खेतों में नहर से पानी देने की मांग किया इस पर विधायक जी के द्वारा विधानसभा के सभी विधायकों के शपथ ग्रहण के पश्चात शीघ्र ही जल्दी रबी फसल के पानी के लिए विचार करने की बात कही साथ में सेन्दर धरसा रास्ता को प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनवाने हेतु भाजपा नेता किरण सोनी ने रोहित साहू को अवगत कराया जिस पर सभी किसान एक स्वर में फिंगेश्वर नहर से सेंदर धरसा रास्ता को बनवाने की मांग को सही एवं अति आवश्यक किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जगदीश यादव भाजपा नेता किरण सोनी पार्षद नरेश लहरे गुरु घासीदास मंदिर के पुजारी संतोष भंडारी एवं कृषक धनशाय कोसरिया आशुतोष गुप्ता मनोज निषाद मनीराम शगुन लाल बूगलू हलवा दूज लाल बंजारे जी कृष्णा लहरे शोभाराम गजेंद्र यादव राम राय साहू दयालु राम चैत्र, चोवाराम खूंटे मंगल मंडले मुन्ना खूंटे छन्नू सोनवानी चुलबुल महिलाग आनंद सोनवानी बिरजू बंजारे जगदीश शिवदास रात्रेसहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुई चातुरी

**सरायपाली,** 16 दिसंबर (देशबंधु)। ग्राम पुरषोत्तमपुर में संकुल केंद्र जमदरहा द्वारा आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद शामिल हुई।



इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चातुरी नंद ने कहा कि खेलकूद से व्यक्ति के जीवन में अनुशासन आता है और उनका सम्पूर्ण विकास होता है। सरायपाली क्षेत्र के बच्चों को खेलकूद के लिए हर साधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने हम विशेष प्रयास करेंगे ताकि प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच मिले और वे क्षेत्र का नाम रौशन करें।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुर के सरपंच भजमोती पदुमलाल पटेल जमदरहा सोनसाय बरिहा जनपद सदस्य प्रीतम सिंह दीवान जनपद सदस्य देवकुमार सिदार सरपंच लोहड़ीपुर सत्यानंद बरिहा सरपंच बनडबरी डीजेंद्र कुर्रे समन्वयक जमदरहा उत्तर कुमार चौधरी रूपलता कुर्रे गंगाधर प्रसाद द्विवेदी प्रधान पाठक बुद्धेश्वर साहू विजय चतुर्वेदी शंकर सिदार हैं संकुल केंद्र प्रभारी दिजेंद्र कुर्रे प्रधान पाठक रुपलता कुर्रे संतलाल चौहान शिमला चौहान समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, शाला स्टाफ और ग्रामीणों महिलाएं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विजयी टीम कबड्डी में बालक वर्ग से मिडिल स्कूल पुरषोत्तमुर प्रथम और द्वितीय मिडिल स्कूल जमदरहा बालिका वर्ग में प्रथम मिडिलस्कुल पुरषोत्तमपुर द्वितीय मिडिल स्कूल जमदरहा खो खो में प्रथम बालक वर्ग से मिडिल स्कूल जमदरहा द्वितीय मिडिल स्कूल लोहड़ीपुर बालिका वर्ग से प्रथम मिडिल स्कूल जमदरहा और द्वितीय पुरषोत्तमपुर रहे।

**नवनिर्वाचित विधायक का हुआ भव्य स्वागत**

विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद का ग्राम पुरुषोत्तमपुर में ग्रामवासियों और शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने भव्य स्वागत किया। विधायक नंद का बाजे गाजे के साथ रैली निकाली गई और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

# पंचायत सचिवों ने किया नवनिर्वाचित विधायक संपत अग्रवाल का भव्य स्वागत



**पिथौरा,** 16 दिसंबर। छत्तीसगढ़ प्रेदेश पंचायत सचिव संघ पिथौरा के पदाधिकारियों ने बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित स्थानीय विधायक जननेता सम्पत अग्रवाल जी का भव्य स्वागत किया ,स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पंचायत सचिव संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सिन्हा, सचिव संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुरली साव, जिला सचिव यशवंत डड़सेना ,पूर्व प्रदेश सह सचिव विनय गाड़िया, जिला संयोजक सुखसागर जगत , जिला उपाध्यक्ष लेखराम जगत,पूर्व सचिव निराकार पटेल, मीडिया प्रभारी हरिहर यदु, उपाध्यक्ष मोहित साहू, संयोजक सत्यानन्द बाक सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आज मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**राजिम,** 14 दिसंबर। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम द्वारा 17 दिसंबर दिन रविवार को 12 बजे दोपहर से पेंशनर्स भवन राजिम में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संत गोवर्धन शरण व्यास, महामंडलेश्वर सिरकट्टी आश्रम अतिथि के रुप में पधारकर अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स साथियों का, नये सदस्य बनने वालों का, व दिसंबर माह में जन्मतिथि वाले साथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नवापारा (राजिम), छुरा व गरियाबंद जिला के पदाधिकारियों व सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व पेंशनर्स साथियों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष बैशाखूराम साहू ने सभी पेंशनर्स साथियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## प्रदेश साहू संघ की बैठक



**नवापारा राजिम,** 16 दिसंबर। 7 जनवरी भक्त माता राजिम की जयंती मनाने के लिए छत्तीशगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा आयोजित बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, गरियाबंद जिला अध्यक्ष नारायण साहू, महासमुंद जिला अध्यक्ष धरम साहू,धमतरी जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, गरियाबंद जिला से महासचिव हेमंत साहू कोषाध्यक्ष.. घनश्याम साहू, युवा प्रकोष्ठ अनुशासन साहू, हरीश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष. प्रवीण साहू, पूर्व महासचिव डॉ दिलीप साहू,मिंजून साहू, अंजोर साहू सभी उपस्थित थे जिसमे राजिम माता जयंती भव्य रूप से मनाने हेतु निर्णय लिया गया।

# कलार समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक संपत अग्रवाल का भव्य स्वागत



**पिथौरा,** 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज पिथौरा के पदाधिकारियों ने मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा के नेतृत्व में बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित स्थानीय विधायक समाज सेवी सम्मानीय सम्पत अग्रवाल जी का प्रथम पिथौरा नगर आगमन पर बस स्टैंड स्थित सामाजिक भवन के सामने सैकड़ों सामाजिक जनों महिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में भव्य स्वागत किया ,स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सिन्हा ,मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा, प्रमुख मार्गदर्शक शशिकुमार डड़सेना, युवा मंच के अध्यक्ष ओम सिन्हा, उपाध्यक्ष आत्माराम पंकज डड़सेना, जिला संयोजक लाला राम डड़सेना ग्राम प्रमुख सादराम डड़सेना, अशोक डड़सेना, यशवंत डड़सेना,अवध डड़सेना,संजय सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा, रविराम डड़सेना, डिलेश्वर सिन्हा, खिलेश्वर सिन्हा, रामाधीन डड़सेना, घनाराम डड़सेना, रूपसिंह डड़सेना, नरसिंग डड़सेना , सूरज सिन्हा , घसिया बोलो राम सिन्हाआनन्दी राम डड़सेना, सहित अनेक समाज प्रमुख ,महिला प्रमुख एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# अतिक्रमण पर पुन: कार्रवाई हेतु प्रशासन की चेतावनी



**नवापारा राजिम,** 16 दिसंबर। गत दिनों नवापारा में अवैध चखना दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। प्रशासन द्वारा शराब दुकान के पास स्थित अनेक अवैध चखना दुकानों को तोड़ा गया। पश्चात हरिहर हाई स्कूल के सामने लगे ठेले, गुमटी वालों को स्थानीय प्रशासन द्वारा नोटिस देकर खाली कराया गया। अवैध रूप से संचालित होने वाले दुकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई पश्चात दुकानदारों को निर्धारित समय पर दुकान बंद करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने बताया कि नवापारा सहित क्षेत्र में जितने भी अवैध रूप से दुकान लगाया जा रहा है और अवैध रूप से शराब बिक्री हो रही है। उन सभी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी कड़ी में शुक्रवार को पूरे पुलिस बल के साथ नायाब तहसीलदार वसुमित्र दीवान महानदी पुल के पास पहुंचकर रोड किनारे लगे दुकानदारों को पूर्व में दिए नोटिस का हवाला देकर कहा कि आप लोग जल्द से जल्द अपना कब्जा स्वयं हटा लें अन्यथा प्रशासन द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण किया कब्जा हटा लिया जाएगा।

# मोदी के गारंटी को शीघ्र पूरा किया जाएगा : अरुण साव



**कोहका नेवरा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा के शानदार जीत होने के पश्चात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का प्रथम सार्वजनिक कार्यक्रम के तहत बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के गांव साकरा आगमन पर अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में तिल्दा शहर व ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया श्री साव अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र लोरमी जाते हुए रुके थे उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने उद्बोधन में क्षेत्र के जनता को बधाई दे और कहा कि बलोदा बाजार क्षेत्र से टंकराम वर्मा जी को जीत डिकर बलोदा बाजार में कमल खिलाकर पूरे प्रदेश में कमल खिला दिया वह भ्रष्टाचार कांग्रेसियों को बदल दिया हमारा नारा था अब नहीं साहिबो बदल के रहीबो के तहत बदल दिया हमने कुर्सी में बैठते ही जो कांग्रेस गरीबों का 18 लाख आवास को रोका था बनाने का ऐलान कर दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी के तहत हुआ 25 दिसंबर को माननीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर 2 वर्ष का रुक बोनस की घोषणा किया शीघ्र ही किसानों के खाते में 3100 धान खरीदा हुआ अंतर का राशि दिया जाएगा महिलाओं को शीघ्र ही महिला समृद्धि के तहत 1000 महीना दिया जाएगा इसी तरह सामने लोकसभा चुनाव में आप सबको पुन: कमल खिलाकर नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है मैं हमेशा आप लोगों के बीच आता रहूंगा इसी तरह विधायक टंकराम वर्मा ने भी जीत पर लोगों को बधाई दी और हर महिलाओं के बीच जाकर धन्यवाद दिया।

## निधन

### समीर शर्मा



**महासमुंद,** 16 दिसंबर। स्थानीय गंजपारा निवासी 38 वर्षीय इंजी. समीर शर्मा ज्येष्ठ सुपुत्र स्वर्गीय शरद शर्मा, (तुमगांव वाले) का 16 दिसम्बर की शाम 6.45 को असामयिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार 17 दिसम्बर को प्रात: 10.00 बजे महासमुंद में होगा। वे डॉ. सागर शर्मा के बड़े भाई व शशि, सतीश, राजेश शर्मा के भतीजे थे।

### सोनबती साहू



**धमतरी,** 16 दिसम्बर। ग्राम चिटौद निवासी सोनबती साहू उम्र 95 वर्ष का 15 दिसम्बर को हो गया। वे ग्राम विकास समिति चिटौद के अध्यक्ष चोवाराम साहू, सुखर्चन साहू एवं मोहनलाल साहू की माता थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित होकर उन्हे श्रंद्धाजलि अर्पित किये है।

## प्रादेशिकी का शेष...

हितग्राहियों को योजनाओं...

को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर प्रभात मलिक ने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करते समय हाट बाजारों को जोड़ने के निर्देश दिए है। जिले में पांच स्थानों से यात्रा प्रारम्भ की जाएगी। जिसमें महासमुंद अंतर्गत खरोरा से आज शुभारंभ हुआ। इसी तरह आगामी दिनों में बागबाहरा अंतर्गत मोंगरापाली, पिथौरा में लाखागढ़, बसना में बंसुला एवं सरायपाली में ग्राम बैतारी से यात्रा का शुभारम्भ होगा।

किसान की आत्महत्या पर...

कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। यदि भाजपा द्वारा सरकार बनते ही 21 क्विंटल धान खरीदी व 3100 समर्थन मूल्य किसानों को प्रदान किया गया होता तो आज कुकड़ाझोर के गरीब किसान आत्महत्या नहीं करता। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में इस घटना ने भाजपा सरकार के सियासी जुमलों के गुब्बारे की हवा निकाल दी है। झूठ, छलावों, धोखाधड़ी और जुमलेबाजी के लिए प्रसिद्ध भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

गुड मार्निंग में विविध...

प्रर्दशन किया। आयोजन को सफल बनाने में गणेश राम कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नीलम सिन्हा, सन्मय, एवन साहू, रूप लाल साहू, आकाश सोनी, आयशा लतीफ़ प्रियंका ध्रुव, त्रिवेणी साहू, गरिमा भारद्वाज, भोजेश्वरी ठाकुर, छन्नू लाल साहू, अंजनी साहू, माणिकलाल साहू, आरआर साहू, शैलेंद्र कुमार सोनी, कौशल कुमार शुक्ला, हर्षिता चंद्राकर, ऋचा साहू, प्रीति साहू, नेहा गुप्ता,ख़आशालता सिन्हा, आरती साहू, जगदीश लाल साहू का सहयोग रहा। सत्यम योग एकेडमी के योगा शिक्षक सत्यनारायण दुर्गा द्वारा योग अभ्यास कराया गया।

# आरंग क्षेत्र का शराब माफिया सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**आरंग,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। आरंग क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का गोरखधंधा करनें वाले शराब माफिया संतोष यादव को आरंग पुलिस ने 96 पौवा अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।शराब माफिया संतोष यादव के साथ उसका साथी युवराज रात्रे को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



**आरंग पुलिस ने 96 पौवा शराब के साथ पकड़ा**

आरंग थाना प्रभारी एस.एन.सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस के महासमुंद तिराहा के पास घेराबंदी की थी।इसी दौरान महासमुंद के ओर से मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स क्र. ष्टत्र06 ष्ठ 1215 सवार दो व्यक्तियो को रोककर तलाशी ली है।तलाशी में मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति ने पीले रंग की बोरी में 96 पौवा अवैध देशी शराब रखा हुआ था।पूछताछ करने पर आरोपियों में शास्त्री नगर,अकोली रोड निवासी संतोष यादव पिता स्व.चैतराम यादव और ग्राम बेमचा जिला महासमुंद निवासी युवराज रात्रे शामिल है। आरोपी संतोष यादव क्षेत्र का शराब माफिया है।आरंग पुलिस ने लंबे समय से रेकी करनें के बाद शराब माफिया संतोष यादव को गिरफ्तार किया है।संतोष यादव ही महासमुंद से अवैध शराब लाकर आरंग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब की सप्लाई करता है।पूर्व में भी शराब माफिया संतोष यादव जेल जा चुका है उसके बाद भी इसके हौसले बुलंद है और सुधरने का नाम नही ले रहा है।आरंग पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्यवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है।

# गैस एजेंसी में नि:शुल्क केवाईसी 31 तक



**खरोरा,** 16 दिसंबर। रसोई गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं के लिए एजेंसियों में द्र-द्म4ष् करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है हालांकि उपभोक्ताओं को द्र-द्म4ष् अंतिम तिथि31 दिसंबर तक करवाना है इसकेलिए सीमा तय31 दिसबंर की गयी है। भारत सरकार के निर्देशानुसार 31 दिसंबर को तक। किसी भी गैस एजेंसी में गैस कार्ड केवाईसी कर सकते हैं या पूरी तरह से निन्शुल्क है। फिर भी गैस सिलेंडर रिफ्लींग कराने वाले सभी उपभोक्ताओं को संबंधित एजेंसियों मे अनिवार्य रूप से द्र-द्म4ष् कराने के लिए जागरुक कर जानकारी दी जा रही है जिसके चलते सभी उपभोक्ता अपने रसोई गैस के कार्ड,आधार कार्ड व बैंक खाते की पासबुक लेकर गैस एजेंसियों मे द्र-द्म4ष् कराने पहुंच रहे हैं गैस सिलेंडर के ज्वलनशील उत्पाद होने के कारण उपभोक्ताओं को अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यदि सिलेंडर के पाईप लाईन अथवा रेग्युलेटर खराब होने की स्थिति में हो तो उसे तत्काल बदलकर नया लगाने की भी जानकारी दी जा रही है जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना होने से बचा जा सके द्र-द्म4ष् कराने पर कार्ड धारी के सिलेंडर को कोई अन्य व्यक्ति तो उपयोग नहीं कर रहा है,कार्डधारी जीवित अवस्था में है भी या नहीं है एवं उपभोक्ता के बैंक खाते में नियमित रूप से हर सिलेंडर की रिफ्लींग पर मिलने वाली अनुदान की राशि आ रही है या नहीं इसकी भी जानकारी मिल सकेगी ।

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए शामिल

**गरियाबंद,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार को गरियाबंद जिले के ग्राम बारूका में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही स्टाल लगाकर इन योजनाओं से जिलेवासियों को लाभन्वित किया गया।

इसके पहले विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। वही जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू शामिल हुए। उनके साथ राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल में एलईडी स्क्रीन और टीवी के माध्यम से उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री साय को सुना।

इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व केंद्र सरकार ने समाज के हर तपके के विकास की चिंता करते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम गांव गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि आम जनता तक केंद्र सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिले इसके लिए देशभर में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोगों को केंद्र सरकार के योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम को पूर्व सांसद चंदूलाल साहू और विधायक रोहित साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल बारुका में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि राजेश साहू, अनिल चंद्राकर, रिखी राम यादव, अजय रोहरा, सुरेंद्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी, रितेश यादव, टिकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।



बारुका में आयोजित कार्यक्रम में सांसद चुन्नीलाल साहू और राजिम विधायक रोहित साहू हुए शामिल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सांसद विधायक ने ली सेल्फी:** कार्यक्रम स्थल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो युक्त सेल्फी जोन भी बनाया गया था। सेल्फी जोन में सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, कलेक्टर आकाश छिकारा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव ने सेल्फी खिंचवाई। साथ ही शिविर स्थल में आए ग्रामीणों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बड़े उत्साह और उमंग के साथ सेल्फी का आनंद लिया।

**अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलो का किया अवलोकन:** कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर सांसद चुन्नीलाल साहू एवं अन्य अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। साथ ही ऑन स्पॉट केंद्र सरकार की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया। अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास आदि विभागों का निरीक्षण कर वहा लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

अतिथियों द्वारा बारुका निवासी बालक शौर्य और आर्यन को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। बारूका के किसान दुर्गेश कुमार को 10 लाख रुपए का मुद्रा लोन स्वीकृति पत्र सौंपा।

# सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर का आभार प्रकट कर बधाई दी



**पलारी,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)।सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार, के प्रतिनिधि मंडल ने 10 दिसम्बर 2023 को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम सोनाखान में सफल आयोजन के लिये जिला कलेक्टर चंदन कुमार , जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा,अपर कलेक्टर बी.सी.एक्का, सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल जिला कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार पहुंचकर, सौजन्य मुलाकात कर आभार प्रकट करते हुए शहीद वीरनारायण सिंह जी के स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी! इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रूव, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, मनोहर मण्डावी, जिला सचिव थानू ध्रुव, जिला सहसचिव अभे लाल ध्रुव, दशरथ ध्रुव, जिला संरक्षक प्रताप सिंह नाग, सदस्य राम सिंह ठाकुर,जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग कामेश मण्डावी, जिला महिला प्रभाग सचिव राधा ध्रुव, सदस्य बम्लेश्वरी ध्रुव, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे!

# दिवंगत के परिवार को दी गई अनुग्रह राशि



**पलारी,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)।15 दिसम्बर शुक्रवार को दिवंगत शिक्षक स्व परदेशी राम वर्मा प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला जर्वे के परिवार को उनके गृह ग्राम कोदवा में शासन से मिलने वाली अनुग्रह राशि 50000 रुपए प्रदान कर मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा,कार्यालय के लिपिक टी एस साहू,शिवकुमार सेन ,भोला राम साहू,शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक महोबे,सचिव छन्नू लाल ध्रुव,हेमलाल साहू,अरुण साहू, पूरन लाल साहू,अनिल कुमार सोनकेवरे, लेषशंकर साहू, चुम्मन लाल साहू, डीगेश्वर सरसीहा,चंपा जोगी, भवानी चंद्राकर,सुरेश रात्रे एवम जर्वे संकुल के शिक्षक उपस्थित थे।

# समोदा डायवर्सन के अधूरे कार्य को पूर्ण करने सदन में रखूंगा : संदीप साहू

**लवन,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)।लवन क्षेत्र के चौमुखी विकास में मैं हमेशा अग्रणी रहूंगा हमेशा सुख दुख के साथी बनकर क्षेत्र की सेवा करूंगा क्षेत्र की सबसे प्रमुख समस्या सिंचाई की है समोदा डायवर्सन के लिए कांग्रेस सरकार ने राशि स्वीकृत की है परंतु अब तक कार्य अधूरा है इस बात को मैं सदन में रखूंगा उक्त बातें क्षेत्र के विधायक संदीप साहू ने लवन के आभार सम्मेलन में व्यक्त किये। नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू की जीत के बाद लवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आभार सम्मेलन का आयोजन नगर के सतनाम भवन में आयोजित किया गया जहां वरिष्ठ नेताओं जिला व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी जोन सेक्टर के पदाधिकारी महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस सहित कांग्रेस के सभी विभागों के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए इस कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू ने जीत की बधाई देते हुए कहा कि मैं पहले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रूप में खड़ा था तब पहली बार आया और अब जीत होने के बाद आया हूं इस जीत में प्रत्येक कार्यकर्ताओं की मेहनत लगन साथ रहा आगामी 5 वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा अग्रसर रहूंगा प्रदेश में भाजपा की सरकार होने पर किसानों एवं महिलाओं के लिए किए गए वादे को पूरा कराने के लिए अगर जरूरत पड़े तो सड़क की लड़ाई लड़ूंगा



आभार सम्मेलन विधायक संदीप साहू ने लवन क्षेत्र की जनता को सुख-दुख में साथ रहने और चौमुखी विकास करने का वचन दिए

अपने उद्बोधन में व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में आज भी विकास की कमी है जिसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहूंगा आभार सम्मेलन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु पूर्व सांसद पी आर खूंटे सुरेंद्र शर्मा आदि ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अस्वस्थ किया कि क्षेत्र में अच्छा से विकास होगा आभार सम्मेलन ने में विधायक के साथ हितेंद्र ठाकुर सुरेंद्र शर्मा परमेश्वर यदु रामेश्वर पांडे देवीलाल बर्वे गुरुदयाल यादव अभिषेक पांडे मृत्युंजय पांडे मृत्युंजय वर्मा नरेंद्र वर्मा गंभीर सिंह ठाकुर पद्मेश्वरी साहू ललिता यदु प्रभाकर मिश्रा आदि साथ पहुंचे थे वहीं क्षेत्र के कार्यकर्ता मनोज पांडे अमर मिश्रा कांति मैनहरे विनोद आनंद बनवारी गायत्री केवट योगेश बंजारे राजेश साहू रामचंद पटेल रोहितसाहू संदीप खूंटे पंकज अनंत शनि मनहरे मनोज जायसवाल राजा तिवारी प्रताप डहरिया रूपचंद मनहरे संतोष साहू रोहित साहू जीवन साहू धर्मेंद्र खूंटे सहित क्षेत्र के जॉन सेक्टर प्रभारी सहित महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने किया वहीं आभार सम्मेलन का आभार वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर पांडे ने की आभार कार्यक्रम के पूर्व कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू का स्वागत बाजे गाजे एवं पटाखे से बड़ी धूमधाम से किया वहीं नवनिर्वाचित विधायक के द्वारा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए दोपहर का भोजन व्यवस्था किया गया था लगभग चार घंटे चली आभार कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने विधायक से रूबरू होकर अनेक चर्चाएं की एवं क्षेत्र के विषय में विस्तार से समस्याएं रखें।

**आभार सम्मेलन के बीच में ही कांग्रेसियों ने विधायक के समक्ष रखी समस्याएं :** लवन क्षेत्र के ग्राम खेन्दा के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ प्रभारी व सरपंच वीरेंद्र बहादुर कुर्रे पूर्व सरपंच राजेश कुमार साहू ने विधायक को लिखित शिकायत में बताया कि बगबुड़ा से खेन्दा 3 किलोमीटर की दूरी मार्ग मरम्मत का कार्य संपन्न हुआ जिसमें घटिया सामग्री के चलते बनते ही उखड़ने लगी है जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई इसी तरह क्षेत्र में लोगों ने अनेक समस्याएं को प्रस्तुत किया।

# क्रांति, चेपटी, लुचई और गुरमटिया अब यादों में

**भाटापारा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। क्रांति, चेपटी, लुचई और गुरमटिया। था स्वादिष्ट। देती थी प्रति एकड़ भरपूर उत्पादन। सबसे महत्वपूर्ण यह कि मोटा धान की इन चारों प्रजातियों में अति वृष्टि और जल भराव के बाद भी खुद को बचा ले जाने की अद्भुत क्षमता थी। अब यादों में रह गई हैं यह चारों प्रजातियां।

मानसून के दिनों में असीमित बारिश। झटके से कम होता उत्पादन और तरह-तरह के कीट प्रकोप। यह कुछ ऐसे कारक हैं, जिसने मोटा धान की फसल लेने वाले किसानों को परेशान किया हुआ है। ऐसे समय में अब वह प्रजातियां याद आ रहीं हैं, जिनमें ऐसी प्रतिकूल स्थितियों को सहन करने की गजब की क्षमता थी। महत्वपूर्ण यह कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उत्पादन में विशेष अंतर नहीं आता था।

**ऐसा था क्रांति,चेपटी और गुरमटिया:** दाना मोटा और वजनदार होता था। चावल के रूप में नियमित सेवन किया जाता था ही, साथ ही पोहा-मुरमुरा के साथ लाई भी बनाई जाती थी। यही वजह थी कि यह देसी प्रजातियां, प्रदेश के हर हिस्से में बोई जातीं थीं। लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य प्राथमिकता के आधार पर इन प्रजातियों की उपज की खरीदी करते थे।



देती थी भरपूर उत्पादन, क्षमता थी जल भराव में बचने की

**अद्भुत था यह गुण:** मानसून के दिनों में अतिवृष्टि या परिपचता अवधि पूरी कर लेने के दौरान बारिश और खेतों में जल भराव। ऐसी स्थिति में भी किसान बेफिक्र होते थे क्योंकि यह प्रजाति अति वृष्टि या जल भराव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी खुद को बचा लेने में सक्षम थीं। उत्पादन का मानक स्तर बना रहता था। गुणवत्ता भी बरकरार रहती थी।

**इसलिए खेतों से बाहर:** कमजोर तना, मानक से ज्यादा ऊंचाई। तेज हवा के प्रति असहनशीलता ही विदाई का कारण बनी, तो गंगई जैसे घातक कीटों का प्रवेश भी इन देसी प्रजातियों की बोनी से किनारा करने के लिए किसानों को मजबूर किया। यह चारों आज इसलिए याद की जा रहीं हैं क्योंकि बीते सप्ताह हुई बारिश ने तैयार फसल को बेतरह नुकसान पहुंचाया है।

### विशिष्ट थीं यह प्रजातियां

क्रांति, चेपटी, गुरमटिया और लुचई। यह चारों प्रजातियां भरपूर उत्पादन देती थीं। जल भराव जैसी प्रतिकूल स्थितियों में भी उत्पादन पर असर नहीं होता था लेकिन ऊंचाई ज्यादा होने व हवा के प्रति असहनशीलता और गंगई जैसे कीट के हर बरस प्रकोप की वजह से किसानों ने इससे दूरी बना ली।

**- डॉ एस आर पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर**

# राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने राजिम विधायक रोहित साहू को दी बधाई



**राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी एवम शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री व आध्यात्मिक संग्रहालय गौरव पथ राजिम के संचालक विवेक शर्मा ने राजिम विधायक रोहित साहू को उनके जीत की बधाई दी एवम शुभकामनाएं दी साथ ही ईश्वरीय सौगात भेंट की।इस अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडेय,ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश शर्मा , व्याख्याता गण मनीष शर्मा, के आर निर्मलकर, अशोक खुटियारे,नरेंद्र साहू , भूपेंद्र साहू, देवांगन मैडम तथा जिला गरियाबंद के शिक्षक संघ के कर्मचारी उपस्थित हुए ,इस अवसर पर विधायक श्री साहू द्वारा शिक्षकों की समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया और सबको मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया।

# गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में 17 दिसंबर को निकाला जाएगा सतनाम बाइक रैली

**भाटापारा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। विकासखंड भाटापारा में गुरु घासीदास बाबा जी की 267वीं जयंती के उपलक्ष में 17 दिसंबर दिन रविवार को स्थान मिनीमाता धर्मशाला प्रांगण से प्रात: 10-30 बजे से सतनाम बाइक रैली नगर भ्रमण के लिए निकाला जाएगा. भाटापारा में विगत 25 वर्षों से परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है इस साल 26 वां वर्ष है. प्रतिवर्ष 17 दिसंबर को मिनीमाता प्रांगण से सतनाम बाइक रैली पूरे नगर में निकाला जाता है इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से बाइक रैली निकाला जाएगा. गुरु घासीदास जयंती की उत्सुकता को देखते हुए लग रहा है कि इस बार समाज के लोग कम से कम 1000 बाइक सतनाम रैली में निकालेंगे. गुरु घासीदास जयंती में हर साल समाज की उत्सुकता और सहयोग करने की भावना बढ़ते जा रहा है इस बार भी सतनामी समाज के लोग बड़ी उत्सुकता के साथ में गुरु घासीदास जयंती को मनाने के लिए सहयोग कर रहे हैं सतनामी समाज के सभी लोगों को इस विकासखंड स्तरीय सतनाम बाइक रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है ।

# विजय दिवस में विधायक इन्द्र साव हुए शामिल



**भाटापारा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जय स्तम्भ चौक, भाटापारा में, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद,जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा स्वर्णिम विजय दिवस समारोह का 52 वां वर्ष के रूप में मनाया गया व नारायणपुर में हुए आई.डी. धमाका में शहीद हुए सी.ए. एफ. जवान भाई मिथलेश साहू जी को श्रद्धांजलि दिया गया। जिसमें हमारे भाटापारा के लोकप्रिय विधायक इन्द्र साव हुए शामिल।

# कोलता समाज के सामाजिक कार्यक्रमों में नहीं होगा मांसाहार

**सरायपाली,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर में दिनांक 09.02.2013 में बैदपाली की बैठक में प्रांतीय सभा के द्वारा अनुमोदित सामाजिक नियमावली के परिपालन में समस्त शाखा सभा में जाति भाइयों की बैठक आयोजित कर संकल्प पारित गया। जिराडबरी एवं 30 नवंबर को रामचंडी मंदिर गढ़फूलझर में आयोजित बैठक में कुल कार्यकारिणी सभा द्वारा लिए गये निर्णयानुसार रायपुर संभाग के सभी 30 शाखा सभाओं में एक साथ 10 दिसंबर को कुल कार्यकारिणी द्वारा नियुक्त प्रभारियों की उपस्थिति में नियमावली के परिपालन में प्रस्ताव पास किया गया। सामाजिक नियमावली में निहित सभी बिंदुओं का कड़ाई से पालन करने के साथ साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर कर कोलता समाज को एक सभ्य एवं समृद्ध समाज बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

**120 से ज्यादा लोग नहीं हो सकेंगे बारात में शामिल:** सामाजिक जनों द्वारा संकल्प पारित किया गया कि गर्भधारण के समय गोदभराई के नाम पर अनावश्यक मेहमान नवाजी एवं पीठा खुआ पर प्रतिबंध लगाने, एकशिया कार्यक्रम श्री सत्यनारायण कथा आयोजित कर सादगी पूर्वक करने, सामुहिक विवाह को प्रोत्साहित करने अपने कुल देवी मंदिर या अन्य मंदिर में सामुहिक रूप से करने, फलदान पर कपड़ा देने की प्रक्रिया बंद करने एवं फलदान के कार्यक्रम में 21 व्यक्ति के शामिल होने, विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शाकाहारी भोजन व्यवस्था करने, बारात में अधिक से अधिक 120 सदस्य तथा कन्या विदाई पर 21 व्यक्ति शामिल होने, विवाह में आतिशबाजी बंद करने, विवाह में लड़का एवं लड़की दोनों पक्ष को अपने-अपने ग्राम शाखा में 121 रूपये जमा कर विवाह पंजीयन शाखा स्तर पर किये जाने का प्रस्ताव पास किया गया। एकादश कर्म के दिवस पर दिये जाने वाले भोज में मीठा परोसना वर्जित करने का निर्णय लिया गया।

**शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने संकल्पित:** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलाएंगे । यदि माता-पिता शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं देते हैं तो ग्राम प्रतिनिधि अथवा गांव के वरिष्ठ व्यक्ति शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए उक्त परिवार को समझाईश देंगे। ताकि बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। सभी संभाग में छात्राओं के लिए छात्रावास का संचालन करने, निर्धन छात्र छात्राओं को संभाग/अंचल स्तर चिन्हांकित कर 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत हों उन्हें यथा संभव सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ में बच्चों को मातृभाषा (उड़िया) भाषा की शिक्षा भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में दिये जाने का संकल्प पारित गया ।



रायपुर संभाग के सभी 30 शाखा सभाओं में एक साथ सामाजिक नियमावली के परिपालन में संकल्प पारित

**आर्थिक लेनदेन का होगा ऑडिट:** समाज आर्थिक लेन देन में पारदर्शिता हेतु निम्न रिकार्ड आवश्यक रूप से शाखा, अंचल, संभाग एवं प्रान्त स्तर पर सदस्यता पंजी, कार्यवाही पंजी, रोकड़ बही, रसीद बुक, व्हाउचर फाईल, आवक-जावक पंजी/ फाईल, स्टॉक पंजी, भूमि/भवन संबंधी फाईल, वार्षिक आय-व्यय लेखा संबंधी फाईल रखना आवश्यक है। वार्षिक व्यय का लेखा ऑडिट सामाजिक स्तर पर कराना आवश्यक होगा जो संभागीय-कार्यकारिणी अलग-अलग अंचलों के प्रतिनिधियों को अलग-अलग अंचलों में भेजकर करा सकेंगे। प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर माह अप्रैल में संभाग के पास सभी ऑडिट रिपोर्ट जमा कराया जायेगा।

**सामाजिक संगठन को मजबूत करने का निर्णय:** समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संगठित होना आवश्यक है तथा संगठन को मजबूत करने के लिये ग्राम स्तर पर, शाखा स्तर पर, अंचल स्तर पर, संभाग स्तर पर एवं प्रदेश स्तर पर समाज के सभी सदस्यों को गंभीर रूप से विचार किया जाना चाहिए। सभी स्तर की बैठक वर्ष में चार बार करने तथा प्रांतीय बैठक अलग अलग संभाग में रोस्टर प्रणाली से आयोजित करने का एवं इसी प्रणाली को निचले स्तर पर निर्णय लिया गया है। बैठक की सूचना मुख्य रूप से सचिव/ महामंत्री/ महासचिव के द्वारा अध्यक्ष की सहमति से ही जारी करेंगें। आवश्यकता पड़ने पर अध्यक्ष भी बैठक हेतु पत्र जारी कर सकते हैं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।